# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शुक्रवार, 16 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 16, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## दिसंबर महीने में निर्यात 1.87 प्रतिशत बढ़ा

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच निर्यात दिसंबर में 1.87 प्रतिशत बढ़कर 38.5 अरब डॉलर हो गया लेकिन आयात में तेज वृद्धि के चलते व्यापार घाटा बढ़कर 25 अरब डॉलर हो गया। } 14

## विकसित भारत के लिए अगले दो दशक अहम : मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए अगले दो दशक बहुत अहम हैं। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य उन युवाओं पर निर्भर करता है जो वैज्ञानिक सोच रखते हैं। } 16



## भारत की विविधता लोकतंत्र की ताकत : मोदी

### प्रधानमंत्री ने राष्ट्रमंडल देशों की संसद के अध्यक्षों व पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन का किया उद्घाटन




एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत ने विविधता को अपने लोकतंत्र की ताकत बनाया है और दुनिया को दिखाया है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं और प्रक्रियाएं उसके विकास को स्थिरता, गति तथा स्तर (स्केल) प्रदान करते हैं।

राष्ट्रमंडल देशों की संसद के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) का उद्घाटन करते हुए, मोदी ने यह भी कहा कि भारत में लोकतंत्र सफल है क्योंकि शासन के केंद्र में देश की जनता है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र एक बड़े पेड़ की तरह है जिसकी जड़ें गहरी हैं। मोदी ने कहा भारत में, लोकतंत्र का मतलब है अंतिम पायदान तक सेवाओं की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सीएम योगी ने गुरु गोरखनाथ को अर्पित की आस्था की खिचड़ी

### ❍ गोरखनाथ मंदिर में खिचड़ी चढ़ाने आये लाखों श्रद्धालु ❍ मुख्यमंत्री ने लोकमंगल के लिए की प्रार्थना

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मकर संक्रांति के पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को ब्रह्म मुहूर्त में चार बजे गोरखनाथ मंदिर में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार महायोगी गुरु गोरखनाथ को विधि विधान से आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई। इस अवसर पर उन्होंने शिवावतार महायोगी से लोकमंगल तथा सभी नागरिकों के सुखमय-समृद्धमय जीवन की प्रार्थना की। महायोगी गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों, संतों और श्रद्धालुओं को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।



इस अवसर पर मीडियाकर्मियों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गुरुवार को गोरखपुर में भगवान गोरखनाथ जी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन पंक्ति में लगकर श्रद्धापूर्वक खिचड़ी चढ़ा रहे हैं। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे भी प्रातः 4 बजे गोरखनाथ मंदिर की विशिष्ट पूजा संपन्न होने के उपरांत भगवान गोरखनाथ जी को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ है। गोरखनाथ मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन आए हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति भारत के पर्व और त्योहारों की परंपरा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। वास्तव में सूर्यदेव इस जगत की आत्मा हैं। जगतपिता सूर्य की उपासना का यह पर्व, हर प्रकार के शुभ और मांगलिक कार्यों के लिए प्रशस्ति तिथि माना जाता है। आज के बाद सनातन धर्म की परंपरा में सभी मांगलिक कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएंगे।

सीएम योगी ने कहा कि सूर्य का जो अयन वृत्त है, ज्योतिषीय परंपरा के अनुसार वह 12 विभिन्न भागों में विभाजित है। एक राशि से दूसरी राशि में सूर्यदेव के संक्रमण को संक्रांति कहा जाता है और जब धनु राशि से मकर राशि में भगवान सूर्य का संक्रमण होता है तो यह मकर संक्रांति कहलाता है। मकर राशि से अगले छह माह तक यानी मिथुन राशि तक सूर्य भगवान उत्तरायण रहेंगे। उत्तरायण का जो समय होता है, उसमें दिन बड़े और रात्रि छोटी होती है। जीवंतता के लिए सूर्य का प्रकाश कितना महत्वपूर्ण है और भारत की ऋषि परंपरा ने इसे कितना महत्व दिया है, इसका अनुमान इस पर्व के माध्यम से लगाया जा सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मकर संक्रांति ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### सिपाही ने किया पत्नी-बेटी पर हमला, बेटी की मौत

बांदा। जिले में पीआरवी पुलिस वाहन के जीप चालक सिपाही ने घरेलू विवाद के चलते बुधवार रात कथित रूप से धारदार हथियार से अपनी पत्नी और बेटी पर जानलेवा हमला कर दिया। इलाज के दौरान बेटी की मौत हो गई। बबेरू क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि मर्का थाना क्षेत्र में पीआरवी संख्या-5478 (डायल-112) में जीप चालक पद पर कार्यरत सिपाही गौरव कुमार (35) ने घरेलू विवाद के दौरान बुधवार की रात करीब नौ बजे कथित रूप से धारदार हथियार (कुल्हाड़ी) से अपनी पत्नी शिवानी (32) और तीन साल की बेटी परी पर जानलेवा हमला कर दिया और बाहर से दरवाजा बंद कर भाग गया। उन्होंने बताया कि मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल मां-बेटी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान बेटी परी की मौत हो गई।

## मकर संक्रांति में संगम पर उमड़ा आस्था का सैलाब

### ❍ एक करोड़ से अधिक लोगों ने लगायी गंगा में डुबकी ❍ जल पुलिस को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश

जिला संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज में चल रहे माघ मेले में बृहस्पतिवार को मकर संक्रांति पर्व पर शाम पांच बजे तक एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। मकर संक्रांति पर्व से पहले बुधवार को 85 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई थी।

मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि कल रात 12 बजे से ही स्नान प्रारंभ हो गया था। शाम 6 बजे तक करीब एक करोड़ तीन लाख से अधिक श्रद्धालु मकर संक्रांति पर त्रिवेणी में स्नान कर चुके थे। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बताया कि माघ मेला 800 हेक्टेयर क्षेत्र में सात सेक्टरों में बसाया गया है। मेला क्षेत्र में 25 हजार से अधिक शौचालय स्थापित किए गए हैं और 3500 से अधिक सफाईकर्मी तैनात हैं। अग्रवाल ने बताया कि छोटी अवधि का कल्पवास करने के इच्छुक पर्यटकों के लिए माघ मेला में टेंट सिटी बसाई गई है जहां ध्यान



और योग आदि की सुविधाएं मौजूद हैं। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए बाइक टैक्सी और गोल्फ कार्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पुलिस अधीक्षक (माघ मेला) नीरज पांडेय ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए पूरे मेला क्षेत्र में 10हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात हैं। भीड़ प्रबंधन एवं सुगम यातायात के दृष्टिगत इस बार 42 अस्थायी पार्किंग हैं जिनमें लगभग एक लाख से अधिक वाहन पार्क हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि माघ मेला 2025-26 में कुल 12,100 फुट लंबे घाटों का निर्माण किया गया है जिनमें सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ ड्रोन से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। 24 स्नान घाटों पर इंतजाम किया गया है। इसके अलावा हाईटेक रिस्पांस प्लान लागू कर आधुनिक ट्रैफिक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। नदी की धारा में परिवर्तन के कारण घाटों में आंशिक संशोधन भी किया गया है।

स्नान घाटों एवं मार्गों पर किसी को भी सोने न देने, पैनिक की स्थिति उत्पन्न न होने देने और संचार के लिए अनिवार्य रूप से वायरलेस सेट के प्रयोग के लिए प्लान तैयार किया गया है। श्रद्धालु सिर पर गठरी, हाथों में बैग, झोला लिए पैदल संगम की ओर बढ़ते नजर आए। मेला संतों, साधु-संन्यासियों और कल्पवासियों के विराट समागम का केंद्र बन गया है। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल के अनुसार नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव के अनुरूप घाटों एवं मार्गों पर आवश्यक कार्रवाई करने पर विशेष जोर देने को कहा गया है। डीएम मनीष वर्मा ने बताया कि जल पुलिस को पूरी सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है। एसपी नी संवेदनशील चौराहों के बीच जाम लगने वाले आठ स्थान चिह्नित किए गए हैं। उन्हें ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ईरान ने अमेरिका के लिए बंद किया अपना हवाई क्षेत्र

दुबई। ईरान ने देशव्यापी हिंसक प्रदर्शनों के मद्देनजर अमेरिका के साथ तनाव बढ़ने के बीच बृहस्पतिवार को बिना कोई विस्तृत जानकारी दिए अपने हवाई क्षेत्र को व्यावसायिक विमानों के लिए बंद करने का आदेश जारी किया।

ईरान द्वारा पायलटों के लिए जारी निर्देशों के अनुसार, बंद चार घंटे से अधिक समय तक चला। ईरान एक महत्वपूर्ण पूर्व-पश्चिम उड़ान मार्ग पर स्थित है। अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस ने ईरान के चारों ओर उत्तर और दक्षिण की ओर मार्ग परिवर्तन किया। हालांकि समयसीमा बढ़ाए जाने के बाद ऐसा प्रतीत हुआ कि बंद समाप्त हो गया है और सुबह सात बजे के तुरंत बाद कई घरेलू उड़ानें रवाना हो गईं। ईरान ने इससे पहले जून में इजराइल के खिलाफ 12 दिनों के युद्ध और इजराइल-हमास युद्ध के दौरान इजराइल के साथ गोलीबारी के समय अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था। हालांकि, वर्तमान में किसी प्रकार की शत्रुता के संकेत नहीं थे, बावजूद इसके इस बंद का असर वैश्विक विमानन जगत पर तुरंत पड़ा। सेफएयरस्पेस वेबसाइट ने कहा, कई एयरलाइनों ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आई-पैक मामला : ममता दीदी को झटका

### सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की याचिका पर पश्चिम बंगाल सरकार को भेजा नोटिस

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के इस आरोप को बृहस्पतिवार को बेहद गंभीर बताया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उसकी जांच में बाधा पैदा की।

न्यायालय ने इस बात की समीक्षा करने पर सहमति जताई कि क्या किसी राज्य की कानून प्रवर्तन एजेंसियां किसी गंभीर अपराध के मामले में केंद्रीय एजेंसी की जांच में हस्तक्षेप कर सकती हैं। न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में उन ईडी अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी पर रोक लगा दी है जिन्होंने आठ जनवरी को इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) कार्यालय और इसके निदेशक प्रतीक जैन के आवास पर छापा मारा था। उसने राज्य



पुलिस को छापेमारी की कार्रवाई की सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने मुख्यमंत्री बनर्जी, पश्चिम बंगाल सरकार, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार और शीर्ष पुलिस अधिकारियों को ईडी की उन याचिकाओं पर नोटिस जारी किया है, जिनमें आई-पैक परिसर में छापेमारी में बाधा डालने के आरोप में उनके खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच का अनुरोध किया गया है। पीठ ने कहा, हमें लगता है कि देश में कानून के शासन का पालन सुनिश्चित करने और प्रत्येक अंग को स्वतंत्र रूप से कार्य करने की अनुमति देने के लिए इस ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सीएम धामी कैबिनेट ने 19 फैसलों पर लगायी मुहर

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में जनहित, प्रशासनिक सुधार और राज्य के समग्र विकास से जुड़े 19 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री सचिव शैलेश बगौली ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कैबिनेट के निर्णयों की विस्तृत जानकारी साझा की। इस दौरान महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी भी मौजूद रहे।

राज्य सरकार ने उपनल के माध्यम से कार्यरत अस्थायी कर्मचारियों के लंबे समय से लंबित मामले पर निर्णायक रुख अपनाते हुए समान कार्य



समान वेतन के सिद्धांत को लागू करने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी। पहले चरण में 7,000 से अधिक उपनल कर्मियों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। सैनिक कल्याण विभाग के अंतर्गत वर्ष ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बीएमसी चुनाव : एक्जिट पोल में भाजपा को बढ़त

### ❍ भाजपा+ को 131 से 151 ❍ शिवसेना यूबीटी+ को 58-68 ❍ कांग्रेस+ 12-16

एजेंसी

बीएमसी चुनाव एग्जिट पोल-2026 — सीटें: 227, बहुमत: 114

| सर्वे एजेंसी | भाजपा+ | शिवसेना (यूबीटी)+ | कांग्रेस+ | एनसीपी | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|
| एक्सिस माय इंडिया | 131-151 | 58-68 | 12-16 | - | 6-12 |
| डीवी रिसर्च | 107-122 | 68-83 | 18-25 | 2-4 | 8-15 |
| जेवीसी | 138 | 59 | 23 | - | 7 |
| लोकशाही मराठी/रुद्र | 115-130 | 67-82 | 22-27 | - | 10-15 |

मुम्बई। महाराष्ट्र में मुंबई समेत 29 नगर निगमों का चुनाव बीते कई महीनों की गहमागहमी के बाद गुरुवार को संपन्न हो गया। अब सभी की निगाहें शुक्रवार को होने वाली मतगणना पर टिकी हैं, जब यह साफ होगा कि कौन सी पार्टी कितनी सीटें जीतती है। हालांकि अब बात अगर एग्जिट पोल की करें तो कई एजेंसी के द्वारा जारी एग्जिट पोल में भाजपा और उसके सहयोगी दलों को भारी बहुमत मिलता दिख रहा है। जबकि शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस चुनावी रण में पिछड़ती नजर आ रही हैं। आइए जानते है एग्जिट पोल में कौन सी पार्टी के खाते में कितनी सीटें गई? सबसे पहले एक्सिस माय इंडिया के एग्जिट पोल की बात करें तो भाजपा+ को 131 से 151 सीटें मिल सकती हैं। शिवसेना यूबीटी+ को 58-68 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस+ 12-16 मिल सकती हैं। इसके साथ ही अन्य के खाते में भी 6-12 सीटें जा सकती हैं। अब बात अगर डीवी रिसर्च के एग्जिट पोल की करें तो इसके मुताबिक, भाजपा की अगुआई वाली गठबंधन को 107 से 122 सीटें मिल सकती हैं। ठाकरे बंधुओं के गठबंधन को 68 से 83 सीटें मिलने की संभावना है। कांग्रेस और वंचित बहुजन अघाड़ी को 18 से 25 सीटें मिल सकती है। एनसीपी अजित पवार को 2 से 4 सीटें मिलती दिख रही हैं। वहीं अन्य के खाते में 8 से 15 सीटें मिलने की संभावना है। जेवीसी के एग्जिट पोल ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

अधिकतम : 16.06 डिसे.
न्यूनतम : 7.00 डिसे.

### भीतर पढ़ें


- ईज ऑफ डूइंग बिजनेस ने बदली यूपी की तस्वीर (पृष्ठ-02)
- फॉर्म-6 भरवाने के लिए लगेंगे विशेष शिविर (पृष्ठ-02)
- एमएसएमई व सरकारी योजनाओं को मिलाने का सुझाव (पृष्ठ-14)
- दिसंबर महीने में निर्यात 1.87 प्रतिशत बढ़ा (पृष्ठ-14)
- स्वच्छ ईंधन में 100 अरब डॉलर का निवेश जरूरी (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट ने गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को जाड़े से निजात दिलाने के लिए राजधानी लखनऊ में अलग-अलग जगहों पर जलवाये अलाव

## जाड़े में किसी भी जरूरतमंद को नहीं होने देंगे परेशान : विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने गुरुवार को गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को जाड़े से निजात दिलाने के लिए राजधानी लखनऊ में अलग-अलग जगहों पर अलाव जलवाये। सर्दी में घर से निकले लोगों को इससे बड़ी राहत मिली। ट्रेन-बस पकड़ने वाले मुसाफिर और यात्रियों की प्रतीक्षा कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने भी अलाव तापे। गुरुवार को तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और यात्रीगण सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह इन अलावों का सहारा लेते दिखे। अस्पताल आए मरीजों के तीमारदारों ने








भी विराज सागर दास की इस मानवीय पहल का मुक्त कंठ से स्वागत किया और उनके द्वारा जलवाए गए अलाव को तापकर राहत महसूस की। गौरतलब है कि शरद ऋतु में रात काटना गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ता है। अलाव से उन्हें जाड़े से लड़ने की ताकत मिलती है। बहुत से गरीब सर्दी की रात में खुले आसमान के नीचे कांपते-ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर रहते हैं।

हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को दूर करने का प्रयास करते हैं और गर्म कपड़े, कंबल के वितरण व अलाव आदि की व्यवस्था कर समाज के अन्य लोगों को भी ऐसा करने केलिए प्रेरित करते हैं। शहर के हर गली-मोहल्ले व ...शेष पृष्ठ 14 पर

# महायोगी गोरखनाथ की खप्पर भरने उमड़ा सैलाब

## खिचड़ी महापर्व पर गोरक्षनाथ मंदिर पहुंचे यूपी, बिहार, नेपाल समेत कई राज्यों के लाखों लोग

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ/गोरखपुर।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार ब्रह्म मुहूर्त में चार बजे शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ को नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई और लोकमंगल की कामना की। सीएम योगी के बाद नाथ योगियों, साधु संतों ने भी बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इसके साथ मंदिर के गर्भगृह कपाट को आमजन के लिए खोल दिया गया। खिचड़ी चढ़ाने के लिए मंदिर में आस्था का सैलाब नजर आया। गोरखनाथ मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु महायोगी गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के लिए पहुंचे। लोक मान्यता के अनुसार त्रेतायुग से बाबा गोरखनाथ का खप्पर भरने की परंपरा का अनुसरण करते हुए श्रद्धा की अंजुरी में आस्था की खिचड़ी लेकर श्रद्धालु नतमस्तक रहे। महायोगी गोरखनाथ को नेपाल राजपरिवार की तरफ से भेजी गई खिचड़ी भी श्रद्धापूर्वक अर्पित की गई।

- **योगी ने महायोगी गोरखनाथ को चढ़ायी आस्था की पवित्र खिचड़ी**

खिचड़ी चढ़ाने के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में लगे विशाल मेले का भ्रमण कर आनंद उठाया। मनोरंजन के साथ जरूरी वस्तुओं की जमकर खरीदारी की।

मकर संक्रांति पर गुरुवार को भोर में गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने नाथपंथ की परंपरा के अनुसार गोरखनाथ मंदिर के गर्भगृह में जमीन पर बैठ कर, सीटी बजाकर गुरु गोरखनाथ को प्रणाम कर आदेश लिया। फिर विधिविधान से पूजन कर गोरक्षपीठ की ओर से श्रीनाथ जी को खिचड़ी (चावल, दाल, तिल, सब्जी, हल्दी, नमक आदि) चढ़ाई। इसके बाद उन्होंने मुख्य मंदिर में स्थापित अन्य देव विग्रहों की पूजा की। फिर योगिराज बाबा गंभीरनाथ, अपने दादागुरु महंत दिग्विजयनाथ, गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ, नौमीनाथ व अन्य नाथ योगियों की प्रतिमाओं समक्ष शीश नवाकर खिचड़ी भोग अर्पित किया। सीएम योगी की ओर से बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी भोग अर्पित करने के बाद सुख समृद्धि की मंगलकामना लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली समेत अन्य राज्यों और पड़ोसी देश नेपाल से आए श्रद्धालुओं ने भी कतारबद्ध होकर महायोगी गोरखनाथ को श्रद्धा की खिचड़ी चढ़ाई। महायोगी गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने का सिलसिला लगातार चलता रहा। पूरे दिन भक्तों की कतार नहीं टूटी। दोपहर बाद तक गोरखनाथ मंदिर आने वाले सभी रास्तों पर श्रद्धालुओं का रेला दिख रहा था। खिचड़ी चढ़ाने के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में स्थित सभी देवी देवताओं के विग्रहों का पूजन कर ब्रह्मलीन महंत बाबा गंभीरनाथ, ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ एवं ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेक आशीर्वाद भी लिया। पूरा दिन मंदिर परिसर गुरु गोरखनाथ की जय जयकार से गूंजता रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा को लेकर मंदिर व जिला प्रशासन की ओर से समुचित प्रबंध किए गए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद सभी व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए थे। गोरखनाथ मंदिर का खिचड़ी मेला लोक श्रद्धाभाव के साथ सामाजिक समरसता का भी मेला है। हर वर्ग के लोग नंगे पांव कतारबद्ध होकर बारी बारी भगवान गोरखनाथ को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ा रहे थे। कोई मुट्ठी भर श्रद्धा का चावल लेकर आ रहा था तो कोई झोली भर। पर, महायोगी के प्रति भाव सभी का एक समान था। न जाति का बंधन था, न धर्म का। बुधवार को भी लाखों श्रद्धालुओं ने खिचड़ी चढ़ाई थी। गुरुवार को यह संख्या और बढ़ गई। भोर में तीन बजे ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार मंदिर परिसर से बाहर सड़क तक लग गई थी। अलग-अलग गेट और बैरिकेडिंग से श्रद्धालुओं की भीड़ को संभाला जा रहा था। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में श्रद्धा के साथ सभी श्रद्धालुओं को खिचड़ी का प्रसाद वितरित करने के लिए सहभोज का आयोजन किया गया। अमीर-गरीब, जाति, वर्ग का भेदभाव भुलाकर सबने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में आमंत्रित अतिथियों के लिए भी सहभोज का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों, उद्यमियों, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों एवं गण्यमान्य लोगों की सहभागिता रही। नाथपंथ के अध्येता डॉ. प्रदीप कुमार राव बताते हैं कि महायोगी गुरु गोरखनाथ का नेपाल से भी गहरा संबंध है। मकर संक्रांति पर गुरु गोरखनाथ को गोरक्षपीठाधीश्वर की ओर से खिचड़ी चढ़ाए जाने के बाद नेपाल राजपरिवार की तरफ से आई खिचड़ी चढ़ाई जाती है।

गुरु गोरखनाथ जी नेपाल के राजगुरु माने जाते हैं। गोरखनाथ मंदिर में खिचड़ी चढ़ाने की परंपरा त्रेतायुगीन मानी जाती है। मान्यता है कि तत्समय आदियोगी गुरु गोरखनाथ एक बार हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्थित मां ज्वाला देवी के दरबार में पहुंचे। मां ने उनके भोजन का प्रबंध किया। कई प्रकार के व्यंजन देख बाबा ने कहा कि वह तो योगी हैं और भिक्षा में प्राप्त चीजों को ही भोजन रूप में ग्रहण करते हैं। उन्होंने मां ज्वाला देवी से पानी गर्म करने का अनुरोध किया और स्वयं भिक्षाटन को निकल गए। भिक्षा मांगते हुए वह गोरखपुर आ पहुंचे और राप्ती और रोहिन के तट पर जंगलों में बसे इस स्थान पर धूनी रमाकर साधनालीन हो गए। उनका तेज देख लोग उनके खप्पर में अन्न (चावल, दाल आदि) दान करते रहे। इस दौरान मकर संक्रांति का पर्व आने पर यह परंपरा खिचड़ी पर्व के रूप में परिवर्तित हो गई।

# नियमों की सरलता से भारत में स्टार्टअप क्रांति को मिली नयी रफ्तार

**लखनऊ।** स्टार्टअप इंडिया पहल के 10 वर्ष पूरे होने के साथ ही यह स्पष्ट हो गया है कि भारत में उद्यमिता के परिदृश्य में आया परिवर्तन केवल स्टार्टअप्स की बढ़ती संख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक नीतिगत और प्रशासनिक सुधार का परिणाम है। वर्ष 2016 में शुरू की गई स्टार्टअप इंडिया पहल ने अनुपालन व्यवस्था को सरल बनाकर, भय-आधारित नियंत्रण से भरोसे और सुविधा आधारित शासन की ओर देश को आगे बढ़ाया। आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है, जो हर साल 12 से 15 प्रतिशत की स्थिर दर से बढ़ रहा है।

पिछले एक दशक में डीपीआईआईटी-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स की संख्या 2014 में लगभग 350 से बढ़कर 2.09 लाख से अधिक हो गई है। औसतन प्रति स्टार्टअप 12 रोजगार के अनुमान के आधार पर, स्टार्टअप्स द्वारा सृजित रोजगार 2014 में करीब 4,900 से बढ़कर आज 21 लाख से अधिक हो चुके हैं। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि स्टार्टअप्स अब भारत की अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन का एक मजबूत स्तंभ बन चुके हैं।

इस परिवर्तन का सबसे बड़ा कारण अनुपालन बोझ में ऐतिहासिक कमी रही है। मोदी सरकार द्वारा अब तक 47,000 से अधिक अनुपालनों को समाप्त किया गया, 4,458 से अधिक कानूनी प्रावधानों को अपराधमुक्त किया गया और 64 से अधिक नियामकीय सुधार लागू किए गए। इन कदमों का उद्देश्य ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ-साथ ईज ऑफ रेज़िंग कैपिटल और समग्र नियामकीय सरलता को बढ़ाना रहा।

स्टार्टअप्स को शुरूआती वर्षों में राहत देने के लिए कई अहम सुधार किए गए। डीपीआईआईटी-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स को 9 श्रम कानूनों और 3 पर्यावरण कानूनों के तहत 3 से 5 वर्षों तक सेल्फ-सर्टिफिकेशन की अनुमति दी गई, जिससे अनिवार्य निरीक्षण से मुक्ति मिली। स्टार्टअप मान्यता और स्वीकृति प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाकर स्टार्टअप इंडिया पोर्टल और नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से लागू किया गया, जिससे भौतिक फाइलों और विभागीय चक्कर की जरूरत खत्म हो गई।

**स्टार्टअप इंडिया के 10 साल**




कर सुधार भी स्टार्टअप इंडिया का एक अहम स्तंभ रहे। पात्र स्टार्टअप्स को आयकर अधिनियम की धारा 80-कअउ के तहत पहले 10 वर्षों में से किसी भी 3 वर्षों के लिए 100 प्रतिशत आयकर छूट दी गई। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2024-25 से एंजेल टैक्स को समाप्त कर दिया गया, जिससे निवेश पर मूल्यांकन आधारित कर का बोझ खत्म हुआ और निवेशकों का भरोसा बढ़ा।

व्यवसाय बंद करने की प्रक्रिया को भी सरल बनाया गया। जहां पहले स्टार्टअप्स को वर्षों तक परिसमापन की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था, वहीं अब वे 90 दिनों के भीतर अपना कारोबार बंद कर सकते हैं। सरकारी खरीद में टर्नओवर और पूर्व अनुभव की शर्तों को हटाकर तथा ईएमडी से छूट देकर स्टार्टअप्स को सार्वजनिक निविदाओं में समान अवसर दिया गया। बौद्धिक संपदा संरक्षण को प्रोत्साहन देने के लिए पेटेंट फाइलिंग पर 80 प्रतिशत और ट्रेडमार्क फाइलिंग पर 50 प्रतिशत शुल्क में छूट दी गई, जबकि आईपी फैसिलिटेटर्स की पूरी लागत सरकार द्वारा वहन की जाती है। साथ ही, पेटेंट आवेदनों की त्वरित जांच व्यवस्था से स्टार्टअप्स को तेजी से कानूनी सुरक्षा मिल रही है। स्टार्टअप इंडिया के 10 साल यह दिखाते हैं कि सरकार की भूमिका एक नियंत्रक से बदलकर सक्षम बनाने वाले भागीदार की हो गई है। अनुपालन सुधारों के जरिए भय कम हुआ, नवाचार को बढ़ावा मिला और उद्यमियों को भारत के आर्थिक भविष्य के केंद्र में स्थापित किया गया।

# प्रदेश में डिस्टिलरी प्लांट को मिलेगा बढ़ावा नयी आबकारी नीति तैयार कर रहा विभाग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में औद्योगिक निवेश को गति देने और राजस्व संसाधनों को सशक्त बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। ऐसे में आबकारी विभाग द्वारा नई आबकारी नीति 2026-27 पर मंथन किया जा रहा है। नई नीति के तहत प्रदेश में डिस्टिलरी प्लांट की स्थापना को प्रोत्साहित किया जाएगा, साथ ही निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सहूलियतों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

प्रदेश सरकार का मानना है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राजस्व बढ़ाना, निवेश आकर्षित करना और उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार करना आवश्यक है। इसी के तहत आबकारी विभाग को राजस्व वृद्धि के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए गए थे। इन निर्देशों के अनुपालन में विभाग ने डिस्टिलरी प्लांट्स को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है, जिससे न केवल राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इसके लिए प्रदेश में नई डिस्टिलरी इकाइयों की स्थापना को सरल और आकर्षक बनाया जाएगा। लाइसेंस प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध करने, शुल्क संरचना को युक्तिसंगत बनाने और आवश्यक अनुमतियों में सहूलियत देने पर विचार किया जा रहा है। इससे प्रदेश में निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा और उत्तर प्रदेश डिस्टिलरी उद्योग के क्षेत्र में एक बड़े हब के रूप में उभरेगा। बता दें कि निवेश मित्र, सिंगल विंडो सिस्टम और उद्योग अनुकूल नीतियों के जरिए प्रदेश ने रिकॉर्ड निवेश प्रस्ताव हासिल किए हैं। नई आबकारी नीति उसी श्रृंखला का हिस्सा है।

विभाग की ओर से नई आबकारी नीति में निर्यात पर विशेष फोकस किया जा रहा है। प्रदेश में उत्पादित स्पिरिट, अल्कोहल और इससे जुड़े उत्पादों के निर्यात को आसान बनाने के लिए नियमों में ढील देने, लॉजिस्टिक्स को सुगम बनाने और अतिरिक्त प्रोत्साहन देने पर विचार चल रहा है।

# जागरूकता से यूपी में 17 प्रतिशत घटे टीबी से मौत के मामले

## प्रदेश में फरवरी से शुरू होगा 100 दिवसीय विशेष सघन टीबी रोगी खोज अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार एक बार फिर तपेदिक (टीबी) उन्मूलन के लिए प्रदेश में 100 दिवसीय विशेष सघन रोगी खोज अभियान शुरू करने जा रही है। फरवरी में शुरू हो रहे अभियान में जनप्रतिनिधियों व विभिन्न विभागों के सहयोग से अधिकतम मरीजों को खोजकर उनका इलाज शुरू करने की रणनीति है। स्वास्थ्य महानिदेशक ने सभी अपर निदेशकों व मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने टीबी रोगियों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार हेतु प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास विभाग को लिखा है।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि सघन टीबी खोज अभियान 7 दिसंबर 2024 से चलाया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि वर्ष 2015 के सापेक्ष प्रति एक लाख व्यक्तियों में मरीजों की संख्या में 17 प्रतिशत और टीबी के कारण होने वाली मृत्यु में भी 17 फीसदी की कमी आई है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर विभाग ने एक बार फिर से फरवरी में सघन टीबी रोगी खोज अभियान चलाने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य महानिदेशक (डीजी) डॉ. आरपी सिंह सुमन ने जनभागीदारी के महत्व को ध्यान में रखते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस अभियान में जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए। सभी सीएमओ को निर्देश दिया गया है कि दो माह में सांसदों के साथ जनपद स्तरीय समीक्षा करवाएं और उन्हें निःक्षय शिविर व अन्य जनभागीदारी गतिविधियों में शामिल करें। ये समीक्षा बैठकें आगे भी जारी रहेंगी। इसके अलावा विधायकों, विधान परिषद सदस्यों, प्रधानों व पार्षदों को भी अभियान से जोड़ें। अभियान में सामाजिक जन जागरूकता बढ़ाने के लिए 'माई भारत' वालंटियर्स व अन्य पंजीकृत निःक्षय मित्रों का भी उपयोग करें। डीजी ने सभी कारागारों व मलिन बस्तियों में टीबी स्क्रीनिंग कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्राथमिक स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों तक में निबंध, पोस्टर प्रतियोगिता समेत विभिन्न माध्यमों से छात्र-छात्राओं में जागरूकता फैलाने के लिए कहा है। इसके अलावा समस्त आंगनबाड़ी कार्यकताओं को जागरूक करने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि वे टीबी के लक्षण वाले लोगों को स्क्रीनिंग के लिए भेज सकें। परिवहन विभाग से जुड़े समस्त चालकों व कंडक्टरों की स्क्रीनिंग कराने व कारखानों में काम करने वालों की भी शिविर लगाकर जांच करने को कहा गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व उससे नीचे की स्वास्थ्य इकाइयों से पांच प्रतिशत और जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेजों से 10 प्रतिशत लोगों को सामान्य ओपीडी से टीबी जांच के लिए रेफर करना। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से टीबी जांच के लिए सैम्पल ट्रांसपोर्टरों की व्यवस्था कराना। बुजुर्गों व गंभीर मरीजों की यथासंभव जांच कराना। स्थानीय गैर सरकारी संगठनों, कॉरपोरेट, विभागों, संस्थानों को निःक्षय मित्र के रूप में प्रेरित करना।

- **बुजर्गों, गंभीर रोगियों व मलिन बस्तियों में टीबी स्क्रीनिंग पर रहेगा जोर**
- **प्राइमरी स्कूलों से विवि तक चलेगा जागरूकता अभियान, सांसद से पार्षद तक होंगे शामिल**




# पौने नौ साल में राज्य का अन्नदाता बना सशक्त

## संकट से निकल कर समृद्धि तक पहुंची खेती, कृषि क्षेत्र में आयी क्रांति

**लखनऊ।** प्रदेश को 2017 से पहले के खाद्यान्न संकट, कालाबाजारी व अराजकता से मुक्ति मिली है। सरकार के मॉडल से किसान पौने नौ वर्ष में ही समृद्धि के पथ पर अग्रसर हो गए। यही वजह है कि देश की कुल कृषि भूमि का महज 10 फीसदी हिस्सा रखने वाले उत्तर प्रदेश का राष्ट्रीय खाद्यान्न उत्पादन में योगदान 21 फीसदी हो चुका है। 2017 से पहले कृषि क्षेत्र में विकास दर सिंगल डिजिट पर टिकी थी, लेकिन योगी सरकार में कृषि व सम्बद्ध क्षेत्रों में यह विकास दर पिछले तीन सालों में 14 फीसदी से अधिक रही। यूपी के किसान खेत से खुशहाली तक पहुंचे हैं। डबल इंजन सरकार की नीतियों से उत्तर प्रदेश की खेती उत्पादकता के नए दौर में प्रवेश कर चुकी है।

कृषि क्षेत्र को लेकर सरकार की सोच और नीतियों ने उस तस्वीर को बदला, जिसमें किसान खुद को हाशिये पर महसूस करता था। 2017 में सत्ता संभालते ही योगी सरकार द्वारा सबसे पहले किसानों का 36 हजार करोड़ रुपये कर्ज माफ करने की बात हो या पहली बार वैज्ञानिकों द्वारा लैब से निकल कर लैंड तक पहुंच कर विकसित कृषि संकल्प अभियान के जरिए उत्तर प्रदेश के 14170 गांवों में 23.30 लाख किसानों से संवाद साधने की, योगी युग में खेती सिर्फ जीविका का साधन नहीं, बल्कि विकास की धुरी बन गई है। खेती-किसानी को प्राथमिकता और पारदर्शी व्यवस्था के कारण पौने नौ वर्ष में यूपी की तस्वीर बदली। कृषि व्यवस्था सिर्फ योजनाओं तक सीमित नहीं रही, बल्कि जमीनी बदलाव का माध्यम बनी। कभी कर्ज, सिंचाई और भुगतान की परेशानियों से जूझने वाला किसान सरकार की प्राथमिकता के केंद्र में आया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्ता संभालते ही स्पष्ट कर दिया कि किसान सिर्फ वोट बैंक नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इस सोच के साथ कृषि क्षेत्र में अनेक सुधार शुरू हुए। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पारदर्शिता से फसल खरीद होने लगी। भुगतान व्यवस्था को समयबद्ध किया गया। किसान को उपज का उचित मूल्य मिलने लगा। सिंचाई सुविधाओं के विस्तार ने किसानों को आत्मनिर्भर बनाया। नहरों के पुनर्जीवन, नलकूपों की संख्या में वृद्धि और मुफ्त/रियायती सिंचाई योजनाओं ने उत्पादन क्षमता बढ़ाई। सूखे और जल संकट वाले इलाकों में भी खेती सांस लेने लगी। 2017 के पहले जिस उत्तर प्रदेश में किसान आत्महत्या करने पर मजबूर था, वहां 2017 के बाद किसानों का सम्मान होने लगा। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में एक क्लिक पर किसानों को सम्मान निधि मिलने लगी, जिसमें यूपी अग्रणी भूमिका में रहा। सहकारिता के माध्यम से संचालित एलडीबी द्वारा किसानों को साढ़े 11 प्रतिशत ब्याज दर पर लोन मिलता था, अब यह छह फीसदी पर मिलेगा। गन्ना किसानों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। सरकार ने सिर्फ परंपरागत खेती पर ही नहीं, बल्कि तकनीक और नवाचार पर भी जोर दिया। मृदा स्वास्थ्य कार्ड, उन्नत बीज, कृषि यंत्रीकरण और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए किसान को आधुनिक खेती से जोड़ा गया।

# सोलर रूफटॉप स्थापना में कानपुर प्रदेश में तीसरे स्थान पर पहुंचा

**लखनऊ।** ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश नीति नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। इसी क्रम में कानपुर नगर में बिजली उत्पादन का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत शहर की छतों पर स्थापित सोलर रूफटॉप सिस्टम से करीब 64 मेगावाट क्षमता की सौर बिजली तैयार हो रही है। अब तक जिले में 20,756 सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाए जा चुके हैं, जिससे उत्तर प्रदेश नेडा के आंकड़ों के अनुसार सोलर रूफटॉप स्थापना के मामले में कानपुर नगर प्रदेश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। शहर की छतें अब छोटे-छोटे पावर हाउस के रूप में उभर रही हैं। इस उपलब्धि पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने जनपदवासियों को बधाई दी है।

ऊर्जा विशेषज्ञों के अनुसार 64 मेगावाट सौर उत्पादन सालाना लगभग 9.6 करोड़ यूनिट स्वच्छ ऊर्जा के बराबर है। मौजूदा बाजार दरों के आधार पर इस बिजली का वार्षिक आर्थिक मूल्य करीब 34 से 38 करोड़ रुपये आंका जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इतनी मात्रा में बिजली पारंपरिक स्रोतों से खरीदी जाए, तो सरकार, संस्थानों और उपभोक्ताओं को हर वर्ष इतनी बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती। छतों पर सोलर संयत्र स्थापित करवाने वाले लोगों के बिजली के बिल भी कम आ रहे हैं। फरवरी 2024 से शुरू हुई प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत जिले में सोलर रूफटॉप स्थापना की रफ्तार लगातार बनी हुई है। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 80 से 90 नए सोलर सिस्टम लगाए जा रहे हैं। व्यक्तिगत आवासों के साथ-साथ बहुमंजिला भवनों और हाउसिंग सोसाइटियों के कॉमन एरिया में भी सोलर सिस्टम स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे शहरी स्तर पर विकेंद्रीकृत बिजली उत्पादन का आधार मजबूत हो रहा है। ऊर्जा क्षेत्र के जानकारों के मुताबिक 64 मेगावाट सौर उत्पादन से सालाना करीब 80 हजार टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आती है, जिसे पर्यावरणीय दृष्टि से लगभग 35 लाख पेड़ों के बराबर लाभ माना जा रहा है। इसके अलावा इतनी क्षमता से प्रतिदिन औसतन 30 से 35 हजार शहरी घरों की बिजली जरूरत पूरी की जा सकती है। कोयला आधारित बिजली की तुलना में सौर ऊर्जा को सस्ती, प्रदूषण-मुक्त और दीर्घकालिक समाधान माना जा रहा है।

- **छत बने पावर हाउस, 20,756 से अधिक घर बने पावर यूनिट**
- **80 हजार टन कार्बन उत्सर्जन में कमी, 35 लाख पेड़ों के बराबर पर्यावरणीय लाभ**



प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत प्रति किलोवाट सोलर रूफटॉप सिस्टम से रोजाना औसतन करीब 5 यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा है। सोलर सिस्टम की लागत प्रति किलोवाट लगभग 60 से 65 हजार रुपये बताई गई है। योजना के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी की व्यवस्था की गई है, जिसमें एक किलोवाट पर कुल 45 हजार रुपये तक का अनुदान तथा अधिकतम 1 लाख 8 हजार रुपये तक की सहायता निर्धारित है। इसके साथ ही बैंकों के माध्यम से 6 से 7 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। परियोजना अधिकारी, नेडा, कानपुर नगर राकेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि योजना को शासन के निर्देश पर तेजी से लागू किया जा रहा है और जिले में सोलर रूफटॉप स्थापना की गति लगातार बढ़ रही है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल है और जनपद में इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# स्टार्टअप-जीसीसी साझेदारी से भारत का इनोवेशन पावरहाउस बनेगा यूपी

## एआई और नयी तकनीकों में तय करेगी विकसित भारत के भविष्य की रूपरेखा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अब नवाचार और निवेश विश्वास का नया केंद्र बनकर उभर रहा है। ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) पॉलिसी के माध्यम से प्रदेश सरकार ने स्टार्टअप और इनोवेशन इकोसिस्टम को जो दिशा दी है, वह प्रदेश को भारत के सबसे मजबूत प्रौद्योगिकी और उद्यमिता हब के रूप में स्थापित करने की क्षमता और दक्षता रखती है। यह पहल योगी सरकार के उस विजन का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत रोजगार सृजन के साथ-साथ नॉलेज इनेबल्ड (ज्ञान आधारित) अर्थव्यवस्था को दृढ़ता प्रदान करना प्राथमिकता है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 90 जीसीसी हैं। इनकी संख्या आने वाले समय में एक हजार से अधिक करने का लक्ष्य है।

सरकार की नीतियों में जीसीसी को केवल बैक ऑफिस यूनिट के रूप में नहीं देखा गया है। इन्हें रिसर्च एंड डेवलपमेंट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा और डिजिटल इंजीनियरिंग के गंतव्य के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे उत्तर प्रदेश में हाई वैल्यू वाले कार्यों को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था नवाचार आधारित मॉडल की ओर त्वरित गति से अग्रसर होगी।

प्रदेश सरकार की ओर से एआई, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, ड्रोन, 5जी, 6जी और हेल्थटेक जैसे क्षेत्रों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जा रहे हैं। इनके माध्यम से जीसीसी और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सीधा सहयोग और समन्वय विकसित होगा। योगी सरकार का उद्देश्य है कि उत्तर प्रदेश वैश्विक कंपनियों के कार्यस्थल के साथ-साथ नई तकनीकों के निर्माण का केंद्र बने। यही कारण है कि आईआईटी कानपुर, आईआईएम लखनऊ सहित अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों को नीति के केंद्र में रखा गया है। उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप्स की बढ़ती संख्या योगी सरकार की दूरदर्शी नीतियों का प्रमाण है। अब जीसीसी और स्टार्टअप्स के बीच प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट (अंतिम उत्पाद/सेवा का प्रारंभिक मॉडल) और समस्या समाधान आधारित साझेदारी को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इससे स्थानीय स्टार्टअप्स को वैश्विक बाजार तक पहुंच मिलेगी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों को भारतीय नवाचार का लाभ प्राप्त होगा। यह सहयोग मॉडल प्रदेश को आत्मनिर्भर भारत के विजन का ठोस स्तंभ बनाने की ओर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट मत है कि सच्चा विकास वही है, जिसमें युवा नौकरी मांगने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बने। जीसीसी-स्टार्टअप इकोसिस्टम के विस्तार से प्रदेश के युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार के साथ-साथ उद्यमिता के भी उचित अवसर प्राप्त होंगे। महिलाओं, दिव्यांगों और युवाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन इस नीति को सामाजिक रूप से भी समावेशी बनाते हैं।

वर्तमान में उत्तर प्रदेश नीतिगत स्थिरता, तेज निर्णय और पारदर्शी व्यवस्था का पर्याय बन चुका है। निवेशकों का भरोसा बढ़ा है और तकनीकी जगत की दृष्टि प्रदेश पर टिकी है। योगी सरकार के नेतृत्व में स्टार्टअप और जीसीसी का यह संगम उत्तर प्रदेश को भारत का इनोवेशन पावरहाउस बनाने की दिशा में निर्णायक कदम माना जा रहा है। आने वाले समय में यही कदम विकसित भारत के विजन के अंतर्गत देश की आर्थिक दिशा और वैश्विक पहचान को नई बुलंदी देगा।

# फार्मर रजिस्ट्री में बस्ती, गाजियाबाद और रामपुर पहले तीन स्थानों पर

## सीतापुर, फिरोजाबाद, प्रतापगढ़, बिजनौर, जौनपुर, पीलीभीत व औरैया भी टॉप-10 में

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री (किसान पंजीकरण) को लेकर बड़ा अभियान जारी है। प्रदेश में कुल 2,88,70,495 किसानों के पंजीकरण का लक्ष्य रखा गया है। इसके सापेक्ष अब तक 60 प्रतिशत से अधिक 1,75,30,760 करोड़ किसानों की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है। इसमें बस्ती जिला सबसे आगे है, जहां 81.49 प्रतिशत रजिस्ट्री पूर्ण हो चुकी है। इसके बाद गाजियाबाद (80.34), रामपुर (80.32), सीतापुर (79.73), फिरोजाबाद (79.59), प्रतापगढ़ (75.65), बिजनौर (74.98), जौनपुर (72.84), पीलीभीत (72.04) तथा औरैया (71.45) टॉप-10 जनपद शामिल हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर आगामी 90 दिनों के भीतर प्रदेश भर में शत प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य रखा गया है। निर्देशों में कहा गया है कि पीएम किसान योजना के शत-प्रतिशत लाभार्थियों की फार्मर आईडी 15 अप्रैल 2026 तक अनिवार्य रूप से बनवाई जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि फार्मर आईडी बनाने का कार्य और अधिक सघनता से किया जाए। इस कार्य की प्रतिदिन समीक्षा करते हुए कार्ययोजना बनाकर प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रत्येक किसान की फार्मर आईडी होना अनिवार्य है। इस अभियान के तहत जिलाधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति पर प्रतिदिन समीक्षा भी करने के निर्देश दिए गए हैं। दूसरी तरफ, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत उत्तर प्रदेश में चलाए गए विशेष सत्यापन अभियान को उल्लेखनीय सफलता मिली है। इसके तहत राज्य में कुल 2,48,30,499 पीएम किसान लाभार्थी सत्यापित किए जा चुके हैं। सत्यापन प्रक्रिया में अम्बेडकर नगर, प्रतापगढ़, फरुर्खाबाद, बागपत, महराजगंज, मिजार्पुर, हरदोई, अयोध्या, बलिया, भदोही, सिद्धार्थनगर सहित कई जिलों में जिला स्तरीय वेरिफिकेशन सर्टिफिकेट प्रदान किए गए हैं। इस अभियान से पात्र किसानों को समय पर लाभ सुनिश्चित करने और अपात्र लाभार्थियों को योजना से बाहर करने में प्रशासन को सफलता मिली है।

संक्षेप

## ट्रांसफॉर्मर में लगी आग, ठप हुई विद्युत आपूर्ति



प्रतापगढ़। नगर के हाइवे पर लगा ट्रांसफार्मर गुरुवार की सुबह अचानक धू-धू कर जलने लगा। कस्बावासियों ने इसकी सूचना विद्युत विभाग के साथ ही फायर बिग्रेड को दी। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम ने आग पर काबू पाया। ट्रांसफार्मर में लगी आग के चलते ढ़ाई सौ से अधिक घरों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी। नगर में वन विभाग कार्यालय के सामने हाइवे किनारे लगा ढ़ाई सौ केवीए का ट्रांसफार्मर सुबह करीब ग्यारह बजे अचानक जलने लगा। इससे तहसील, नेताजीपुरम, वन विभाग कार्यालय समेत ढ़ाई सौ से अधिक घरों में विद्युत आपूर्ति ठप हो गयी। सूचना मिलने पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जेई बसन्तलाल का कहना है कि वन विभाग के आसपास बंदरों की संख्या अधिक होने और इनके तार पर झूलने के चलते शार्टसर्किट से ट्रांसफार्मर जल गया। ट्रांसफार्मर का मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति बहाल करायी जाएगी।

## जमीन के विवाद में हुई मारपीट, 16 पर केस

प्रतापगढ़। जमीन के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना पर पुलिस की तहरीर पर दोनों पक्षों के दर्जन भर से अधिक आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली लालगंज में तैनात सिपाही राहुल कुमार यादव ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेरह जनवरी को दोपहर खानापटटी निवासी रमेश मौर्य व उमेश मौर्य बाउण्ड्री बनवा रहे थे। आरोप है कि विपक्षी रामरतन वर्मा, द्रोपदी पत्नी श्रीराम, इसरावती पत्नी लालजी, कलावती पत्नी सोहन निवासीगण दौलत का पुरवा अमांवा तथा कामता प्रसाद निवासी दीना का पुरवा व सात आठ अज्ञात महिलाओं लोग वहां पहुंचे और विरोध जताने लगे। कहासुनी के बीच दोनों पक्षो मे मारपीट हुई। सूचना पर की गयी जांच में घटना सही पायी गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर रमेश, उमेश, रामरतन वर्मा व सात आठ अज्ञात समेत सोलह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पुण्यतिथि पर समाजसेविका रामपती को किया नमन

प्रतापगढ़। नगर स्थित आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के प्रधान कार्यालय पर गुरूवार को समाजसेविका रामपती की तीसरी पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनायी गयी। समाजसेविका रामपती संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के अध्यक्ष व बार काउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश के प्रत्याशी अनिल कुमार तिवारी महेश की मां थी। संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में अधिवक्ताओं, समाजसेवियों व क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने स्व0 रामपती के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीया रामपती के द्वारा किये गये सामाजिक कार्य सदैव प्रेरणास्पद रहेंगे। संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप पाण्डेय ने किया। इस मौके पर अर्पित शुक्ल, आदित्य त्रिपाठी, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, दीपक त्रिपाठी, श्यामू पटेल, दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# ट्रक में लगी भीषण आग

## चलते ट्रक से पहले उठा धुंआ, ड्राइवर ने कूद कर बचायी जान



**बांसी सिद्धार्थनगर**- जिले के बांसी क्षेत्र में गत बुधवार सुबह करीब 4 बजे चलते ट्रक में भीषण आग लग जाने से महज 2 घंटे में वाहन जलकर राख हो गया, वाहन चालक ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि हादसा ट्रक में शार्ट सर्किट के कारण हुआ। लोगों ने बताया कि पहले चलते वाहन से धुंआ उठा। जिसके बाद आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। चालक ने बताया कि वाहन बिहार से मौरंग लेकर जिले के बांसी क्षेत्र आ रहा था। तभी हादसा हो गया। आग की लपटों को देख मौके पर भीड़ जमा हो गई। लोग डर गए। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को हादसे की सूचना दी। जिसकी बाद टीम ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। मामला जनपद के बांसी क्षेत्र में गुरुवार सुबह का बताया जा रहा है। शॉर्ट सर्किट के कारण एक मोरंग लदे ट्रक में भीषण आग लग गई। बिहार से मोरंग लादकर बांसी की ओर आ रहा यह ट्रक अचानक आग की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चलते ट्रक से पहले धुआं उठता दिखाई दिया और कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया।

आग लगते ही चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलने पर खेसरहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल यातायात को नियंत्रित किया और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। फायर ब्रिगेड की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था और उसमें लदा मोरंग भी नष्ट हो गया। यह हादसा बांसीझबेलौहा मार्ग पर बची-चुटी पुल के पास बरनवाल गांव के समीप हुआ, जिसके कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर आवागमन बाधित रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार, यदि चालक समय रहते ट्रक से नहीं कूदता तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस ने मौके पर आवश्यक कार्रवाई की और घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# डीएम ने श्रद्धालुओं में बांटी खिचड़ी



सिद्धार्थनगर। गत गुरुवार जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी सहभोज हनुमान गढ़ी मन्दिर तेतरी बाजार, नौगढ़ में प्रतिभाग किया गया, इस दौरान सिद्धार्थनगर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मन्दिर में विधि विधान से हनुमान जी सहित अन्य देवी देवताओं का पूजन अर्चन किया गया। बाद उसके जिलाधिकारी ने पश्चात श्रद्धालुओं में खिचड़ी का वितरण किया गया तथा सभी को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं व बंधाई दिया दिया गया। खिचड़ी वितरण करने में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व उनके साथ अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सिद्धार्थनगर अजय सिंह व अन्य संबंधित कई अधिकारी उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त कर जिलाधिकारी द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर उनके कर्तव्य निष्ठा व खिचड़ी सहभोज/वितरण उत्कृष्ट कार्य को श्रद्धालुओं द्वारा सराहा गया।

## उल्लास पूर्वक लोगों ने मनाया मकर संक्रांति का त्योहार

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मुण्डेरा बाजार, भोपा बाजार बाल बुजुर्ग पोखरभिण्डा आदि जगहों पर लोगों द्वारा मकर संक्रांति का त्योहार बड़े ही उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने सुबह स्नानादि करके सुबह अपने अपने घरों पर अपने सामर्थ्य के अनुसार दान पुण्य किए। तथा तिल के बने लड्डू व भोजन के रुप में खिचड़ी का आनंद लोगों ने उठाया।

# घने कोहरे में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात पुलिस सक्रिय



श्रावस्ती। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत घने कोहरे के दौरान होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा सघन चेकिंग एवं व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान दिनांक 15 जनवरी 2026 को पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम तथा क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। प्रभारी यातायात मो. शमीम के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के प्रमुख मार्गों पर ट्रैक्टर, डम्पर, ऑटो रिक्शा सहित अन्य वाहनों की सघन जांच की गई। घने कोहरे में दृश्यता बढ़ाने एवं दुर्घटनाओं की संभावना को कम करने के उद्देश्य से भारी एवं धीमी गति से चलने वाले वाहनों पर निःशुल्क रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए, जिससे रात एवं कोहरे में वाहन दूर से ही स्पष्ट दिखाई दे सकें। इस दौरान यातायात पुलिस ने आम जनमानस को एकत्र कर लाउड हेलर एवं अन्य प्रचार माध्यमों के जरिए यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। नागरिकों को शासन द्वारा संचालित राह-वीर योजना की विस्तृत जानकारी दी गई तथा सड़क दुर्घटना में घायलों की सहायता करने पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे में भी विस्तार से बताया गया। यातायात पुलिस द्वारा दोपहिया वाहन चालकों को सदैव हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन न चलाने एवं मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाने जैसी आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट्स का वितरण कर नागरिकों को नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। इसके अतिरिक्त जनपद के विभिन्न चौराहों, तिराहों एवं स्थानीय बाजारों में वाहनों में लगे पीए सिस्टम के माध्यम से यातायात जागरूकता से जुड़े जिंगल बजाकर लोगों को सतर्क किया गया। अभियान के अंतर्गत नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही करते हुए नियमानुसार शमन शुल्क भी अधिरोपित किया गया। यातायात पुलिस का यह अभियान सड़क सुरक्षा के प्रति जनसहभागिता बढ़ाने एवं घने कोहरे में दुर्घटनाओं की रोकथाम की दिशा में एक सराहनीय पहल माना जा रहा है।

# मोदी सरकार एसआईआर के नाम पर लोकतंत्र पर पहुंचा रही चोट

## राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने मनरेगा योजना को लेकर भी भाजपा पर किया कड़ा प्रहार




प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि एसआईआर के जरिए भाजपा आयोग से मिलीभगत कर लोकतंत्र पर चोट पहुंचा रही है। उन्होने कहा कि गरीब और कमजोर तबके के लिए मनरेगा योजना वरदान साबित हुई थी। उन्होने कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा आजीविका सुरक्षा गारण्टी में अधिनियम को हटाकर इसे सामान्य अन्य योजनाओं की तरह अब ले आयी है। उन्होने कहा कि लोकतंत्र में मताधिकार को छीनना और मजदूरों के हाथ से काम के सुरक्षित अधिकार वापस लेना भाजपा का सबसे बड़ा छल व कपट है। गुरूवार को सांगीपुर में सामुदायिक भवन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित एसआईआर तथा मनरेगा परिचर्चा मे बोलते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एसआईआर की समय सीमा इसलिए साल दो साल करने का सुझाव दिया था कि देश का एक भी सही मतदाता मताधिकार से वंचित न रह सके। उन्होनें बतौर उदाहरण कहा कि अकेले उत्तर प्रदेश मे ही पौने तीन करोड़ मतदाताओं का नाम एसआईआर के जरिए मतदाता सूची से हटाया गया है। उन्होने कहा कि लोकतंत्र में राजा और रंक का वोट संविधान में बराबरी का दर्जा रखता है। उन्होने कहा कि भाजपा को संविधान में गरीब से गरीब को लोकतांत्रिक अधिकार मिलना कभी भी पसन्द नही आया। उन्होने कहा कि भाजपा संविधान और संवैधानिक संस्थानों को कमजोर बनाने का खतरनाक इरादा लिए हुए है। उन्होने कहा कि स्वायत्तशाषी संवैधानिक संस्थाएं आज मोदी सरकार के इशारे पर अपनी स्वतंत्रता तथा निष्पक्षता व विश्वसनीयता खोती जा रही है। वही उन्होने मनरेगा योजना को बंद करने के मोदी सरकार के फैसले को गरीब मजदूर के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात करार दिया। उन्होने कहा कि महात्मा गांधी रोजगार गारण्टी योजना में देश भर के मजदूरों को काम की संवैधानिक गारण्टी मिली हुई थी। उन्होने कहा कि डॉ0 मनमोहन सिंह की सरकार के सबसे बडे और महत्वपूर्ण फैसले को पलटने के लिए भाजपा को गरीब मजदूर कभी माफ नही करेगा। उन्होने कहा कि दुनिया महात्मा गांधी के विचारों को स्वीकार कर रही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने सवालिया अंदाज में कहा कि आखिर भाजपा को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम से आखिर इतनी चिढ़ क्यों है। उन्होने कहा कि गोड़से की विचारधारा को मानने वाली विचारधारा योजनाओं से महात्मा गांधी का नाम हटाकर गांधीवाद को जरा सा भी कमजोर नही कर पाएगी। उन्होने कार्यकताओं से मनरेगा योजना को बंद करने और एसआईआर के नाम पर भाजपा के अलोकतांत्रिक हथकण्डे को जनता के बीच पहुंचाने का आहवान किया।

## कार की टक्कर से मोटर साइकिल सवार छात्र की मौत

बलिया। जिले के उभांव थाना क्षेत्र के उभांव मोड़ के समीप एक कार की टक्कर से मोटर साइकिल सवार एक छात्र की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार चौकिया -उभांव मार्ग पर बुधवार अपराह्न मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन लोग उभांव की ओर से आ रहे थे और वे रास्ते में सड़क किनारे बाइक खड़ी करके एक मित्र से बात करने लगे, तभी चौकियां मोड़ की तरफ से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी। घटना में कक्षा 9वीं के छात्र करण यादव (14) की मौत हो गई और प्रिंस तुरहा (16) तथा शैलेश (15) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सीयर पहुंचाया गया, जहां से उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया है। थाना प्रभारी संजय शुक्ला ने बृहस्पतिवार को बताया कि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी सड़कों से अवैध कब्जे हटाये गये



श्रावस्ती। जनपद में सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान निरंतर जारी है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में यह जनहितकारी पहल पूरे जिले में प्रभावी ढंग से लागू की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार, 15 जनवरी 2026 को थाना सोनवा पुलिस टीम ने सोनवा क्षेत्र में पैदल गश्त के दौरान सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की। अभियान के तहत सार्वजनिक मार्गों पर अवैध रूप से खड़े ठेला-रेहड़ी, सड़क तक बढ़ाकर लगाए गए दुकानों के सामान तथा अनुचित ढंग से खड़े वाहनों को हटवाया गया, जिससे यातायात में आ रही बाधाएं दूर हो सकें। कार्रवाई के दौरान संबंधित दुकानदारों एवं ठेला संचालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए गए कि भविष्य में सार्वजनिक मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न किया जाए। पुलिस ने यह भी अवगत कराया कि नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रक से कुचलकर महिला की मौत

बांसी सिद्धार्थनगर- बेटे के साथ जा रही महिला की मोटरसाइकिल से कुचल कर मौत हो गई, व ड्राइवर मौके से फरार हो गया, गत गुरुवार बांसी रोडवेज चौराहे पर सड़क हादसे में लगभग 66 वर्षीय महिला की मौत हो गई। पथरा थाना क्षेत्र सिंसई कला गांव निवासी 66 वर्षीय महिला सोनमती देवी अपने बेटे के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रही थी, तभी अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दिया, खबर के अनुसार सोनमती देवी (66) जैसे ही बांसी रोडवेज चौराहे पर पहुंचीं, पीछे से आ रहे ट्रक ने उनके मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद सोनमती देवी मोटरसाइकिल से गिर गईं तथा ट्रक का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल 50 शैय्या युक्त संयुक्त चिकित्सालय बांसी ले जाया गया, जहां डॉक्टर आर.के. सिंह ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला नगर पालिका बांसी के रानीगंज की निवासी बतायी जा रही है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक की टीम मौके पर पहुंच कर ट्रक को कब्जे में ले लिया। जब कि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। हलाकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि बांसी रोडवेज चौराहे पर अक्सर जाम और अतिक्रमण के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रशासन से सड़क किनारे अतिक्रमण करने वाले ई-रिक्शा और ठेला लगाने वालों को हटाने की मांग किया जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव हो सके।

## वॉलीवाल प्रतियोगिता में रेहुआ लालगंज की टीम बनी विजेता

प्रतापगढ़। मकर संक्रान्ति पर्व को लेकर विकासखण्ड सांगीपुर क्षेत्र के रेहुआ लालगंज में पारंपरिक मेला व वालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मेले में पहुंचे ग्रामीणों ने खरीददारी के साथ ही फास्टफूड, चाट, जलेबी आदि का आनन्द उठाया। वहीं वालीवाल प्रतियोगिता में रेहुआ लालगंज, बलीपुर, पूरे वल्दी अगई एवं रायपुर की टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबला रेहुआ लालगंज व रायपुर के बीच खेला गया। जिसमें रेहुआ लालगंज की टीम ने रोमांचक मुकाबले मे 2-1 से जीत हासिल की। आयोजन समिति के पूर्व प्रधान महेन्द्र सिंह ने समाजसेवी दीपक सिंह के साथ विजेता टीम को पुरस्कृत किया। इस मौके पर रामजी, धीरज सोनी, रमेश, सचिन, शैलेन्द्र सिंह, सुनील आदि मौजूद रहे।

# मनरेगा कार्य में घोर अनियमितता

## मिट्टी भराई के नाम पर सिर्फ ऊपरी लेपन का आरोप

खेसरहा बांसी सिद्धार्थनगर- जिले के खेसरहा क्षेत्र अंतर्गत के ग्राम पंचायत गेंगटा में मनरेगा के तहत कराए जा रहे मिट्टी कार्य में घोर अनियमितता का मामला सामने आया है। ग्राम पं0 कोटिया-गेंगटा मार्ग पर बने पिच मार्ग की पटरी पर मिट्टी भराई के नाम पर केवल ऊपरी लेपन के आरोप लगे है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान आशिया खातून द्वारा मानकों की अनदेखी कर स्टीमेट विरूद्ध कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क की पटरियों पर पर्याप्त मोटाई में मिट्टी नहीं डाली जा रही है। कई जगहों पर सिर्फ दिखावे के लिए मिट्टी का लेपन किया गया है, जिसके बारिश में बह जाने की आशंका है। इससे सरकारी धन की बबार्दी हो सकती है और भविष्य में ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि कार्यस्थल पर मनरेगा से संबंधित सूचना पट्ट, मस्टर रोल और कार्य की गुणवत्ता की निगरानी का बड़ा अभाव है। इससे योजना की पारदर्शिता पर गम्भीर सवाल उठ रहे हैं।



इस संबंध में ग्राम प्रधान आशिया खातून ने मिडिया को लगे आरोपों को निराधार बताया गया। उन्होंने कहा, कोटिया-गेंगटा मार्ग की पटरी पर मिट्टी का कार्य मनरेगा के नियमों के अनुसार ही कराया जा रहा है। चूंकि कार्य अभी प्रगति पर है, इसलिए केवल लेपन दिखाई दे रहा है। आगे भराई और समतलीकरण का कार्य पूरा किया जाएगा, यदि कहीं कोई कमी पाई जाती है, तो उसका सुधार किया जाएगा,₹ ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस पूरे मामले की जांच कराकर मनरेगा कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग करते हुए इसके पूर्व में भी हुए मनरेगा कार्य व लाखों हुए सरकारी धन भुगतान के निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग किया है।

# अधिवक्ता सुरक्षा एक्ट को लेकर गूंजी आवाज

## अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा को लेकर सदर तहसील परिसर में दिखी गर्मजोशी




बलरामपुर। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को विधेयक के रूप में पारित कराए जाने की मांग को लेकर आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन की प्रदेशव्यापी अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा गुरूवार को दोपहर बाद यहां पहुंची। लखनऊ से निकली अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में गोण्डा, बहराइच होते हुए यहां सदर तहसील परिसर में पहुंची। एसोसिएसन के बैनरतले अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएसन कार्यालय के सामने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। यहां अधिवक्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि संसद के आगामी बजट सत्र में केन्द्र सरकार हर हाल में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को विधेयक के रूप में पारित कराए। उन्होने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा व सम्मान को लेकर आये दिन आपत्तिजनक घटनाएं होना चिंताजनक है। उन्होने कहा कि हाल ही में बाराबंकी जिले में वहां की पुलिस द्वारा कचेहरी परिसर में अधिवक्ताओ के साथ मारपीट का नंगा नाच किया है। उन्होने कहा कि पुलिस और अपराधी कानून की आवाज उठा रहे अधिवक्ताओं पर रोज हमलावर हो रहे हैं। उन्होने कहा कि संसद के बजट सत्र में विधेयक पारित नही हुआ तो अधिवक्ता एकजुट होकर संसद भवन का घेराव करेंगे। एसोसिएसन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने उ0प्र0 सरकार से मांग उठाई कि वह प्रदेश के शिक्षकों और कर्मचारियों की भांति अधिवक्ताओं को भी पांच लाख का कैशलेस हेल्थ बीमा अविलम्ब प्रदान करे। अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर सरकार के द्वारा बरती जा रही उदासीनता को लेकर संघर्ष और मुखर होगा। कार्यक्रम का संयोजन अधिवक्ता राज विक्रम पाठक ने किया। इस मौके पर आनन्द किशोर शुक्ल, राजकुमार शुक्ल, अमरेश बहादुर वर्मा, संतोष तिवारी, हरिकांत यादव, कृष्णचंद्र गुप्ता, शिवम उपाध्याय, नानबाबू मणि तिवारी, नूरूलहुदा, अवनीश मिश्र आदि अधिवक्ता रहे।

# मकर संक्रांति पर भव्य सहभोज, साधु-संतों को बांटे कंबल

- जितनी सहजता से संभव हो, उतना दान अवश्य करना चाहिए : पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा
- साधु-संतों व गरीबों की सेवा से ही समाज मजबूत बनता है : सांसद राम शिरोमणि वर्मा
- मकर संक्रांति से जुड़े अनेक पौराणिक तथ्य हमारी आस्था को सुदृढ़ करते हैं : जितेन्द्र कुमार गुप्ता

जिला संवाददाता






इकौना श्रावस्ती। राधा- कृष्ण मैरिज लॉन, इकौना के पावन प्रांगण में मकर संक्रांति के अवसर पर सामाजिक समरसता, धार्मिक आस्था और मानवीय संवेदना से ओत-प्रोत सहभोज कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वर्तमान सांसद राम शिरोमणि वर्मा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा लगभग 400 साधु-संतों सहित बड़ी संख्या में आम नागरिकों को खिचड़ी भोज पर आमंत्रित किया गया। ठंड को देखते हुए साधु-संतों को कंबल वितरित कर सेवा, करुणा और दायित्वबोध का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया। आयोजन स्थल पर श्रद्धा, सौहार्द और उत्सवधर्मिता का वातावरण व्याप्त रहा। जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने कहा कि मकर संक्रांति के दिन दान-पुण्य का महत्व अन्य दिनों की अपेक्षा कई गुना बढ़ जाता है। इस दिन अन्नदान, तिल-गुड़ का दान तथा सामर्थ्यानुसार जरूरतमंदों की सहायता करना अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। धर्मशास्त्रों के अनुसार कोई भी धार्मिक कार्य तभी फलदायी होता है, जब उसे पूर्ण आस्था, विश्वास और निष्ठा के साथ किया जाए। जितनी सहजता से संभव हो, उतना दान अवश्य करना चाहिए। सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने कहा मकर संक्रांति भारतीय सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण पर्व है, जो सेवा, दान और लोककल्याण का संदेश देता है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और नवचेतना का संचार करते हैं। साधु-संतों व गरीबों की सेवा से ही समाज मजबूत बनता है। जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि मकर संक्रांति से जुड़े अनेक पौराणिक तथ्य हमारी आस्था को सुदृढ़ करते हैं। मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होकर सागर में समाहित हुई थीं, इसलिए गंगा स्नान और तीर्थस्थलों पर स्नान-दान का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि इस पर्व से ऋतु परिवर्तन का आरंभ होता है, दिन बड़े और रातें छोटी होने लगती हैं, जिससे सूर्य के प्रकाश के साथ प्राणियों में चेतना और कार्यशक्ति का विकास होता है। इस अवसर पर पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रमजान, समाजसेविका रेनु गुप्ता, सरिता चौधरी, माधव यादव, सत्यपाल लोहिया, अहसान चौधरी, बृजेश कुमार गुप्ता सहित नगर इकौना के अनेक गणमान्य नागरिक एवं साधु-संत उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने सामाजिक सौहार्द, सांस्कृतिक पहचान और समर्पण की भावना को प्रभावी रूप से सशक्त किया।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-Tele/Tender/19/2025-26 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के लखनऊ–सुल्तानपुर–जफराबाद खंड में आगामी निरिक्षण हेतु दूरसंचार अवसंरचना को मजबूत करने के लिए दूरसंचार का कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु.57,73,996.96/– |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु.1,15,500.00/– |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 90 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 04.02.2026 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

- ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।
- समस्त नियम एवं शर्तों निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं. 106–टेली/टेंडर/19/2025–26 दिनांक : 14.01.2026 154/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा चिल्लूपार : राजेश त्रिपाठी

## मित्र मिलन और खिचड़ी सहभोज में दिखा सामाजिक समरसता

गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला के ?गोपालपुर में स्थित एक मैरेज हाउस में चिल्लूपार विधानसभा के विधायक राजेश त्रिपाठी के द्वारा मित्र मिलन एवं खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने अपने मित्रों पर गुलाब के फूलों की वर्षा कर आत्मीयता का संदेश दिया। इसके पश्चात सभी ने सामूहिक रूप से खिचड़ी सहभोज का आनंद लिया।

इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख राम बेलास यादव ने कहा कि चिल्लूपार में हथियार की संस्कृति को छोड़कर अब डॉक्टर और शिक्षा की संस्कृति विकसित हो रही है। नफरत नहीं प्रेम से लोगों को जोड़ने का कार्य विधायक राजेश त्रिपाठी ने किया है। यह क्षेत्र अब विकास की नई राह पर आगे बढ़ रहा है।

पूर्व विधायक खड्डा जटाशंकर त्रिपाठी ने विधायक राजेश त्रिपाठी व पूर्व ब्लाक प्रमुख रामबेलास यादव को कार्यक्रम के लिए बधाई देते हुए कहा कि मित्र मंडली का यह आयोजन सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे का प्रतीक है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि इस समारोह में सभी विचारधाराओं के लोग शामिल हैं और उनके मित्र सच्चे अर्थों में मित्र हैं। मेरे मित्रों ने एक बार बांह पकड़ ली तो कभी छोड़ा नहीं। इंसान में कमियां होती है मैं अपनी कमियों को पहचान कर उन्हें दूर करने का प्रयास करता हूं। आज मैं जो भी हूं अपने मित्र मंडल की वजह से हूं। विधायक ने चिल्लूपार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि इस मिट्टी ने अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लेखक कवि और शिक्षाविद दिए हैं। विरासत का सम्मान करना और समाज के प्रति कृतज्ञ रहना हम सभी का दायित्व है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बनवारी प्रसाद संचालन विधायक प्रतिनिधि आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी ने किया। इस दौरान भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन, चेयरमैन प्रतिनिधि बड़हलगंज महेश उमर, पूर्व चेयरमैन गिरधारीलाल स्वर्णकार, वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम कसौधन, समाजसेवी मानस त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा नवनीत राय, योगेंद्र सिंह, राजीव पाण्डेय, प्रशांत शाही, सेवानिवृत्त अपर जिला कृषि अधिकारी राम अधार यादव, रतन प्रकाश दुबे, योगेंद्र नाथ सिंह, अजय राजभर, दुर्गेश मिश्रा, बृजेश वर्मा, अनिल भट्ट, सत्य प्रकाश यादव, जितेंद्र कन्नौजिया, शशिभूषण राय, अष्टभूजा सिंह, राज कपूर सिंह सैंथवार, पूर्व जि पं स विनय तिवारी, चंदन पाण्डेय, बबूना दुबे, दिनेश सिंह, सच्चिदानंद राय ग्राम प्रधान रामलोचन कशौधन, पंकज सोनकर अशोक जायसवाल, दीपक राय, सुरेंद्र यादव, सूरज पाण्डेय, प्रवीण दूबे, आलोक पाण्डेय, इमरान अंसारी, राजाराम जायसवाल, देवेश निषाद, शक्ति सिंह, व संजय सोनकर सहित अधिक संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मकर संक्रांति पर 300 जरूरतमंदों को बांटे गये कंबल



गीडा, गोरखपुर। कड़ाके की ठंड व शीतलहर को देखते हुए पिपरौली ब्लॉक के ग्राम नगवा में गुरूवार को लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर सेवा संस्थान के तत्वावधान में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जहां संस्थान ने सामाजिक सरोकारों की मिसाल पेश करते हुए मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर गरीबों, असहायों एवं जरूरतमंदों में ठंड से राहत के लिए कंबल वितरण किया गया। भाजपा युवा नेता व समाजसेवी शैलेन्द्र पाल उर्फ गुड्डू ने अपनी माता रमावती देवी एवं पिता रामजस पाल के साथ मिलकर अपने निवास स्थान पर गांव के लगभग 300 गरीब, असहाय और निर्धन लोगों को कंबल भेंट किए गए। ठंड से ठिठुरते बुजुर्गों और जरूरतमंदों के चेहरे पर कंबल पाकर संतोष की मुस्कान दिखाई दी। समाजसेवी शैलेन्द्र पाल ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। कड़ाके की इस ठंड में असहायों की मदद करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। मकर संक्रांति दान-पुण्य का पर्व है और इस दिन किसी जरूरतमंद के काम आना ही सच्ची पूजा है। संस्थान के इस प्रयास की स्थानीय ग्रामीणों ने भी प्रशंसा की है। वितरण कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर संजय कुमार शर्मा, अक्षय कुमार पाल, राजकुमार पाल, अनिल गौड, सर्वदेव चौहान, सर्वजीत भारती, निगम प्रजापति, बजरंगी राजभर, डॉ० भगवान दास समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अपनों की याद में गरीबों की सेवा सबसे महान पुनीत कार्य : शत्रुघ्न कसौधन



गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला स्थित मोहल्ला भिखीगंज में गुरूवार को मकर संक्रांति के शुभ अवसर समाजसेवी व शिक्षक कुंदन वर्मा, संदीप वर्मा एवं विशाल वर्मा द्वारा अपने बाबा स्वर्गीय बाबा तिलकराम वर्मा एवं पिता स्वर्गीय शिव कुमार वर्मा के स्मृति में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां आयोजक परिवार एवं आगंतुक अतिथियों द्वारा सैकड़ो गरीबों एवं जरूरतमंदों में कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कशौधन ने स्वर्गीय तिलकराम वर्मा व स्वर्गीय शिवप्रसाद वर्मा के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धासुमन अर्पित कर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा की अपने पूर्वजों एवं दिवंगत परिजनो की स्मृति में गरीबों, असहायों एवं जरूरतमंदों की सेवा सच्ची मानवता एवं महान पुनीत कार्य होने के साथ दिवंगत परिजनों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुष्पा देवी वर्मा एवं संचालन पूर्व सभासद इमरान अंसारी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला उपाध्यक्ष श्याम नारायण दूबे, वरिष्ठ समाजसेवी मनोज उमर, कवि बद्री वर्मा अंजान, वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम कसौधन, इंद्रबहादुर वर्मा, अशोक वर्मा, दिलीप उमर, रिंकू मिश्रा, पंकज सोनकर, डॉ संजय जायसवाल, विनोद जायसवाल, जगदीश निगम, पूर्व सभासद सुदर्शन कशौधन, रमेश तिवारी, महेंद्र सोनकर, हैदर अली, किशन वर्मा, ऋतुराज, बालेंद्र शाही, दिनेश सोनकर, अमन जायसवाल, ऋषि साहनी व राज वर्मा आदि सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## नगर पालिका ने मकर संक्राति पर कंबल बांटे



भरथना, इटावा। गरीब, असहाय, जरूरतमन्दों को हाडकपाऊ, गलनभरी सर्दी से राहत दिलाये जाने के उद्देश्य से नगर पालिका प्रशासन ने मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में एक हजार लोगों को कम्बल वितरित किये। बुधवार को स्थानीय नगर पालिका परिसर में मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में नगर पालिका प्रशासन द्वारा आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम के दौरान बतौर अतिथि पूर्व मंत्री अशोक यादव, विधायक राघवेन्द्र गौतम, पालिकाध्यक्ष अजय यादव गुल्लू, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव आदि की मौजूदगी में पालिका क्षेत्रान्तर्गत निवासरत 1000 गरीब, असहाय, जरूरतमन्दों को हाडकपाऊ, गलनभरी सर्दी से राहत दिलाये जाने के उद्देश्य से कम्बल वितरित किये गये। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू ने उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि समय-समय पर समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य अनुसार दीन-दुखियों, जरूरतमन्दों के सहयोग के लिए सदैव अग्रणी रहना चाहिये। क्योंकि इनकी सेवा-सहयोग करना ही सबसे बडा पुण्य का कार्य है। समस्त सभासदों के सहयोग से कम्बल वितरण कार्यक्रम में पहुँचे निर्धन पुरूष-महिलाओं को विधिवत कम्बल उपलब्ध कराये गये। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी सन्तोष कुमार मिश्रा, व्यापार मंडल अध्यक्ष विमल पोरवाल बंटी, प्रताप वर्मा, राजेश यादव पण्डा, सीके शुक्ला, प्रताप नरायन मिश्रा आदि गणमान्य नागरिकों के अलावा समस्त सभासदों व पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन मनाया



इटावा। पार्टी कार्यालय पर महिला स्वाभिमान की प्रतीक, सादगी की मिसाल मैनपुरी से सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पार्टी पदाधिकारियो के साथ केक काटकर के साथ मनाया, एवं उनकी लंबी उम्र होने की कामना की गई। इस अवसर पर पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, जिलाउपाध्यक्ष अनिल प्रताप यादव, जिलाउपाध्यक्ष आशीष राजपूत, जिलाउपाध्यक्ष अनवार हुसैन, जिला उपाध्यक्ष रवींद्र शुक्ला, जिला प्रवक्ता विक्की गुप्ता, जिला सचिव लाल सिंह शाक्य, किशन यादव, लंकू यादव, रामवीर सिंह यादव, सुरेश यादव, उपेंद्र यादव, अंकुर यादव, हुकुम सिंह यादव, आयुष चैधरी रेशू, अरविंद यादव, कार्यालय प्रभारी जयचंद यादव, राणा प्रताप सिंह, विवेक यादव, आसिफ मेव, संदेशवाहक कैलाशचंद्र गुप्ता, आसिफ खान, बंटी यादव आदि उपस्थित रहे।

## संक्रांति पर कन्याओं को बाँटे गर्म वस्त्र व रेवड़ी

इटावा। स्नान, ध्यान और पुण्य पर्व के अवसर पर कांशीराम कालोनी में सत्यनारायण समाज सेवा संस्थान के बैनर तले प्रधानाध्यापिका शिखा पाल और संस्था की सचिव डॉ ज्योति वर्मा ने बालिकाओं को गर्म वस्त्र एवं तिलकुटिया वितरित की। संस्थान की सचिव डॉ. ज्योति वर्मा ने कहा कि सूर्य के एक राशि से दूसरी राशि में जाने को संक्रांति कहते हैं। एक संक्रांति से दूसरी संक्रांति के बीच का समय ही सौर मास है। संक्रांति के दौरान सूर्य उत्तरायण होते है यानि पृथ्वी का उत्तरी गोलार्द्ध सूर्य की ओर मुड़ जाता है। उत्तरायण देवताओं का अयन है, एक वर्ष दो अयन के बराबर होता है और एक अयन देवता का एक दिन होता है इसी वजह से मकर संक्रांति के दिन से ही शादियों व शुभ कार्यों की शुरूआत हो जाती है। शास्त्रों के अनुसार यह अमृत काल होता है। मान्यताओ की बात करें तो उत्तरायण में मृत्यु होने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसी दिन भीष्म पितामह को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी आदि गुरु शंकराचार्य को स्वयं भगवान ने समरसता का ज्ञान दिया था। संस्था की सदस्य प्रधानाध्यापिका शिखा पाल ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के एक दूसरे के साथ मिलजुलकर संक्रांति का त्यौहार मनाएं। वहीं अध्यापक प्रदीप यादव ने कहा कि सर्दी से बचाव के साथ-साथ साफ सफाई व स्वच्छता का ध्यान भी रखें।

## भारतीय सेना की 50 चुनिंदा इकाइयों में शामिल हुई 23 ग्रेनेडियर्स



गगहा, गोरखपुर। भारतीय सेना द्वारा सैन्य कौशल और उत्कृष्ट सेवा के लिए देश भर की 50 सर्वश्रेष्ठ इकाइयों को 'यूनिट साइटेशन' (प्रशंसा पत्र) से सम्मानित किया गया है। इस प्रतिष्ठित सूची में 23 ग्रेनेडियर्स ने अपनी जगह बनाकर बटालियन का गौरव बढ़ाया है। कर्नल राजीव, कमांडिंग ऑफिसर, 23 ग्रेनेडियर्स के कुशल नेतृत्व में यूनिट ने यह मुकाम हासिल किया। इस गौरवशाली अवसर पर बटालियन की ओर से सूबेदार विनोद कुमार सिंह (सूबेदार मेजर ड्यूटी) को इस विशिष्ट सम्मान के लिए चुना गया। सूबेदार विनोद सिंह गगहा थाना क्षेत्र के गंभीरपुर गांव के मूल निवासी हैं। सूबेदार विनोद सिंह को पूरी भारतीय सेना में से चुनी गई इन इकाइयों के सम्मान समारोह में शामिल होने और पुरस्कार प्राप्त करने का दुर्लभ अवसर प्राप्त हुआ। यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत कर्तव्यनिष्ठा को दर्शाता है, बल्कि 23 ग्रेनेडियर्स के अनुशासन और बलिदान का भी प्रतीक है। सूबेदार विनोद सिंह की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में गर्व का माहौल है।

## ब्रह्मपुर में स्थापित होगी विश्व की पहली महाराज यदु की प्रतिमा

### -बनेगा पहला श्री यदुधाम पीठ कैलेंडर जारी

चौरीचौरा, गोरखपुर। गोरखपुर जनपद से आज एक ऐसी सांस्कृतिक क्रांति का शंखनाद हुआ है, जो विश्व के करोड़ों यदुवंशियों के गौरव को पुनर्जीवित करने जा रही है। स्थानीय प्रेस क्लब में आयोजित एक भव्य प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए ओबीसी पार्टी (वन भारत सिटीजन पार्टी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं श्रीकृष्ण धर्म ट्रस्ट के प्रमुख काली शंकर यदुवंशी ने ऐतिहासिक घोषणा करते हुए बताया कि चौरी-चौरा के ब्रह्मपुर में ॠश्री यदु धाम पीठॠ नाम से भारतवर्ष में यदुवंश का पहला प्रेरणा एवं शक्ति केंद्र स्थापित किया जा रहा है। जहाँ महाराज यदु की विश्व की पहली प्रतिमा स्थापित की जाएगी। साथ ही श्री राधाॠकृष्ण तथा सहस्त्रबाहु अर्जुन (कार्तवीर्य अर्जुन) की भव्य एवं दिव्य प्रतिमाओं की स्थापना भी प्रस्तावित है। जो यदु वंश की वीरता और धर्मरक्षण की परंपरा का प्रतीक मानी जाती है। इस अवसर पर श्री यदुधाम पीठ का कैलेंडर भी जारी किया गया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया गया कि यह पीठ केवल यादव समाज ही नहीं, बल्कि जायसवाल (हैहयवंशी) समाज की साझा वैदिक-ऐतिहासिक विरासत का संगम होगा। यहाँ महाराज यदु के साथ-साथ श्री राधा-कृष्ण एवं



वीरता, शौर्य और राज्य-कौशल के प्रतीक सहस्त्रबाहु अर्जुन (कार्तवीर्य अर्जुन) की भी भव्य प्रतिमाएँ स्थापित की जाएँगी। यह स्थल यदुवंशी, हैहयवंशी और संबंधित वंशों के लिए अध्ययन, साधना, प्रेरणा और संगठन का एक जीवंत केंद्र बनेगा। काली शंकर यदुवंशी ने अपने संबोधन में उन राजनीतिक दलों और नेताओं पर भी तीखा प्रहार किया जिन्होंने दशकों तक यादवों और पिछड़े वर्गों के नाम पर सत्ता का सुख भोगा, लेकिन समाज के आदि पूर्वजों को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब समाज केवल किसी का ₹वोट बैंकर₹ बनकर नहीं रहेगा, बल्कि अपना वैचारिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक नेतृत्व स्वयं तय करने वाला स्वाभिमानी समाज बनकर उभरेगाकालीशंकर यदुवंशी ने कहा कि उपेक्षा और अन्याय को समाप्त करने के लिए ब्रह्मपुर में विश्व की पहली 11 फीट ऊंची स्वर्णमयी महाराज यदु की प्रतिमा स्थापित की जा रही है।

उन्होंने कहा कि आगामी चरण में श्री कृष्ण धर्म ट्रस्ट द्वारा भूमि पूजन, शिलान्यास, निर्माण योजना, आमजन सहयोग अभियान तथा देश-विदेश के प्रमुख यदुवंशी संगठनों के साथ समन्वय की विस्तृत रूपरेखा भी सार्वजनिक की जाएगा।

## ट्रक डंपर की टक्कर, चालक केबिन में फंसा

जसवंतनगर, इटावा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलाजनी के समीप स्थित एक होटल के पास बुधवार को ट्रक और मिट्टी लदे डंपर की टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक संख्या आरजे14 जीक्यू 6499 का चालक केबिन में फंस गया। सूचना पर थाना क्रिटिकल केयर टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। ट्रक चालक विजय पुत्र शिवराज सिंह, निवासी पिरौली थाना वैदपुरा, टक्कर के बाद केबिन में फंस गया था। कांस्टेबल तरुण कुमार ने तत्परता दिखाते हुए चालक को केबिन से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। हादसे के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने ट्रक को सड़क किनारे कराकर यातायात सुचारू कराया। समय रहते राहत मिलने से बड़ा हादसा टल गया।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने बड़े पुत्र अमन कनौजिया के गलत चालो-चलन व समाज विरोधी कृत्यों के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में इनके द्वारा किसी भी लेन-देन, कृत्यों की जिम्मेदारी स्वयं की होगी मेरे व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।
**राकेश पुत्र श्री मुरली (पिता) एवं श्रीमती माया देवी पत्नी राकेश (माता) निवासी रहीम नगर डुडौली सीतापुर रोड लखनऊ।**


## थाने में छात्र -पुलिस शिक्षण कार्यक्रम आयोजित




बकेवर, इटावा। जनता कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं द्वारा छात्र पुलिस अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण सत्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन थाना बकेवर प्रभारी विपिन कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज यादव छात्र पुलिस अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण सत्र की शुरूआत की गई। डॉ. मनोज यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित माई भारत पोर्टल के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के पाँच थानों बकेवर, सदर कोतवाली, वेदपुरा, जसवंतनगर एवं सैफई में प्रत्येक थाने पर 10-10 छात्र छात्राओं को शामिल कर छात्र पुलिस अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली, नागरिक कर्तव्यों, कानून व्यवस्था तथा सामाजिक जिम्मेदारियों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है। थाना बकेवर में आज के प्रशिक्षण सत्र के अंतर्गत परिचयात्मक एवं नागरिक जागरूकता संबंधी प्रशिक्षण विनीत पांडेय द्वारा दिया गया, जिसमें छात्रों को सामुदायिक सहभागिता, अनुशासन एवं सामाजिक समरसता के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं शिक्षकों ने इस पहल को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

## बाल विवाह पर जागरूकता का आयोजन

सैफई, इटावा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत थाना सैफई परिसर में एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को बाल विवाह की कानूनी परिभाषा, उससे होने वाले दुष्परिणामों और इसे रोकने के लिए उपलब्ध सहायता व शिकायत तंत्र की जानकारी देना रहा।




कार्यक्रम में एएचटी प्रभारी प्रेमचंद्र ने बताया गया कि ऐसा कोई भी विवाह जिसमें लड़की की आयु 18 वर्ष से कम अथवा लड़के की आयु 21 वर्ष से कम हो, उसे कानूनन बाल विवाह माना जाता है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बाल विवाह न केवल सामाजिक बुराई है बल्कि यह दंडनीय अपराध भी है। इससे बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम में यह भी बताया कि यदि कहीं भी बाल विवाह की आशंका या जानकारी मिले तो इसकी शिकायत चाइल्ड हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन, पुलिस आपातकालीन सेवा, बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, बाल कल्याण समिति, जिला मजिस्ट्रेट व न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे बाल विवाह रोकने में प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की जानकारी गोपनीय रूप से साझा करें, ताकि समय रहते बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया जा सके। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह राठी, अवधेश कुमार, उपनिरीक्षक हेमंत, उपनिरीक्षक राजकुमार, उप निरीक्षक संजय कुमार दुबे, विनोद शुक्ला, प्रीती, अर्पित चाइल्ड लाइन आदि मौजूद रहे।

## भारत विकास करेगा निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह

जसवंतनगर, इटावा। नगर की प्रमुख समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद संस्कार निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर संस्था की एक आवश्यक बैठक राधा गोविंद कान्वेंट स्कूल में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि विवाह समारोह भव्य रूप से संपन्न कराया जाएगा। बैठक की जानकारी देते हुए संस्था अध्यक्ष हरिमोहन राजपूत एवं श्याम मोहन गुप्ता ने बताया कि सामूहिक विवाह के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 05/2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है:– **क्रम सं.-1,** कार्य का विवरणः इज्जतनगर डिवीजन के रामपुर–लालकुआं अनुभाग में फ्लैश बट वेल्डिंग का उपयोग करते हुए टी.आर.आर. (पी.)–57.6 ट्रैक किमी. एवं टी.टी.आर. (टी.डब्ल्यू.एस.)–19 सेट का कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में ₹ 9,97,70,200.85, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 6,48,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। **क्रम सं.-2,** कार्य का विवरणः बरेली सिटी स्टेशन पर 12 क्रू रूम के साथ रनिंग रूम का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 1,94,42,365.84, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 2,47,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह।
**(1)** ई-निविदा दिनांक 06-02-2026 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।
**(2)** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट ***www. ireps.gov.in*** पर देखें।
मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), इज्जतनगर
मुजाधि / डब्लू-415
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



**न्यायालय सूचना**

न्यायालय तहसीलदार स्थान मलिहाबाद जिला लखनऊ
वाद सं. टी.202410460105430
तारीख पेशी - 19.01.2026

चंदराज पुत्र भजन लाल निवासी 57 ग्राम रनीपारा परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ

**बनाम**

1. अजयराज
2. संजीत शुक्ला नि.- ग्राम माल पर. व तह. मलिहाबाद जनपद लखनऊ।
3. राजकुमार नि. ग्राम माल पर. व तह. मलिहाबाद जनपद लखनऊ।

चूंकि उपरोक्त नामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 19.01.2026 के दिवस को 11.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपर्स जाता हूँ और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन का एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 06.01.2026 दिवस को दिखाई गयी।

**तहसीलदार, मलिहाबाद लखनऊ।**


## आईजीआरएस, हेल्पलाइन में फीडबैक को सुधारें: डीएम

इटावा। दर्पण पोर्टल विकास कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूति की गई। उन्होंने आईजीआरएस के अंतर्गत समाधान प्राप्त फीडबैक के विवरण पर विस्तृत चर्चा की एवं फीडबैक की स्थिति को खराब बताते हुए उपस्थित सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि आईजीआरएस और हेल्पलाइन में फीडबैक की स्थिति को सुधारा जाए। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा के दौरान व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रगति एवं ओडीएफ प्लस ग्रामों की प्रगति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई, जिसपर लक्ष्य के सापेक्ष कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। शौचालय के रेट्रोफिटिंग के अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा टूटे हुए शौचालयों की मरम्मत कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। सभी एडीओ पंचायत को वर्मी कम्पोस्ट की प्रगति को बढ़ाए जाने हेतु एवं किसान, गौशाला के केयर टेकर व




अन्य लोगों को वर्मी कम्पोस्ट का प्रशिक्षण दिए जाने हेतु निर्देश दिए। तालाब की साफ-सफाई कराने हेतु एवं फिल्टर चेंबर पर ड्यूटी लगाने हेतु निर्देश दिए जिससे फिल्टर चेंबर पर कचरा इकट्ठा न हो एवं साफ-सफाई होती रहे। तरल अपशिष्ट में प्रबन्धन पर ध्यान देने हेतु निर्देश दिए। अन्त्येष्टि स्थलों के निर्माण कार्य एवं डिजिटल लाइब्रेबी के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देश दिए। फैमिली आईडी प्रोजेक्ट के अंतर्गत कैंप लगाए जाने एवं ज्यादा से ज्यादा फैमिली आईडी बनवाने हेतु निर्देश दिए। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन ब्लॉक वाइस रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए एवं अधिक से अधिक फैमिली आईडी बनवाई जाएं। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चंद्र, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, समाज कल्याण अधिकारी संध्यारानी बघेल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कुबेरशाह पट्टी, वि.ख. प्रतापपुर कमैचा जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा०पं०/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-15.01.2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- कुबेरशाह पट्टी, विकासखंड-प्रतापपुर कमैचा, जनपद-सुलतानपुर मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/भठ्ठा मालिक दिनांक 16.01.2026 से दिनांक 23.01.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत-कुबेरशाह पट्टी पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 23.01.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | पिच रोड से हरिजन बस्ती तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य। माप- 145 x 3 मीटर। | 9,31,988 रुपए। | ईंट, गिट्टी, मोरंग, सीमेंट व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- कुबेरशाह पट्टी, वि.ख.- प्रतापपुर कमैचा
जनपद-सुलतानपुर।



**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51265005 | Spherolastic Silent Block for AAR-H Type Tight Lock Coupler Head Conforming To RDSO Specification No. RDSO/2011/CG-03 Rev-03, Amendment Slip No 1. of July 2024. Make of Silent Blocks Should be in Compliance To RDSO Letter No. MC/BLB/CBC, Dt. 31.08.2024. Item to be Procured from RDSO Approved sources against UVAM Item ID: 3100211. | 288 Nos | 11.02.2026 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं.: 51265005 दिनांक: 15.01.2026 153/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली, किया गया प्रोत्साहित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सड़क दुर्घटनाओं में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए सरकार द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली कुनैठिया कोल्ड स्टोर से हनुमान मंदिर तक करीब एक किलोमीटर पैदल निकाली गई, जिसके माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। रैली के दौरान सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को जल जीवन मिशन परियोजना की ओर से चॉकलेट देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोगों से सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने की अपील की। जल जीवन मिशन के अधिकारी अखिलेश ने बताया कि वर्तमान समय में सड़क सुरक्षा एक गंभीर विषय बन गया है। बीते कुछ वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में बढ़ोतरी हुई है, जिसको लेकर सरकार ने सक्रिय रुख अपनाया है। रैली के दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम किया जा सके

## मतदाता पंजीकरण व संशोधन को लेकर एसडीएम ने जारी की दस्तावेजों की सूची

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। आगामी मतदाता पंजीकरण एवं संशोधन अभियान को लेकर एसडीएम ने आवश्यक दस्तावेजों की सांकेतिक सूची जारी की है। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि मतदाताओं को अपने, पिता एवं माता के लिए स्व-सत्यापित अभिलेख अलग-अलग जमा करने होंगे। जारी सूची के अनुसार केंद्र अथवा राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के नियमित कर्मचारी/पेंशनभोगी को जारी पहचान पत्र अथवा पेंशन भुगतान आदेश, 1 जुलाई 1987 से पूर्व जारी कोई भी पहचान पत्र/प्रमाणपत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन अथवा अन्य शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, ओबीसी/एससी/एसटी या अन्य जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (जहां लागू हो), राज्य या स्थानीय निकाय द्वारा तैयार परिवार रजिस्टर तथा सरकार द्वारा जारी भूमि या मकान आवंटन प्रमाण पत्र मान्य होंगे। एसडीएम ने बताया कि आधार कार्ड के संबंध में निर्वाचन आयोग के निदेशों का पालन किया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी है, उन्हें 16 जनवरी से बीएलओ के माध्यम से नोटिस भेजे जाएंगे। वहीं 23 जनवरी से निर्धारित केंद्रों पर मतदाता अपने दस्तावेजों के साथ फॉर्म-6 भरकर जमा कर सकेंगे। एसडीएम ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे समय पर आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत कर पंजीकरण एवं संशोधन प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया अनिवार्य है, इसलिए किसी भी प्रकार की देरी से बचने के लिए मतदाता सतर्क रहें।

# नौकरी का झांसा दे युवाओं को साइबर अपराध में धकेला, आरोपी गिरफ्तार

जिला संवाददाता

**नोएडा।** विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवाओं को साइबर अपराध के जाल में फंसाने वाले गिरोह से जुड़े एक आरोपी को साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस उपायुक्त (साइबर अपराध) शैव्या गोयल ने बताया कि आरोपी शुभम पुंडीर सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को विदेश में आकर्षक नौकरी का लालच देता था और उन्हें थाईलैंड भेजकर बाद में म्यांमा में साइबर अपराधियों के हवाले कर देता था। आरोपी अब तक देश के विभिन्न राज्यों के कम से कम छह युवाओं को अपने जाल में फंसा चुका है।

गोयल ने कहा कि यह मामला केवल ठगी तक सीमित नहीं है, बल्कि मानव तस्करी, साइबर धोखाधड़ी और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से जुड़ा हुआ है। पुलिस मामले की तह तक जाने के लिए जांच कर रही है।

अपर पुलिस उपायुक्त ने बताया कि नोएडा सेक्टर-73 निवासी एक युवक ने 12 जनवरी को साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित के अनुसार, उसकी जान-पहचान इंस्टाग्राम के जरिए शुभम पुंडीर से हुई थी, जिसने खुद को विदेश में नौकरी दिलाने वाला एजेंट बताया। आरोपी ने थाईलैंड में डेटा एंट्री की नौकरी का झांसा देकर उससे 80 हजार रुपये लिए और हवाई टिकट की व्यवस्था कर उसे थाईलैंड भेज दिया।

उन्होंने दर्ज कराई गई शिकायत के हवाले से बताया कि पीड़ित के थाईलैंड पहुंचने के बाद कुछ लोगों ने उसे अपने कब्जे में ले लिया और म्यांमा ले जाकर साइबर अपराध में धकेल दिया। शिकायत के अनुसार वहां उस पर शारीरिक और मानसिक दबाव बनाकर साइबर ठगी के काम में लगाया गया। धोखाधड़ी के शिकार युवाओं को फेसबुक, इंस्टाग्राम और टिंडर जैसे सोशल मीडिया मंच के जरिए विदेशी नागरिकों से दोस्ती, निवेश के लिए राजी करने जैसे कामों में लगाया जाता था। काम से इनकार करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। अपर पुलिस उपायुक्त ने बताया कि केन्द्र सरकार नवंबर में म्यांमा में फंसे 360 भारतीयों को वहां की सरकार के सहयोग से मुक्त कराकर स्वदेश लाई थी। पीड़ित युवक भी उन्हीं में शामिल था।

उसकी लिखित शिकायत के आधार पर शुभम पुंडीर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई और गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। पुलिस ने आरोपी को शामली जिले से गिरफ्तार कर लिया।

## महिला से दुष्कर्म और वीडियो वॉयरल करने का आरोपी गिरफ्तार

बलिया। जिले के बैरिया क्षेत्र में पुलिस ने एक महिला को झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर उससे दुष्कर्म करने और उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने के आरोप में उसके देवर को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के दोकटी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 29 वर्षीय महिला बैरिया थाना क्षेत्र के एक कस्बे में किराये के मकान में रहती है। महिला के रिश्ते के देवर मनोज यादव (40) ने पिछले साल फरवरी माह में उसके किराये के मकान में आकर फांसी का फंदा लगाकर महिला के परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी और उसका भयादोहन कर उससे कई बार दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि मनोज ने इसका वीडियो भी बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर तीन जनवरी को मनोज यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी मनोज यादव को बैरिया थाना क्षेत्र के इब्राहिमाबाद गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## क्रेन से टकरायी बस, 24 यात्री घायल

देवरिया। जिले के गौरीबाजार थाना क्षेत्र के देवगांव के समीप बृहस्पतिवार को क्रेन से एक बस के टकराने से 24 यात्री घायल हो गये। गौरीबाजार पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरीबाजार में इलाज कराकर घर भिजवाया। पुलिस के अनुसार, गोरखपुर डिपो की अनुबंधित बस गोरखपुर से रुद्रपुर के लिए यात्रियों को लेकर आ रही थी। गौरी बाजार चौराहे पर बैरिकेडिंग होने के चलते बस देवगांव मोड़ के समीप मोड़ से रुद्रपुर जाने के लिए मुड़ रही थी। मोड़ते समय वहां पर खड़ी एक क्रेन से बस टकरा गई और अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गई। उसमें सवार लोगों को पुलिस ने बाहर निकलवाया। इस हादसे में बस में सवार करीब 24 यात्री घायल हो गए। किसी के मरने की सूचना नहीं है। इस संबंध में गौरी बाजार के थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरीबाजार भेजा तथा इलाज कराकर सभी को घर भेजा गया।

## भीषण ठंड में जरूरतमंदों को घर-घर बांटे कंबल



पिपरिया धनी खीरी। भीषण सर्दी और शीतलहर के बीच ग्राम पंचायत देवरिया में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से बी-पैक्स अमीरनगर के उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी जसविंदर सिंह काके ने सराहनीय पहल की। उन्होंने गांव के करीब 30 जरूरतमंद परिवारों के घर-घर पहुंचकर कंबल वितरित किए। कंबल वितरण से ठंड से जूझ रहे गरीब, असहाय और कमजोर वर्ग के लोगों को बड़ी राहत मिली। इस दौरान बुजुर्ग महिलाएं, वृद्धजन, छोटे बच्चे और अन्य जरूरतमंद लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने इस सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे मौजूदा समय की आवश्यकता बताया। जसविंदर सिंह काके ने कहा कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोग भी हमारे परिवार का हिस्सा हैं। भीषण सर्दी में उनकी मदद करना सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि जब तक ठंड का प्रकोप बना रहेगा, ऐसे जनसेवा के कार्य आगे भी जारी रहेंगे। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस तरह की पहल से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ती है।

## मेडिकल कैंप का आयोजन

पलियाकलां खीरी। निःशुल्क मैडिकल कैम्प स्थानीय शारदा नदी के तट पर मकर संक्रांति के अवसर पर किया गया। श्रीकुल सेवा संस्थान के संयोजन में मकर संक्रांति पर बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड पलिया और प्राइवेट मेडिकल प्रैक्टिशनर वेलफेयर एसोसिएशन पलिया, के द्वारा एक संयुक्त चिकित्सा कैंप का आयोजन शारदा तट पर श्रीकुल सेवा संस्थान (श्रीकुल परिवार) के कल्पवास स्थल कैम्पस में चिकित्सक डॉ. अजय कुमार अवस्थी (बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ. मयंक गुप्ता चिकित्साधिकारी चीनी मिल पलिया, डॉ. रवीन्द्र पाल सिंह बाठ आदि डॉक्टरों द्वारा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

## मनरेगा बचाओ पर हुई चौपाल




लखीमपुर खीरी। गुरुवार को न्याय पंचायत ज्ञानपुर महेवागंज विधानसभा श्रीनगर में मनरेगा बचाओ कार्यक्रम एवं चौपाल सभा का आयोजन को ऑर्डिनेटर एवं जिला महासचिव राम पाल शाक्य के नेतृत्व में किया गया। रामपाल शाक्य ने मनरेगा बचाव संवाद को विस्तार पूर्वक ग्रामीण को बताया। साथ में वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी डा. रईस अहमद उस्मानी, जावेद अहमद ', राजेंद्र प्रसाद गुप्ता सहित आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। हाजी शराफत अली अध्यक्ष न्याय पंचायत ज्ञानपुर, गुलफाम अहमद अंसारी, 'मोहम्मद इजहार, रमाकांत वर्मा, तैयब खान, लियाकत अली, मोहम्मद शकील, कलामुद्दीन मुमताज सहित आदि मौजूद रहे।

## बच्ची का शव कुएं से बरामद, रिपोर्ट के बाद रात भर तलाश में जुटी रही पुलिस



धौरहरा खीरी। थाना ईसानगर क्षेत्र के बिरसिंहपुर गांव से एक आठ वर्षीय बच्ची घर के बाहर खेलने समय बुधवार दोपहर से लापता हो गई थी, रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने तलाश सुरू की तो घर के पास वाले कुंए से उसका शव बरामद हुआ। बीरसिंहपुर थाना ईसानगर निवासी गिरजेश कुमार गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि बुधवार सुबह करीब 11 बजे उनकी 8 वर्षीय आयुषी गुप्ता घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान वह अचानक कही लापता हो गई। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारी में तलाश की, लेकिन बच्ची का कोई सुराग नहीं लग सका। सीओ शमशेर बहादुर सिंह के नेतृत्व में थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी सहित पुलिस ने बुधवार शांम से तलाश सुरू की तब सुबह बच्ची का शव उसके घर के पास वाले कुंए से बरामद हुआ। जिसे पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ शमशेर बहादुर सिंह ने बताया बच्ची खेलते समय कुंए में गिर गई थी, उसके शरीर पर कोई जाहिरा चोट नहीं है पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## चीनी मिल में गन्ना प्रजातीय प्रशिक्षण

### 75 कर्मियों को मिली तकनीकी जानकारी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला के सभागार में गन्ना उत्पादन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से गन्ना प्रजातीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डॉ. अवधेश कुमार डागर ने मिल व गन्ना समिति के 75 गन्ना विकास कार्यकताओं एवं प्रबंधकों को प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप गन्ना आयुक्त डॉ. आरडी द्विवेदी, जिला गन्ना अधिकारी लखीमपुर वेद प्रकाश सिंह, जिला गन्ना अधिकारी सीतापुर रत्नेश त्रिपाठी, यूनिट हेड राकेश यादव, वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पीएस चतुर्वेदी एवं सहायक महाप्रबंधक कारपोरेट असद शेख उपस्थित रहे।

डॉ. डागर ने गन्ने की उन्नत प्रजातियों, उनकी उत्पादकता, रोग प्रतिरोधक क्षमता एवं वैज्ञानिक विधि से खेती पर विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इसी क्रम में 18 जनवरी को किसानों के खेत पर जाकर प्रत्यक्ष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि किसान नई तकनीकों को व्यवहार में ला सकें।

इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोला आशुतोष मधुकर, खंभारखेड़ा सुनील चैधरी, सचिव गोला बलवंत चैधरी, सहायक महाप्रबंधक गन्ना ओडी शर्मा, प्रबंधक गन्ना सत्येंद्र कुमार मिश्र सहित गन्ना विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने संगीन अपराधों में वाछितों को भेजा जेल




मोहम्मदी खीरी। कोतवाली पुलिस ने सीओ अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अभियान चलाकर संगीन अपराधों में वांक्षित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। निरीक्षक उमेश चौरसिया के अनुसार एस आई मेराज, आरक्षी कुलदीप, जगमोहन, अवनीश समेत टीम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर प्रतिबंधित पशुओं का वध करने में संलिप्तता के बाद गैंगस्टर के तहत दर्ज अभियोग में वांछित बेहटी अफगान निवासी, शराफत, समसुद्दीन उर्फ सोनू, और निजाम और गैंग रैप कि आरोपी दुबहा निवासी राजेश पासी और पसगवां थाना क्षेत्र के गांव नरदी निवासी अंकुल कुमार उर्फ छोटू पासी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## खिचड़ी भोज में सामाजिक समरसता और राष्ट्रबोध पर जोर




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के फूल बाबा आश्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में विराट हिंदू सम्मेलन एवं खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज, संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर विचार रखे गए। सम्मेलन में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रही। सम्मेलन के मुख्य वक्ता जिला बौद्धिक प्रमुख राम नरेश ने कहा कि हिंदू धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की समग्र शैली है। उन्होंने हिंदू समाज की एकजुटता को मानव कल्याण और विश्व शांति के लिए आवश्यक बताते हुए कुटुंब प्रबोधन, मातृशक्ति की भूमिका, स्वदेशी, मातृभाषा, पारिवारिक संवाद और सांस्कृतिक संस्कारों पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कथा वाचक अंजनी शरण ने कहा कि संघ ने विभिन्न परिस्थितियों में समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण का कार्य निरंतर किया है। उन्होंने पंच परिवर्तन के आधार पर भविष्य के भारत के निर्माण के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम संयोजक आनंद त्रिवेदी एवं सह संयोजक राम सागर वर्मा ने आयोजन की रूपरेखा बताते हुए उपस्थित जनसमूह का आभार जताया। सम्मेलन के उपरांत खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

## चंबल घाटी में सड़कों पर विचरण कर रहे तेंदुए

चकरनगर, इटावा। चंबल घाटी में इन दिनों तेंदुओं का खासा खौफ है। तेंदुए कभी राहगीरों को सड़क पर घेर लेते है, तो कभी पशुपालकों को जंगल से लेकर रास्तों में और किसानों को खेतों पर फसल रखाने के दौरान आए दिन घेर रहे हैं।



जिससे चंबलघाटी की जनता में खासा खौफ है। क्षेत्र की जनता ने मुख्यमंत्री से वन विभाग व सैंक्चुअरी से तेंदुओं की निगरानी कराने की मांग की है, जिससे अनहोनी को बचाया जा सके। तहसील चकरनगर के गांव सिंडौस निवासी राहुल सिंह राजावत ने सोशल मीडिया पर वन विभाग व चंबल सैंक्चुअरी सीमा के बीच बने क्वारी नदी के पुल पर कार के सामने एक तेंतुए के दौड़कर वन विभाग क्षेत्र में घुसने का वीडियो वायरल करते हुए लोगों को सचेत रहने की अपील की। यही नहीं पिछले एक माह से सदूपुरा गांव निवासी गोविंद सिंह, अरविंद कुमार, मुनेश, प्रेम सिंह, नाथूराम, हरनाम सिंह आदि को फसल रखाने के दौरान तेंदुआ आए दिन न सिर्फ घेरता है, बल्कि रात्रि भर दहाड़ता है। जिससे किसान बुरी तरह भयभीत है। तेंदुओं की कहानी यहीं नहीं रुकती, बल्कि आए दिन किसानों की मवेशी खेत से लेकर घरों में घुसकर खाने के मामले प्रकाश में आते ही रहते है। यही नहीं एक माह पूर्व भरेह मार्ग पर उड़ी बाबा के स्थान पर तेंदुए के हमले से मां सहित दो बेटा घायल हुए थे। इसके अलावा चकरनगर एसडीएम ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया को भी उदी मार्ग पर जाने के दौरान तेंदुआ मिला था, जिसने कई बार सड़क को पार कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। कोटेश त्यागी, चंबल सैंक्चुअरी रेंजर चकरनगर ने बताया कि तेंदुए अपने क्षेत्र में तो रहेंगे ही, इसके बाद भी स्टाफ को भेजकर निगरानी बढ़ाई जायेगी।

## ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़ने की डील सीओ से शिकायत पर फेल

चकरनगर, इटावा। एमपी से मोरंग खनन कर सहसों थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में मोरंग सप्लाई का कारोबार सहसों पुलिस के सहयोग से खूब फलफूल रहा है। यहां वगैर एंट्री वाले ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़ कर पुलिस एक महीने का हिसाब बराबर करती है। ऐसी ही एक डील सीओ से शिकायत के बाद शनिवार को फेल हो गई। जिसमें मोरंग भरी ट्रैक्टर ट्राली पर कार्रवाई के साथ सिपाही के खिलाफ भी जांच शुरू हुई है। सहसों थाना पुलिस ने बुधवार शाम लगभग साढ़े सात बजे थाना क्षेत्र के चैरेला मधुपुरा मार्ग के गांव गढ़ीमंगद के पास मोरंग भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को सहसों थाना के एक सिपाही ने पकड़ लिया, यहां से सिपाही स्वयं ट्रैक्टर चलाकर थाने ला रहा था। इसी दौरान खनन माफिया के दलाल सिपाही के संपर्क में आ गए व हनुमंतपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास लखना-सिंडौस सड़क मार्ग किनारे मोरंग भरी ट्रैक्टर ट्राली खड़ी कर ली। यहीं ट्रैक्टर ट्राली छोड़ने के लिए रुपये के लेनदेन की बात शुरू हो गई। उक्त पूरे घटनाक्रम का किसी राहगीर ने वीडियो बना कर सीओ अवनीश कुमार सिंह को भेज दिया। शिकायत मिलते ही एक्सन में आए सीओ ने तत्काल थाने के दारोगा को मौके पर भेज कर ट्रैक्टर-ट्राली को थाने में खड़ा कराया व खनन विभाग को आगे की कार्रवाई के लिए सूचना दी। बताते चलें कि खनन माफिया सहसों पुलिस की मिलीभगत से रात्रि के समय ओवरलोड मौरंग से भरे ट्रक व ट्रैक्टर ट्रॉलियों को वाट्सअप मैसेज के माध्यम से थाना की सीमा में प्रवेश करा रहे है एवं उन्हें मधुपुरा, पांडरी बाबा व सोनेपुरा बॉर्डर के रास्ते से थाना क्षेत्र के गांवों में अवैध परिवहन लगातार जारी है, लेकिन यहां जिम्मेदार अधिकारी आंखें बंद करके बैठे हैं। इस बात की पुष्टि उक्त मौरंग से भरी ट्रैक्टर ट्राली पकड़े जाने से सहसों थाना क्षेत्र में अवैध मौरंग खनन परिवहन होने के दावे को सिद्ध कर रही है। उक्त मामले में सीओ अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि मोरंग से भरे ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है, सिपाही की संलिप्तता सामने आई है, जिसकी मैं जांच करता हूं एवं दोषी पाए जाने पर संबंधित सिपाही के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## पब्लिक इंटर कॉलेज में मतभेद का असर पढ़ाई और परीक्षा व्यवस्था प्रभावित

**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** वीओएल। पब्लिक इंटर कॉलेज से माध्यमिक शिक्षा परिषद का बोर्ड परीक्षा केंद्र हटाए जाने के मामले में प्रबंधन और प्रधानाचार्य के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। कॉलेज प्रबंधन ने परीक्षा केंद्र निरस्तीकरण के लिए प्रधानाचार्य को जिम्मेदार ठहराते हुए इसे लापरवाही का परिणाम बताया है।

विद्यालय के प्रबंधक विजय कुमार माहेश्वरी ने कहा कि पूर्व में इसी विद्यालय को जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा और समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी चयन परीक्षा का केंद्र बनाया गया था। इसके बावजूद बोर्ड परीक्षा केंद्र न बनना गंभीर सवाल खड़े करता है। उनका आरोप है कि प्रधानाचार्य विद्यालय हित में कार्य नहीं कर रहे और लगातार अनुशासनहीनता बरत रहे हैं। प्रबंधक के अनुसार प्रबंध समिति की बैठकों की सूचना मिलने के बावजूद प्रधानाचार्य उपस्थित नहीं होते। साथ ही शासकीय नियमों के अनुसार विद्यालय से आठ किलोमीटर की परिधि में निवास न कर बाहर रहकर प्रतिदिन आवागमन किया जा रहा है। प्रबंधक ने बताया कि वर्तमान प्रधानाचार्य के कार्यकाल में छात्र संख्या में लगातार गिरावट आई है। वर्ष 2019 में छात्र संख्या लगभग 1200 थी, जो बढ़कर 1900 तक पहुंची, लेकिन 2022 में कार्यभार ग्रहण के बाद यह घटकर करीब 1180 रह गई। प्रबंधन ने इसे भी शैक्षणिक लापरवाही का परिणाम बताया। प्रबंधक का कहना है कि अनावश्यक पत्राचार में उलझे रहने के कारण बोर्ड परीक्षा केंद्र विद्यालय से हट गया। 19 दिसंबर को परीक्षा केंद्र न बनने की सूचना के बाद प्रबंधन ने बहाली के लिए सहयोग का आश्वासन दिया था, लेकिन आवश्यक पत्राचार नहीं किया गया। प्रबंधक ने स्पष्ट किया कि कनिष्ठ प्रभाग का भवन जर्जर होने के कारण सुरक्षा के मद्देनजर कक्षाएं मुख्य भवन में संचालित की जा रही हैं। आय के स्रोत बढ़ाने के लिए कनिष्ठ प्रभाग को किराये पर दिया गया, साथ ही बाउंड्रीवाल और गेट का निर्माण कराया गया। मुख्य भवन की बाउंड्री, नया गेट, सौंदर्यीकरण, प्रयोगशालाओं और फर्नीचर की मरम्मत भी कराई गई है। उन्होंने बताया कि विद्यालय की संपत्ति से जुड़े कई मुकदमे विभिन्न न्यायालयों में चले हैं और चल रहे हैं, जिन पर विद्यालय की आय का बड़ा हिस्सा खर्च हुआ है। प्रबंधक ने कहा कि प्रबंधन और प्रधानाचार्य के बीच चल रहे मतभेदों का सीधा असर विद्यालय की पढ़ाई और परीक्षा व्यवस्था पर पड़ रहा है।

## छोटी काशी में दो दिवसीय पतंग महोत्सव 21 से



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। चाइनीज मांझे के दुष्प्रभावों के खिलाफ जनजागरूकता के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद गोला और गोला टूरिज्म संगठन के संयुक्त तत्वावधान में ह्लछोटी काशी पतंग महोत्सव 2.0ह्व का आयोजन 21 और 22 जनवरी को स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में किया जाएगा। नगर पालिका परिषद में पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। प्रतियोगिता में जूनियर (16 वर्ष तक) और सीनियर (16 वर्ष से अधिक) दो वर्ग होंगे। पंजीकरण 16 से 19 जनवरी की सायं 5 बजे तक नगर पालिका कार्यालय में किया जाएगा। सीनियर वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार क्रमशः 5100, 2100 और 1100 रुपये तथा जूनियर वर्ग में 2100, 1500 और 1100 रुपये की पुरस्कार राशि तय की गई है। प्रतियोगिता में केवल देशी मांझे का प्रयोग अनिवार्य रहेगा।

चाइनीज मांझा पाए जाने पर प्रतिभागिता निरस्त कर दी जाएगी। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य आम जनता, विशेषकर बच्चों और दुकानदारों को चाइनीज मांझे के गंभीर परिणामों के प्रति जागरूक करना है। चाइनीज मांझा न केवल पक्षियों और पशुओं के लिए घातक है, बल्कि राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और आम नागरिकों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता है। बैठक में गोला टूरिज्म संगठन के सचिव इं. मिलिंद शुक्ल, रविंद्र कटियार, डॉ. सौरभ दीक्षित, डॉ. आदर्श दीक्षित, डॉ. योगेश कनौजिया, राजेंद्र सोनी, कुलदीप तिवारी, कमल नयन शुक्ल और अनिकेत अवस्थी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान ने गरीबों को कंबल बांटे

बकेवर, इटावा। महेवा विकास खंड के ग्राम पंचायत करौंधी में मकर संक्रांति के अवसर पर अपने माता पिता की स्मृति में ग्राम प्रधान द्वारा सर्दी से वचाव के लिए करीब 250 लोगों को कम्बल और खिचड़ी वितरित की गयी। ग्राम पंचायत करौंधी के प्रधान बृजेश यादव ने मकर संक्रांति के अवसर पर भोगनीपुर नहर झाल पुल के पास गरीब, निराश्रित, बेसहारा, असहाय लोगों को सर्दी से बचने के लिए करीब 250 गर्म कम्बल वितरित करने का काम किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कडाके की पड रही सर्दी में लोगों को प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर यह कम्बल बितरित किये जाते हैं। जिसके चलते गरीब, असहाय, बेसहारा लोगों को कम्बल मिलने से राहत मिल जाती है वहीं इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि अरुण यादव कल्लू एडवोकेट अन्य लोगों ने कम्बल बितरित करने के साथ साथ खिचड़ी भी वितरित की।

संक्षेप

## सड़क हादसे में पत्रकार घायल

**जौनपुर।** सुरेरी क्षेत्र के पत्रकार बृजेश मिश्रा का रामपुर में सड़क हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि वह किसी काम से जौनपुर जा रहे थे। जैसे ही वह रामपुर नहर से जौनपुर की ओर मुड़ रहे थे, तभी से तेज गति से आ रही एक अज्ञात बाइक सवार ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बृजेश मिश्रा बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे में उनके माथे, मुंह और नाक पर चोट लगी, जिससे खून निकलने लगा। उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि उनके पीछे बैठे व्यक्ति पूरी तरह सुरक्षित बच गए। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायल पत्रकार को पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें भदोही स्थित जीवन धारा हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया।

## जरूरतमंद लोगों को बाटे कंबल

**जौनपुर।** केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान से संस्था के कार्यालय जहांगीराबाद पर जरूरतमंदों में कम्बल वितरण किया गया, संचालन संस्था के चेयरमैन शकील अहमद ने किया, दवा संगठन के प्रादेशिक एवं जिला के अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने मुख्य अतिथि जनपद के औषधि निरीक्षक रजत कुमार पाण्डेय को इस कार्यक्रम का प्रेरणा स्रोत कहते हुए आभार प्रकट किए। लाभाथीर्यों को आश्वस्त किए कि अनुशासन में रह कर कम्बल ले, मुख्य अतिथि रजत कुमार पाण्डेय ने जरूरतमंदों को कम्बल का वितरण किया। राजेश सिंह, सोमेश्वर केसरवानी, महामंत्री बंशीधर मौर्य, कोषाध्यक्ष श्याम सिंह, संजीव कुमार सिंह, कार्यवाहक महामंत्री अखिलेश श्रीवास्तव, मित कुमार साहू, पत्रकार दीपक श्रीवास्तव, ड्रग बाबू सोहेल उपस्थित रहे।

## हादसे में युवक की मौत

**लालगंज, मीरजापुर।** वाराणसी-रीवा हाईवे पर लालगंज थाना क्षेत्र के चिरुईराम गांव स्थित पानी टंकी के सामने बीती रात सड़क दुर्घटना में बरौधा की ओर से लालगंज जा रही बाइक ट्रक में पीछे से जा टकराई। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजा। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक की पहचान प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के मड़फा कला गांव निवासी 19 वर्षीय संतोष कुमार के रूप में हुई है। वह किसी काम से लालगंज आ रहा था।थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## डिंपल यादव का जन्मदिन मना

**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर गुरुवार को महिलाओं की शक्ति एवं सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर एवं मिष्ठान वितरण कर और महिलाओं को समाजवादी पार्टी का गमछा वितरण कर हर उल्लास के साथ मनाया गया। समाजवादी महिला सभा की जिला अध्यक्ष एडवोकेट गीता गौर ने कहा कि आज हम लोग एक ऐसी महिला शक्ति सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन मना रहे हैं जो सड़क से लेकर सदन तक महिलाओं की लड़ाई लड़ने का काम कर रही हैं और महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कमर कस ली है।

# यह सेवादारों की सरकार है : रामविचार नेताम

### विधायक खेल महाकुंभ में छत्तीसगढ़ के मंत्री बोले- हम रामभक्त हैं



**सोनभद्र।** छत्तीसगढ़ के जाने-माने आदिवासी नेता व मंत्री राम विचार नेताम ने गुरुवार को पटव में आयोजित विधायक खेल महाकुंभ का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने अपना विचार व्यक्त करते हुए सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहां कि यह राम भक्तों की सरकार है ऐसे में हम सेवादार हैं और सेवादार का काम है गरीब दीन दुखियों शोषितों वंचितों की सेवा करना और यही कार्य जहां-जहां भी हमारी सरकार है हमारी पार्टी के लोग कर रहे हैं। उन्होंने खेल में शामिल बच्चों को आने वाले दिनों का भविष्य बताते हुए कहा कि यह सब का कर्तव्य है कि उनके उज्जवल भविष्य के लिए हम इनका सही मार्गदर्शन करें।

छत्तीसगढ़ के मंत्री राम विचार नेताम ने सदर विकासखंड के पटवध स्थित राजा बलदेव दास बिरला इंटर कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय विधायक खेल महाकुंभ का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज इस विद्यालय परिसर में जिस तरह अटल आवासीय विद्यालय के बच्चों ने योग वॉलीबॉल व अन्य खेल का प्रद एक्सर्शन किया है वह अपने आप में इनके उज्जवल भविष्य का परिचायक है हम सभी को इनके उज्जवल भविष्य के लिए इनका सही से मार्गदर्शन करना चाहिए आने वाले दिनों में यही देश कर्णधार होंगे। उन्होंने कहा कि देश ही नहीं दुनिया में सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में हमारे प्रधानमंत्री उभरे हैं छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश और जहां भी भाजपा की सरकारे हैं वह सभी राम भक्तों की सरकार है हम सभी सेवादार और ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि हम सब की सेवा करें उन्होंने खेल को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि आज इस विद्यालय परिसर में जिन बच्चों ने खेल का प्रदर्शन किया है वह अनुकरण यह है और हमें इन बच्चों से सीख मिलती है की कैसे आपसी सौहार्द बनाया रखा जाता है। उन्होंने कहा कि आने में हमें इसलिए विलंब हुआ कि जैसे ही हम सोनभद्र की सीमा में प्रवेश किया यहां के लोगों ने जगह-जगह रोककर हमारा जो स्वागत और सम्मान किया है उसके लिए हम इनका धन्यवाद क्या करते हैं नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने कार्यक्रम में आभार प्रकट करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर उनकी पत्नी व पूर्व में अपने जनपद की जिला पंचायत अध्यक्ष रहे पुष्पा नेताम भी रही। आदिवासी नृत्य संगीत के द्वारा इनका स्वागत किया गया।

## संस्कृति उत्सव 2025-26 का होगा सकुशल आयोजन : डीएम

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया है कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक परम्परा प्राचीन काल से ही धर्म, दर्शन, कला, साहित्य एवं संगीत के क्षेत्र में सम्पूर्ण विश्व में अग्रणी रही है। यहां की सांस्कृतिक विरासत में कला एवं संगीत के क्षेत्र में गायन, वादन, नृत्य एवं लोकनाट्य की विभिन्न शैलियों के प्रमुख गुरूओं, आचार्यों एवं कलाविदों की महती भूमिका रही है, जिन्होंने अपनी साधना से अनेक कीर्तिमान स्थापित कर देश का मान बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश में शास्त्रीय एवं उप शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत तथा लोक नाट्य की विभिन्न विधाओं की समृद्ध परम्पराओं से जुड़े हुये कलाकार अधिकांशतया परम्परागत संगीत घरानों से शिक्षा प्राप्त करते हैं। शास्त्रीय एवं लोक संगीत की उपर्युक्त पृष्ठभूमि में उत्तर प्रदेश के सभी अंचलों में ऐसे कलाकारों की पहचान कर उन्हें उनकी योग्यतानुसार मंच प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित एवं समृद्ध करने के उद्देश्य से ही संस्कृति विभाग, उप्र द्वारा उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृतिः हमारी पहचान के अन्तर्गत संस्कृति उत्सव की शुरूआत की गई है। संस्कृति उत्सव 2025-26 को सकुशल संपन्न कराने के लिए जनपद स्तर पर समिति का गठन किया गया है, जिसमें जिलाधिकारी अध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी उपाध्यक्ष, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं सहायक निदेशक सूचना सदस्य, तथा सचिव जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद सदस्य-सचिव नामित है। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्कृति उत्सव 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 10 जनवरी से 15 जनवरी 2026 तक गांव, पंचायत, ब्लाक एवं तहसील स्तर के कलाकारों की प्रतियोगिता कराते हुए जनपद स्तर पर चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता का आयोजन जनपद मुख्यालय पर कराया गया। 17 से 19 जनवरी 2026 तक जनपद स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता मंडलीय मुख्यालय पर, 22 जनवरी 2026 को मण्डल स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता प्रदेश की राजधानी मुख्यालय लखनऊ मे, 23 जनवरी 2026 को लखनऊ में सम्पन्न प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों का उत्तर प्रदेश पर्व में प्रतिभाग हेतु पूर्वाभ्यास कराया जाएगा। 24 जनवरी से 26 जनवरी को लखनऊ मे उत्तर प्रदेश पर्व के अवसर पर अंतिम रूप से चयनित सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुतियां, सम्मान एवं पुरस्कार दिया जाएगा। डीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में संगीत की समृद्ध परंपरा रही है।

# मकर संक्रांति पर लोगों ने किया दान पुण्य



**जौनपुर।** मकर संक्रांति पर्व पर जनपद में श्रद्धालुओं ने प्रातःकाल पवित्र नदियों और सरोवरों में स्नान कर दान-पुण्य किया। इस दौरान मंदिरों और घाटों पर भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने तिल, गुड़, खिचड़ी और वस्त्रों का दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया।पर्व को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और स्वच्छता के विशेष इंतजाम किए थे। मकर संक्रांति का विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। इस दिन सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं, जिससे शुभ कार्यों की शुरूआत मानी जाती है। शास्त्रों के अनुसार, मकर संक्रांति से उत्तरायण काल प्रारंभहोता है, जिसे देवताओं का दिन कहा गया है। मान्यता है कि इस दिन गंगा, यमुना सहित पवित्र नदियों में स्नान करने से पापों का नाश होता है और दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। यह भी माना जाता है कि मकर संक्रांति के दिन किया गया स्नान-दान कई गुना फल देता है। ज्ञात हो कि चाइनीज मांझे की चपेट में आने से 14 जनवरी डॉ. समीर हाशमी की दर्दनाक मृत्यु हो गई। इससे पूर्व भी 11 दिसंबर को शाही ब्रिज क्षेत्र में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से संदीप तिवारी की मोत हो चुकी है। पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ ने बताया कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से दो दिन में दो कुन्तल 80 किलो चायनीज मांझा बरामद कर 40 दुकानों पर मुकदमा दर्ज कर 53 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि विभिन्न थाना क्षेत्रों से जाचनीज माझां से पतंक उडाने वाले 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कुल 98 लोग गिरफ्तार किये गये।

## चाइनीज मांझे से पतंग उड़ाने में नौ गिरफ्तार

**जौनपुर।** जफराबाद पुलिस ने चाइनीज मांझे से पतंग उड़ाने पर 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष प्रकाश शुक्ला के नेतृत्व मे उ0नि0 भगवान यादव ने सहयोगियों के साथ चाइनिज मांझा चेकिंग के दौरान ग्राम नाथूपुर, अहमदपुर व नासही से चाइनीज मांझा का प्रयोग कर पतंग उडाने वाले नौ व्यक्तियों को कारण गिरफ्तारी बताते हुये निवारक कार्यवाही के अन्तर्गत धारा 170/135/126 बीएनएसएस मे हिरासत पुलिस मे लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायालय पेशी हेतु भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों अयान हाशमी पुत्र मोहम्मद इसरार निवासी नासही, ,इमरान अली पुत्र मोहम्मद नईम निवासी नासही, ,.विनोद कुमार पुत्र स्व0 शोभनाथ, निवासी अहमदपुर, .आयुष गौतम पुत्र विनोद कुमार, निवासी अहमदपुर, ,आदित्य कुमार पुत्र गौतम कुमार निवासी नाथूपुर, गौतम कुमार पुत्र स्व0 रामनाथ निवासी नाथूपुर .कैलाश नाथ पुत्र स्व0 रामनाथ, निवासी नाथूपुर, सुभाष पुत्र स्व0 रामनाथ, निवासी नाथूपुर, प्रवीण कुमार पुत्र स्व0 श्यमा बिहारी, निवासी नाथूपुर है।

## चाइनीज मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध, होगी सख्त कार्यवाही

**जौनपुर।** जनपद में चाइनीज मांझे से हो रही लगातार जानलेवा घटनाओं को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने चाइनीज मांझे की खरीद, बिक्री, भंडारण एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। चाइनीज मांझे की चपेट में आने से डॉ. समीर हाशमी की दर्दनाक मृत्यु हो गई। इससे पूर्व भी 11 दिसंबर को शाही ब्रिज क्षेत्र में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से संदीप तिवारी की मृत्यु हो चुकी है। इन घटनाओं ने चाइनीज मांझे के खतरे को उजागर किया है। जिलाधिकारी ने बताया सिंथेटिक सामग्री से बने नायलॉन धागे एवं चाइनीज मांझे पर पहले से ही प्रतिबंध लागू है। इसके बावजूद ऐसी घटनाओं का होना अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट, समस्त उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनपद में विशेष अभियान चलाकर चाइनीज मांझे का विक्रय करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा आमजन को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि चाइनीज मांझे का प्रयोग न करें तथा इसकी बिक्री अथवा उपयोग की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## निर्धारित लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत सामूहिक विवाह करायें : डीएम

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में कल सायं कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर माह दिसंबर 2025 में विभिन्न विभागों को प्राप्त बी, सी एवं डी ग्रेड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में प्राप्त बी ग्रेड की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया कि बैंकवार लंबित लोन से संबंधित पत्रावलियों की समीक्षा करें तथा सबसे अधिक रिजेक्ट होने वाले आवेदनों का निस्तारण करना संबंधित बैंक के मैनेजर से सुनिश्चित कराएं। जल जीवन मिशन की समीक्षा में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि शासन द्वारा धनराशि की प्राप्ति हो गई है, अब कार्यों में तेजी लाकर विभाग की ग्रेडिंग एवं रैंकिंग में सुधार लाया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में जो कार्य 80 से 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो गए हैं, उनको प्राथमिकता से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देश दिया कि कार्यदायी संस्थाओं से निरंतर समन्वय स्थापित करें तथा गृह जल संयोजन के कार्यों का तेजी से करना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में टूल किट वितरण अपेक्षित लक्ष्य के अनुसार सुनिश्चित कराते हुए ग्रेडिंग एवं रैंकिंग में सुधार लाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सामूहिक विवाह योजना में रैंकिंग एवं ग्रेडिंग में सुधार लाने के लिए समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि शासन द्वारा जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसके अनुसार शत प्रतिशत सामूहिक विवाह कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अनुसूचित जाति/जनजाति छात्रवृत्ति योजनाओं में आवश्यक कार्यवाही करते हुए विभाग की ग्रेडिंग एवं रैंकिंग में सुधार लाना सुनिश्चित किया जाए। सेतु के निर्माण में प्राप्त सी ग्रेड की समीक्षा में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं, इस महीने में ग्रेडिंग एवं रैंकिंग में सुधार हो जाएगा।

# एनटीपीसी विंध्याचल में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**सोनभद्र।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा 14 जनवरी को कार्यबल एवं हितधारकों में वैधानिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नई श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सत्र का नेतृत्व सुनील शर्मा, क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (केंद्रीय), जबलपुर ने किया, जबकि अग्निमित्र बाजपेयी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी (सतना) द्वारा महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं। कार्यक्रम में पिछले वर्ष लागू की गई चारों श्रम संहिताओं पर विस्तार से चर्चा की गई, विशेष रूप से संविदा श्रमिकों के लिए किए गए प्रमुख सुधारों एवं बढ़े हुए लाभों को रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न हुआ। प्रथम चरण में शहनाई हॉल में संविदा श्रमिकों एवं ठेकेदारों के लिए सत्र आयोजित किया गया। इसके उपरांत प्रशासनिक भवन में वरिष्ठ प्रबंधन की उपस्थिति में अभियंताओं-इन-चार्ज (म्प्ब्) के लिए एक समर्पित सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की गरिमा को एनटीपीसी विंध्याचल के परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा की उपस्थिति ने और बढ़ाया। इस अवसर पर ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण); एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम); एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक (ऑपरेशन एवं एफएम); डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ) तथा रुमा डे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान स्टेशन प्रोफाइल पर संक्षिप्त प्रस्तुति समीर जायसवाल, अपर महाप्रबंधक (पीएंडएस) द्वारा दी गई।

परस्पर संवादात्मक सत्रों के माध्यम से नई श्रम संहिताओं से संबंधित विभिन्न प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं पर विस्तृत चर्चा की गई, जिनका समाधान क्षेत्रीय श्रम आयुक्त एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा संतोषजनक रूप से किया गया। पूरे कार्यक्रम का सफल समन्वय औद्योगिक संबंध अनुभाग द्वारा किया गया, जिसका नेतृत्व कुंदन किशोर, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने किया। यह कार्यक्रम स्टेशन के समस्त कार्यबल को संवेदनशील बनाने तथा पारदर्शिता एवं समग्र औद्योगिक संबंध प्रथाओं के प्रति एनटीपीसी विंध्याचल की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# गो तस्करों पर कार्रवाई न हुई तो आंदोलन के लिए बाध्य होगा विहिप

**मीरजापुर।** जिले के ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के देवहट गांव में बुधवार सुबह गोवंशीय पशुओं से लदे ट्रक के पलटने से गोवंशो की मौत पर गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद विंध्याचल मंडल के विभाग मंत्री ने पदाधिकारियों व कार्यकताओं संग घटना स्थल का निरीक्षण किया। विभाग मंत्री ने घटना में सुरक्षित बचे गोवंशों का हाल जानने महोगढ़ी गौ आश्रय स्थल पर पहुंचे और उनके स्वास्थ्य परीक्षण आदि के संबंध में गौशाला कर्मियों से जानकारी ली। बुधवार को 34 गोवंशों को लादकर जा रहा ट्रक वनविभाग के दरोगा की कार को टक्कर मारते हुए टेसुआ नाले में पलट गया था। जिसमें तेरह गोवंशों की मौके पर तथा एक गोवंश की शाम को मौत हो गई थी। घटना में चौदह गोवंशों की मौत हो चुकी है।16 गोवंशों को महोगढ़ी गो आश्रय स्थल पर भेजा गया है। गंभीर रूप से घायल चार गोवंश नाले के पास पड़े हैं।विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री ने गंभीर रूप से घायल चार गोवंशों को उपचार के बाद ठंड के मौसम में खुले आसमान के नीचे नाले के पास छोड़ दिए जाने पर नाराजगी जताई। घायल गोवंशों को गौ आश्रय स्थल पर भेजने के लिए अधिकारियों से फोन पर वार्ता की। विभाग मंत्री ने घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की कार्यकताओं से जानकारी ली।

आरएसएस की खंड कार्यवाहिका प्रतिमा सिंह परिहार ने मामले की जांच करवाए जाने और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने का विभाग मंत्री से अनुरोध किया। जिसपर विभाग मंत्री ने मामले की जांच व गो तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए आईजी और एडिशनल एसपी से फोन पर बात की। विभाग मंत्री ने कहा कि गो तस्करी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही की जाएगी।कहा कि पुलिस की चौकसी में कमी के चलते यह घटना हुई है। कहा कि इस मामले में वनविभाग की कार्य प्रणाली भी संदिग्ध है

- **दुर्घटना के बाद गौ तस्करों की बढ़ती सक्रियता को लेकर बढ़ता दिखा आक्रोश**

जिसकी जांच होनी चाहिए। कहा कि यदि मामले में पुलिस द्वारा ढुलमुल रवैया अपनाया गया तो विश्व हिंदू परिषद आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान विहिप जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर मिश्र, गौ रक्षा प्रमुख निरंजन पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष राजेश मिश्र, ग्राम प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता, आरएसएस खंड कार्यवाह तारकेश्वर केशरी, खंड कार्यवाहिका प्रतिमा सिंह परिहार, विहिप नेता पिंटू केसरी, पप्पू केशरी, अनिल केशरी, ओंकार केशरी, निहाल चौरसिया, ओम चौरसिया आदि मौजूद रहे।

**सफेदपोशों का संरक्षण होने की आशंका**

मीरजापुर जिले के ड्रमंडगंज और हलिया थाना क्षेत्रों से लगने वाले मप्र और प्रयागराज जनपद की सीमा से होते हुए बिहार बंगाल के लिए जा रहे एगो तस्करों के वाहनों को लेकर इन दिनों बाद आर इस बात को लेकर घर में क्या इन्हें सफेदपोश लोगों का संरक्षण और सह भी प्राप्त है ग्रामीणों में दबी जुबान इस बात की चर्चा है कि पुलिस व वन विभाग की सक्रियता पर अक्सर उंगलियां तो उठती रहती हैं, लेकिन इसके अलावा सफेदपोश लोगों के संरक्षण की भी बात दबी जुबान सुनने में आती है जिसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है।

## बाइक सवार ने मारा धक्का तीन घायल

**मीरजापुर।** लालगंज-कलवारी मार्ग बेदौली गांव के आरा मशीन के सामने बाइक की टक्कर से तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर देखते हुए उसे एम्बुलेंस की सहायता से सीएससी मड़िहान भिजवाया गया। दुर्घटना बीती रात बुधवार की बताई जा रही है। घायल का बताया जा रहा है कि राजमणि 32 निवासी लूरकुटिया, मड़िहान किसी कार्य से बाजार आया हुआ था जिसे बेदौली गांव के समीप अनियंत्रित बाइक सवार ने धक्का मारकर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## विक्षिप्त महिला से गैंगरेप गांव में तनाव

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मानवता को शर्मसार कर देने वाली वारदात सामने आई है। मानसिक रूप से अस्वस्थ एक अधेड़ महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगा है। घटना के बाद पूरे गांव में आक्रोश है और माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। आरोप है कि दो युवकों ने आधी रात महिला को घर से बहला-फुसलाकर खलिहान तक ले जाकर वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस मौके पर मौजूद है और मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता मानसिक रूप से अस्वस्थ है और इन दिनों अपने ननिहाल एक गांव में रह रही थी, जबकि मूल रूप से वह राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र की निवासी बताई जा रही है। आरोप हैगांव के ही दो युवक रामनाथ उम्र करीब 40 वर्ष और शशिकांत उम्र करीब 18 वर्ष महिला को घर से कुछ दूरी पर स्थित खलिहान में ले गए और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

## एनर्जी एक्सपर्ट ने अफसरों से लिया फीडबैक



**जौनपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार समूह के सदस्य एवं एनर्जी एक्सपर्ट रविकांत मिश्रा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के सोलर पंप के लाभार्थियों एवं सोलर पंप प्रदाता वेंडर, विद्युत विभाग एवं यूपी नेडा के अधिकारियों के साथ सोलर पंप के विस्तार एवं सोलर रूफ टॉप के संबंध में संवाद किया। उन्होंने पीएम कुसुम योजना अंतर्गत किसानों के यहां स्थापित सोलर पंप से हो रहे लाभ के संबंध में वार्ता की। पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित सोलर रूफ टॉप के लाभार्थियों से भी फीडबैक लिया। किसानों के बीच सोलर पंपों की घटती मांग के संबंध में उनके द्वारा जानकारी चाही गई, जिस पर उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया कि वर्तमान समय में सिंचाई हेतु मुफ्त बिजली आपूर्ति, विद्युत चलित पंपों की अपेक्षा सोलर पंप से पानी कम डिस्चार्ज होना, छतो पर न लगाया जाना आदि प्रमुख कारण है। लाभार्थियों द्वारा बताया गया कि पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना से स्थापित सोलर से उनके बिजली के बिल में कमी आई है साथ ही स्थापित सोलर में किसी भी प्रकार का मेंटेनेंस नहीं है सूर्य की रोशनी से बिजली उत्पादित कर बिजली के बिल भी बचत कर रहे हैं। मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ट, उप कृषि निदेशक डॉ वीबी द्विवेदी, परियोजना प्रभारी नेडा, जिला कृषि अधिकारी, अधिशासी अभियंता विधुत, पीएम कुसुम के वेंडर एवं पीएम सूर्य घर के वेंडर और लाभार्थी किसान आदि उपस्थित रहे। इसके बाद बक्सा क्षेत्र के बबुरा गांव निवासी कृषक राम यश यादव के यहां स्थापित पीएम सूर्य घर एवं मुक्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित सोलर रूफ टॉप एवं पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत स्थापित सिंचाई हेतु सोलर पंपों का स्थलीय सत्यापन कर किसानों से फीडबैक भी लिया गया। किसानों द्वारा बताया गया कि सोलर पम्प मरम्मत हेतु उत्तर दायित्व निर्धारित किया जाय तो इससे किसानों की रुचि बढ़ेगी एवं कृषि का सतत विकास होगा।

## 130 जरूरतमंदों को कंबल वितरित



**जौनपुर।** सुइथाकला विकासखंड क्षेत्र के श्री सर्वेश्वरी समूह संस्थान शाखा समोधपुर द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षक सतीश सिंह ने अघोरेश्वर महाप्रभु एवं पूज्यपाद गुरुपद संभव राम के चित्र पर माल्यार्पण, पूजा अर्चना व आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने 130 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया। सतीश सिंह ने कहा कि सर्वेश्वरी समूह संस्थान मानवता की सेवा के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह का मूल मंत्र दीन-दुखियों, असहाय, गरीबों एवं पीड़ितों की निस्वार्थ सेवा है। उन्होंने सर्वेश्वरी समूह के परोपकार के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि समाज के दबे-कुचले और शोषित-वंचित समाज के उत्थान के लिए संस्थान उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। कहा कि समस्त भेदभाव से ऊपर उठकर यह संस्था मानव मात्र की सेवा कर रहा है। कहा कि उन्नीस सूत्रीय कार्यक्रम के द्वारा हर मानव को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य कर रहा है।

# 8 को राष्ट्रीय सम्मेलन पराक्रम में जुटेंगे दिग्गज

- **हल्दी घाटी की मिट्टी से होगा तिलक**

**आजमगढ़।** महाराणा प्रताप सेना की तैयारी बैठक गुरूवार को ठंडी सड़क स्थित कार्यालय में सम्पन्न हुआ। जिसमे महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के पूर्व संध्या पर 18 जनवरी 2026 को हरिऔध कला केंद्र के सभागार में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन पराक्रम के सफलता के बावत पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह ने बताया कि 18 जनवरी 2026 रविवार को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन पराक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रम से लेकर हल्दी घाटी की मिट्टी से सबका तिलक सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में कारागार विभाग के मंत्री दारा



सिंह चैहान, परिवहन विभाग के मंत्री दयाशंकर सिंह मौजूद रहेंगे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में एमएलसी विजय बहादुर पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता अखिलेश मिश्र, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद् के संगठन मंत्री डा के. एन. पाण्डेय व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमाण्डर कुमार राजीव रंजन की मौजूद रहेंगे। अतिथियों की उपस्थिति में कारगिल शहीद आश्रित वीर नारियों सहित भूतपूर्व सैनिकों का सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में भारत माता के वीरपुत्र शौर्य, स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप पर प्रथम शोधकर्ता प्रोफेसर चन्द्रशेखर शर्मा आचार्य एवं विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग उदयपुर राजस्थान की गरिमामयी उपस्थिति होगी। साथ ही सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता शत्रुध्न सिंह द्वारा किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह ने सभी से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया। अध्यक्षता रामनाथ सिंह व संचालन सुरेश सिंह ने किया। इस अवसर पर अरविंद चित्रांश, सुरेंद्र यादव, दिनेश खंडेलिया, जय सिंह, संजय सिंह, एमपी सिंह, रामवृक्ष सिंह, राणा प्रताप सिंह, एमपी सिंह, शिवम तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, विनय कुमार मिश्र, जवाहर सिंह, बलवंत सिंह, रामनयन सिंह, अंकित पांडेय, महेंद्र राय, डॉ. धनश्याम दूबे, अच्युतानंद त्रिपाठी, नंदकिशोर, राघवेंद्र प्रताप, अर्शिव, अमित, विवेकांनद आदि मौजूद रहे।

## नाव चालक को पीटने का आरोप

**मड़िहान, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के गढ़वा गांव स्थित मठहिया मजरा निवासी खिलाड़ी निषाद (35) पेशे से नाव चालक है। वह बकहर नदी में सुबह से शाम तक नाव चलाकर किसी तरह अपने परिवार का पालन- पोषण करता है। मेहनत-मजदूरी ही उसकी रोजी-रोटी का एकमात्र सहारा है। बुधवार की दोपहर कुछ दबंगों ने नदी पार कराने के लिए उसे बुलाया। खिलाड़ी निषाद ने रोज की तरह उन्हें नाव से पार उतारा। पीड़ित का आरोप है कि नदी पार कराने के बाद जब उसने मेहनत का किराया मांगा तो दबंग आगबबूला हो गए। पहले गाली-गलौज की गई और फिर लाठी-डंडों से उस पर जानलेवा हमला कर दिया गया। अचानक हुए हमले में खिलाड़ी निषाद गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े, तब तक आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और भय का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल नाव चालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस का कहना है कि पीड़ित द्वारा तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, गरीब नाव चालक के साथ हुई इस बर्बर मारपीट को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

संक्षेप

## एमडी चीनी मिल ने निरीक्षण कर की पेराई और बुवाई की समीक्षा

कुशीनगर। अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड यूनिट न्यू इंडिया शुगर मिल हाटा के मैनेजिंग डायरेक्टर चंद्रशेखर नोपनी द्वारा चीनी मिल का भ्रमण किया गया तथा एक समीक्षा बैठक की गई।

श्री नोपानी ने चीनी मिल के समस्त अधिकारियों के साथ की गई मीटिंग के दौरान गन्ने की पेराई एवं बुवाई की समीक्षा की में गन्ने का रकबा बढ़ाने के लिए चीनी मिल के अधिकारी गणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मीटिंग के दौरान एमडी द्वारा किसानों को खाद एवं गन्ने का बीज अनुदान पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिससे कि अधिक से अधिक क्षेत्र में गन्ने का क्षेत्रफल बढ़ाया जा सके। साथ ही साथ क्षेत्र के किसान भाईयों से अनुरोध किया गया कि अधिक से अधिक रकबे में गन्ने की बुवाई करें, जिससे क्षेत्र के साथ ही साथ किसानों की भी आर्थिक उन्नति हो सके।

# सैनिक अभिनंदन समारोह में 11 शहीदों और 59 सेवानिवृत्त सैनिकों का सम्मान

**कुशीनगर।** सेना दिवस के अवसर पर गुरुवार को नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा अनवरत तीसरे वर्ष सैनिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष यह कार्यक्रम बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर में महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के सहयोग से सम्पन्न हुआ। समारोह का उद्देश्य राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीद सैनिकों तथा वर्ष 2025 में सेवानिवृत्त हुए सैनिकों के प्रति समाज की कृतज्ञता व्यक्त करना रहा। कार्यक्रम में 11 शहीद सैनिकों के परिजनों एवं 59 सेवानिवृत्त सैनिकों सहित कुल 70 सैनिकों एवं सैनिक परिजनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गई। मुख्य अतिथि देवरिया सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने




कहा कि भारतीय सेना का शौर्य, अनुशासन और बलिदान राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है। सैनिकों के कारण ही देश की सीमाएँ सुरक्षित हैं और नागरिक निश्चिंत होकर जीवन यापन कर पा रहे हैं। विशिष्ट अतिथि जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर आलोक सक्सेना ने कहा कि समाज द्वारा सैनिकों और शहीद परिजनों का सम्मान, सेना के मनोबल को और अधिक सुदृढ़ करता है तथा यह भावी पीढ़ी को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनोद मोहन मिश्र ने करते हुए कहा कि सैनिकों का सम्मान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य है और शैक्षणिक संस्थानों की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। पूर्व प्राचार्य डॉ0 दयाशंकर तिवारी, प्रो0 अमृतांशु शुक्ल, मेजर डॉ0 महेश बर्नवाल, लेफ्टिनेंट वेद प्रकाश मिश्र ने भी सम्बोधित किया। संचालन शायर मजीबुल्लाह राही ने किया। स्वागत भाषण एनसीसी के सीटीओ डॉ. सौरभ द्विवेदी ने दिया। कार्यक्रम की प्रस्तावना नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान के सचिव डॉ. हरिओम मिश्र ने रखी। संस्था अध्यक्ष प्रो. सीमा त्रिपाठी द्वारा आभार ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर संस्था उपाध्यक्ष इंद्र कुमार मिश्र, रक्षा मंत्रालय से सेवानिवृत्त जगदम्बा सहाय सक्सेना, लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ0 अनुराग कमल मिश्र, प्रो0 प्रशिला सैम, प्रो0 रामभूषण मिश्र, प्रो0 गौरव तिवारी, डॉ0 सत्यप्रकाश, डॉ0 निगम मौर्य, डॉ0 मनोज जैन, संतोष सिंह, कृष्णमोहन, हरीन्द्र चहरसिया, प्रकाम्य चतुर्वेदी, पेशकार गौड़, अजय कुमार, हेमंत मिश्र, इंद्रासन प्रसाद संत, अमिय गुप्त, दिनेश तिवारी, राजेश शुक्ल, नागेंद्र तिवारी, राकेश मणि, अविनाश मिश्र, महेश कर्णधार, आकाश शर्मा, ममता कश्यप, मधुलिका पूजा, प्रतिभा यादव, फौजिया परवीन, पूजा यादव सहित बुद्ध इंटरमीडिएट कॉलेज और महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स की भारी मात्रा में उपस्थित रहे।

## नपा के निवासियों को सौंपा निःशुल्क एम्बुलेंस

भटनी( देवरिया )स्थानीय नगर पंचायत के सभासद व एन आई एफ एस के निदेशक कुन्दन सिंह ने नगर के निवासियों के लिए निःशुल्क ऐम्बुलेंस अपने आवास पर एक कार्यक्रम आयोजित कर सौपा ।

जिसके मुख्य अतिथि नगर पंचायत के अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता मुन्ना व एन आई एफ एस संस्थान के निदेशक व सभासद कुन्दन सिंह ने संयुक्त रुप में हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया ।

ऐम्बुलेंस नगर के नूरीगज बाजार रेलवे सम्पार संख्या 115पार करते हुए साहोपार टोले से बाईपास से आदर्श चौराहे से रेलवे सम्पार संख्या 116से मुख्य बाजार से गाँन्धी चौक रामलीला मैदान होते हुए छोटी गण्डक नदी के तट पर जंगली जलपामाई के स्थान पर पूजा करने के बाद हुटर बजाते हुए नगर के सभी प्रमुख सडको से होतें हुए आवास पर वापस आया ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त ने कहा कि सभगसद कुन्दन सिंह हमारे सहयोगी हैं ।समाज सेवा कार्य सदैव करते रहते है ।

## अंत्योदय की संकल्पना को साकार कर रही भाजपा सरकार

**देवरिया ।** भाजपा किसान मोर्चा द्वारा देवरिया विधानसभा के नगर मण्डल के भटवलिया हाइडिल स्थित शिव मंदिर परिसर में मोटे अनाज के प्रति जनजागरूकता एवं कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष देवरिया अलका सिंह ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार पंडित दीनदयाल जी के मूल मंत्र अंत्योदय की संकल्पना को साकार करते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगो को स्वावलम्बी बना रही है ।भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के किसानों की आय बढ़ाने और लोगो को स्वस्थ रखने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा पूरे देश मे मोटे अनाज की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है, हम सभी को भी मोटे अनाज को अपने प्रयोग लाना चाहिए, जिससे हमारे साथ-साथ हमारा परिवार भी स्वस्थ रहे ।कार्यक्रम में लोगो को उत्तरप्रदेश सरकार की उपलब्धियों की पुस्तिका और 51 जरूरतमंद लोगों में कम्बल वितरित किया गया ।इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी भाजपा प्रभाकर तिवारी, आचार्य सत्यानंद पाण्डेय, आचार्य दुर्गेश पाण्डेय, गोलू सिंह, राजकुमार तिवारी, छोटे पाण्डेय, प्रदीप विश्वकर्मा, प्रिन्स मिश्रा, सूरज मिश्रा, ज्ञानती देवी, पूजा, अभिलाष सिंह सोनू, हिमांशु सिंह उपस्थित रहे।

## सदर विधायक को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी देने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना में सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी देने वाले युवक के विरुद्ध भटनी थाने मे मुकदमा दर्ज कर पुलिस विधिक कार्यवाही कर रही है ।इस सम्बन्ध मे कमलेश कुमार वनगर ग्राम भेडिहरवा अडार वार्ड वार जिला देवरिया ने थाने में दिये गये तहरीर में लिखा है कि भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगहीडीह निवासी राजू उर्फ अफरोज पुत्र निजामुद्दीन द्वारा मंगलवार के दोपहर बाद सदर विधायक सलभमणि त्रिपाठी को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी दी है ।जो बेहद घृणितकृत्य है ।विधायक के मान सम्मान की भी क्षति हुई है ।इस तरह के घृणित कार्य करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाय ।पुलिस मुकदमा दर्ज कर युवक की तलाश कर रही है ।

# मकर संक्रांति पर समाजसेवा की मिसाल गरीबों को वितरित किये गये कम्बल

जिला संवाददाता

**देवरिया।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर स्वर्गीय जंगबहादुर यादव एवं स्वर्गीय सुरेंद्र यादव की स्मृति में सोनूघाट की ग्राम प्रधान शशि प्रभा देवी के पति अमरेंद्र यादव के नेतृत्व में सोनूघाट चौराहे पर भव्य सहभोज व कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ठंड के इस मौसम में सैकड़ों गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर उन्हें राहत प्रदान की गई ।कार्यक्रम की शुरूआत दिवंगत आत्माओं के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि के साथ हुई। इसके बाद सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। आयोजन स्थल पर सुबह से ही जरूरतमंदों की भीड़ जुटने लगी थी, जिन्हें व्यवस्थित तरीके से कंबल वितरित किए गए। आयोजन के दौरान सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदना का अद्भुत दृश्य देखने को मिला ।इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता उमेश नारायण शाही, बरहज के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष उमेश सिंह, सपा के वरिष्ठ नेता गिरेंद्र यादव, तेज प्रकाश जायसवाल, अरविंद साहनी, संगम यादव सहित कई वरिष्ठ नेता व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि मकर संक्रांति केवल पर्व नहीं बल्कि सामाजिक समरसता और दान-पुण्य का संदेश देने वाला त्योहार है। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा मजबूत होता है और जरूरतमंदों को सहारा मिलता है ।कार्यक्रम के आयोजक अमरेंद्र यादव ने कहा कि स्वर्गीय जंगबहादुर यादव और स्वर्गीय सुरेंद्र यादव ने अपने जीवन में हमेशा समाजसेवा को प्राथमिकता दी थी। ताकि उनकी स्मृति को सेवा कार्यों के माध्यम से जीवंत रखा जा सके। उन्होंने बताया कि आगे भी जरूरतमंदों के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे ।स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती की गई थी।

## बाइक की टक्कर से पति-पत्नी व पुत्र घायल

ललितपुर। तालबेहट के ग्राम रामपुर मजरा लाटुआ में रहने वाले रमेश पुत्र रामदास कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 22 दिसम्बर 2025 की शाम करीब 6 बजे वह अपनी पत्नी शिवकुमारी व छोटा पुत्र अर्जुन का इलाज कराकर अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी. 94 ए.जे. 1876 से अपने घर लौट रहा था। ग्राम सेरवासकलां के पहले पुलिया के पास उसकी मोटर साइकिल आगे से ड्राईवर की लापरवाही से बाइक नम्बर ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह अपनी पत्नी व पुत्र के साथ खून से लथपथ हो गया।

# आस्था, परंपरा और उल्लास के संग मना मकर संक्रांति का महापर्व

कुशीनगर। सूर्यदेव के उत्तरायण होते ही जैसे अंधकार ने आत्मसमर्पण कर दिया और उजास ने उत्सव का सिंहासन संभाल लिया। सूर्य उपासना और ऋतु परिवर्तन के पावन संदेश के साथ मकर संक्रांति के महापर्व पर पूरा जनपद आस्था, परंपरा और उल्लास के महासागर में डूबा नजर आया। भोर की शंखध्वनि, नदियों में आस्था की डुबकी, तिलझगुड़ की मिठास और आसमान में इठलाती रंग-बिरंगी पतंगें, त्योहार की सजीवता और भारतीय संस्कृति की जीवंत तस्वीर पेश कर रही थी। श्रद्धा, आस्था, उल्लास और सामाजिक सौहार्द के वातावरण में स्नानझदान के उपरांत भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर लोगों ने सुख, समृद्धि और आरोग्य की कामना की।

घरझघर में पारंपरिक व्यंजनों की खुशबू फैलती रही। तिलझगुड़, चूड़ाझदही, खिचड़ी और लाई जैसे पकवानों ने पर्व की रौनक को और बढ़ा दिया। मान्यता के अनुसार तिल और गुड़ का सेवन आपसी कटुता को मिटाकर रिश्तों में मधुरता घोलता है, इसी भाव के साथ लोगों ने एक-दूसरे को प्रसाद भेंट कर शुभकामनाएं दीं। मंदिरों में विशेष पूजाझअर्चना, हवन और भंडारों का आयोजन किया गया, जहां सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। ग्रामीण इलाकों में मकर संक्रांति मेले का रूप लेती नजर आई। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी पतंगबाजी में मग्न दिखे। रंगझबिरंगी पतंगों से सजा आसमान और उत्साह से गूंजती टोलियां पर्व के उल्लास का सजीव चित्र प्रस्तुत कर रही थीं ।इस अवसर पर सामाजिक सरोकार भी प्रमुखता से उभरे। विभिन्न सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं ने जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी, फल, मिठाई और गर्म वस्त्रों का वितरण किया। कहीं सामूहिक भोज तो कहीं सेवा कार्यों के माध्यम से मानवता और भाईचारे का संदेश दिया गया ।जरुरतमंदो मे संयोग ने वितरण किया कंबलःठिठुरन और हाड कपकपाने वाली ठंड को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ पत्रकार एवं एडवोकेट संयोग श्रीवास्तव ने अपने पैतृक गाँव तरया लच्छीराम मे गरीब एवं असहायों में कंबल वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज भी जहाँ एक तरफ अमीरों की संख्या बढ रही है वही काफी संख्या में गरीबों एवं असहायों की संख्या में भी बृद्धि हो रही है। हमें जरूरत है अपने क्षमता के हिसाब से उनकी मदद करना। ऐसा करने से ही समाज में मानवता कायम रहेगा और सब लोग मिलजुल कर रहेंगे। इस संबंध में पूछने पर कि ये कार्यक्रम कब से चल रहा है उन्होंने कहा कि ये कोरोना काल में शुरू किया गया था जो भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से लगातार चल रहा है और जब तक रहेंगे चलता रहेगा। इस दौरान क्षेत्र के ज्योतिषाचार्य अशोक मणि त्रिपाठी, राकेश श्रीवास्तव, ओम्, अवध खरवार, मोहन, रामू गोड, ऋषि, यशराज, सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

## पूर्व विधायक के निधन पर हुआ शोक सभा का आयोजन

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय नगर के बाबा मैरिज हाल में पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेश प्रजापति की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया ।जिसमें रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के विधायक स्व कमलेश शुक्ल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके चित्र पपुष्पांजली अर्पित कर श्रध्दांजलि अर्पित की गयीं ।अन्त में दो मिनट मौन धारण कर मृतात्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी ।शोक सभा में शिवसरदार मिश्र जयहिंद यादव प्रतीक मिश्र सुबोध तिवारी मुरली तिवारी चन्द्रहाश कुशवाहा विवेकानन्द मौर्या विजेन्द्रमणि योगेश तिवारी रणविजय सिंह प्रमुख रुप से शामिल रहे ।

## अवधकिशोर सिंह स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल आज



**कसया, कुशीनगर।** स्वर्गीय अवधकिशोर सिंह स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत शुक्रवार को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि वीर प्रताप सिंह उर्फ वीरू भैया, राष्ट्रीय अध्यक्ष करणी सेना भारत होंगे।

गुरुवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में परफेक्ट एकेडमी साखोपार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 13 ओवर में 89 रन बनाए और पूरी टीम ऑलआउट हो गई। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आजमगढ़ की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 60 रन ही बना सकी। इस तरह परफेक्ट एकेडमी साखोपार ने 29 रन से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में प्रवेश किया ।वहीं दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला लखनऊ और निलेश कसया की टीम के बीच खेला गया, जिसमें निलेश कसया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और फाइनल में अपनी जगह पक्की की ।अब प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को परफेक्ट एकेडमी साखोपार और निलेश कसया की टीम के बीच खेला जाएगा, जिसे लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है। इससे पूर्व गुरुवार को हुए सेमीफाइनल मुकाबलों का शुभारंभ सपा नेता एवं कुशीनगर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राजेश प्रताप राव तथा एपीएन न्यूज के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय राय व संतोष दत्त राय ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त कर किया।

इस अवसर पर आयोजक राजीव सिंह, राजेश सिंह, सिकंदर आलम, मनीष सिंह, अवधेश सिंह, अमन प्रताप सिंह, प्रिसू सिंह, प्रेमप्रकाश तिवारी, सभासद विनय राव, हर्ष प्रताप सिंह, कुंदन सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कुशीनगर ने महाराजगंज को ट्राईब्रेकर में 5 - 4 से हराया

**देवरिया।** बैतालपुर नगर पंचायत के पंचमुखी हनुमान मंदिर स्थित खेल ग्राउंड पर स्वर्गीय हरिवंश मणि स्मारक राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ बृहस्पतिवार को खेल भावना और उत्साह के साथ हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में महाराजगंज और कुशीनगर जनपद की टीमें आमने-सामने रहीं। मुकाबला शुरू से अंत तक बेहद रोमांचक रहा और अंततः ट्राइब्रेकर के जरिए विजेता का फैसला हुआ ।प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि उद्यमी व समाजसेवी बृजेंद्र मणि त्रिपाठी उर्फ राहुल मणि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल को अनुशासन, एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माध्यम बताया। मैच के पहले हाफ में कुशीनगर की ओर से खिलाड़ी बिट्टू ने खेल के 6वें मिनट में शानदार मैदानी गोल दागकर टीम को 1झ0 की बढ़त दिलाई। इसके तीन मिनट बाद ही महाराजगंज के रितेश कुमार सिंह ने आउटर एरिया से मिले मौके को भुनाते हुए बराबरी का गोल कर दिया। 23वें मिनट में महाराजगंज के अखंड सिंह ने गोल कर स्कोर 2झ1 कर दिया। दूसरे हाफ की शुरूआत भी तेज रही। खेल के 7वें मिनट में कुशीनगर के सुनील यादव ने हैडर के जरिए गोल कर स्कोर बराबर किया।

**● बैतालपुर में हरिवंश मणि स्मारक राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज**

इसके आठ मिनट बाद बिट्टू ने अपना दूसरा गोल दागकर कुशीनगर को फिर बढ़त दिलाई। महाराजगंज के साजिद अली ने 25वें मिनट में गोल कर मुकाबले में वापसी कराई। 33वें मिनट में कुशीनगर के नईम अंसारी ने गोल किया, जबकि 42वें मिनट में साजिद अली ने एक और गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया।

निर्धारित समय में परिणाम न निकलने पर निर्णायक मंडल ने ट्राइब्रेकर का फैसला लिया, जिसमें कुशीनगर ने 5 गोल और महाराजगंज ने 4 गोल किए। इस तरह कुशीनगर ने



उद्घाटन मुकाबला अपने नाम किया। निर्णायक मंडल में क्रीड़ा भारती कोऑर्डिनेटर श्रीराम यादव, आशा खातून, हीरा निषाद व पिंकी अमरचंद मैराडोना, राजकुमार मद्धेशिया शामिल रहे। मैच की कमेंट्री अब्दुल रब ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन अमित मणि त्रिपाठी ने किया ।इस अवसर पर आयोजक मंडल के सुयश मणि त्रिपाठी, अजय कुमार त्रिपाठी, धनेश मणि त्रिपाठी, संतोष श्रीवास्तव एडवोकेट, विनय पांडेय एडवोकेट, त्रिलोकी जायसवाल, डब्लू बरनवाल, राघवेंद्र तिवारी, राजन गुप्ता, शेषनाथ गुप्ता, राजन मणि, रामचंद्र मद्धेशिया, प्रवीण दुबे, दिलीप कुमार, टुन्नू मल्ल, विनय शर्मा, रवि सिंह, अनूप बरनवाल, गोवर्धन चौहान, आकाश पांडेय, टिंकू दुबे, सनी प्रजापति, सनी पासवान आदि उपस्थित रहे।

# सूर्योपासना के पर्व पर भजन कीर्तन सहभोज का आयोजन

देवरिया । सूर्य उपासना के पर्व मकर संक्रांति( खिचड़ी )जिले में श्रद्धपूर्वक परम्परागत ढंग से मनाई गई ।इस अवसर पर जगह-जगह भजन कीर्तन पूजन और सहभोज का भी आयोजन किया गया । जिला मुख्यालय के विभिन्न मंदिरों में भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की और गरीबों भिखारियों को दान पुण्य किया । बरहज में सरयू नदी में भारी सख्या में स्नान कर पूण्य अर्जित किया ।जिले के विभिन्न स्थानो पर समाजसेवियों संस्था प्रमुखों द्वारा गरीबों में कंबल वितरण और सहभोज का आयोजन किया गया ।

**स्नान के बाद मंदिरों में पूजा अर्चना ,दान पुण्य**

जिला मुख्यालीके भीखमपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर में आखंड रामायण पाठ, कीर्तन के बाद खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में गरीब ,भिखारी शामिल हुए ।उधर भटनी के भरहेचौरा में जिला पंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह द्वारा व्यापक सह भोज और कंबल वितरण का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई। विदित हो कि इस बीच पर्व ,त्यौहारों के अवसर पर सहभोज का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है और विभिन्न संस्थाओं मंदिरों सामाजिक कार्यकताओं पार्टियों द्वारा सहभोज का आयोजन किया जा रहा है । मकर संक्रांति के अवसर पर आज सुबह से ही आसमान में पतंग का सिलसिला सायंकाल तक देखने को मिला। बच्चों से लेकर बड़े बुढो तक पतंगबाजी का आनंद उठाया ।घरों में लाई और खिचड़ी दही खाकर मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया ।सोसल मीडिया पर मकर संक्रांति की बधाइयों,शुभकानाओं का दौर एकदिन पूर्व से ही जारी है ।

## मायावती का जन्मदिन, बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ता



**बांदा।** बसपा सुप्रीमो मायावती का 70वां जन्मदिवस शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। शहर के नरैनी रोड कांशीराम पार्क में बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के दीघार्यु होने की कामना की गयी। कार्यक्रम की शुरूआत महापुरूषों के चित्र पर माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि बल्देव प्रसाद वर्मा मण्डल प्रभारी ने की। उन्होने बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में मायावती को मुख्यमंत्री बनाने का काम करना है। कार्यकर्ता आने वाले चुनाव में भी बसपा के हांथों को मजबूत करने का काम करेंगे। इस दौरान मौदहा मंडल प्रभारी रजा मोहम्मद, मुख्य मंडल प्रभारी चित्रकूट धाम मानसिंह कुशवाहा, अवधेश कुमार दिनकर मुख्य मंडल प्रभारी, पूर्व मंत्री चैधरी ध्रुवराम लोधी, रामशरण अनुरागी, अशोक बौद्ध मंडल प्रभारी, राजेन्द्र कुशवाहा जिलाध्यक्ष महोबा, रामसेवक प्रजापति जिलाध्यक्ष बांदा के अलावा बसपा नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नमिंट का आयोजन, खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला



**पाटन, उन्नाव।** तहसील बीघापुर क्षेत्र के डोकरई गांव में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर विगत 78 वर्षों से अनवरत आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय वॉलीबॉल टूनामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में अंकित सिंह परिहार ने पहुंचकर प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा आयोजन की परंपरा और खेल भावना की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति द्वारा अंकित सिंह परिहार को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं टूनामेंट में विभिन्न जनपदों से आई टीमों के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबलों का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशू सिंह उनके सहयोगी, साथ ही आयोजक सुभाष स्पोर्टिंग वॉलीबॉल क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। अंकित सिंह परिहार ने आयोजन समिति और ग्रामीणों द्वारा दिए गए आत्मीय एवं अपनत्वपूर्ण सम्मान के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों के निरंतर आयोजन की कामना की।

# अर्थशास्त्र के मर्मज्ञ प्रो. डॉ. विजय प्रताप उपाध्याय के निधन से शैक्षणिक जगत में शोक की लहर

**कुशीनगर।** फाजिलनगर क्षेत्र के विशुनपुरा गांव निवासी, देश के प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री, प्रख्यात शिक्षाविद् और उच्च मानवीय मूल्यों के प्रतीक प्रोफेसर डॉ. विजय प्रताप उपाध्याय के निधन से न केवल उनका परिवार, बल्कि पूरा क्षेत्र और शैक्षणिक जगत गहरे शोक में डूब गया है। उनके असामयिक अवसान को विद्या, विनम्रता और विवेक के एक सशक्त स्तंभ के पतन के रूप में देखा जा रहा है। गांव से लेकर शिक्षण संस्थानों तक शोक और स्तब्धता का वातावरण व्याप्त है। देवरिया के बीआरडी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बरहज से सेवा-निवृत्त होने के बाद भी प्रो. डॉ. उपाध्याय का अपने पैतृक गांव विशुनपुरा से गहरा भावनात्मक जुड़ाव बना रहा। वे नियमित रूप से गांव आते-जाते थे और ग्रामीणों के सुख-दुख, सामाजिक विषयों तथा वैचारिक संवादों में सहज रूप से सहभागी रहते थे। उनका सरल व्यक्तित्व, सौम्य व्यवहार और गंभीर विद्वता उन्हें समाज में विशिष्ट स्थान प्रदान करती थी। भावुक कर देने वाला संयोग यह रहा कि गोलोकवासी होने के महज एक सप्ताह पूर्व ही वे गांव आए थे। इस दौरान उन्होंने स्वजनों, ग्रामीणों और परिचितों से आत्मीय भेंट कर कुशलक्षेम



जाना। किसी को यह अनुमान तक नहीं था कि यह उनकी अंतिम भौतिक भेंट सिद्ध होगी। 10 जनवरी को उनके निधन की सूचना मिलते ही विशुनपुरा सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण, शुभचिंतक, गणमान्य नागरिक और शिक्षाविद् उनके गांव स्थित आवास पर एकत्र हुए। सभी ने उनके पुत्र नवेंदु शेखर, पुत्रियां भावना एवं बुलबुल, अग्रज उदय प्रताप उपाध्याय, अनुज ब्रजेश उपाध्याय, भतीजे प्रवीण सहित संपूर्ण उपाध्याय परिवार को ढांढस बंधाया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों ने कहा कि प्रो. डॉ. उपाध्याय केवल एक परिवार के नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए मार्गदर्शक, प्रेरणास्रोत और बौद्धिक धरोहर थे। शैक्षणिक क्षेत्र में प्रो. डॉ. विजय प्रताप उपाध्याय का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण और स्थायी रहा। वे देश के प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों में शुमार थे। अर्थशास्त्र विषय पर उनकी लिखी गई अनेक पुस्तकें आज भी विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए संदर्भ ग्रंथ के रूप में उपयोगी हैं, जो अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर उपलब्ध हैं। उनकी अकादमिक दक्षता और बौद्धिक प्रतिष्ठा को सम्मान देते हुए दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें विश्वविद्यालय कार्य परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया था। जो उनके ज्ञान, अनुभव और शैक्षणिक योगदान का प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रो. डॉ. विजय प्रताप उपाध्याय के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व मंत्री डॉ. सतीशचंद्र द्विवेदी, पूर्व विधायक प्रो. सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, प्रो. अवधेश तिवारी, प्रो. अजय मिश्र, डॉ. रवींद्र उपाध्याय,किशोर तिवारी, डॉ. दर्शना श्रीवास्तव,मिश्र,लाल श्रीवास्तव, पंचानंद निषाद, जे.एस. चतुर्वेदी, अशोक पाण्डेय, मिथिलेश पांडेय, सुधीर पांडेय, संतोष उपाध्याय सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

## जिले में नकली गुटखा का गोरखधंधा जोरों पर

ललितपुर। जिले में नकली गुटखा मंगाने वालों का गोरखधंधा जोरों पर है। सुप्रीमकोर्ट द्वारा प्रतिबंधित जरदा युक्त गुटखा खुलेआम बाजारों में प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर बेचा जा रहा है और आम लोगों की जिन्दगी से खिलबाड़ किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि जिले में टैक्स बचाने के चक्कर में चोरी छिपे बिना प्रपत्र या एक ही प्रपत्र पर कई बार गुटखा माल मंगाने का कारोबार भी खूब चल रहा है। जिससे शासन को हर माह करोड़ों रुपयों की टैक्स की चपत लग रही है। जनपद में एक दर्जन से अधिक प्रकार की कम्पनी के जर्दा और गुटखा और पान मसाला बिक रहा है। सूत्रों का यह भी कहना है कि जिले के अधिकांश गुटखा झांसी, मऊरानीपुर व कानपुर से मंगाया जाता है। जबकि कई कम्पनियों के गुटखा मध्य प्रदेश के शहरों से भी मंगाए हैं। जिले में वर्तमान में प्रतिष्ठित कम्पनियों के पान मसाला बेचा जा रहा है। हालांकि इन सभी पान मसाला पाउच के साथ तम्बाकू के अलग पाउच भी दिया जा रहा है, जो लोग खुलेआम पान मसाला के साथ तम्बाकू मिक्स करके खा रहे हैं।

## जरूरतमंदों को मिला सहारा



**सीतापुर।** सनातन आस्था के प्रमुख तीर्थ नैमिषारण्य स्थित वेदव्यास धाम में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर निराश्रित, गरीब एवं दिव्यांग लोगों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन व्यास पीठाधीश अनिल कुमार शास्त्री के सुपुत्र एवं कथा व्यास रंजीत शास्त्री के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने स्वयं बुजुर्गों व जरूरतमंदों को कंबल भेंट कर सेवा कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर रंजीत शास्त्री ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व सनातन धर्म में अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। इस दिन अन्न, धन और वस्त्र का दान करने से व्यक्ति को समस्त शुभ फलों की प्राप्ति होती है तथा उसका यश सूर्य के समान सदैव प्रकाशमान रहता है। उन्होंने कहा कि नैमिषारण्य ऋषि-मुनियों की तपोभूमि रही है और यहां सेवा व दान का विशेष महत्व है। कार्यक्रम के दौरान वेदव्यास धाम के प्रबंधक कपिल शास्त्री, श्री व्यास पीठाधीश के प्रतिनिधि राज दीक्षित, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, गौरव रघुवंशी सहित अनेक श्रद्धालु व सेवाभावी लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

## छेड़छाड़ का आरोप, आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**सीतापुर।** हरगांव थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने महेंद्र उर्फ गुज्जर पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम कुंवरपुर कटका के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के पिता ने बताया कि उनकी बेटी गांव में अपने बाबा के साथ रहती है, जबकि वे दोनों हिमाचल प्रदेश में मजदूरी करते हैं। घटना की जानकारी मिलने पर वे तत्काल घर लौटे और थाने में शिकायत दर्ज कराई। अपराध निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि साक्ष्यों के आधार पर दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पीड़िता और उसके परिजनों से बयान दर्ज कर आवश्यक कदम उठा रही है।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**सीतापुर।** हरगांव थाना क्षेत्र के गुरधपा गांव में चीमा मार्केट के पास बुधवार देर रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। नगर पंचायत के मोहल्ला जहांगीराबाद, हाल पता बद्री फार्म मोहल्ला लछिमन नगर निवासी अजय तिवारी (25) किसी कार्य से अबगांवा गांव गए थे, जो हरगांवद्दतेली मार्ग पर स्थित है। देर रात घर लौटते समय ग्राम गुरधपा के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एंबुलेंस से अजय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। अस्पताल से सूचना मिलने पर हरगांव पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीतापुर भेज दिया। अपराध निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकरायी, तीन घायल

**सीतापुर।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को सीतापुरद्दलखीमपुर मार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लखीमपुर जनपद के गोला कस्बा निवासी शर्जन शुक्ला अपने परिवार के साथ लखनऊ जा रहे थे। पीरपुर गांव के सामने मिश्रा ढाबा के पास अचानक कार नियंत्रण खो बैठी और सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ी। हादसे में शर्जन शुक्ला (33), उनकी पत्नी नेहा मिश्रा (30) और साला अक्षत (17) घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को निजी वाहन से जिला अस्पताल भिजवाया। कोतवाली देहात इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि कार अनियंत्रित होने से दुर्घटना हुई है और घायलों का उपचार कराया जा रहा है।

# किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा: शिवपाल यादव



**सीतापुर।** लहरपुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व सांसद एवं अमर शहीद किसान नेता स्वर्गीय हरगोविंद वर्मा की 38वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किसान गोष्ठी में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज देश दो पूंजीपतियों के इशारों पर चल रहा है और भाजपा सरकार संविधान को नहीं मानती, बल्कि विपक्ष को समाप्त करने की साजिश कर रही है। शिवपाल यादव ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। खाद-बीज के लिए किसान दर-दर भटक रहा है, लेकिन सरकार को किसानों की पीड़ा से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों की सरकार बनने पर ही स्वर्गीय हरगोविंद वर्मा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को आगामी विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में सांसद आनंद भदौरिया, पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा, रामपाल राजवंशी, एमएलसी जास्मीर अंसारी, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, विधायक अनिल वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान और कार्यकर्ता मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत मायावती का राजनीतिक अस्तित्व लगभग समाप्त शिवपाल यादव किसान गोष्ठी के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए शिवपाल यादव ने बसपा सुप्रीमो मायावती और भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मायावती का राजनीतिक अस्तित्व लगभग समाप्त हो चुका है। पिछले चुनावों में बसपा की स्थिति किसी से छिपी नहीं है और जनता जानती है कि उनके पास अब कितने सांसद और विधायक बचे हैं। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत समाजवादी पार्टी आज संसद में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के रूप में उभरी है और जनता का भरोसा तेजी से सपा की ओर बढ़ रहा है।

शिवपाल यादव ने भाजपा पर ब्राह्मण समाज के जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सम्मान न मिलने के कारण भाजपा के ब्राह्मण विधायक सम्मेलन और बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे सभी नेताओं को समाजवादी पार्टी में आने का न्योता देते हुए कहा कि सपा में उन्हें पूरा सम्मान और जिम्मेदारी दी जाएगी। साथ ही भाजपा को देश और प्रदेश की सबसे भ्रष्ट सरकार बताया।

**जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत**

लहरपुर जाते समय शिवपाल यादव का कुवरपुर, अटरिया, सिधौली, जलालपुर सहित दो दर्जन से अधिक स्थानों पर सपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। कमलापुर कस्बे में युवजन सभा के जिलाध्यक्ष संदीप कश्यप के नेतृत्व में उनका भव्य अभिनंदन किया गया। इस दौरान शिवपाल यादव ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि भ्रष्ट सरकारों को हटाने के लिए अभी से संघर्ष की तैयारी करनी होगी और आम जनता को न्याय दिलाने के लिए सड़क से सदन तक लड़ाई लड़नी होगी।

स्वागत कार्यक्रम में संजय चैधरी, डा. असलम, मो. आजाद, कमलेश रावत सहित दो सौ से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कब्रिस्तान की भूमि पर बनी दुकानों को खाली कराने का आदेश

सीतापुर। सरकारी व कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने की मुहिम से कस्बे में हड़कंप मच गया है। इसी क्रम में कस्बे के बाबा बुढ़ानदीन मजार स्थित कब्रिस्तान की भूमि पर बनी दुकानों को खाली कराने का आदेश जारी किया गया है। बुधवार को तहसील व पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और दुकानदारों को एक सप्ताह के भीतर दुकानें खाली करने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय लेखपाल बृजेन्द्र वर्मा ने बताया कि कब्रिस्तान की भूमि पर दुकानें बनाकर निजी कारोबार करना अवैध है, इसलिए न्यायालय के आदेश के अनुपालन में यह कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इन दुकानों का किराया मदरसा जियाउल उलूम की इंतजामिया कमेटी द्वारा लिया जा रहा था, जिस पर पूर्व में भी न्यायालय की ओर से नोटिस जारी किया जा चुका है। प्रशासनिक सख्ती के बाद कई वर्षों से दुकानदारी कर रहे दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई है और कुछ ने अपनी दुकानें खाली करना भी शुरू कर दिया है। मामले को लेकर कस्बे में तरह-तरह की चचाएं चल रही हैं।

## सेना दिवस पर देशभक्ति रैली का सफल आयोजन



**फतेहपुर** । सेना दिवस के अवसर पर वीरांगना स्पोर्ट एकेडमी आर्मी ट्रेनिंग सेंटर की ओर से पूरे शहर में भव्य देशभक्ति रैली का आयोजन किया गया देशभक्ति के नारों और संदेशों से सजी यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें राष्ट्रप्रेम और भारतीय सेना के प्रति सम्मान का संदेश दिया गया रैली में वीरांगना स्पोर्ट एकेडमी के साथ-साथ उसकी दूसरी शाखा दूजी देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज के कैडेट्स ने अनुशासन और जोश के साथ भाग लिया। कैडेट्स हाथों में तिरंगा लिए द्ध भारत माता की जयद्ध और द्धसेना के सम्मान मेंद्ध जैसे नारों के साथ आगे बढ़ते नजर आए रैली को सागर ग्रुप के चेयरमैन अशोक मौर्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर वीरांगना स्पोर्ट एकेडमी के चेयरमैन अभिनेष मौर्य ने कहा कि सेना दिवस पर आयोजित यह रैली युवाओं को देश सेवा, अनुशासन और बलिदान की भावना से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है।उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा में तैनात जवानों के प्रति सम्मान प्रकट करना और नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जागृत करना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।इसके लिए उनकी संस्था लगातार काम कर रही है बच्चों को सेना हेतु निःशुल्क फिजिकल ट्रेनिंग दी जाती है।देशभक्ति रैली को लेकर कैडेट्स के साथ-साथ शहरवासियों में भी खासा उत्साह देखने को मिला और लोगों ने जगह-जगह रैली का स्वागत कर भारतीय सेना के शौर्य को नमन किया।

## श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण बना वार्षिक खिचड़ी भोज कार्यक्रम

**फतेहपुर।** फतेहपुर के सिद्ध पीठ तांबेश्वर मंदिर में पावर ग्रिड फतेहपुर की सुरक्षा में तैनात पूर्व सैनिकों द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन एक सराहनीय परंपरा है। यह कार्यक्रम लगातार कई वर्षों से चला आ रहा है, जिसमें सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में खिचड़ी वितरित की जाती है।आयोजन विवरणकार्यक्रम का आयोजन एसएस पांडे, रामेश्वर सिंह, जगनंदन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, संजय सिंह, एके दीक्षित, विजय कुमार, राजू कुमार, राजेंद्र सिंह सहित पावर ग्रिड कर्मचारियों ने किया। यह भोज मंदिर आने वाले भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहता है। तांबेश्वर मंदिर फतेहपुर का प्रसिद्ध शिव धाम है, जहां तांबे का शिवलिंग विराजमान है ।मंदिर का महत्वतांबेश्वर सिद्ध पीठ उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में स्थित है, जो मुगल रोड पर डाकबंगला के पास है। महाशिवरात्रि पर यहां लाखों श्रद्धालु एकत्र होते हैं। ऐतिहासिक कथाओं के अनुसार, यहां दर्शन से कैदियों की सजाएं भी माफ हो जाती थीं ।परंपरा की निरंतरतायह खिचड़ी भोज पूर्व सैनिकों की सामाजिक सेवा का प्रतीक है, जो मंदिर की सुरक्षा के साथ भक्तों की भूख मिटाने का कार्य करते हैं।

## पूर्व सांसद ने ग्रामीणों के साथ मकर संक्रान्ति पर्व मनाया



**उन्नाव।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने औरास क्षेत्र के गोपाल खेड़ा गांव पहुंचकर ग्रामीणों के साथ पर्व को सेवा, दान और सद्भावना के रूप में मनाया। इस अवसर पर उन्होंने जरूरतमंद ग्रामीणों को खिचड़ी, कंबल एवं अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री का वितरण कर पर्व की खुशियां साझा कीं। अन्नू टंडन ने मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व दान, सेवा, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। मकर संक्रांति हमें यह संदेश देती है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहयोग और संवेदना पहुंचे, यही इस पर्व का वास्तविक उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों के साथ पर्व मनाने से ही त्योहार की सच्ची सार्थकता सिद्ध होती है। सेवा भाव ही सच्ची पूजा है और यही हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान है। उल्लेखनीय है कि अन्नू टंडन विगत 26 वर्षों से लगातार मकर संक्रांति पर्व उन्नाव जनपद के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों के साथ मनाती आ रही हैं तथा प्रत्येक वर्ष दान एवं सेवा कार्यों के माध्यम से सामाजिक दायित्व का निर्वहन करती हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों नन्हक्के रावत, बिलासा रावत, बाबूलाल रावत, कामता पासवान, उमेश गौतम, बजरंग कुरील, गोविंद कुरील, रमेश यादव सहित अन्य लोगों ने अन्नू टंडन के निरंतर सेवा भाव के लिए आभार व्यक्त किया और मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अनूप मेहरोत्रा, विवेक शुक्ला, अशोक सिंह गुड्डू, संतराम, सोमेंद्र सिंह, सर्वेश पाल, सुशील रावत, राजबहादुर, रामकुमार मौर्य, नरेंद्र पाल, नरेंद्र गौतम, हृदय श्रीवास्तव, संजय निगम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## विवाहिता की मौत, पिता ने ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या का आरोप

**सीतापुर।** थाना क्षेत्र रेउसा के ग्राम मानपुर में बृहस्पतिवार सुबह विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीतापुर भेज दिया है। मृतका की पहचान मोनी (25) पत्नी अनुराग अवस्थी के रूप में हुई है। पति अनुराग अवस्थी का कहना है कि दो वर्ष पूर्व लखनऊ में छत से गिरने के कारण मोनी के दोनों पैर टूट गए थे। इलाज के दौरान उसकी हालत बिगड़ती गई और करीब बीस दिन पूर्व एक पैर काटना पड़ा था। लंबे समय से उपचार चल रहा था। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं मृतका के पिता देवी शंकर मिश्र पुत्र भग्गू निवासी रमुवापुर कालिकासिंह थाना रेउसा ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने तीन वर्ष पूर्व बेटी की शादी अनुराग अवस्थी से की थी। लेकिन शादी के चार माह बाद से ही दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि पति ने ही मोनी को छत से नीचे गिरा दिया था, जिससे उसके पैर टूटे थे और इसकी शिकायत पूर्व में थाने में की गई थी। इलाज के बाद उन्होंने 22 दिन पूर्व बेटी को ससुराल भेजा था। मौत की खबर मिलने पर मायके पक्ष ने 112 पर सूचना दी। थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिले के पहले वृहद गौ संरक्षण केंद्र का भूमि व नींव पूजन समारोह हुआ सम्पन्न



**सीतापुर।** मकर संक्रांति की सुबह हरदी गांव में जैसे आस्था और उम्मीदों का सैलाब उमड़ पड़ा। ढोल-नगाड़ों की गूंज, वैदिक मंत्रों की ध्वनि और द्धगौमाता की जयद्ध के नारों के बीच विकासखण्ड कसमण्डा की ग्राम पंचायत हरदी में जिले के पहले वृहद गौ संरक्षण केंद्र का भूमि व नींव पूजन समारोह भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। पं. बिनय शास्त्री एवं अर्पित शास्त्री ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा कराई और पूरे गांव को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र मिश्र तथा गौ सेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेगर उपस्थित रहे। जन संवाद की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा ने की। ग्राम प्रधान प्रमोद जायसवाल ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। अपने ओजस्वी संबोधन में श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि गाय केवल पशु नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है।

उन्होंने गांव के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि गाय का जीवन मानव को जन्म से लेकर मृत्यु तक दिशा देता है और गौमूत्र के औषधीय गुणों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। गिरीश चन्द्र मिश्र ने इस गौशाला को क्षेत्र की ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए प्रत्येक परिवार से कम से कम एक गाय पालने की अपील की। राजेश सिंह सेगर ने गौसेवा को समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि यह केंद्र आने वाली पीढ़ियों के लिए मिसाल बनेगा। 15 बीघा भूमि में बनने वाली यह गौशाला लगभग 1 करोड़ 22 लाख 55 हजार रुपये की लागत से तैयार होगी, । कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य दीपक शुक्ला, महोली प्रधान धर्मेन्द्र सिंह, गुप्तार जायसवाल, सुभाष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे। हरदी की धरती पर उस दिन केवल नींव नहीं पड़ी, बल्कि गौसेवा के एक नए युग की शुरूआत हुई, जिसे सीतापुर हमेशा गर्व से याद करेगा।

## मां भगवती का संगीतमय जागरण संपन्न, भक्ति की धारा में बहे श्रोता



**फतेहपुर चैरासी, उन्नाव।** मोहल्ला गांधी नगर स्थित शिव कृपा धाम के राम दरबार हनुमान गढ़ी मंदिर परिसर में मां भगवती के संगीतमय जागरण का भव्य आयोजन किया गया। जागरण में देर रात तक श्रद्धालु देवी भजनों पर नाचते-गाते और झूमते नजर आए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नगर निवासी पवन पाण्डेय उर्फ नातेदार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कानपुर से आई रवी नादान जागरण पार्टी के कलाकारों ने पूजन-अर्चन के पश्चात भजनों की श्रृंखला प्रारंभ की, जो रात भर चलती रही। भजन गायक हितेश मिश्रा ने द्धसुन लो कन्हैया ये अर्जी हमारी, तारो न तारो मर्जी तुम्हारीद्ध जैसे भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं मानवी तिवारी ने द्धबड़े प्यारे हैं मेरे सरकार सांवरेद्ध, द्धदिल न लगेद्ध और द्धशेर पे सवार होके आई शेरावालीद्ध जैसी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। गायिका प्रिंसी ने द्धकाली कमली वाला मेरा यार हैद्ध और द्धएक बार वृंदावन जाकर तो देखोद्ध जैसे भक्ति गीतों से समां बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान रूद्र इंटरनेशनल ग्रुप द्वारा सुदामा-कृष्ण मिलन की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। जागरण का समापन प्रातः आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। आयोजक पवन पाण्डेय ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं एवं कलाकारों का आभार व्यक्त किया।

# आजादी के महानायक की स्मृति में खिचड़ी भोज का आयोजन



**पाटन, उन्नाव।** तहसील बीघापुर क्षेत्र के बैसवारा नरेश 1857 क्रांति के महानायक अमर क्रान्तिकारी आजादी के महानायक अमर शहीद राजा राव राम बक्श सिंह की स्मृति मे आयोजित विराट भव्य खिचड़ी भोज एवं कंबल वितरण कार्यक्रम मे पहुंचे समाजसेवी पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सेवा के भाव से क्षेत्र के लोगो का आशीर्वाद हमें भरपूर मिल रहा है। खिचडी भोज के माध्यम से हम सभी लोग एकजुट होकर आपसी समरसता का परिचय दे रहे है। पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा राजा राव राम बक्श सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया, समिति के अध्यक्ष मुन्ना सिंह अवधूत ने चांदी का मुकुट, राजा साहब की प्रतिमा, तलवार आदि भेंट की। आयोजित भव्य कार्यक्रम मे पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा लगभग हजार से अधिक लोगों को कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर खिचडी भोज का आयोजन किया गया। जो देर शाम तक अनवरत चलता रहा। इस मौके पर मुख्य रूप से बैसवारा कल्याण समिति के अध्यक्ष मुन्ना सिंह अवधूत, हरिओम सिंह, कमल बहादुर सिंह, राणा बेनी माधव समिति के राघवेंद्र प्रताप सिंह व महामंत्री गोलू सिंह अखिलेश वैरागी, सगुन सिंह, पंकज सिंह, आर के सिंह मामाजी, बीरेंद्र फौजी, श्याम सिंह प्रधान प्रतिनिधि, दीपिका सिंह राना, कृष्णा लोधी, प्रियंका, विजेता, प्रिया सिंह आदि मौजूद रहे।

## मार्ग के कटान का स्थानीय विधायक ने निरीक्षण किया, प्रस्ताव शासन को भेजा

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। विधायक श्रीकांत कटियार ने गुरुवार को एसडीएम बांगरमऊ बृजमोहन शुक्ल व लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अक्षय कुमार, अवर अभियंता विनय कुमार के साथ शिवराजपुर काली मिट्टी मार्ग पर बाढ़ के दौरान हुए कटान स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान कटान की गंभीर समस्या के समाधान को लेकर अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अक्षय कुमार ने बताया कि कटान प्रभावित क्षेत्र में वैकल्पिक मार्ग निर्माण के लिए लगभग दो करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। धनराशि स्वीकृत होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कटरी क्षेत्र के निवासियों ने विधायक को अवगत कराया कि गंगा की मुख्य धारा को बहाल किए बिना भविष्य में कटान की समस्या से स्थायी निजात संभव नहीं है। इस बीच फलाहारी बाबा एवं संजीव त्रिवेदी के नेतृत्व में कटरी वासियों ने कटान स्थल पर द्धकटरी बचाओ, बुद्धि शुद्धि हवनद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसके उपरांत आसपास के गांवों में पैदल जुलूस भी निकाला गया। विधायक श्रीकांत कटियार ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि कटान स्थल पर शीघ्र ही मार्ग निर्माण कराकर आवागमन की सुविधा बहाल की जाएगी। इस अवसर पर सरोज सिंह चैहान, प्रधान लक्ष्मी नारायण, विजय कुमार, रोशन सहित आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने बीएलओ के साथ समीक्षा बैठक की




जिला संवाददाता

**पुरवा, उन्नाव।** पुरवा तहसील सभागार में विधानसभा क्षेत्र 167-पुरवा के सभी बूथ लेवल ऑफिसरों (बीएलओ) की समीक्षा बैठक उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम ने मतदाता सूची के अद्यतन कार्यों को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि फार्म-6 अधिक से अधिक संख्या में भरवाना सुनिश्चित किया जाए, विशेषकर ऐसे युवक-युवतियों के जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सके। उन्होंने नवविवाहित महिलाओं के नाम जोड़ने पर भी विशेष जोर दिया। एसडीएम ने बताया कि आगामी 18 जनवरी को सभी बीएलओ बूथों पर बैठकर विशेष अभियान चलाएं और नए मतदाताओं के नाम सूची में शामिल कराएं। इसके साथ ही जिन मतदाताओं की फोटो स्पष्ट नहीं है, उनकी नवीन फोटो अपलोड कराने तथा जारी की जाने वाली नोटिसों की विधिवत तामील सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में तहसीलदार मनीष द्विवेदी, नायब तहसीलदार कृष्णानंद बाजपेई सहित सभी बीएलओ मौजूद रहे।

# एसपी ने किया नये कार्यालय का लोकार्पण




**सीतापुर।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर तंबौर थाना परिसर में थाना प्रभारी बृजेश राय के नेतृत्व में समरसता खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिले के पुलिस कप्तान अंकुर अग्रवाल ने थाने में नवनिर्मित थाना प्रभारी कार्यालय का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने परिसर में दो पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। खिचड़ी भोज में आसपास के गांवों के प्रधान, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों के साथ जिले के विभिन्न थानों के प्रभारी भी शामिल हुए और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर पुलिस कप्तान अंकुर अग्रवाल ने कहा कि जिले के सभी थानों में आवश्यक सुविधाएं लगातार बढ़ाई जा रही हैं, जिससे पुलिसकर्मियों के साथ-साथ आम जनता को भी बेहतर सेवाएं मिल सकें। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी आलोक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लहरपुर ब्रजेश कुमार यादव, पूर्व प्रमुख अनुपम वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज कुमार वर्मा, जय कुमार वर्मा, राजकिशोर कनौजिया, ज्ञानेन्द्र वर्मा सहित कस्बे के अनेक गणमान्य लोग व कई थानों के थाना प्रभारी मौजूद रहे। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा।

## जनगणना से ही देश-प्रदेश का होगा समुचित विकासः सांसद राकेश राठौर



**सीतापुर।** सेवता विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सेल्हवा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद राकेश राठौर ने केंद्र व प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जब तक जातिगत जनगणना नहीं होगी, तब तक विकास की असल तस्वीर सामने नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के विकास के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि हर वर्ग की वास्तविक स्थिति सामने आए, तभी योजनाएं सही दिशा में लागू हो सकेंगी। सांसद ने उपस्थित जनसमूह को सत्ता परिवर्तन का मंत्र देते हुए आगामी 24 जनवरी को रेउसा में होने वाले द्धसंविधान बचाओ संवादद्ध कार्यक्रम में भारी संख्या में पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा आज सबसे बड़ा मुद्दा बन चुका है और इसके लिए जनता को एकजुट होना होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. बृज बिहारी ने कहा कि जब तक युवाओं को रोजगार नहीं मिलेगा, तब तक विकास की बातें खोखली रहेंगी। चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ. आर.पी. वर्मा ने सरकार की नीतियों को विफल बताया। अनुप्रिया वर्मा ने महिलाओं से राजनीति में आगे आने का आह्वान किया। आयोजक जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि रिजवान अहमद ने कहा कि व्यापारी, किसान, छात्र और नौजवान सभी परेशान हैं। सरकार के पास कोई ठोस नीति नहीं है। कार्यक्रम में राकेश कठेरिया, उमेश यादव, स्वालेह खान, शिवा शुक्ला, राजेंद्र गौतम, तमशील खान, कुद्दूस खान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



**हिलौली, उन्नाव।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का जन्मदिन लादखेड़ा अहेसा गांव में उनके समर्थकों द्वारा उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मायावती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनके दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना के साथ हुई। इसके पश्चात उपस्थित लोगों को मिष्ठान वितरित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक दीपक कुमार गौतम ने कहा कि बहन मायावती का सुशासन आज भी जनता को याद है। उनके शासनकाल में गुंडे-माफिया और भ्रष्ट अधिकारी भयभीत रहते थे तथा कानून-व्यवस्था की मिसाल कायम हुई थी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत प्रत्याशी रामबाबू लोधी ने मायावती के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके शासनकाल की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मायावती ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और सम्मान पहुंचाने का कार्य किया। वहीं प्रधान प्रतिनिधि रविशंकर रावत ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उनके सामाजिक न्याय के संघर्ष को याद किया। इस अवसर पर रामचंद्र मदलाली रावत, अर्जुन लोधी, रमन सिंह, सुरेंद्र रावत, किशोर लोधी, राधेलाल लोधी, डॉ. छोटू, गुड्डू लोधी, महेश पासी, प्रकाश लोधी, मास्टर सर्वेश रावत सहित बड़ी संख्या में समर्थक एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

संक्षेप

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

**ललितपुर।** थाना तालबेहट पुलिस ने पंजीकृत मु.अ.सं. 441/2025 धारा 87, 137(2), 64(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित थाना बार के ग्राम बरौदाडांग निवासी दीपचन्द्र कुशवाहा पुत्र लक्ष्मन कुशवाहा को हिरासत में लिया गया है।

दुष्कर्मी को पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्र.नि. तालबेहट मनोज मिश्रा, व.उ.नि. दयाशंकर सिंह, उ.नि.दिग्विजय सिंह, म.कां.ज्योति आदि शामिल रहे।

## दहेज के लिए महिला को पीटा

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी के ग्राम जरया में रहने वाली पूजा पत्नी पुष्पेन्द्र अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 14 जनवरी को 11 से शाम 5 बजे तक उसके साथ घटना हुयी। घटना को लेकर उसने बताया कि उसका पति पुष्पेन्द्र पुत्र चन्द्रभान शराब पिये हुये था और उसे गालियां देते हुये दहेज में कुछ न देने की बात कहने लगा। जब उसने अपने पिता द्वारा सामर्थ्य अनुसार दान दहेज दिये जाने की बात कही तो पुष्पेन्द्र ने विरोध किया तो सास पुख्खन, ससुर चन्द्रभान, अनूपे अहिरवार ने उसके साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी को 6 साल हो गये हैं। घटना की सूचना उसने अपने भाई अभय को दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति, सास व ससुर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3), 85 व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, केस दर्ज

ललितपुर। तहसील तालबेहट के ग्राम तेरई निवासी कमला पत्नी कोमल कुशवाहा ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि उसका 18 वर्षीय पुत्र धीरज कुशवाहा 21 दिसम्बर की रात में ललितपुर से अपनी मोटर साइकिल नम्बर यू.पी.94 ए.ई. 5441 से आ रहा था।

तभी तेरई फाटक के पहले मालवा ढ़ाबा के पास पहुंचा ही था कि रात करीब 9.57 बजे किसी अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पुत्र धीरज की मौके पर ही मौत हो गयी।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 106 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# मण्डलायुक्त ने किया ओवरब्रिज का निरीक्षण

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** आमजन की सुविधा, यातायात सुरक्षा तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विगत दिनों मंडलायुक्त झांसी मंडल विमल कुमार दुबे ने प्रदेश के राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के साथ एनएचएआई झांसी द्वारा एन.एच. 44 पर कैलगुवा रोड पर निर्मित ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने अपने विगत निरीक्षण के दौरान ललितपुर की जनता से वादा

- एनएच 44 पर कैलगुवां ओवरब्रिज की एक लेन का कार्य हुआ पूर्णः कमिश्नर
- आगामी दिनों में आमजन के लिए ओवरब्रिज का होगा संचालन, जाम की समस्या से मिलेगी निजात
- निरीक्षण के समय राज्यमंत्री, सदर विधायक, डीएम व एसपी रहे मौजूद

किया था कि वह 15 जनवरी को पुनः ललितपुर आएंगे और ओवरब्रिज के निर्माण कार्य व संचालन को देखेंगे, इसके लिए उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को भी सख्त निर्देश दिए थे कि 15 जनवरी तक पुल के संचालन हेतु 24-7 कार्य करें, जिसके फलस्वरुप आज 15 जनवरी को उन्होंने अपना वादा पूरा किया और ओवरब्रिज का कार्य अपने अंतिम चरण में है।

मण्डलायुक्त ने कहा कि आगामी कुछ ही दिनों में ओवरब्रिज पूरी तरह से तैयार हो जाएगा और जनता की सेवा के लिए समर्पित हो जाएगा। इसके लिए उन्होंने जनपद के जनप्रतिनिधियों के प्रयासों वी एनएचएआई के अधिकारियों की दिन-रात की गई मेहनत की सराहना की। राज्यमंत्री ने कहा कि यह ओवरब्रिज काफी समय से अधूरा था, जिससे जिले में यातायात की समस्या उत्पन्न हो गई थी, जनता की समस्याओं का संज्ञान लेकर एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया गया गया कि वे निर्धारित समय में इस काम को पूरा करें, जिससे यातायात की समस्या दूर हो सके। अधिकारियों की मेहनत का नतीजा है कि आज यह ओवरब्रिज पूरा होने जा रहा है।

सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि पूर्व में ओवरब्रिज की धीमी प्रगति के कारण मंडलायुक्त ने और फिर हमने जिलाधिकारी के साथ यहां का निरीक्षण किया था, अधिकारियों को चेतावनी भी दी थी, जिसकी परिणिति यह रही कि आगामी दिनों में इस पर वाहन चलना शुरू हो जाएंगे। यह ललितपुर के लिए बहुत बड़ी उपलब्धी होगी। इसके और शहजाद नदी के पुल के बन जाने से ललितपुर में जाम की समस्या पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि आज ओवरब्रिज के एक लेन का कार्य पूरा हो चुका है, आगामी दो से तीन दिनों में इसे ट्रैफिक के लिए खोल दिया जाएगा और जल्द ही दूसरी लेन का भी कार्य पूर्ण हो जायेगा।

जनप्रतिनिधिगणों और मंडलायुक्त के विशेष प्रयास से यह संभव हो सका है। इस दौरान एसपी मो.मुश्ताक, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, एनएचएआई के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुरआन पाक हिफ़्ज करने वाले बच्चों को दस्तारबंदी कर हाफिज की उपाधि से नवाजा

जिला संवाददाता ( vol )



**नगीना, बिजनौर।** मदरसा फैजुल कुरआन में आयोजित एक समारोह के ग्यारह बच्चों के मुक्कमल कुरआन पाक हिफ़्ज करने पर उनकी दस्तारबंदी के बाद हाफिज की उपाधि से नवाजा गया। अंत में मेहमाने खुसुसी इमाम जामा मस्जिद मुफ्ती मोहम्मद उवैस अकरम ने मुल्क और मिल्लत की तरक्की के लिए दुआ कराई। नगर के मुहल्ला काजी सराय स्थित मदरसा फैजुल कुरआन में गुरुवार को आयोजित समारोह की सदारत मास्टर एहसानुदीन फारूकी ने की जबकि निजामत मुफ्ती मुहम्मद इलियास ने की, शाफे आलम की तिलावतें कलामें पाक से समारोह का आगाज हुआ, जबकि मुहम्मद आरिश ने बरगाहें रिसालत में नाते पाक का हदिया पेश किया। मेहमानें खुसूसी इमाम मस्जिद सल्लाह वाली मुफ्ती मुशाहिद ने कलामें पाक की अजमत को बयान करते हुए कहा कि हाफिज कुरआन होना एक बड़ी अजमत वाली बात है, कल कयामत के दिन इन्हीं हाफिज के सर पर बेहद खूबसूरत ताज होगा और यही हाफिज अपने खानदान के लोगों की मगफिरत का जरिया बनेंगे। इस मौके पर कुरआन हिफ्ज करने वाले फरमान अंसारी, मुहम्मद मुनीर, मुहम्मद जर्रार, मुहम्मद अल्तमश, मुहम्मद उमेर, अब्दुल रहमान, मुहम्मद जुबैर, मुहम्मद गुलफाम, मुहम्मद उस्मान, हमीम फारूक, मोहम्मद जीशान के कलामें पाक का मुकम्मल हिफ्ज करने पर उनको सब के सरों पर पगड़ी बांधकर उनकी दस्तारबंदी की गई और उन्हें हाफिज की उपाधि से नवाजा गया। साथ ही राब्ता ए मदारिस अरबिया दारुल उलूम देवबंद की ओर से चार बच्चों को इनाम से नवाजा गया, जिनमें मुहम्मद फारूक अव्वल, मुहम्मद जीशान दोयम, मुहम्मद काशिफ और मुहम्मद हम्माद सोयम नंबर पर रहे। मुहम्मद शायान, मुहम्मद उस्मान, मुहम्मद अल कमर, मुहम्मद गुलफाम, मुहम्मद जर्रार, अब्दुल हन्नान, मुहम्मद अम्मार, मुहम्मद इमरान आदि ने विभिन्न दीनी विषयों पर अपनी अपनी तकरीर पेश की। इस मौके पर इमाम जामा मस्जिद मुफ्ती मोहम्मद उवैस अकरम, मौलाना अब्दुल कादिर, मुफ्ती नबील अहमद रशीदी, मुहम्मद कफील अहमद मुजाहीरी, मौलाना अब्दुल बाकी, हाफिज रफीक अहमद, मुफ्ती फहीम अहमद, मुफ्ती बिलाल अहमद, मौलवी कमरुद्दीन, मुफ्ती कमर आलम, हाफिज करीमुद्दीन, मौलाना वारिस, मौलवी अतिकुर्रमान कासमी, कारी हुसैन अहमद, हाफिज नासिर, मास्टर सरफराज अहमद, मास्टर मुहम्मद अनस, मास्टर इस्लाम अख्तर, मास्टर साबिर, हाफिज अहसान, हाफिज मुहम्मद आरिफ, अब्दुल वहाब, , नजाकत अली, मुहम्मद हारून, हाफिज जलील, हाजी तंजील आलम, महताब आलम, पत्रकार शहजाद अंसारी आदि मौजूद रहे। अंत में मेहमाने खुसुसी इमाम जामा मस्जिद मुफ्ती मोहम्मद उवैस अकरम ने मुल्क और मिल्लत की तरक्की के लिए दुआ कराई।

## हत्या के अभियुक्त को कोर्ट ने सुनाई 10 वर्ष कारावास और 25 हजार अर्थदण्ड की सजा

जिला संवाददाता ( vol )



**बिजनौर।** अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश नगीना अनुपम सिंह ने हत्या के मामले में आरोपी को 10 वर्ष कारावास व 25 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता क्षितिज अग्रवाल की जोरदार दलील एंव आरक्षी विपिन कुमार (पैरोकार) द्वारा समय से की प्रभावी पैरवी के चलते मात्र पांच साल में अभियुक्त को सजा का ऐलान हुआ है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के आदेश पर ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पूरे जनपद में अपराधी को सजा दिलाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी पैरवी की जा रही है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता क्षितिज अग्रवाल के अनुसार 24 नवम्बर 2020 को वादी सुनील कुमार पुत्र गंगाराम निवासी ग्राम कोटकादर थाना नगीना देहात जनपद बिजनौर ने थाना नगीना देहात पर तहरीर दी कि अभियुक्तगण मलखान पुत्र किशन, बिन्टू पुत्र गोविन्द, जैकी पुत्र अनोस निवासीगण ग्राम कोटकादर थाना नगीना देहात द्वारा उसके पिता के साथ मारपीट की गयी, जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गये तथा उपचार के दौरान हॉस्पिटल में उनकी मृत्यु हो गयी। वादी की तहरीर पर थाना नगीना देहात पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 304 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाही शुरू की। विवेचना के बाद विवेचक निरीक्षक सत्येंद्र कुमार द्वारा न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता क्षितिज अग्रवाल द्वारा कोर्ट में दी गई जोरदार दलील एंव आरक्षी विपिन कुमार (पैरोकार) द्वारा की प्रभावी पैरवी एंव साक्ष्यों के आधार पर अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश नगीना अनुपम सिंह ने अभियुक्त मलखान को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 25 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता क्षितिज अग्रवाल द्वारा कोर्ट में दी गई जोरदार दलील एंव आरक्षी विपिन कुमार (पैरोकार) द्वारा समय से की गई प्रभावी पैरवी के चलते मात्र पांच साल में अभियुक्त को सजा एंव पीडित परिवार को न्यायालय से इंसाफ मिला है।

## महर्षि वेदव्यास के जन्म स्थल पर सांस्कृतिक महोत्सव

जिला संवाददाता



**बांदा।** महर्षि वेदव्यास की जन्मस्थली वसुधरी लसड़ां में आयोजित मेला व सांस्कृतिक महोत्सव के दूसरे दिन महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति यहां पहुंचीं।

- सनातन संस्कृति को मजबूत करने का आह्वान

उन्होने भारत सरकार के आयोजित महोत्सव में महर्षि वेदव्यास के जीवन चरित्र पर आधारित आशीर्वचन प्रदान किए। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद की प्रशंसा करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति के लिए पौराणिक जन्मस्थली को विकसित करने में जो मदद की वह ऐतिहासिक है। पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री ने रामायण की सुन्दर चैपाई से सौहार्द और सानातन संस्कृति को मजबूत करने का आह्वान किया। संत समाज से निरंकारी अखाड़े के महामंडलेश्वर मधुरम शरण शिवा की अगुवाई में दर्जनों सशस्त्र सन्यासियों की उपस्थिति रही। महर्षि के जीवन पर आधारित गोष्ठी में पूर्व डीएम अनुराग पटेल व तहसीलदार पैलानी राधेश्याम सिंह ने उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक महोत्सव में अयोध्या से पहुंचे कलाकारों ने सांस्कृतिक लोक गायन, अवधि बधावा, लोकनृत्य, अराध्या गौतम संस्कृति दल ने भगवान राम के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक की घटनाओं का बड़ा ही सुंदर मंचन किया। मैजिक शो और कलाकारों ने लोकगीतों का मंचन किया। इस दौरान सरकारी विभागों की लगाई गयी प्रदर्शनी और मेगा स्वास्थ्य कैंप से सैकड़ों लोगों को लाभ मिला। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का देर शाम तक जमावड़ा रहा तथा सभी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठाया। इस दौरान समिति के संरक्षक रामहित निषाद, मंडल अध्यक्ष जसपुरा, जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह परिहार, राजनारायण द्विवेदी, रामसुफल सिंह, अमित निगम, जगराम सिंह, राजा सिंह, तथा कार्यक्रम आयोजकों में इंद्रजीत सिंह, प्रधान मंजू देवी, जितेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## लोहड़ी का त्यौहार गुरुद्वारा संत सभा नगीना में धूमधाम के साथ मनाया गया



**नगीना, बिजनौर।** गुरुद्वारा संत सभा नगीना में लोहड़ी का त्यौहार बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा संत सभा में रात्रि दीवान सजाए गए और गुरु घर के ज्ञानी भाई तारा सिंह द्वारा गुरु महाराज जी से सभी के लिए सुख शांति एवं संपन्नता की अरदास की गई।

लोहड़ी पर्व पर नव दंपतियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। गुरुघर के ज्ञानी भाई तारा सिंह द्वारा समस्त लोगों को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी गई और सभी के जीवन में आने वाला समय सुख शांति से भरा हो यह अरदास गुरु महाराज जी से की गई। लोहड़ी के अवसर पर सभी लोगों को मूंगफली, रेवड़ी एवं तिल का प्रसाद बांटा गया और सभी लोगों ने अग्नि के चारों तरफ परिक्रमा कर एक दूसरे को लोहड़ी की बधाई दी तथा अपने अपने परिवार के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर गुरुघर के ज्ञानी भाई तारा सिंह, सरदार केवल पाल सिंह, मनमीत सिंह, जगप्रीत सिंह, कृष्णवीर सिंह, अनमोल सिंह, रिया कौर, रमीद्र कौर, अवनीत कौर, अजीत कौर, कुशदीप सिंह, राजन सिंह, सतनाम सिंह, चंद्रपाल सिंह, रेनू सिंह, अमन मल्होत्रा, प्रतीक्षा आदि सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति को लेकर चलाया जागरूकता अभियान




**महोबा।** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा की छात्राओं ने नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान छात्राओं ने आमजन से नशा न करने और स्वस्थ जीवन अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या सरगम खरे ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने युवाओं से पढ़ाई और खेलकूद में रुचि लेने तथा नशे से दूर रहने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और नशा मुक्त समाज की दिशा में कदम बढ़ाना है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कथा से पूर्व कलश यात्रा, रही भारी भीड़, विधायक रहे मौजूद



जिला संवाददाता

**बांदा।** हनुमंत कथा से पूर्व शहर में निकाली गयी कलश यात्रा में लगभग 5 हजार महिलाओं और पुरूषों सहित श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर राइफल क्लब मैदान में समाप्त हुई। करीब एक किलोमीटर लंबी इस यात्रा के दौरान सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी भी मौजूद रहे। हनुमंत कथा का आयोजन 16 से 20 जनवरी तक होगा और यह प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शुरू होकर शाम तक चलेगी। हिन्दुत्व को जगाने वाले कथावाचक पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री रात लगभग 12 बजे बांदा पहुंचेंगे। यहां बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के रूकने और भोजन की व्यवस्था की गयी है। आयोजन समिति व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे रही है। 18 जनवरी को दिव्य दरबार लगेगा। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री यहां रामदा होटल में ठहरेंगे। यह कथा स्थल से लगभग 300 मीटर की दूरी पर है। कलश यात्रा के दौरान 5 महिलाओं की गले में पड़ी सोने की चैन व मंगल सूत्र भी निकाले गये। इनमें बीना गुप्ता निवासी बन्येवटा की जंजीर, कस्तूरी देवी फूटा कुआं मंगलसूत्र, खिन्नीनाका की मालती गुप्ता का मंगलसूत्र, संगीता गुप्ता खुटला चैन एवं पूर्व नगर पालिका चेयरमैन विनोद जैन भी शामिल हैं।

- 5 महिलाओं की चेन और मंगलसूत्र गायब

## हनुमंत कथा के चलते भारी वाहनों का मार्ग परिवर्तित

**बांदा।** शहर के बाईपास मवई चैराहा में हनुमंत कथा व सत्संग का आयोजन 16 से 20 जनवरी तक होगा। हनुमंत कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने को देखते हुए सुचारू यातायात संचालन के लिए मार्ग मे परिवर्तन किया गया है। यातायात प्रभारी ने बताया कि कथा में आने वाले लोगों व वाहनों का जमावड़ा न लगे, यातायात बाधित न हो इसके लिए भारी वाहनों के आवागमन में आंशिक संशोधन किया गया है। बताया कि बांदा बाईपास में महोखर चैराहा से भूरागढ़ चैराहा के बीच भारी वाहनों व सामान्य यातायात को प्रतिबंधित किया गया है। 16 जनवरी से 20 जनवरी तक आवश्यक सेवाओं को छोड़कर वाहनों का डाइवर्जन किया गया है। महोबा से भूरागढ़ बाईपास होते हुए महोखर आने वाले भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। जिन भारी वाहनों को महोबा से बांदा की ओर जाना है ऐसे सभी भारी वाहन महोबा से कबरई तिराहा होकर हमीरपुर की तरफ जाकर बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे से बांदा की ओर आ सकेंगे। जबकि महोबा से बांदा आने-जाने के लिए सामान्य हल्के वाहन संकट मोचन होते हुए भूरागढ़ व मटौंध आ जा सकेंगे। महाराणा प्रताप चैराहे से मवई चैराहा होकर एक्सप्रेस वे तक यातायात सामान्यतया बंद रहेगा। महाराणा प्रताप चैराहा से चिल्ला की तरफ जाने वाले सभी वाहन महाराणा प्रताप चैराहा से कालू कुआं महोखर चैराहा एक्सप्रेस सर्विस रोड होते हुए पपरेंदा, चिल्ला की ओर आ-जा सकेंगे। प्रभारी ने बताया कि जिन वाहनों को फतेहपुर बेंदाघाट से बांदा होते हुए महोबा की ओर जाना है ऐसे सभी वाहन बेंदा घाट तिंदवारी होते हुए बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस वे से महोबा की तरफ जा सकेंगे। इसी प्रकार प्रयागराज माघ मेला व चित्रकूट मेला को देखते हुए बांदा, अतर्रा रोड, बांदा-बिसंडा रोड व बांदा, कमासिन रोड से चित्रकूट की तरफ सभी तरह के भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

## आपदा मित्र योजना के तहत स्वयंसेवकों को लखनऊ प्रशिक्षण के लिए किया रवाना




जिला संवाददाता ( vol )

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह के अध्यक्षता में आपदा मित्र प्रशिक्षण के लिए लखनऊ रवाना किए गए। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण कर लौटने के बाद इन्हें आपातकालीन किट उपलब्ध कराई जाएंगी, अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह (वित्त एंव राजस्व) वान्या सिंह ने गुरुवार को प्रशिक्षण के लिए आपदा मित्रो को लखनऊ के लिए रवाना करते हुए कहा कि जिले में युवा आपदा मित्र योजना के तहत 50 स्वयंसेवक आपदा का सामना करने में सक्षम बनेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आपदा मित्र जिले में फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्होने कहा कि आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग ने एनसीसी, एनएसएस व एनजीओ में से इन स्वयंसेवकों का चयन किया है। इन सभी को 12 दिन के प्रशिक्षण के लिए एसडीआरएफ लखनऊ भेजा जा रहा है। केंद्र सरकार की तरफ से सामुदायिक जागरूकता से आपदाओं के समय होने वाले नुकसान को कम करने लिए इस योजना को लागू किया जा रहा है। आपदा मोचक निधि से आपदा मित्र परियोजना संचालित की जाएगी। जिला आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया, कि प्रथम चरण में प्रशिक्षण को 50 आपदा मित्र गुरुवार सुबह एसडीआरएफ लखनऊ भेजा गया हैं। 16 जनवरी से इनका 12 दिवसीय प्रशिक्षण होगा। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा निदेर्शों पर इन स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन, आपदा पूर्व तैयारी, भूकंप सुरक्षा, खोज एवं बचाव, अग्नि सुरक्षा, बरसात के मौसम में बाढ़, आकाशीय बिजली, सीपीआर आदि का निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद इन्हें आपातकालीन किट उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनका उपयोग आपदा के समय किया जा सके, जिसमें फर्स्ट एड किट, लाइफ जैकेट, टार्च, सुरक्षा हेलमेट, लाइटर, बहु उपयोगी रस्सी, कटर, सीटी आदि दिया जाएगा। इस अवसर पर उप जिला मजिस्ट्रेट/जिला सूचना अधिकारी हर्ष चावला, जिला आपदा विशेषज्ञ प्रशान्त श्रीवास्तव सहित आपदा प्रबंधन की समस्त टीम मौजूद रही।

## नाली निर्माण कराते समय हुआ विवाद

ललितपुर। शहर क्षेत्र के मोहल्ला आजादपुरा द्वितीय में रहने वाले अमित कुमार पाल पुत्र शिवप्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका भाई अरूण पाल जल निगम में ठेकेदार है। बीते बुधवार 14 जनवरी को अपराह्न 1.30 बजे उसका भाई लेडि ?पुरा आजादपुरा द्वितीय में नाली का निर्माण करा रहा था। तभी वहां रहने वाला आनन्द राजपूत पुत्र कृपाल सिंह शराब के नशे में आया और उसके भाई अरूण को निर्माण कराने के लिए मना करने लगा, जिसका उसने विरोध किया तो आनन्द ने उसके भाई को गालियां दीं और लात-घूसों व लाठियों से मारपीट करने लगा। मारपीट के दौरान उसके भाई को सीने व शरीर में गंभीर चोटें आयीं, जिसको मौके पर आसपास के कई लोगों ने बीच-बचाव किया तो उक्त आनन्द उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

## सदर विधायक ने फोर लेन सड़क निर्माण के लिए किया भूमिपूजन



**महोबा।** सदर विधायक राकेश गोस्वामी के प्रयास से शहर में लगातार विकास के कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने परमानंद चौक से झलकारीबाई तिराहे तक फोर लेन सड़क निर्माण का भूमिपूजन व शिलान्यास किया। 2 किलोमीटर से अधिक के इस मार्ग के निर्माण में तेरह करोड़ पैतीस लाख अट्ठानबे हजार रुपये की लागत आएगी। अपने सम्बोधन में विधायक राकेश गोस्वामी ने कहा कि इस रोड के बनने से जनपदवासियों को बहुत लाभ होगा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा, भाजपा नेता देवेंद्र शुक्ला, ठेकेदार अंकित शुक्ला, अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज उपस्थित रहे।

## दुकान में तोडफोड़ कर मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** मोहल्ला रावतयाना में रहने वाले आजाद पुत्र इब्राहीम ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि 14 जनवरी को शाम करीब 4 बजे जब वह मवेशी बाजार स्थित अपनी दुकान पर था कि तभी नदीपार निवासी अरबाज उर्फ पुत्तन पुत्र मुस्सन कच्ची मछली लेकर आया और उससे कहने लगा कि मछली फ्राई कर दो। जब उसने मना करते हुये कहा कि वह मछली फ्राइ नहीं करता है तो अरबाज ने जबरन कढ़ाई में मछली डाल दी और तेल गर्म होने के कारण उछल गया, जिससे वह जल गया। जब उसने मछली निकालकर वापस रख दी तो अरबाज ने उसकी दुकान पर बल्ला से तोडफोड़ कर दी और दुकान का सामान उठाकर फेंक दिया। इतना ही नहीं दुकान में रखी गुल्लक को भी फेंक दिया, जिससे पैसे गिर गये। उसके बाद पैर में बल्ला मार दिया, जिसमें उसे चोट आ गयी और फ्रेक्चर हो गयी। उसके बाद गालियां देने लगा। आरोप है कि उक्त अरबाज उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया, जिससे मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अरबाज के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) व 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# 16 से 23 जनवरी तक 25 मंडलीय 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान

**ललितपुर।** श्रीदिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र गिरारगिरीजी में 16 जनवरी से 23 जनवरी 2026 तक 25 मंडलीय 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान, श्रीआदिनाथ स्वामी निवार्णोत्सव, वार्षिक मेला, विश्व शांति महायज्ञ एवं भव्य रथोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागरजी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री 108 समत्वसागरजी महाराज एवं मुनिश्री शीलसागरजी महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा। धार्मिक विधि-विधानों का संचालन पंडित मनोज शास्त्री (बगरोही), पंडित देवेंद्र शास्त्री (मड़ावरा) तथा पंडित विकर्ष शास्त्री (सलेहा) द्वारा किया जाएगा। 17 जनवरी को सुबह भगवान श्री आदिनाथ स्वामी का निवार्णोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया जाएगा। वहीं रात्रि में दिल्ली के मैजिशियन राजकुमार द्वारा प्रस्तुत मैजिक शो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। आयोजन समिति द्वारा महोत्सव के प्रमुख पात्रों का चयन कर लिया गया है। साथ ही 25 मंडलों के लिए 25 परिवारों का भी चयन किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में धर्मवीर एंड पार्टी (भोपाल) द्वारा संगीत सेवा तथा चक्रेश जैन ( द्वारा मंच संचालन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी ने बताया कि आयोजन में सान्निध्य प्रदान करने हेतु मुनि श्री 108 समत्वसागरजी महाराज ससंघ का मंगल पद विहार जारी है। 14 जनवरी को सैदपुर से साढ़ूमल के लिए विहार हुआ तथा 15 जनवरी को प्रातरू मड़ावरा में भव्य मंगल अगवानी की जाएगी। इस दौरान प्रदीप जैन, राजेश रज्जू, अभिषेक जैन, राजू सौरया, अजित जैन आदि मौजूद रहे।

## धधकता ईरान

ईरान में स्थितियां अब बेकाबू हो रही हैं। लोग सड़कों पर उतर कर विरोध कर रहे हैं और वर्तमान शासन-व्यवस्था को हटाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। ऐसे में अब बहुत अधिक दिनों तक खामेनाई का टिके रहना कठिन है। विद्रोह को दबाने के लिए बल प्रयोग हो रहे हैं, बल्कि नरसंहार जैसी स्थितियां हैं। एक आंकड़ा है कि अभी तक करीब 650 मौतें हो चुकी हैं, जबकि पश्चिमी मीडिया 6000 से अधिक मौतों की खबर दे रहा है। कथित क्रांतिवीर इरफान को फांसी की सजा सुनाई गई है। ईरानी पुलिस ने 11,000 से अधिक विद्रोहियों को गिरफ्तार किया है अथवा हिरासत में रखा है। सड़कों पर 15-18 लाख विद्रोही आंदोलित हैं। लोग जिंदा जलाये जा रहे हैं। ईरान के रिवोल्यूशनरी गाड्र्स के एक कर्नल की विद्रोहियों ने हत्या कर दी है। मस्जिदें, बैंक, सरकारी इमारतें, पुलिस स्टेशन जलाए गये हैं। गवर्नर आवास भी आगजनी का शिकार हुआ है। ईरानी हुकूमत ने विद्रोहियों को देखते ही गोली मार देने के आदेश जारी किए हैं। विद्रोहियों को 'सजा-ए-मौत' भी दी जा सकती है। इन ऐलानों के बावजूद लाखों युवाओं के हुजूम सुप्रीम धार्मिक नेता खामेनेई का तख्तापलट करने पर आमादा हैं। सड़कों पर खामेनेई समर्थक भी फैल गए हैं। आंदोलन महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक पतन, ढहती मुद्रा रियाल आदि के खिलाफ शुरू हुआ था, लेकिन अब उसने अंतरराष्ट्रीय रूप ले लिया है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रं लगातार ईरानी हुकूमत को धमका रहे हैं कि कभी भी हमला किया जा सकता है। एक ओर अमरीका है, तो दूसरी ओर ईरान के साथ रूस, चीन सरीखी महाशक्तियां हैं। बीच में खबर आई थी कि खामेनेई अपने परिवार और घोर समर्थक 20 लोगों के साथ मॉस्को भाग सकते हैं, लेकिन वह अब भी ईरान के बेहद



सुरक्षित ठिकाने के भीतर हैं और बेहद घातक बल के जवान उनकी सुरक्षा में मोर्चाबंद हैं। ईरान वेनेजुएला नहीं है, लिहाजा ट्रंप भी किसी मुगालते में न रहें। ईरान एक ताकतवर और प्रशिक्षित सेना वाला देश है। ईरान ने ऐलान किया है कि यदि अमरीका ने हमला किया, तो ईरान अपने आसपास के 19 अमरीकी बेसों पर हमला कर उन्हें तबाह कर देगा। लिहाजा राष्ट्रपति ट्रंप जरा खुद को संयमित रखें और दूसरे देशों को हड़पने की रणनीति फिलहाल शांत कर दें, क्योंकि उनके टैरिफवाद पर सुप्रीम अदालत का फैसला आने वाला है और अमरीका में ही सैकड़ों शहरों में ट्रंप-विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। लोकतंत्र में जनता का हुजूम कोई भी करवट ले सकता है। सत्ताएं पलट जाती हैं। बेशक ईरान बहुत तेजी से विपन्नता की ओर बढ़ा है। जनवरी, 2026 में ही वहां की खाद्य मुद्रास्फीति 70-85 फीसदी तक उछल चुकी है। एक डॉलर की कीमत 14.20 लाख ईरानी रियाल हो गई है। गरीबी दर करीब 40 फीसदी है और देश की विकास दर मात्र 0.6 फीसदी है। खाने-पीने की चीजें दुर्लभ हो गई हैं। भारत के संदर्भ में देखें, तो वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों का आपसी कारोबार करीब 1.68 अरब डॉलर रहा। भारत को करीब 0.80 अरब डॉलर का व्यावसायिक लाभ हुआ। भारत ईरान को चावल, चीनी, चाय, दवाइयां, इलेक्ट्रोनिक मशीनरी, कृत्रिम फाइबर आदि निर्यात करता है, जबकि ईरान से सूखे मेवे, रसायन, कांच से बने उत्पाद भारत को भेजे जाते हैं। ईरान सबसे अधिक कच्चा तेल आपूर्ति वाला तीसरा सबसे बड़ा देश है। यदि ईरान संकट का असर होर्मुज जलडमरूमध्य तक पहुंचता है, तो वैश्विक तेल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित होगी। दुनिया के करीब 20 फीसदी कच्चे तेल की आपूर्ति इसी रास्ते से होती है। भारत अपनी जरूरत का 80 फीसदी से ज्यादा तेल आयात करता है। ऐसे में तेल महंगा हो सकता है। यही नहीं, ईरान की चाबहार बंदरगाह भारत को पाकिस्तान को बायपास करते हुए अफगानिस्तान, मध्य एशिया और यूरोप तक सीधा व्यापारिक रास्ता देती है। यदि ईरान में अस्थिरता बढ़ती है और चाबहार बंदरगाह प्रभावित, बाधित होती है, तो भारत की भू-आर्थिक रणनीति को बड़ा झटका लग सकता है। इसलिए अमरीका-ईरान युद्ध की स्थिति में भारत को भी अपने हितों की रक्षा के लिए उचित तैयारी कर लेनी चाहिए।

---

### विचार

चिंता से ही चिंता दूर होती है। धोखा देकर इसे रोकने का प्रयस करने से परिणाम उल्टा होता है।

–रवीन्द्र नाथ टैगोर.

अपनी उन्नति और शत्रु का विनाश– यही दो नीति है। इन्हीं को अंगीकार करके कुशल पुरुष अपनी वाक् चतुरता का विस्तार करते हैं।

–माघ.

जो मूर्ख दुष्टों का साथ करता है, वह अपने हाथों से अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारता है।

–वृन्द.

सबसे कठिन तीन वस्तुएं हैं– एक रहस्य को अप्रकट रखना, कष्ट को भूल जाना और अवकाश का सदुपयोग करना।

–चिलो.

विनम्रता से अच्छी कोई नीति नहीं। जहां होशियार जुबान असफल हो जाती है, वहां अच्छा व्यवहार बहुत काम कर जाता है।

–मेंगून.

# इस्लामिक नाटो से भारत की सुरक्षा चिंता



लोकमित्र

**सामयिक**

> भारत के लिए वास्तव में अधिक गंभीर संकेत सितंबर 2025 के सऊदी-पाकिस्तान (म्यूचुअल डिफेंस) समझौते से ही आता है। अल जजीरा की रिपोर्ट ने इसके होते ही साफ कर दिया था कि इसकी मूल भावना (एक पर हमला, दोनों पर हमला) जैसी साझा सुरक्षा प्रतिबद्धता भारत के लिए वाया पाकिस्तान खतरा है।

पिछले कुछ समय से भारतीय रणनीतिक विमर्श में एक शब्द बार बार दोहराया जा रहा है,यह है– 'इस्लामिक नाटो'। यह शब्द सुनने में जितना सीधा लगता है, असल में उतना ही जटिल, बहु-परतदार और भू-राजनीतिक है। कुछ लोग इसे अफवाह या राजनीतिक नारा मानते हैं, तो कुछ इसे भविष्य के बड़े सैन्य गठजोड़ की गंभीर चेतावनी। लेकिन तब से यह शब्द दुनिया का और ज्यादा ध्यान खींच रहा है, जब से सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच पिछले साल सितंबर 2025 में साइन हुए एक डिफेंस पैक्ट में तुर्किए भी शामिल होने की कगार पर पहुंच गया है। यह पैक्ट नाटो की तरह काम करेगा और इसमें किसी एक सदस्य पर हमला पूरे ग्रुप पर हमला माना जाएगा। इसे कई लोग 'इस्लामिक नाटो' या 'मुस्लिम नाटो' कह रहे हैं। ब्लूमबर्ग की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, इस संबंध में बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है और जल्द ही डील फाइनल हो सकती है। यह बदलाव इसलिए अहम है क्योंकि इसमें सऊदी अरब का खजाना, पाकिस्तान का न्यूक्लियर हथियार और तुर्किए की मजबूत मिलिट्री पावर इस इस्लामिक नाटो में एक साथ आ रही हैं। भारत इस डील पर गहरी नजर रख रहा है। क्योंकि भारत और इस्त्रायल, इन दो देशों के लिए ही यह सबसे बड़ी चुनौती बन सकता है? ऐसे में सवाल है कि भारत को किस तरह की रणनीति अपनानी चाहिए?

दरअसल पहले 'इस्लामिक नाटो' शब्द अक्सर एक भावनात्मक-राजनीतिक टैग की तरह इस्तेमाल होता था। जबकि जमीनी हकीकत में इसके पीछे दो अलग-अलग धाराएँ दिखाई देती थीं – एक सऊदी नेतृत्व वाला आईएमसीटीसी जिसे 2015 में घोषित किया गया और जिसका मुख्यालय रियाद में है। इसे वास्तव में एक पैन-इस्लामिक आतंकवाद-रोधी गठबंधन बताया जाता रहा है। जबकि दूसरा हाल के महीनों में चर्चित सऊदी-पाकिस्तान 'म्यूचुअल डिफेंस पैक्ट' था, जिसमें अब तुर्किये के शामिल होने की संभावनाएँ भी बढ़ गयी हैं। इसी संभावना के बाद यह खतरनाक गठजोड़ बनकर उभरा है और इसलिए मुस्लिम नाटो जैसा कहा जाने लगा है। क्योंकि नाटो की धारा-5 जैसी सोच–एक पर हमला, सब पर



हमला, इसका भी ध्येय वाक्य बताया जा रहा है। कहने का मतलब यह कि भारत के लिए खतरे का आकलन करते समय यह समझना जरूरी है कि आईएमसीटीसी या नया नाटो जैसा इस्लामिक गठजोड़ (नई त्रिपक्षीय धुरी-सऊदी-पाकिस्तान-तुर्किये) वास्तविक सैन्य-सामरिक प्रभाव पैदा कर सकता है–खासकर अगर यह केवल बयान नहीं, बल्कि साझा अभ्यास, हथियार, इंटेलिजेंस और कूटनीतिक समन्वय तक पहुँचे।

हालांकि आईएमसीटीसी को 2015 में घोषित किया गया था, इसमें दर्जनों मुस्लिम देश शामिल हैं और यह आतंकवाद/ उग्रवाद-वित्तपोषण/ विचार धारा-विरोध जैसे क्षेत्रों में पहल की बात करता है। लेकिन इसकी स्पष्ट सीमाएं थीं जैसे यह नाटो जैसी बाध्यकारी सामूहिक रक्षा संधि नहीं था या है। साथ ही इसके कई सदस्य देशों के आपसी मतभेद, क्षेत्रीय प्रतिस्पधाएँ और गुटबंदी इसके 'एकीकृत सैन्य बल' बनने में बाधक थीं। आलोचक इसे कभी-कभी ईरान-विरोधी/शिया-विरोधी झुकाव वाला भी मानते रहे हैं, क्योंकि ईरान, इराक, सीरिया जैसे शिया-प्रभावी देश इसमें शामिल नहीं हैं। निष्कर्ष यह कि आईएमसीटीसी अपने आप में भारत के लिए 'सीधा सैन्य खतरा' नहीं था,यह अलग बात थी कि यह एक मंच है जो भविष्य में कुछ देशों को अधिक समन्वित होने का अवसर दे सकता है–विशेषकर पाकिस्तान जैसे देश के लिए। जबकि नई सैन्य धुरी जिसमें सऊदी-पाकिस्तान रक्षा संधि + तुर्किये की भूमिका मिलकर असली और बड़ी चिंता पैदा करती हैं। भारत के लिए वास्तव में अधिक गंभीर संकेत सितंबर 2025 के सऊदी-पाकिस्तान (म्यूचुअल डिफेंस) समझौते से ही आता है। अल जजीरा की रिपोर्ट ने इसके होते ही साफ कर दिया था कि इसकी मूल भावना (एक पर हमला, दोनों पर हमला) जैसी साझा सुरक्षा प्रतिबद्धता भारत के लिए वाया पाकिस्तान खतरा है। इसके बाद 2026 जनवरी में मीडिया/ विश्लेषणों में यह खबर तेजी से उभरी कि तुर्किये इस ढांचे से जुड़ने की दिशा में बातचीत कर रहा है–तभी इसे (मुस्लिम नाटो) जैसे नाम दिए गए। यह संयोजन खतरनाक इसलिए माना जा रहा है, क्योंकि विश्लेषणों में इसे तीन पूरक ताकतों का मेल बताया गया है–तुर्किये का सैन्य-उद्योग, ड्रोन/तकनीक, युद्ध-अनुभव, पाकिस्तान की मिसाइल क्षमता साथ में परमाणु क्षमता और सऊदी अरब की वित्तीय शक्ति, प्रभावी अरब नेतृत्व, ऊर्जा-राजनीति आदि मिलकर इसे खतरनाक गठजोड़ बनाते हैं। हालांकि यह नाटो जितना संगठित न है न हो सकता है फिर भी भारत के लिए गंभीर चुनौती साबित हो सकता है क्योंकि इससे पाकिस्तान को (नई रणनीतिक गहराई) मिल सकती है–कूटनीति, हथियार-सप्लाई, फंडिंग, और अंतरराष्ट्रीय नैरेटिव निर्माण में मुस्लिम देशों का साथ। इसलिए यह भारत के लिए एक नहीं तीन स्तरों पर खतरा बन सकता है- पहला सैन्य खतरा दूसरा तुर्किये की पाकिस्तान को उन्नत सैन्य सहयोग का खतरा। इससे पाकिस्तान को टेक्नोलॉजी/ड्रोन/इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर जैसी क्षमताओं में गति मिल सकती है। वैसे भारत के खिलाफ सीधी सामूहिक सैन्य कार्रवाई की संभावना कम है, फिर भी सीमा पर (सपोर्टिंग रोल) (लॉजिस्टिक, हथियार, ट्रेनिंग, आईएसआर सहयोग) खतरनाक बन सकता है। इसके अलावा इसका तीसरा बड़ा खतरा कूटनीतिक/नैरेटिव गढ़े जाने का खतरा है। यह खतरा सबसे वास्तविक है। इस्लामी दुनिया/ ओआईसी मंचों पर पाकिस्तान लंबे समय से कश्मीर पर नैरेटिव चलाता रहा है। यदि सऊदी और तुर्किये–दो बड़े प्रभाव वाले देश–इस मुद्दे पर तालमेल बढ़ाते हैं, तो भारत को डिप्लोमैटिक हेडविंड मिल सकता है। हालांकि आतंकी इकोसिस्टम/फंडिंग जैसा खतरा वास्तविक नहीं है क्योंकि आईएमसीटीसी (काउंटर टेरर) की भाषा बोलता है–इसलिए खुले तौर पर भारत-विरोधी आतंकी समर्थन संभव नहीं। लेकिन यहां भी भारत के लिए खतरा तब होगा जबपाकिस्तान राज्य-नीति और प्रॉक्सी नेटवर्क के बीच धुंध बनाए रखे, जिसमें वह माहिर है और नई धुरी के भीतर (भू-राजनीतिक समर्थन) हासिल कर सकता है। कुल मिलाकर समग्र निष्कर्ष के रूप में देखें तो यह गठबंधन भले तुरत-फुरत में यानी (तत्काल युद्ध का खतरा) न हो तो भी 'मध्यम अवधि का रणनीतिक दबाव' तो है ही क्योंकि यह पाकिस्तान की क्षमता, हौसले और अंतरराष्ट्रीय स्पेस बढ़ा सकता है। ऐसे में सवाल है कि भारत को क्या करना चाहिए–सिर्फ बयान नहीं, ठोस रणनीति बनानी होगी। यह रणनीति चार स्तरों पर होनी चाहिए-

- सऊदी/यूएई के साथ 'हार्ड सिक्योरिटी डायलॉग' क्योंकि भारत के पास इस संबंध में सबसे बड़ी ताकत आर्थिक साझेदारी, ऊर्जा-निर्भरता, प्रवासी भारतीयों की भूमिका, और निवेश है।
- दूसरा स्तर तुर्किये पर टागेटेड डिप्लोमेसी होनी चाहिए जिसमें टेक/डिफेंस और कंटेनमेंट की साझेदारी होनी चाहिए। याद रखिये तुर्किये भारत नजरअंदाज नहीं कर सकता।
- तीसरे स्तर की रणनीति के तहत इंडो-पैसिफिक प्लेबुक यानी क्वाड के साथ मध्य पूर्व और ईस्ट कनेक्ट की रणनीति अपनानी चाहिए।
- चौथा स्तर घरेलू सुरक्षा का होना चाहिए। प्रॉक्सी-वार में हमें और सख्त होना होगा।

### सोशल मीडिया

जी राम जी अधिनियम से अब 125 दिन के काम की गारंटी, समय पर मजदूरी और गांव का समग्र विकास श्रमिकों का अधिकार बन रहा है, वहीं मनरेगा भ्रष्टाचार में डूबी थी। केशव प्र.मौर्य.



सिंगनल्लूर विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों व समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत की, जिसमें संगठनात्मक तालमेल और जमीन पर मजबूत करने की बात हुई। नितिन नबीन.



मैनपुरी की जन समर्थित सांसद श्रीमती डिंपल यादव जी के जन्मदिन के अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं हेतु समारोह मनाया गया। अखिलेश यादव.



## उपासना विधि

**अंतर्दृष्टि**

हमारे प्रयास तभी सफल होते हैं जब हम सही दिशा में, कर्तव्य परायणता के साथ शतत् प्रयास करते रहे। हमारे प्रयासों में हमेशा नियमितता होनी चाहिए। व्यायाम शाला में नित नये उत्साह के साथ जूझते रहने वाले पहलवान की मनःस्थिति और गतिविधि का यदि गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया जाये तो आत्मासाधना के विद्यार्थी को विदित हो सकता है कि उसे आखिर करना क्या पड़ेगा? पहलवान मात्र कसरत करके ही निश्चिंत नहीं हो जाता वरन पौष्टिक भोजन की, संयम की, ब्रह्मचर्य ही, मालिश की, उपयुक्त दिनचर्याकी, प्रसन्नता-निश्चिंतता की भी व्यवस्था करता है। यदि उन सब बातों की उपेक्षा की जाये और मात्र दण्ड बैठको को ही जादू की छड़ी मान लिया जाये तो सफलता दूर की खीज ही बनी रहेगी। एकाकी कसरत से कुछ भला न हो सकेगा। उपासनात्मक विधि विधान की अपनी ही महत्ता है पर उतने भर से काम नहीं चलता। चिंतन और कर्तव्य की रीति नीति भी लक्ष्य के अनुरूप ही ढालनी पड़ेगी। गायक और वादक एक दिन में अपने विषय में पारंगत नहीं हो जाते, उन्हें स्वर की, नाद की साधना नित्य निरंतर करनी पड़ती है। रियास न किया जाये, तो गायक का स्वर छितराने लगता है और वादक ही अंगुलियां जकड़ मकड़ दिखाने लगती हैं। संगीत सम्मेलन तो यदा कदा ही होते हैं पर वहां तक पहुंचाने वाली स्वर साधना को नित्य ही अपनाये रहना पड़ता है। गीत सुनने वालों ने कितनी प्रशंसा की और कितनी धन राशि दी यह बात गौण रहती है। संगीत साधक आत्मतुष्टि की नित्य मिलने वाली प्रसन्ता को ही पर्याप्त मानता है और बाहर से कुछ भी न मिले तो भी वह एकान्त जंगल की किसी कुटिया में रहकर भी आजीवन बिना ऊबे संगीत साधना करता रह सकता है। आत्मसाधक की मनःस्थिति इतनी तो होनी ही चाहिए। नतर्क, अभिनेता, अपना अभ्यास जारी रखते हैं। शिल्पी और कलाकार जानते हैं कि उन्हें अपने प्रयोजन के लिए नित्य नियमित अभ्यास करना चाहिए। फौजी सैनिकों को अनिवार्य रूप से परेड़ करनी पड़ती है। अभ्यास टूट जाने पर न तो गोली का निशाना ठीक बैठता है और न मोर्चे पर लड़ने के लिए जिस कौशल की आवश्यकता पड़ती है वह हाथ रहता है। किसी विशेष प्रयोजन के लिए नियम संख तथा नियत अवधि की साधना से किसी पूजा प्रयोजन का संकल्प लेने वाला समाधान हो सकता है पर आत्म साधक को इतने भर से संतोष नहीं मिलता। वह जानता है कि प्यास बुझाने के लिए रोज कुएं से पानी खींचना पड़ता है और सफाई रखने के लिए रोज ही कमरे को बुहारना पड़ता है। मानवी सत्ता की स्थिति भी ऐसी ही है। उसकी हीरो भरी खदान को हर दिन खोदना कुरेदना चाहिए। तभी नित्य नये उपहार मिलने की संभावना प्रबल होती है।

## तुम क्या जानो कुर्सी की भूख

**व्यंग्यलोक**

सबको सोए सोए भी तंग करने वाले उस वक्त मुंह लटकाए दिखे तो मुझे बहुत प्रसन्नता हुई। चलो, ऊंट भी आज पहाड़ के नीचे आया। वर्ना कल तक तो ऊंट ही पहाड़ों को अपने नीचे लिया करता था, बौराया हुआ, दौराया हुआ। मैंने उनके लटके मुंह को तनिक सीधा करने की अनचाही कोशिश करते उनसे उनका मुंह लटका होने का कारण पूछा तो वे मेरे कंधे पर अपना सिर रख फफक कर रोते बोले, क्या बताऊं याद! बहुत बुरी खबर है। क्या हो गया! साली के यहां ईडी की रेड पड़ गई? इससे भी बुरी खबर? मैंने उन्हें मन ही मन हंसते सांत्वना देते लालायित हो पूछा तो वे उसी तरह मेरे कंधे पर अपना सिर टिकाए मेरे कंधे वाले कुरते के हिस्से में अपना नाक साफ करते बोले, बंधु! लगता है, अबके मेरा टिकट कट रहा है? टिकट कटे बोले तो? ऐसे कैसे हो सकता है? आप जैसे फणाधार का टिकट काट कर पार्टी को अपना पत्ता कटवाना है क्या? आप तो पार्टी के सबसे अधिक जिताऊ नेता हो। किसी ने गलत अफवाह फैला दी होगी आपके बारे में भैयाजी! आपसे अब चला जा रहा हो या न, पर आपके बिना पार्टी एक कदम भी नहीं चल सकती। पार्टी ने आप जैसे कद्दावर के साथ मजाक मजाक में मजाक किया होगा शायद! वैसे भी आजकल पार्टियों में मजाक ही तो चल रहे हैं। तो मतलब अब... मतलब अब से मैं अपनों की सेवा से वंचित होने जा रहा हूं! पार्टी की इस धृष्टता के लिए मुझे मेरे अपने माफ करें, कह वे और भी जोर जोर से रोने लगे। तो इसमें डरने की क्या बात है भैयाजी! इस पार्टी से नहीं तो टिकट उस पार्टी से सही। आपको टिकटों की कमी है क्या? तुम नहीं जानते नई पार्टी में पांव जमाने के लिए कितनी जद्दोजहद करनी पड़ती है? माना मैं उम्र की परवाह नहीं करता! पर नई पार्टी में नये सिरे से अपने को जमाना पड़ता है। नये सिरे से खाने कमाने का ग्राउंड बनाना पड़ता है। ऊपर से उस पार्टी के पुराने कार्यकर्ता जरा सा भी गुर्राने पर पागल कुत्तों की तरह काटने पड़ते हैं। तो बहुत हो गई अब ये अपनों की सेवा! सारी उम्र आपने भैयाजी अपनों की सेवा के सिवाय और किया ही क्या! अनपढ़ तक तो प्रोफेसर बनवा दिए। अब कुछ अपने लिए भी तो जी लो भैयाजी, मैंने उन्हें हजार चूहे खाकर गंगा तट पर लेटने की बुरी सलाह दी तो वे बोले, ये कैसी बातें कर रहे हो तुम मेरे खास होकर भी बंधु? तुम नहीं जानते कि इस संसार में नेता का सबसे बड़ा कोई दुःख है तो बस, टिकट कटने का दुःख है। इस संसार में कोई भी नेता किसी से नहीं डरता। डरता है तो बस, टिकट कटने से। टिकट में पावर की असीम से ससीम संभावनाएं छिपी होती हैं। दो रूखी सूखी रोटी खाकर चैन से सोने वाले तुम क्या जानो कि कुर्सी की भूख क्या होती है?



अशोक गौतम

## संवेदना और सटीकता का संगम होगी भावी कला



**कला-जगत**

यह सवाल हाइपोथेटिकल कतई नहीं है। ऐसी स्थितियां बन चुकी हैं कि एआई के लगातार उन्नत होते जाने से अब यह सवाल बहुतों द्वारा पूछा जा रहा है कि भविष्य में कला की बागडोर किसके हाथ में होगी, कल्पनाशील कलाकार के या तर्कशील मशीन के? यकीन मानिये यह सवाल केवल तकनीक बनाम मानव की होड़ का नहीं है बल्कि यह सवाल इस बात की पड़ताल भी है कि आखिर कला का सार क्या है? अगर हम कल्पनशील कलाकार का पक्ष लेते हैं और विश्वास के साथ कहते हैं कि आने वाले कल में कला अंततः कल्पनशील कलाकार के ही हाथ में होगी, तो इस बात को कहने के कई ठोस तर्क हैं। सबसे पहले बात आती है अनुभवों की। कोई मशीन कितनी ही उन्नत क्यों न हो, उसका अपना कोई अनुभव नहीं हो सकता। जबकि साधारण से साधारण इंसान के पास भी अपने एक्सक्लूसिव अनुभवों की पूंजी होती है। कलाकार दूसरों के जीवन या दुनिया से ही नहीं, अपने अनुभवों से भी बहुत समृद्ध होता है। वह दुनिया से सीखने के साथ साथ खुद से भी बहुत कुछ सीखता है। उसके पास अपनी भावनाएं होती हैं, संघर्ष होता है, आशओं की प्रेरणा होती है और निराशाओं की हताशा होती है। ये सभी चीजें किसी मशीन में नहीं हो सकतीं। कला सिर्फ सुंदरता नहीं होती, वह संवेदना भी होती है। कोई कविता, कोई चित्र, कोई नृत्य, तभी प्रभावी हो सकता है, जब उसमें एक कवि की, एक चित्रकार की, एक नृत्यांगना की आत्मा की गहरी गूंज मौजूद होती है। इसलिए कला का भविष्य किसी हद तक कलाकार के हाथ में ही सुरक्षित है। क्योंकि हर कलाकार के पास अपने सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भ होते हैं।

कलाकार जहां पैदा होता है, जहां बड़ा होता है, उस भूगोल का सब कुछ उसमें समाहित होता है। वह अपने समाज का ही नहीं बल्कि क्षेत्र विशेष यानी भूगोल का भी प्रतिबिंब होता है। उसके अंदर अपने भूगोल की खुशबू होती है। अपने भूगोल का आकार-प्रकार होता है। उसका स्वभाव उसके अंदर मौजूद होता है। इसलिए दुनिया में अनगिनत कलाकार, अनगिनत विशेषताओं के एक्सक्लूसिव स्वामी होते हैं। दुनिया में सारे कलाकार एक जैसे नहीं हो सकते, क्योंकि वे मशीन नहीं हैं। जबकि मशीन के साथ यह संकट है कि वे चाहे स्कैंडीनेवियन हों या अमेरिकी, जापानी हों या भारतीय। वह एक जैसी ही होंगी। किसी क्षेत्र विशेष के भूगोल या इतिहास के कारण उसमें विशिष्टता या एक्सक्लूसिवनेशन नहीं ढूंढ़ा जा सकता। जबकि कलाकार में जो अपनी स्थानीयता होती है और उस स्थानीयता के प्रति उसमें एक भावनात्मक जुड़ाव होता है। यह भावनात्मक जुड़ाव उसकी कला से फूटती है। जबकि मशीन इस मामले में ठूंठ साबित होती है। लेकिन ऐसा नहीं है कि मशीन के पास अपनी कोई विशिष्टता हो ही न, उसमें डेटा आधारित गति और विविधता होती है। कोई मशीन अपने इनपुट में लाखों शैलियों, चित्रों, धुनों और कविताओं का बहुत जटिल मिश्रण तैयार करके उन सबसे बिल्कुल एक नई और एक्सक्लूसिव लगने वाली कृति तैयार कर सकती है। लेकिन गहराई में जाकर जब हम उसकी इस जटिलता को उसके इनपुट से डिकोड कर सकते हैं।

हालांकि मशीन की अपनी यह सीमा होगी। फिर भी वह पलक झपकते कलाकृतियां निर्मित कर सकेगी, लेकिन उन कलाकृतियों में जीवंतता एकदम से चैंकाने वाली या झकझोर देने वाला अनगढ़पन नहीं होगा। उस कृति में मशीन की कलात्मकता की अपनी एक व्यवस्था होगी, जिसके तहत उसकी निर्मिती भी होगी और उसी में उसकी विनिर्मिती भी समाहित होगी। मशीन भविष्य के लोगों को रचनात्मक माध्यम दे सकती है, लेकिन मशीन से हासिल इस माध्यम की बदौलत लोग कलाकार नहीं कहलाएंगे, बस संयोजकभर कहला सकते हैं। लब्बोलुआब यह कि भविष्य में कला की बागडोर पूरी तरह से किसी एक के हाथ में नहीं होगी, यह पूरी तरह से न तो कलाकार के हाथ में होगी और न ही मशीन के हाथ में। कला को कल्पनाशील कलाकार दिशा देंगे, तो तर्कशील मशीनें उसे गति देंगी। जहां कलाकार भावनाओं की आग से तपकर कला की रचना करेंगे, वहीं मशीनें उन्हें इंद्रधनुषी कैनवास मुहैय्या करायेंगी। इसलिए भविष्य कलाकार में तकनीक के आत्मसात का होगा यानी भविष्य, संवेदना और सटीकता का संगम होगा।

### आप की बात

## नियोजित विकास जरूरी

प्रदेश में विकास प्राधिकरणों एवं आवास विकास की कारस्तानी के कारण अब आम आदमी को घर मिलना मुश्किल हो गया है। विकास प्राधिकरणों के इंजीनियरों ने कमीशन के खेल में बड़े-बड़े अपार्टमेंट खड़े कर दिये जिन्हें न तो कोई लेने वाला मिल रहा है और न ही लेना आर्थिक रूप से व्यवहारिक है। शहरों को विकसित कर सजाने संवारने की जिम्मेदारी जिन प्राधिकरणों पर है वे पूरी तरह भ्रष्टाचार के अड्डे बन गये हैं। सबसे बड़े प्रदेश की राजधानी में अवैध कालोनियों का मकड़जाल फैल रहा है। इनमें अनेक समस्याएं पैदा होती हैं लेकिन प्राधिकरण के इंजीनियर और बाबू इसे चलने देते हैं। जब कोई अदालती आदेश आता है तो बेमन से कार्रवाई करते हैं। विकास प्राधिकरणों में जब कोई अभियंता या बाबू घोटाले में पकड़ा जाता है तो सौ, दो सौ करोड़ की संपत्ति मिलना आम बात है। नोएडा अथारिटी में यादव सिंह और उनके परिजनों के भारी गोलमाल की जांच और मुकदमा अभी चल ही रहा है। सवाल है कि विकास प्राधिकरणों में घोटालों की इतनी छूट कैसे मिल जाती है कि जो भी बाबू, अभियंता या अधिकारी पकड़ा जाता है वह करोड़ों का खेल कर चुका होता है। आज विकास प्राधिकरण प्राइवेट एजेंसियों से महंगे फ्लैट बेच रहे हैं। ऐसे में इनकी जरूरत क्या है? जब गरीबों को घर दे नहीं पाते तो इनको खत्म किया जाये। जब विकास प्राधिकरण ही जनता को चूना लगाने पर तुले हों तो इनको खत्म कर प्राइवेट क्षेत्र को ही आगे बढ़ाया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना कई सालों से चल रही है लेकिन प्राधिकरणों एवं आवास एजेंसियों की कारस्तानी के कारण ही गरीबों को घर नहीं मिल रहा है। दूसरे गरीबों के घर को इतना छोटा कर दिया गया है कि महज 20-22 मीटर में ही बना दिया जाता है। इससे घर मिल भी जाता है तो भी शांति नहीं मिलती है। इसलिए अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को शहरों में घर दिया जाता है तो उसका आकार कम से कम 30-40 वर्ग मीटर तो रखा ही जाना चाहिए जिससे कि गरीब आसानी से अपना जीवन यापन इन घरों में कर सकें। कम से कम दो छोटे-छोटे कमरों का घर हरेक व्यक्ति के लिए जरूरी है। पीएम आवास योजना में जो घर बनाये जा रहे हैं उनसे आवास की समस्या हल होने वाली नहीं है।

**प्रमोद कुमार शुक्ल, लखनऊ.**

## विकास में देरी की कीमत

कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए इसमें होने वाले विलंब की चर्चा की, दरअसल प्रधानमंत्री जिस परियोजना का लोकार्पण कर रहे थे वह वर्षों पुरानी है। प्रधानमंत्री ने कई परियोजनाओं को अंजाम तक पहुंचाने का कार्य किया है, जो दशकों से लेटलतीफी की शिकार थीं। इसमें सरदार सरोवर परियोजना और हाल ही में लोकार्पित सरयू नहर परियोजना प्रमुख है। यह दोनों परियोजनाएं आधी शताब्दी से अधिक समय पुरानी थीं। जब विकास की योजनाओं में इतना विलंब हो जाता है तो देश को बहुत नुकसान होता है। अगर सरयू नहर परियोजना या फिर सरदार सरोवर परियोजना में चार-पांच दशक विलंब न होता तो इससे अब तक बहुत लाभ मिल चुका होता। इसलिए यह जरूरी है कि परियोजनाओं की शुरूआत के साथ ही उसके कंपलीट होने की तरीख भी तय हो और इसके लिए पर्याप्त बजट के साथ ही परियोजना के मार्ग में आने वाली बाधाओं को हल करने के लिए सक्षम प्रशासनिक ढांचा भी हो। केन्द्र सरकार बुनियादी विकास की परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हुए इनको समयबद्ध पूरा करने का संकल्प दिखाया है। इसका बेहतर परिणाम यह रहा है कि राजमार्ग, रेलवे, शहरी विकास व ऊर्जा क्षेत्र की परियोजनाएं बड़ी संख्या में पूरी होकर राष्ट्र की सेवा में समर्पित हो गयी हैं। परियोजनाएं पूरी होने की गति बढ़ने के बावजूद भी बहुत देरी होती है।

**आकाश श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## केमिकल लदा टैंकर पलटा, बड़ा हादसा टला

रूदौली-अयोध्या। लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर थाना पटरंगा के हाईवे चैकी क्षेत्र अंतर्गत जरायल कला के पास गुरुवार की सुबह केमिकल से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। टैंकर पलटते ही आसपास अफरा-तफरी मच गई और



हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ।घटना की सूचना मिलते ही पटरंगा घने हाइवे पुलिस चैकी की टीम मौके पर पहुंच गई। एहतियात के तौर पर हाईवे पर यातायात को आंशिक रूप से नियंत्रित कर दिया गया, ताकि किसी तरह की अनहोनी न हो सके। पुलिस और संबंधित विभाग की टीम ने टैंकर में लदे केमिकल की जांच शुरू कर दी है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि उससे किसी प्रकार का रिसाव या खतरा न हो।पुलिस के अनुसार, स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाए जा रहे हैं।हाइवे चैकी प्रभारी राजकुमार ने बताया संबंधित कंपनी से बात कर दूसरे टैंकर को मंगवाया जा रहा है।

# रामनगरी अयोध्या में उमड़ा आस्था का सैलाब

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या मकर संक्रांति के पावन पर्व पर भक्ति और श्रद्धा के अद्भुत संगम में डूबी नजर आई। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ उत्तरायण की शुरूआत का यह शुभ अवसर हजारों-लाखों श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया।एक अनुमान के अनुसार करीब पांच लाख के आसपास श्रद्धालुओं ने पवित्र सरयू नदी में आस्था की डुबकी लगाई और पुण्य अर्जित किया। भोर होते ही ब्रह्म मुहूर्त से सरयू घाटों पर भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा, जहां हर हर महादेव और बाराबंकी, सुल्तानपुर, गोंडा, बस्ती आदि से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुबह 4 बजे से ही स्नान का सिलसिला शुरू हो गया। कड़ाके की ठंड के बावजूद भक्तों ने उत्साह से सरयू की लहरों में डुबकी लगाई, उसके बाद तिल-गुड़ की खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया और दान-पुण्य किया।स्नान के बाद श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए श्री राम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे, जहां रामलला को विशेष श्रृंगार और खिचड़ी का भोग लगाया गया। हनुमानगढ़ी मंदिर में भी भक्तों की भारी भीड़ रही, जहां हनुमान जी के दर्शन-पूजन के साथ पर्व का आनंद लिया गया। राम मंदिर में भक्तों ने रामलला



- पावन पर्व पर तकरीबन पांच लाख श्रद्धालुओ ने लगायी सरयू में आस्था की पवित्र डुबकी
- सुरक्षा व्यवस्था चाक-चैबंद, घाटों पर पुलिस और प्रशासन अलर्ट
- रामलला और हनुमानगढ़ी में श्रद्धालुओ ने किया दर्शन-पूजन

जय श्री राम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मकर संक्रांति पर सरयू में स्नान, दान और पूजन से समस्त पापों का नाश होता है तथा सूर्य देव की विशेष कृपा प्राप्त होती है।इसी आस्था से प्रेरित होकर अयोध्या समेत आसपास के जिलों अंबेडकरनगर, के सामने हाथ जोड़कर प्रार्थना की और नई शुरूआत की कामना की। गोंडा से आए अर्जुन ने बताया मकर संक्रांति पर सरयू स्नान का अलग ही महत्व है। रामनगरी में आकर ऐसा लगता है जैसे सारे पाप धुल गए।

आलोक ने कहा योगी सरकार की व्यवस्थाओं से इस बार बहुत सुगमता रही। यह पर्व न केवल स्नान-दान का है, बल्कि नए संकल्पों और सूर्य की ऊर्जा से जीवन को रोशन करने का भी प्रतीक है। अयोध्या में आज का जनसैलाब राम भक्ति और सनातन संस्कृति की जीवंतता का जीता-जागता प्रमाण बना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए थे। सरयू घाटों पर विशेष सफाई व्यवस्था, चैबी घंटे प्रकाश, पेयजल, शौचालय, चेंजिंग रूम और पार्किंग की सुविधाएं सुनिश्चित की गईं। नगर निगम ने सैकड़ों कर्मचारियों को तीन पालियों में तैनात किया, ताकि कोई असुविधा न हो।एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था चाक-चैबंद रही। घाटों पर पुलिस, पीएसी और प्रशासनिक अधिकारी अलर्ट मोड पर तैनात थे। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई और भीड़ प्रबंधन के लिए बैरिकेडिंग एवं मार्गदर्शन बोर्ड लगाए गए। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम ने फुंडे बताया कि प्रशासन की मुस्तैदी और भक्तों की अटूट श्रद्धा ने इस पर्व को यादगार बना दिया। श्रद्धालुओं को असुविधा न हो इसका विशेष ख्याल रखा गया है। अगले स्नान पर्व मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी पर भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

## गोसाईगंज में खुला गड्ढा बना हादसे का कारण

गोसाईगंज-अयोध्य। गोसाईगंज बाईपास से सटे कालीचैरा मॉंर्ग से महादेवा घाट जाने वाले रास्ते में सीवर लाइन की पाइपलाइन के लिए खोदा गया गड्ढा लंबे समय से खुला पड़ा है। बाईपास निर्माण कर रही संस्था छात्र शक्ति द्वारा गड्ढे को बिना समतलीकरण किये छोड़ दिए जाने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।इस खुले गड्ढे में दोपहिया वाहन चालक, साइकिल सवार, श्रद्धालु और खेलते हुए छोटे बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार शिकायत के बावजूद संबंधित संस्था द्वारा न तो गड्ढे को भरा गया और न ही सड़क का निर्माण कराया गया।यह मार्ग काली मंदिर, महादेवा घाट स्थल से जुड़ा होने के कारण अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रतिदिन महिलाएं, बच्चे और श्रद्धालु पूजा-अर्चना, आरती एवं 84 कोसी परिक्रमा के पड़ाव स्थल पर आने-जाने के लिए इसी रास्ते का उपयोग करते हैं। गड्ढे के कारण फिसलने का खतरा बना रहता है, जिससे किसी भी समय गंभीर हादसा हो सकता है। वार्ड सभासद रविंद्र यादव, करिया गौड़, नंद कुमार भोला यादव, नंदू गौड़, रामकुमार जायसवाल, शिवपूजन और विनय कुमार डब्लू ने। छात्र शक्ति और लोक निर्माण विभाग से शीघ्र निर्माण कराने की मांग की है।

## भाकियू टिकैत के तत्वावधान में रक्तदान शिविर संपन्न, 21 ने किया रक्तदान



**बाराबंकी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा जिला अस्पताल रक्तकोष प्रभारी डा0 गौरव सिंह की देख-रेख में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे रक्तकोष प्रभारी डा0 सिंह की देख-रेख मे कुल 28 किसानों ने पंजीकरण कराते हुये 23 किसानों सौरभ द्विवेदी, दिनेश कश्यप, शिव कुमार, दीपक कुमार, चन्द्र मोहन, जय सिंह, ओम प्रकाश वर्मा, इंद्रभान सिंह, धीरेन्द्र कुमार, डॉ शिवाकांत, मोहित कुमार, दीपक पटेल, सौरभ शर्मा, जितेश, राजकुमार, धर्मराज गुप्ता, अभय मिश्रा, सुभाष यादव, अभिलाष कुमार, राजकुमार रावत, अरुण प्रकाश, मो तारिक, मुकेश कुमार ने रक्तदान कर महादानी बने। भाकियू मीडिया प्रभारी सतीश वर्मा रिन्कू ने बताया कि यह शिविर संगठन के सामाजिक सरोकारों के तहत आयोजित किया गया था। और भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी कार्य लगातार किए जाते रहेंगे।इस अवसर पर हौसिला प्रसाद वर्मा, राम किशोर पटेल, अनुपम वर्मा, डॉ हरिओम, उत्तम वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, शिव नरायन सिंह, रामानंद वर्मा, प्रमोद कुमार, राजेश वर्मा मौजूद रहे।

## डिंपल यादव के जन्मोत्सव पर सपाइयों ने वृन्दावन आश्रम में किया कम्बल वितरण



**देवा, बाराबंकी।** विधानसभा सदर अन्तर्गत नगर पंचायत देवां में बाबा लाला दास कुटी श्री वृन्दावन आश्रम में पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू द्वारा समाजवादी पार्टी सांसद डिंपल यादव के जन्मोत्सव पर कंम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे पूर्व विधान परिषद सदस्य ने केक काटकर व संत-महात्माओं को कंबल, अंगवस्त्र एवं दक्षिणा भेंट कर अपने नेता सांसद श्रीमती यादव के दीर्घायु होने की कामना की। उन्होने कहा कि सासंद श्रीमती यादव समाजवादी पार्टी की मजबूत स्तंभ हैं जिन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास एवं जनसेवा के क्षेत्र में निरंतर करती रहती हैं। इस मौके पर ज्ञान सिंह यादव, प्रदीप यादव बिंद्रा, सरबजीत यादव, अशोक, सहजराम, वीरेंद्र कुमार, रामकिशोर, आशीष मौजूद रहे।

## अग्निकांड से गृहस्थी जलकर राख, पीड़ितों से मिले विधायक



**रुदौली-अयोध्या।** रुदौली विधायक रामचंद्र यादव नें आज इलाके में तूफानी दौराकर पिछले दिनों हुई घटनाओं से पीड़ित परिवारों से भेंट की सर्वप्रथम अशरफपुर गंगरेला निवासी रामसूरत रावत 30 वर्ष की मंगलवार को नदी में डूबनें व हार्ट अटैक से असमय मृत्यु होने पर उनके घर पहुंचे, इसके बाद सुल्तानपुर निवासी विल्केश निषाद की पत्नी की प्रसव के बाद हुई मृत्यु पर उनके घर पहुंचकर पीड़ित से मुलाकात की,इसके बाद 12 जनवरी सोमवार को सहबाजचक निवासी रामेश्वर मौर्या का गंभीर बीमारी से असमय निधन होने पर उनके घर पहुंचे तथा इसी ग्राम निवासी पुत्तीलाल रावत व अखिलेश रावत के घर में आग लग जाने पर हुए नुकसान का आकलन किया और फौरी मदद की तथा डॉ.से वार्ता कर बकरी का पी. एम. कराने व अग्निकांड से पीड़ित को सम्बंधित आवास दिलाने का निर्देश सम्बंधित अधिकारियो को दिया इस अवसर पर गन्ना डायरेक्टर राम प्रेस यादव, सुरेश कुमार लोधी, श्रीकृष्ण यादव, पंकज गुप्ता व महाबली लोधी सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित थे।

## समाजसेवी राजन पांडेय के आवास पर लगा गरीबों का मेला

**अयोध्या।** मकर संक्रांति पावन पर्व के शुभ अवसर जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी राजन पांडेय ने अपने आवास शिवनाथपुर कुमारगंज में बिगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 15000 गरीबों को कंबल और लगभग 30000 लोगों को भोजन करवा कर उनका आशीर्वाद लिया। इस मौके पर उन्होंने लोगों को संबोधित

- 15 हजार गरीबों को कंबल और 30 हजार लोगों को करवाया भोजन

करते कहा कि आज मन बड़ा दुखी होता है कि जहां गरीबों के मदद की बात आती है तो शायद कुछ लोग यह भूल जाते है कि इन्हीं गरीबों की कमाई हम लोग खाते है खेतों में काम करने वाला यही गरीब होता है हमारे आपके मकान बनाने वाला यही गरीब होता है जब उसको थोड़ा सा देने की बारी आती है तो हम आप अपने को मालिक समझ बैठते है लेकिन ऐसा नहीं होना



चाहिए। समाजसेवी राजन ने आगे कहा कि गरीबों को अपना परिवार मानकर उनकी मदद करना चाहिए. क्योंकि गरीबों की दुवा में बहुत ताकत है और इनकी बद्दुआ में भी बहुत ताकत है इसलिए हमेशा इनकी मदद कीजिए इससे आपके बच्चे और परिवार हमेशा खुशहाल रहेगा। उन्होंने कहा कि जैसे मां बाप सबसे कमजोर बच्चे पर ज्यादा ध्यान देते है वैसे समाज के सम्पन्न लोगों को गरीबों पर विशेष ध्यान देकर भगवान की कृपा प्राप्त करना चाहिए। समाजसेवी ने उमड़े जनसैलाब के बीच में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विधान परिषद सदस्य डॉ धर्मेंद्र सिंह का जन्मदिन केक काटकर मनाया इस अवसर पर उनके प्रतिनिधि गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष एवं महामंत्री हरे श्याम सिंह श्रीनेत उपस्थित रहे। राजन पांडेय ने बड़े मंच के माध्यम से अपनी कमाई से जिला पंचायत क्षेत्र में किए गए कार्यों का विवरण भी दिया। इस विशाल कंबल वितरण एवं खिचड़ी भोज कार्यक्रम को सफल संपन्न करने के लिए अयोध्या जिले की पुलिस प्रशासन को मंच के माध्यम से धन्यवाद भी ज्ञापित किया किय। इस मौके पर गरीबों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें गायक गगनदीप सिंह विवेक पांडेय करमचंद देहाती चिंटू सागर मुन्ना पाठक परवेज खान बृजमोहन तिवारी चंदा भौजी सहित कई दर्जन कलाकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बम बहादुर पांडेय त्रिलोकीनाथ पांडेय तेज बहादुर पांडेय अनिल मिश्रा मोंटी शुक्ला हरीनाथ पांडेय विमल पांडेय विंध्य पांडे विजय प्रतापपांडेय रवि पांडेय दीपक सिंह संजय तिवारी आशीष राजन पांडेय के तीनों पुत्र अमित पांडेय अंकित पांडेय जिला पंचायत सदस्य अर्पित पांडेय अतुल पांडेय आदर्श पांडेय प्रभाकर बृजनाथ पांडेय बैजनाथ यादव उमानंद विश्वकर्मा राजू पांडेय सुरेंद्र शुक्ल सुंदरम मिश्र सहित सैकड़ों कार्यकर्ता रहे।

## नगर पंचायत रुपईडीहा व्यापार मंडल के चुनाव की सरगर्मी तेज

**रुपईडीहा बहराइच।** आगामी 18 जनवरी को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल रुपईडीहा इकाई का चुनाव सम्पन्न होगा। एक चुनाव समिति के निर्देशन में बाजार के 8 सौ 36 मतदाता गुप्त मतदान करेंगे। अध्यक्ष हेतु 2, महामंत्री हेतु 2 व कोषाध्यक्ष हेतु 2 लोगों ने नामांकन किया है। इसी प्रकार कार्यकारिणी के सदस्य 11 चुने जाएंगे। इस हेतु 22 व्यापारियों ने नामांकन किया है। बाजार के बीच स्थित सिंह मार्केट में गुप्त मतदान होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मंडल के पूर्व महामंत्री संजय बंसल ने बताया कि उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी सहित स्थानीय थाने को सूचित कर दिया गया है। बंसल ने यह भी बताया कि 18 जनवरी की सुबह 8 बजे से 3 बजे तक मतदान व मतगणना 4 बजे से उसी दिन की जाएगी। इस अवसर पर संघ के बहराइच के पदाधिकारी भी आ रहे हैं।

## अड़र-16 में मानस क्रिकेट अकादमी व अड़र-12 में ब्लेज 11 क्रिकेट अकादमी ने दर्ज की जीत

**बाराबंकी।** लॉर्ड्स बालाजी क्रिकेट ग्राउंड मे बाराबंकी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में बीडीसीए लीग अंडर-12 व 16 क्रिकेट टूर्नामेन्ट का आयोजन किया गया। जिसमे अड़र-16 मैच में टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी एसकेटी क्रिकेट अकादमी की तरफ से 31.4 ओवरों में 141 रनो का लक्ष्य रखा गया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मानस क्रिकेट अकादमी टीम ने 28.2 ओवरों में 4 विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल किया।

बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन हेतु मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आश्विक सिंह यादव को मिला। तो वही अंड़र-12 लीग मे टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी ब्लेज 11 क्रिकेट अकादमी टीम 39.1 ओवर में 244 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लॉर्ड्स



बालाजी क्रिकेट अकादमी टीम सिर्फ 36.3 ओवरों में 122 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। बेहतरीन बल्लेबाजी हेतु मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अमित कुमार को मिला। इस अवसर पर एसोसिएशन अध्यक्ष जतिन वर्मा, चेयरमैन अख्तर अजीज खान, सेक्रेटरी डॉक्टर चैधरी अहमद जावेद, कोषाध्यक्ष राजेश अरोड़ा बब्बू, ज्वाइंट सेक्रेटरी अंकुर माथुर, जावेद अजहर, मोहम्मद आसिफ, लोकेश शुक्ला, कोच इरफान खान मौजूद रहे।

## अनुश्रवण और मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न

**बहराइच 15 जनवरी।** बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि जनपद में संचालित समस्त गौ आश्रय स्थलों को सी.सी.टी.वी. कैमरों से आच्छादित कर विकास भवन स्थित कमाण्ड सेन्टर से उनकी निगरानी की जाय। डीएम ने सुझाव दिया कि कैमरे इस प्रकार से स्थापित किये



जायें कि गोआश्रय स्थल के प्रमुख स्थान जैसे गोदाम, प्रवेश द्वार, चरही इत्यादि की बेहतर ढंग से मानीटरिंग किया जा सके। डीएम ने कहा कि कामण्ड सेन्टर पर गो आश्रय स्थलों की निगरानी के लिए माकूल बन्दोबस्त सुनिश्चित किये जाएं।

जिले में संचालित गोवंशों की व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने हेतु डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि आवश्यकतानुसार एस.एफ.सी. पूलिंग को बढ़ाया जाय। डीएम द्वारा पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से गोआश्रय स्थलों का भ्रमण कर संरक्षित गोवंशों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा के माकूल बन्दोबस्त किये जाएं। डीएम ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि प्रत्येक माह जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक करायी जाय।

डीएम ने निर्देश दिया कि एसएफसी में और अधिक पूलिंग कर गो आश्रय स्थलों के अन्य कार्यों को समय से पूर्ण करा लिया जाय साथ समस्त ग्राम पंचायतों की मैपिंग भी करा ली जाय। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि नवाचार के माध्यम से गोशाला में उपलब्ध गोबर का सुदपयोग कर गोशाला को स्वावलम्बी बनाने का प्रयास किया जाय। बैठक के दौरान डीएम ने अन्य बिन्दुओं की भी समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।बैठक का संचालन मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी मौजूद रहे जबकि उप

## महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति किया गया जागरूक



**बहराइच ।** मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया।मिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## रूपईडीहा में खिचड़ी भोज आयोजित



**रूपईडीहा बहराइच।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सीमावर्ती कस्बा रुपईडीहा में श्रद्धा, आस्था और सामाजिक सौहार्द का अनूठा दृश्य देखने को मिला। पर्व के अवसर पर कस्बे के विभिन्न स्थानों पर खिचड़ी भोज कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों ने उत्साहपूर्वक त्यौहार मनाया।

इसी क्रम में संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में भव्य खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। मंदिर के महंत हनुमान दास रामायणी के सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।खिचड़ी भोज कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं दूर-दराज से आए भक्तों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा और जयकारों से वातावरण गूंज उठा। आयोजकों द्वारा स्वच्छता और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।

मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं ने बताया कि मकर संक्रांति पर खिचड़ी दान और प्रसाद वितरण का विशेष धार्मिक महत्व है। इस प्रकार के आयोजनों से आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम के समापन पर महंत हनुमान दास रामायणी ने सभी श्रद्धालुओं के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

उल्लेखनीय है कि मकर संक्रांति के अवसर पर रुपईडीहा कस्बे में जगह-जगह धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिससे पूरा क्षेत्र पर्व की खुशियों में सराबोर नजर आया।

## चर्दा जमोग बलदेव बाबा मंदिर प्रांगण में 17 जनवरी को विशाल हिंदू महा सम्मेलन

**बहराइच।** चरदा क्षेत्र स्थित बलदेव बाबा मंदिर प्रांगण में आगामी 17 जनवरी को भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर मंदिर परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजन समिति के संयोजक पंकज जायसवाल ने कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी दी।सह संयोजक अनूप मिश्रा ने बताया कि इस सम्मेलन में देश-प्रदेश के अलावा पड़ोसी देश नेपाल से भी सनातनी श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कुल मिलाकर लगभग पांच हजार

- नेपाल सहित देश-प्रदेश से जुटेंगे हजारों सनातनी

श्रद्धालुओं और हिंदू समाज के लोगों के पहुंचने का अनुमान है।

सम्मेलन का उद्देश्य सनातन संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने और धार्मिक चेतना को जागृत करना है।आयोजकों के अनुसार श्रद्धालुओं के बैठने के लिए भव्य पंडाल की व्यवस्था की गई है। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और भोजन-प्रसाद की समुचित व्यवस्था की जा रही है, ताकि



दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सम्मेलन 17 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे प्रारंभ होकर देर शाम तक चलेगा।प्रेस वार्ता में मौजूद सह संयोजक शांतनु सिंह ने बताया कि सम्मेलन के दौरान धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है।कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सह संयोजक अनूप मिश्रा, गौरव जायसवाल, शांतनु सिंह, विष्णु चौरसिया, संगम जायसवाल, राजकुमार सोनी और पंकज कश्यप को सौंपी गई है। कार्यक्रम के प्रेरक अरुण पाठक और आशीष त्रिपाठी हैं।

वहीं व्यवस्था प्रमुख पिंटू सोनी, मनीष जायसवाल, राजकुमार कश्यप और राजन जायसवाल के नेतृत्व में पूरी टीम लगातार स्थल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर रही है। सह व्यवस्था प्रमुख की जिम्मेदारी राजेश जायसवाल, विनय जायसवाल, दिनेश जायसवाल, हनुमान सोनी, रामू सोनी, ओमप्रकाश जायसवाल और राजू जायसवाल को दी गई है।व्यवस्था प्रमुख पिंटू सोनी ने बताया कि आयोजन से जुड़ा आर्थिक प्रबंधन पूरी तरह संतुलित और पारदर्शी रखा गया है। प्रेस वार्ता के अंत में आयोजकों ने क्षेत्रवासियों और सनातन धर्म में आस्था रखने वाले सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में शामिल होने की अपील की।

## मां हट्टी महारानी मंदिर पर हुआ भंडारा

अयोध्या। नगर के बीचो-बीच स्थित प्रख्यात शक्तिपीठ माँ हट्टी महारानी मन्दिर पर मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर अपरान्ह 12 बजे माँ हट्टी महारानी मन्दिर सेवा समिति अयोध्या के प्रबन्धक अशोक सहदेव एवं अध्यक्ष रवि कपूर द्वारा माँ की आरती पूजन के पश्चात माता के दरबार में श्रद्धालुओं के लिए सवा पन्द्रह कुन्टल सामग्री से निर्मित खिचड़ी के प्रसाद का विशाल भण्डारा प्रारम्भ किया गया। मन्दिर सेवा समिति के प्रवक्ता केशव बिगुलर के अनुसार विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी माता के दरबार में खिचड़ी के प्रसाद का विशाल भण्डारा मन्दिर सेवा समिति द्वारा अपरान्ह 12 बजे प्रारम्भ किया गया जो देर रात्रि लगभग 7 बजे तक चलता रहा।

लोग कतारबद्ध होकर माता के जयकारे लगाते हुए खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण कर रहे थे। लगभग एक सप्ताह पूर्व से चल रही मकर संक्रान्ति पर्व की तैयारी मन्दिर सेवा समिति द्वारा योजनावद्ध तरीके से किया गया था जिसके अनुसार आज पर्व के अवसर पर भण्डारे के संयोजक के रूप में मंत्री नीरज अग्रवाल को प्रसाद के निर्माण का दायित्व सौंपा गया था।,

## मकर संक्रांति पर हुआ खिचड़ी भोज



**अयोध्या।** जय मां सिद्धदात्री दुगार्पूजा मण्डल शोलहपुरी के तत्वाधान में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गुरूवार को खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष नीलम शर्मा की देखरेख में आयोजित खिचड़ी भोज में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में खिचड़ी ग्रहण किया।

इस मौके पर दुगार्पूजा मंडप के अजीत सिंह, राजू श्रीवास्तव, शोभित श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश शर्मा, मनोज मेहरोत्रा, मदन जायसवाल, राकेश वैद, वेद सिंह कमल, नफीस उर्फ पप्पू, फ्लावर नकवी, विशाल वैद, रघुनाथ यादव, इंदर मोटवानी, मोनू शर्मा व अरविन्द पाल मौजूद रहे। वहीं श्री देवी दुर्गेश्वरी मंदिर हमदानी कोठी पर मकर संक्रांति के मौके पर अध्यक्ष रोहित सिंह व पुजारी संजय सिंह की अगुवाई में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर वीरेश्वर सिंह, संतोष चेता सहित काफी लोगों ने श्रद्धालुओं को खिचड़ी ग्रहण कराया। इसी क्रम में प्रचीन शिव हनुमान मंदिर रामपथ पर भी खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर आनन्द किशोर, कृष्ण कुमार, विमल किशोर आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## तमंचा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त ताज मोहम्मद उर्फ ननकू पुत्र मो0 हबीब निवासी पूरे तुराब मजरे बसौनी थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी उम्र 35 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 1 तमंचा व 2 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया।

## आर्मी डे आयोजित

**बछरावां, रायबरेली ।** 66 एनसीसी बटालियन के दिशा निर्देशन में दयानंद पीजी कॉलेज में आर्मी डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अर्चिता वर्मा ने आर्मी डे के बारे में बताया, त्रिशा पटेल ने एनसीसी से सेना में भर्ती के तरीकों को साझा किया, शगुन, आकांक्षा, सुलेखा, काव्या, मो.अमीन और सावनी ने सेना के अमूल्य योगदान को बताया। इस कार्यक्रम का कुशल संचालन कैडेट रवींद्र वर्मा ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने कैडेटों को 78 वें सेना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ष्सैनिक शौर्य, पराक्रम, अदम्य साहस, सेवा व बलिदान की साक्षात प्रतिमूर्ति होते हैं। राष्ट्र के अमर शहीदों के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मां भारती के वीर सैनिकों को हार्दिक नमन एवं अभिनन्दन है ष् वहीं एएनओ कैप्टन डॉ विष्णु चन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि सेना राष्ट्र सेवा के लिए प्रत्येक समय तत्पर रहती है। चाहे वो शान्ति काल हो या युद्ध काल। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ साधना त्रिपाठी ने कैडेटों को सेना दिवस की बधाई दी। इस कार्यक्रम का संयोजन ट्रेनर राहुल चैरसिया ने किया। इस अवसर पर विशाल, पायल, वैष्णवी, अनुज, सचिन, प्रभाकर नाथ और आयुषी आदि कैडेट उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

## गोरखपुर के पहलवान अर्जुन बने दंगल केसरी

**नसीराबाद, रायबरेली ।** गुरुवार को मकर संक्रांति के पर्व पर हमेशा की तरह इस वर्ष भी विकास खंड छतोह के बभनपुर में एक ऐतिहासिक मेला लगा जिसमें क्षेत्र के हजारों लोग एकत्र हुए। मेले के बगल में ही बंधवा तालाब पर राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता के आयोजन में गोरखपुर, मथुरा, रोखा, जम्मू-कश्मीर, आजमगढ़, रायबरेली, दिल्ली, चंडीगढ़, पनीपत, पल्टीखेडा, गुडगांव ,ओलीपुर ,मऊ, गढवारा, ेरठ, खनवा मध्यप्रदेश, कानपुर, हरदोई, भदोखर, कन्नौज, रसतीपुर, बनारस, हरियाणा, सोनीपत, पंजाब, के साथ-साथ नामी-गिरामी पहलवानो ने कुश्ती के दांव पर दिखाएं और जिसमें मध्यप्रदेश के कालू पहलवान ने खूब तालियां और पुरस्कार बटोरे। दंगल केसरी का फाइनल मुकाबला गोरखपुर के पहलवान अर्जुन और जम्मू-कश्मीर पहलवान शेरु के बीच हुआ। जिसमे गोरखपुर के पहलवान ने अर्जुन 12 मिनट के कडी मशक्कत के बाद जम्केमू-कश्मीर पहलवान शेरु को चित कर एक लाख एक हजार का इनामी मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसके अलावा सभी पहलवानों को भी ढेरों इनाम दिए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिलेश राम बिशाल पान्डेय की।

# मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोज का आयोजन

## जरूरतमंदों में बांटे गये 1001 कंबल



जिला संवाददाता (vol)

**परशदेपुर, रायबरेली ।** गुरुवार को परशदेपुर क्षेत्र के पूरे सधई मिश्र मजरे बरुआ ग्राम सभा में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर खिचड़ी भोज व कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाजसेवी व प्रधान विनोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में खिचड़ी भोज आयोजन के दौरान ठंड के मौसम को देखते हुए गरीब और जरूरतमंद लोगों में कड़कड़ाती ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित कर सामाजिक समरसता और मानव सेवा के संदेश दिया गया और साथ ही खिचड़ी का प्रसाद भी वितरित किया गया।

प्रधान विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा करना ही मनुष्य का सबसे बड़ा पुण्य है। प्रधान ने कहा कि मैने अपने पूर्वजों से मिले संस्कार व परिवार की परम्परा को निभाते हुए जरूरतमंदों में कंबल वितरण किया है। आगे भी यह परंपरा निरंतर चलती रहेगी। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार मिश्र व कैसर अली ने किया। खिचड़ी भोज कार्यक्रम में ग्राम सभा के लोगों के साथ ही विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में शामिल हुए लोगों ने सामाजिक समरसता व एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर कल्पनाथ मिश्रा, मनोज कुमार मिश्रा, बृजमोहन यादव, विनय मिश्रा, दीपू मिश्रा, अजय मिश्रा, अधिवक्ता सौरभ मिश्रा, ज्योति प्रसाद यादव, इंद्रजीत सिंह चौहान, सोनू सिंह, अवधेश मिश्रा, चंद्रेश प्रताप सिंह, छोटू मिश्रा, मनीष मिश्रा, बबलू यादव, अवधेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे

### प्रशासन के भेजे गये कम्बलों का वितरण

**सलोन, रायबरेली ।** लगभग एक माह से पड़ रही कड़ाके की ठंड के बाद प्रशासन द्वारा भेजे गये कम्बलों का वितरण कियागया। सलोन तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा मटका के लेखपाल ने गरीबो व निर्धनों के लिये कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। लेखपाल अमित पांडेय ने कहा कि क्षेत्र के गरीबो व निर्धनों को प्रशासन द्वारा भेजे गये कम्बलों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि इस भीषण ठंड में गरीबो को कम्बल का वितरण करना एक पुनीत कार्य है। इस कड़ाके की ठंड को देखते हुए गरीबों और जरूरतमंदों के बीच एकत्रित लोगो के बीच जाकर कंबल का वितरण किया समाज सेवा और मानव सेवा ही उनका उद्देश्य है।

## लापता अधेड़ का तालाब किनारे खेत में मिला शव, परिजनों में कोहराम

**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल) ।** जनपद के दोस्तपुर कस्बे में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक लापता अधेड़ व्यक्ति का शव उसके घर से करीब 200 मीटर की दूरी पर तालाब के किनारे खेत में पड़ा मिला। खेत में पानी भरा हुआ था और तलपटनी से पटा होने के कारण शव काफी देर तक नजर नहीं आया। मृतक की पहचान गुड्डू पुत्र भागीरथी गौतम (उम्र लगभग 39 वर्ष) निवासी बभनइया पश्चिम, दोस्तपुर के रूप में हुई है। शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई।

परिजनों के अनुसार गुड्डू 2 जनवरी 2026 की सुबह लगभग 7 बजे घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद परिजनों ने थाना दोस्तपुर में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बृहस्पतिवार की शाम कुछ ग्रामीणों ने तालाब के किनारे खेत में एक शव देखा। पास जाकर पहचान होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना दोस्तपुर से उप निरीक्षक अनूप सिंह, उप निरीक्षक सियाराम, कांस्टेबल आनंद सिंह एवं योगेंद्र मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को बुलाया। शव देखते ही मृतक की पत्नी किरन और बच्चे खुशी, दीपांसी, तान्या तथा पुत्र आकृत का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं। मृतक भूरे रंग की जैकेट, नीली जींस, चॉकलेटी मफलर और सफेद जूते पहने हुए था। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## सेवन साइड फुटबॉल में एसटेक सुलतानपुर बना विजेता

**सुलतानपुर ।** जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित स्वर्गीय विजय निषाद स्मारक सेवन साइड फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। आयोजक सुनील पाल की अगुआई में इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि चंदन नारायण सिंह भाजयुमो अध्यक्ष ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया स दिन भर चले मैच में पहला सेमीफाइनल पुलिस लाइन और एसटेक सुलतानपुर के बीच हुआ, जिसमें एसटेक सुलतानपुर ने 4-0 से जीत दर्ज की। वहीं दूसरा सेमीफाइनल भुलियापुर और मॉर्निंग स्टार सुलतानपुर के बीच खेला गया, जिसमें भुलियापुर ने 3-0 से जीत दर्ज की स फाइनल मुकाबला एसटेक सुलतानपुर और भुलियापुर के बीच खेला गया, जिसमें एसटेक सुलतानपुर ने 3-1 से जीत दर्ज की।

## व्यापारियों ने नवागंतुक कोतवाल का किया स्वागत, ट्रैफिक अव्यवस्था पर जतायी चिंता



**बछरावां, रायबरेली ।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने श्याम कुमार पाल, नव-नियुक्त कोतवाल बछरांवा से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान व्यापारियों ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से कोतवाल को अवगत कराया। व्यापारियों ने बताया कि बछरांवा के मुख्य चैराहे पर बेतरतीब तरीके से वाहनों का खड़ा होना गंभीर समस्या बना हुआ है, जिसके चलते आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। पदाधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के बावजूद स्थानीय स्तर पर ट्रैफिक पुलिस का ढीला रवैया चिंता का विषय है। उन्होंने मांग की कि मुख्य चैराहे पर नियमित ट्रैफिक व्यवस्था, नो-पार्किंग का कड़ाई से पालन और सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। कोतवाल श्याम कुमार पाल ने व्यापारियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया और कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से संरक्षक सौरमंडल शुक्ला, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष ओमिक सोनी, महामंत्री अमित वर्मा, कोषाध्यक्ष सतीश सोनकर, उपाध्यक्ष भूपेश कुशवाहा, युवा महामंत्री अनूप वर्मा, महामंत्री संदीप मौर्य, उपाध्यक्ष राकेश सोनी, संगठन मंत्री राहुल वर्मा, युवा उपाध्यक्ष अमरेश गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## लालगंज कस्बा स्थित आनंदा डेयरी पर इनकम टैक्स विभाग ने मारा छापा

**रायबरेली ।** लालगंज कस्बा के गांधी चौराहा स्थित आनंदा डेयरी की वर्कशाप में इनकम टैक्स विभाग की टीम ने छापा मारा। सुबह-सुबह टीम की इस कार्रवाई से हड़कम्प मचा रहा। टीम ने टैक्स में हेराफेरी किये जाने की आषंका व्यक्त की जिसके चलते देर सायं तक कार्रवाई जारी रही। बताया गया है कि आनंदा डेयरी की वर्कशाप गांधी चौराहा स्थित एक कोल्ड स्टोर में संचालित है। यह डेयरी गांव की छोटी-छोटी डेयरियों से दूध लेकर अपना कारोबार करती है। कारोबार में बडे वित्तीय घोटाले की आषंका व्यक्त करते हुए आईटी विभाग के अधिकारी भारी संख्या में सीआरपीएफ के जवानों के साथ सुबह लगभग 6 बजे पहुंचे जहां पर उन्होने मौजूद सभी कर्मियों के मोबाईल जमा कराने के साथ मेन गेट समेंत सभी मार्गो को बंद करा दिया। पूरे परिसर में सीआरपीएफ के जवानों को तैनात कर हर आने जाने वाले की निगरानी की गई। टीम के डिप्टी डायरेक्टर कुमार सौम्य, अविनाष चंद्र व आईटीओ सचिन गोयल के नेतृत्व में तीन दर्जन सदस्यीय टीम के कार्रवाई देर सायं तक जारी रही। टीम ने वित्तीय लेनदेन के अभिलेखों की जांच की साथ ही काफी संख्या में दस्तावेजों को अपने कब्जे में भी लिया है। इस दौरान अधिकारियों ने मीडिया कर्मियों से दूरी बनाते हुए अपनी कार्रवाई जारी रखी। टीम की इस कार्रवाई से कर्मचारियों समेंत प्रषासनिक अमले में हड़कम्प मचा रहा।

## व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष ने दो बसों से श्रद्धालुओं को भेजा कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज



**अमेठी ।** व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष की सराहनीय पहल सामने आई जहां जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का जत्था गंगा स्नान के लिए प्रयागराज रवाना हुआ। जिलाध्यक्ष द्वारा आयोजित यह यात्रा पूरी तरह से निःशुल्क रहेगी और श्रद्धालु पूरी सुविधा के साथ देर शाम अपने घर वापस लौटेंगे। दो बसों से करीब डेढ़ सौ श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए रवाना हुए है। दरअसल सामाजिक सरोकार और लोगों की मदद के लिए अपनी एक अलग पहचान रखने वाले उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष महेश सोनी समय-समय पर कस्बे वासियों को अलग-अलग धार्मिक स्थानों की यात्रा करवाते रहते हैं जो पूरी तरह से निशुल्क होती है। आज एक बार फिर महेश सोनी के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का एक जत्था प्रयागराज में मां गंगा स्नान के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालुओं की यात्रा पूरी तरह से निशुल्क होती है और उन्हें आने जाने और खाने-पीने की पूरी व्यवस्था दी जाती है। दो बसों पर सवार होकर करीब डेढ़ सौ श्रद्धालु खिचड़ी के अवसर पर आज गंगा स्नान के लिए रवाना हुए। पूर्व नगर पंचायत प्रत्याशी लक्ष्मी सोनी और व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। इस मौके पर वरिष्ठ जिला महामंत्री सुशील जायसवाल, राहुल लोहिया, संदीप अग्रहरि, आनंद बरनवाल, हिमांशु कसौधन, अखिलेश सोनी, सोनू कसौधन, सुरेश मौर्य प्रधान, हनी जायसवाल, सत्तू कसौधन, कमल सरोज, प्रदीप जायसवाल व व्यापारी श्रद्धालुओं अपने यात्रा में सम्मिलित हुए।

# दधीचि फाउंडेशन को मेनका गांधी का पत्र सौंपकर एसपीसीए के लिए मांगा सहयोग



**सुलतानपुर (वीओएल) ।** जनपद के वरिष्ठ समाजसेवी राम प्रकाश मिश्र उर्फ दधीची (फाउंडर, दधीचि फाउंडेशन) से भेंट कर समाजसेवी प्रशांत द्विवेदी उर्फ राहुल ने जीव-जंतु एवं प्रकृति प्रेमी, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद माता मेनका संजय गांधी का पत्र सौंपा। इस अवसर पर जिला पशु चिकित्सालय गोलाघाट में संचालित निराश्रित एवं बेजुबान पशुओं की रक्षा, देखभाल और संरक्षण के उद्देश्य से एस.पी.सी.ए. (सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स) के गठन एवं प्रभावी संचालन हेतु मार्गदर्शन और सहयोग का आग्रह किया गया। प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि जनपद में निराश्रित पशुओं की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए उनके संरक्षण के लिए संगठित प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि मेनका गांधी लंबे समय से पशु कल्याण के क्षेत्र में सक्रिय रही हैं और उनके मार्गदर्शन से एसपीसीए को मजबूती मिलेगी। राम प्रकाश मिश्र ने इस पहल की सराहना करते हुए पशु कल्याण के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## 'उप्र का स्वतंत्रता संग्राम-अमेठी' पुस्तक का लोकार्पण व पुस्तक चर्चा

**अमेठी ।** भारत मण्डपम। किसी भी देश-समाज का इतिहास, उसका आईना होता है, जिससे वर्तमान पीढ़ी को कुछ अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है। यह बात अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने उत्तर प्रदेश का स्वतंत्रता संग्राम-अमेठी पुस्तक का लोकार्पण करते हुए कही। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में आहुति देने वाले सभी सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ एवं वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित पुस्तक का लोकार्पण कार्यक्रम भारत मण्डप्म, प्रगति मैदान नई दिल्ली में वाणी प्रकाशन द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने अमेठी संसदीय क्षेत्र से जुड़े अपने विभिन्न अनुभवों भी साझा किया।

## एआरटीओ प्रवर्तन ने 25 वाहनों का किया चालान

**गौरीगंज, अमेठी ।** मुख्यमंत्री द्वारा ₹राज्य सड़क सुरक्षा परिषद₹ की बैठक में दिये गये निर्देश एवं मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन में दिये गये निर्देश के अनुपालनमें ₹राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन जनपद अमेठी में किया जा रहा है। वृहस्पतिवार को प्रवर्तन दल, अमेठी द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही करते हुये 15 चालान हेलमेट के अभियोग में, सीटबेल्ट के अभियोग में 04 चालान, मालवाहनों के फिटनेस / बीमा / बकाया कर के अभियोग में 02 चालान तथा रांगसाइड के अभियोग में 04 चालान की कार्यवाही की गयी तथा सड़क सुरक्षा सम्बन्धी पम्पलेट वितरित करते हुये आमजनमानस को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

# एनटीपीसी ने किया शिव सरोवर का जीर्णोद्धार और लोकार्पण



**रायबरेली ।** मुरारमऊ ग्राम पंचायत के भवानीदीनपुर गाँव स्थित जर्जर और पुराने हो चुके शिव सरोवर तालाब का एनटीपीसी ऊंचाहार के पर्यावरण विभाग द्वारा नवीनीकरण तथा जीर्णोद्धार किया गया। तालाब के सौंदर्यीकरण के उपरांत इसका उद्घाटन एवं लोकार्पण ऊंचाहार के परियोजना प्रमुख बिश्व मोहन सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए परियोजना प्रमुख ने कहा कि, बढ़ती जनसंख्या के साथ ही जल स्त्रोतों की स्थिति और विकट होती जा रही है, अतः हमें इसे संजोकर रखने की नितांत आवश्यकता है। पीने के पानी की समस्या और सूखे से निपटने के लिए हमें भूजल संरक्षण करना बहुत जरूरी है। एनटीपीसी द्वारा नवीनीकृत किए गए तालाब सही मायने में सहायक साबित होंगे।

महाप्रबंधकगण आशुतोष बिश्वास, दिलीप कुमार साहू, एस.यू. हरिदास, मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार, अपर महाप्रबंधक (पर्यावरण संरक्षण) प्रीति सिन्हा व अन्य विभागाध्यक्षों सहित ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियंता जलनिगम (नगरीय) मोहम्मद अफजल अली खान एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह एवं ग्रामवासियों ने एनटीपीसी के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक आनंद लोहकरे ने किया।

## मतदाता सूची से नाम कटने की शिकायत पर पहुंचे एसडीएम, बीएलओ से मांगा स्पष्टीकरण

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल) ।** बुधवार को हांसापुर गांव में मतदाता सूची से बड़ी संख्या में नाम कटने को लेकर पंचायत भवन पर ग्रामीणों के प्रदर्शन के बाद गुरुवार को उपजिलाधिकारी कादीपुर उत्तम तिवारी व तहसीलदार उमेश कुमार बूथ पर पहुंचे और ग्रामीणों से मिलकर आश्वासन दिए की जिनके नाम दो जगहों पर हैं सिर्फ वहीं नाम एक जगह से कटेंगे वैध मतदाताओं के नाम सूची से नहीं कटेंगे। बीएलओ से दो दिन के अंदर स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।

गुरुवार को उप जिलाधिकारी व तहसीलदार हांसापुर गांव के बूथ पर ग्रामीणों के बीच पहुंचे। मौजूद ग्रामीणों से उप जिलाधिकारी ने कहा कि आपके समाधान के लिए आया हूं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा एक डुप्लीकेट सूची प्रेषित की गई है, जिसका सत्यापन किया जा रहा है। डुप्लीकेट सूची में यह दिखाना है कि कौन सा व्यक्ति जिनका नाम दो बार आ रहा है, जिनका नाम या पिता का नाम एक ही है तो पता करना है कि यह व्यक्ति अलग-अलग हैं या एक ही हैं। राज्य निर्वाचन आयोग का आदेश है कि आधार का चार डिजिट अंक उसमें सेव करना है। उसी के क्रम में बीएलओ द्वारा मतदाताओं से आधार मांगा जा रहा था। किसी भी वैध मतदाताओं का नाम नहीं कटने पाएगा। शिकायत का संज्ञान लिया गया है, निर्वाचन आयोग द्वारा बीएलओ द्वारा जो प्रपत्र मांगे जा रहे हैं उसे सभी लोग उपलब्ध करवा दें। बीएलओ यदि दोषी पाया जाएगा तो तो कार्रवाई की जाएगी। अनिल पाठक, केडी सिंह, राकेश सिंह, शिवकुमार पाल, सुरेंद्र कुमार, ऋषिदेव सिंह सहित आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## डिंपल यादव के जन्मदिन पर सपा महिला विंग ने आयोजित किया सेवा कार्यक्रम



**अमेठी ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की धर्मपत्नी एवं पूर्व सांसद डिंपल यादव के जन्मदिन के अवसर पर अमेठी में सेवा और सामाजिक सरोकार से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। सपा महिला विंग की जिलाध्यक्ष गुंजन सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी पहुंचकर भर्ती महिलाओं को दूध, ब्रेड, फल सहित अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल में एक महिला द्वारा बच्ची को जन्म दिए जाने की जानकारी मिलने पर जिलाध्यक्ष गुंजन सिंह ने नवजात बच्ची की मां को शाल और बुके भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बेटियों का सम्मान ही समाज की सच्ची प्रगति का प्रतीक है। गुंजन सिंह ने कहा कि आज की बेटियां ही आगे चलकर डिंपल यादव, पी.टी. उषा और इंदिरा गांधी जैसी महान हस्तियों के रूप में देश और प्रदेश का नेतृत्व करती हैं। डिंपल यादव नारी सशक्तिकरण की जीती-जागती मिसाल हैं। गुंजन सिंह ने कहा कि डिंपल यादव आधी आबादी की सशक्त आवाज और नारी सशक्तिकरण की पहचान हैं। समाजवादी पार्टी उनके जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मना रही है, ताकि गरीब और जरूरतमंद लोगों की सहायता की जा सके। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती को भी जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## मकर संक्रांति पर ब्रह्म बाबा स्थान में सेवा का महापर्व, 500 जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**सुलतानपुर (वीओएल) ।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर करौदीकला क्षेत्र के देवरापुर गांव स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल ब्रह्म बाबा स्थान, देवराजपुर में जय ब्रह्म बाबा ट्रस्ट सेवा समिति द्वारा भव्य कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा अभियान के तहत लगभग 500 जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर ठंड से राहत पहुंचाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष पंडित राजेश कुमार उपाध्याय ने कहा कि कड़ाके की ठंड में गरीब एवं असहाय लोगों की सेवा करना अत्यंत पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों तक गर्म वस्त्र पहुंचाना मानवता की सच्ची सेवा है और समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को ऐसे कार्यों में आगे आना चाहिए। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उपस्थित ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों ने समिति के इस सामाजिक कार्य की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान राजेंद्र पाण्डेय, अम्बरीश मिश्रा, संजय उपाध्याय, बसंत उपाध्याय, विनोद उपाध्याय, महेंद्र तिवारी, सुरेश उपाध्याय सहित आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महेंद्र तिवारी, सुनील उपाध्याय, राज उपाध्याय, भोले सिंह, युवा समाजसेवी मंगेश उपाध्याय, पूर्व प्रधान हृदय नारायण उपाध्याय, इंद्रजीत वर्मा, दुर्गेश उपाध्याय, अंकित उपाध्याय, गोलू उपाध्याय, रामनयन माली, रोहित सैनी, नीलेश माली सहित कई कार्यकताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। स्थानीय लोगों ने जय ब्रह्म बाबा ट्रस्ट सेवा समिति के इस सामाजिक सरोकार की सराहना की।

### मकर संक्राति पर 151 लोगों को मिले कंबल

**कूरेभार, सुलतानपुर ।** मकर संक्रांति के अवसर पर गुरुवार दोपहर एक बजे कूरेभार ब्लॉक के पुरखीपुर गांव स्थित इछुरी सागर तट पर एक सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज इंटर कॉलेज व राज पब्लिक स्कूल के प्रबंधक और पूर्व प्रधान रमेश वर्मा के नेतृत्व में 151 जरूरतमंदों को खिचड़ी भोज के साथ कंबल वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के संभ्रांतजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। खिचड़ी भोज में सभी वर्गों के लोगों ने भाग लिया, जिससे सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश प्रसारित हुआ। मुख्य अतिथि कूरेभार ब्लॉक प्रमुख ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। उन्होंने कहा कि ऐसे जनसेवा के कार्य समाज में आपसी भाईचारे और समरसता को मजबूत करते हैं। ब्लॉक प्रमुख ने मकर संक्रांति जैसे पर्व पर ऐसे आयोजनों को सराहनीय बताया, जो समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता दर्शाते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं। जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए और सभी के लिए खिचड़ी प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजकों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक समाजसेवी रमेश वर्मा ने उपस्थित सभी अतिथियों, ग्रामीणों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति सेवा भाव ही जीवन का मूल उद्देश्य है और ऐसे आयोजन भविष्य में भी जारी रहेंगे।

# गरीबों को वितरण किया कंबल ,साड़ी और शाल

**लालगंज, रायबरेली ।** विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन अवसर पर गरीबों को उपहार भेंट करने का कार्य समाजसेवी लोगों के द्वारा किया गया है। लालगंज नगर के प्रसिद्ध कपड़ा व्यवसायी सतीश गुप्ता, बबलू और अनुराधा गुप्ता ने सैकड़ो गरीबों को कंबल, साड़ी और शाल वितरित किया है। इस कार्यक्रम में व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी और, व्यापारी नेता पुष्कर गुप्ता कृष्णा, नगर महामंत्री शिवम गुप्ता ने वितरण में सहायता की। कार्यक्रम के संयोजक बबलू गुप्ता ने कहा कि गरीबों की सेवा करना निश्चित रूप से बहुत ही पुण्य का कार्य है। उन्हें यह परोपकार का कार्य अपने पूर्वजों से मिला है जिसे निभाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सतीश गुप्ता और उनके पुत्र कृष्णा गुप्ता कई वर्षों से लगातार मकर संक्रांति के अवसर पर गरीबों को उपहार भेंट करते हैं। कार्यक्रम की सराहना उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने भी किया है। वही नीरज गुप्ता के द्वारा भी सराफा मंडी में कार्यक्रम कर गरीबों को कंबल प्रदान किया गया है। इस मौके पर व्यापार मंडल के जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, महेश सोनी, अमित गुप्ता ,नीरज गुप्ता, गौरव सोनी, शीलू त्रिवेदी ,राशी गुप्ता सहित 500 लोग मौजूद रहे।



### गरीबों की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा : अतुल सिंह

**रायबरेली ।** विधानसभा ऊंचाहार के जगतपुर में सैकड़ो जरूरतमंदों एवं समाचार पत्र वितरकों को कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी प्रदेश सचिव अतुल सिंह ने कंबल वितरित किए। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य का काम होता है और मेरा प्रयास हमेशा यही रहता है कि जरूरतमंदों की सेवा होती रहे। प्रत्येक वर्ष मैं जरूरतमंदों को कंबल वितरित करता हूं और जो यह समाचार पत्र वितरक हैं इनके द्वारा ही हम सबको समाचार पढ़ने को मिलता है। श्री सिंह ने कहा कि विधानसभा ऊंचाहार में आवारा पशुओं की बड़ी समस्या है, किसानों की फसले नष्ट हो रही हैं कोई देखने सुनने वाला नहीं है। क्षेत्रीय विधायक को इन समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांग्रेस जिला महामंत्री राकेश सिंह राणा, जिला सचिव शैलेंद्र सिंह, रामदत्त पांडे, त्रिलोकी सिंह, मोहम्मद शानू, कप्तान सिंह, गोलू अग्रहरि, राजमोहन सिंह, जितेंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह, अमरेंद्र यादव, अशोक सिंह, अभय सिंह, रमेश गौतम, रवि सिंह, राहुल यादव, राकेश सरोज, राजा तिवारी, रहीमुद्दीन, बबलू मोर्य, सत्य प्रकाश सरोज, विनोद सरोज, अंगन पटेल, उमाशंकर पटेल, अनीता देवी, गीता देवी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

संक्षेप

## स्नान, दानपुण्य और खिचड़ी वितरण के साथ मनायी मकर संक्रांति

**मथुरा।** मकर संक्रांति का पर्व यमुना स्नान दान पुण्य सुबह से ही जगह-जगह लगाए गए भंडारे मंदिरों में विशेष आयोजन परिक्रमा और दर्शन मेलाओं के साथ आज भोर से शुरू हुआ। मथुरा वृन्दावन में पवित्रयमुना के तट पर महिला पुरूष श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर मकर संक्रांति पर्व मनाया। जगह-जगह आज इस पर्व को देखते हुए खिचड़ी प्रसाद और गर्म वस्त्र बांटे गए। महिलाओं द्वारा अपने आवासों पर दान पुण्य किए गए। मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मस्थान द्वारिकाधीश मंदिर, वृन्दावन के बांके बिहारी मंदिर, मदनमोहन मंदिर और राधाबल्लभ में खिचड़ी पर्व पर भारी उत्साह रहा। सुबह से लोग दर्शनों के लिए वृन्दावन पहुंचे। इस दौरान वृन्दावन की परिक्रमा भी की गई। जनपद के सभी धार्मिक स्थलों पर उत्साह के साथ श्रद्धा और भक्ति का संगम दिखाई दिया। गोवर्धन में सप्त कोसीय परिक्रमा सुबह से ही शुरू हो गई। मानसी गंगा में भक्तों ने डुबकी लगायी। दानपुण्य किया और गिरिरराज महाराज के जयकारे लगाए। आज मकर संक्रांति पर्व के चलते बरसाना के श्रीजी मंदिर में भी दर्शनार्थी पहुंचे। गोकुल, दाऊजी और महावन में भी धार्मिक स्थलों के अलावा मकर संक्रांति पर्व मनाया गया।

## साइबर अपराधी गिरफ्तार

**मथुरा।** गोवर्धन पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई के दौरान 25 हजार रुपये के इनामी साइबर ठग को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। पैर में गोली लगने से शातिर घायल हो गया है। उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस, और बिना नंबर की बाइक बरामद हुई है। एसपी देहात सुरेश चंद रावत ने बताया कि बुधवार रात चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि 25 हजार रुपये का इनामी साइबर ठग मोहम्मद साद उर्फ काला निवासी ग्राम देवसेरस थाना गोवर्धन किसी रिश्तेदारी में छिपने के उद्देश्य से गाठोली जमुनावता बाईपास की ओर जाने वाला है। इस पर थाना गोवर्धन और एसओजी की संयुक्त टीम ने घेराबंदी की। रात लगभग साढ़े 10 बजे डीग से मथुरा जाने वाले मार्ग पर मुठभेड़ में उसे गिरफ्तार किया गया। पैर में गोली लगने से शातिर घायल हो गया है। आरोपित लंबे समय से साइबर अपराध में संलिप्त था और फर्जी सिम कार्ड व फर्जी नंबरों के जरिए देश के विभिन्न राज्यों में लोगों को कॉल कर खुद को अधिकारी या परिचित बताकर साइबर ठगी करता है। दिसंबर में गांव में दबिश के दौरान शातिर भागने में कामयाब हो गया था।

## बृजवासी पंडा सभा ने कोतवाली प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**मथुरा।** वृन्दावन तीर्थनगरी के अश्लील वीडियो प्रकरण में बृजवासी पंडा सभा के पदाधिकारियों ने गुरुवार को वृंदावन कोतवाली प्रभारी को ज्ञापन दिया। श्री बृजवासी सभा के पदाधिकारियों ने विगत कुछ दिनों से चर्चित अश्लील वीडियो कांड के आरोपी प्रिंस ठाकुर की गिरफ्तारी की गिरफ्तारी की मांग की। सभा उपाध्यक्ष सुशील गौतम ने कहा विगत कुछ दिनों से फर्जी तीर्थ पुरोहितों द्वारा पंडा पुरोहित समाज को बदनाम किए जाने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रिंस ठाकुर नाम के एक व्यक्ति ने बांके बिहारी दर्शन करने आईं कुछ लड़कियों को फुसलाकर अश्लील वीडियो बनाये और उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़िता द्वारा वृंदावन थाने में इसकी शिकायत भी दर्ज कराई गई। हमने कोतवाली प्रभारी से मिलकर मांग की है कि जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही की जाये।

# संस्कृति विवि-समत्व मिलकर तैयार करेंगे उपयोगी शिक्षक



**मथुरा।** संस्कृति विवि और श्री अरविंदो सोसाइटी, पांडुचेरी की राष्ट्रीय शिक्षण अकादमी इकाई समत्व (एसएएमटीवीए) के मध्य एक महत्वपूर्ण एमओयू हुआ है। इस समझौते के तहत शिक्षकों को एक ऐसा शिक्षक बनाना है जो शिक्षण कार्य को आनंददायक तरीके से और संपूर्णता के साथ कर सकें। इस सहयोग का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को इंटीग्रल और आनंददायक सीखने के प्रभावी फैसिलिटेटर बनने के लिए सशक्त बनाना है। सभी विषयों के शिक्षकों के लिए प्रोफेशनली डिजाइन किए गए, ट्रांसफॉर्मेटिव एजुकेशन के सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के तौर पर, समत्वा (ै ड ाज्ट।) और संस्कृति विवि शिक्षकों को एक अच्छा मौका देंगे जहाँ वे श्री अरबिंदो और द मदर के एजुकेशनल फिलॉसफी पर आधारित रिफ्लेक्टिव प्रैक्टिस, सहयोग और आजीवन सीखने के सिद्धांतों की गहरी समझ के माध्यम से विकसित हो सकेंगे। समत्वा और संस्कृति विवि, सेवारत और इच्छुक दोनों तरह के शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे, जो नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020, एनसीएफ और एनसीईआरटी फ्रेमवर्क की सिफारिशों के साथ समकालीन शिक्षा के साथ समग्र शैक्षिक दर्शन को एकीकृत करने वाले विभिन्न सर्टिफिकेशन प्रोग्राम प्रदान करेंगे। अपनी सोच-समझकर की गई पहलों और कोर्स के माध्यम से, दोनों मिलकर ऐसे शिक्षकों को तैयार करके शैक्षिक ताने-बाने को मजबूत करने का लक्ष्य रखते हैं जो बच्चे के 360-डिग्री विकास के लिए विजन, कौशल और प्रतिबद्धता रखते हैं। यह महत्वपूर्ण एमओयू एक कार्यक्रम के दौरान अरविंद सोसायटी (उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड) के चेयरमैन विष्णु गोयल, संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता और श्री अरविंद सोसायटी, कर्नाटक के चेयरमैन डॉ. अजीत सबनीस द्वारा हस्ताक्षर कर संपन्न कराया गया।

## गोकुल में अष्टम संगोष्ठी का भव्य शुभारंभ

**मथुरा।** मकर संक्रांति पर दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के अंतर्गत गोकुल सेवायाम कथायाम कार्यक्रम के तहत रतन मोती संस्कृत महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मकर संक्रांति पर्व महोत्सव में अष्टम संगोष्ठी का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भगवान गोकुलनाथ जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलन कर मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं चैमुंहा ब्लॉक अध्यक्ष शोभाराम शर्मा तथा जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिंह धनगर ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर रिपुसूदन मिश्र ने संस्कृत महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह शिक्षण संस्थान सौ वर्षों से भी अधिक प्राचीन है और यहां से शिक्षा प्राप्त छात्र-छात्राएं आज देश के विभिन्न उच्च पदों पर कार्यरत हैं।

## वसूली धमकी के आरोप में तीन यू-ट्यूबर पर एफआईआर

**मथुरा।** फर्जी पत्रकारों और कथित यूट्यूबरों के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। नौहझील क्षेत्र में गौशाला में जबरदस्ती घुसने और वसूली के लिए धमकाने के आरोप में तीन कथित मीडियाकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई नगर पंचायत नौहझील के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार की तहरीर पर की गई है।

पुलिस के अनुसार आरोपित युवकों ने खुद को पत्रकार बताते हुए दबाव बनाने की कोशिश की लेकिन अपनी कोई वैध मीडिया पहचान या अधिकृत दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। जांच में सामने आया है कि अधिमान्य पत्रकार तीनों युवक यूट्यूब चैनल चलाते हैं और मीडिया के नाम पर अवैध वसूली का प्रयास कर रहे थे। कमलकांत पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी गांधी नगर बाजना थाना नौहझील अजय पुत्र गिरिराज निवासी गांधी नगर बाजार थाना नौहझील कुनाल पुत्र राकेश निवासी गांधी नगर बाजना, थाना नौहझील है। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि फर्जी पहचान दबाव और ब्लैकमेलिंग के मामलों पर अब जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। यह कार्रवाई केवल शुरूआत है आने वाले दिनों में और कथित फर्जी पत्रकार व यूट्यूबर प्रशासन के रडार पर हैं। स्थानीय स्तर पर लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग मोबाइल कैमरा और फर्जी आईडी लेकर खुद को पत्रकार बताकर दुकानदारों संस्थाओं और अधिकारियों पर दबाव बनाते हैं। अब ऐसे तत्वों के खिलाफ कानूनी शिकंजा कसना शुरू हो गया है।

## राया में हुआ खिचड़ी महोत्सव और प्रतिभा सम्मान समारोह

**मथुरा।** राया विकास खण्ड के ग्राम गजू में मकर संक्रांति पर खिचड़ी महोत्सव और प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी और पूर्व मंत्री श्याम सुंदर शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान गांव की युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इनमें हरेंद्र चैधरी शामिल हैं, जिनका विश्व के प्रतिष्ठित एमआईटी कॉलेज में चयन हुआ है। साथ ही, गांव की गौरी चैधरी को उनकी कविताओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सदस्य खेम सिंह द्वारा किया गया था। इसमें क्षेत्र के प्रधानों सहित कई गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। समारोह में जिगड़ी भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी आगंतुकों को खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया।

## मकर संक्रांति पर्व पर किया गया खिचड़ी का वितरण



**टूंडला।** नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा मैन बाजार टूंडला बलदेव रोड पर मकरसंक्रांति के उपलक्ष में खिचड़ी के भंडारे का आयोजन कराया इस मौके पर नगर अध्यक्ष जमील अब्बास नगर महासचिव कन्हैया शर्मा कोषाध्यक्ष फिरोज खान नगर उपाध्यक्ष नवीन भारद्वाज नगर मंत्री शानू भाई आदि लोग मौजूद रहे। वहीं नगर के स्टेशन रोड स्थित रॉयल गार्डन के सामने बघेल मार्केट में मकर संक्रांति के पर्व पर खिचड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर मार्केट के मालिक मंगल सिंह बघेल ने बताया कि मकर संक्रांति का पर्व हिंदू धर्म में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है, इस पर्व पर दान का बहुत महत्व है, मार्केट में खिचड़ी प्रसाद का वितरण हर वर्ष किया जाता है, इसी श्रृंखला में आज खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया है। नगर के लोगों राहगीरों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जयवीर सिंह डॉ.सत्यप्रकाश बघेल ठाकुर दास हरि हर कानूगो, बच्चू सिंह राधेश्याम बघेल बच्चू सिंह सुभाष चक योगेंद्र सिंह धीरज बघेल भूपेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

## युवती को ब्लैकमेल कर ठगे 80 हजार, केस दर्ज

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के एक मोहल्ले की युवती ने एक युवक पर फोटो वायरल करने की धमकी देकर 80 हजार रुपए लेने का आरोप लगाया है। आरोपी फोटो के बल पर उसे शादी करने का दवाब बना रहा है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की युवती ने एक युवक पर मारपीट, फोटो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है। एक मोहल्ले में रहने वाली युवती ने दानिश पुत्र पप्पू उर्फ अलीम निवासी मीट मार्केट वाली गली स्कनपुर पर आरोप लगाया कि आरोपी ने पीड़िता का घर से निकलना दुशवार कर दिया है। आरोपी युवती के घर के चक्कर काटता रहता है। घर से निकलने पर फब्तियां कसता है। आरोपी धमकी देता है कि मेरे साथ शादी कर ले अन्यथा जान से मार दूंगा। युवती का आरोप है कि एक बार आरोपी ने उसे जबरदस्ती पकड़ कर अश्लील फोटो खिचवा लिये। आरोपी फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। आरोपी ने युवती को ब्लैकमेल कर 80 हाजर रुपये ले लिए। आरोपी लगातार शादी करने का दबाव बना रहा है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## थाने में बर्बरता के मामले में मानवाधिकार आयोग ने पुलिस कमिश्नर से रिपोर्ट मांगी

**आगरा।** जनपद के थाना किरावली में निर्दोष राजू शर्मा के साथ पुलिसिया बर्बरता के मामले को मानवाधिकार उल्लंघन का गंभीर मामला मानते हुए उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग ने इसका संज्ञान ले लिया है। इसी क्रम में आयोग ने आगरा के पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर 18 फरवरी तक विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि 19 फरवरी को मामले में कार्यवाही की जाएगी। बता दें कि यह मामला थाना किरावली क्षेत्र का है, जहां क्षेत्र के निवासी राजू शर्मा को पुलिस द्वारा जबरन उठाकर थाने ले जाया गया। आरोप है कि थानाध्यक्ष नीरज कुमार के निर्देश पर राजू शर्मा को थाने में अमानवीय तरीके से थर्ड डिग्री यातनाएं दी गईं। पीड़ित को उल्टा लटकाकर लगातार डंडों से पीटा गया। इस दौरान पुलिस ने उस पर पांच डंडे तोड़ दिए। जब तक राजू शर्मा बेहोश नहीं हो गया, तब तक मारपीट जारी रही। इस बर्बरता का परिणाम उसकी दोनों टांगों का टूटने और शरीर पर गंभीर चोटों के रूप में सामने आया। पुलिस बर्बरता का मामला सामने आने पर पुलिस आयुक्त ने उसी समय थानाध्यक्ष और अन्य दोषी पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया था। लेकिन पीड़ित पक्ष दोषियों के खिलाफ मुकदमे की मांग कर रहा था, जो अब तक पूरी नहीं हुई है। सामाजिक कार्यकर्ता नरेस पारस, जो राजू शर्मा के मामले को यूपी मानवाधिकार आयोग तक ले गये हैं। इस मामले में मानवाधिकार उल्लंघन की शिकायत मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता नरेश पारस द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग को भेजी गई थी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने 13 जनवरी को पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी कर पूरे प्रकरण पर रिपोर्ट मांगी है। चौंकाने वाली बात यह है कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ अब तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। जांच अधिकारी पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। न तो उन्हें पीड़ित की टूटी टांगें दिखाई दे रही हैं और न ही उसका असहनीय दर्द। यह भी चर्चा में है कि रिटायरमेंट की दहलीज पर खड़े जांच अधिकारी सच्चाई को नजरअंदाज कर रहे हैं। अब यह मामला केवल एक युवक की पिटाई का नहीं, बल्कि पूरे पुलिस तंत्र की जवाबदेही और मानवाधिकारों की रक्षा का सवाल बन गया है।

# गुरु गोरखनाथ बाबा जाहरवीर दिव्यांग सेवा समिति ट्रस्ट ने किये कंबल वितरित



**टूंडला।** ग्राम सभा पचोखरा श्री नगर में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गुरु गोरखनाथ बाबा जाहरवीर दिव्यांग सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा खिचड़ी भोज व कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांग जनों गरीब जरुरत मंद लोगों को 150 कंबल वितरण किए गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उदय प्रताप भाजपा जिला अध्यक्ष शामिल रहे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गुरु गोरखनाथ बाबा जाहरवीर दिव्यांग सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा दिव्यागजनों जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर भीषण ठंड में राहत देने का सराहनीय कार्य किया गया है, जिसके लिए संस्था बधाई की पात्र है। संस्था के अध्यक्ष डॉ. अमित राजौरिया सचिव विवेक पाराशर ने बताया कि गुरु गोरखनाथ बाबा जाहरवीर दिव्यांग सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष पचोखरा श्री नगर में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, यह कार्यक्रम विगत 10 वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है। जिसमें गरीब दिव्यांजनों जरूरत मंदों को संस्था कंबल वितरण करती है। इसी श्रृंखला में आज कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 150 कंबलों का वितरण दिव्यांगजनों गरीब जरूरत मन्दों को किया गया। ठंड में कंबल पाकर लोगों के चेहरे खिल गए और उन्होंने संस्था का धन्यवाद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पशु पैंठ मालिक ब्रजेश उपाध्याय ने की, इस अवसर पर भाजपा विधानसभा संयोजक शिव शंकर शर्मा अभिषेक कौशल श्रीनगर मेडिकल एजेंसी उमेश पाराशर राजकीय ठेकेदार अशोक चौहान राजकीय ठेकेदार किसान यूनियन राजनीतिक के अध्यक्ष विनीत प्रताप सिंह समाजसेवी आदित्य वाहिनी के कुलदीप शर्मा आदित्य वाहिनी के आनंद उपाध्याय आदित्य वाहिनी के राजकुमार शर्मा ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष संतोष उपाध्याय आयुष्मान हॉस्पिटल के प्रबंधक धर्मेंद्र पाराशर डॉक्टर रामदास संजीव उपाध्याय सहित सभी क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

## नेपाल से चरस लेकर फिरोजाबाद आ रहे अन्तर्राष्ट्रीय गैंग के दो तस्कर गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर व एएनटीएफ आगरा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह के दो अभियुक्तगण को 05 किलो 753 ग्राम चरस जिसकी अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपए सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा नारकोटिक्स पदार्थो की तस्करी करने वाले अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन मे क्षेत्राधिकारी ए.एन.टी.एफ आगरा जोन आगरा एवं क्षेत्राधिकारी नगर फिरोजाबाद के नेतृत्व मे ए.एन.टी.एफ यूनिट आगरा जोन आगरा एवं थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर नेपाल से चरस लेकर फिरोजाबाद आ रहे अन्तर्राष्ट्रीय गैंग के दो सदस्यो अजय सहनी पुत्र स्व0 दुखी सहनी व सूरज कुमार पुत्र शिवपूजन दास दोनों निवासी ग्राम बेरिया डीह थाना हर्षिदी जिला मोतीहारी पूर्वी चम्पारन बिहार को बरी चौराहा थाना क्षेत्र रसूलपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 05 किलो 753 ग्राम मादक पदार्थ चरस जिसकी अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपये है, बरामद हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि अभियुक्तगण अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गैंग के सदस्य है, जो नेपाल से सस्ते दाम मे चरस खरीदकर 4-5 गुना मंहगे रेट पर बेचते है। पुलिस ने गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर थाना रसूलपुर पर अभियुक्तगण के विरूद्ध एन.डी.पी.एस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की है।

# विधायक ने किया सड़क निर्माण का भूमि पूजन



**फिरोजाबाद।** विधानसभा टूंडला क्षेत्र के गांव छारई पर सड़क के नव निर्माण का भूमि पूजन विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर द्वारा किया गया। इस दौरान विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने बताया कि रसूलाबाद मुख्य मार्ग से ठार बल्दी से ठार बहादुर सिंह होते हुए एलई, थानी गढ़ी संपर्क मार्ग तक सड़क नव निर्माण जिसकी लागत लगभग दो करोड़ रुपए से नव निर्माण के कार्य का भूमि पूजन आज छारई गांव पर किया गया है। जिससे इस क्षेत्र के हजारों लोगों को इसका लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा समूचे उत्तर प्रदेश में विकास की गंगा बहाने का कार्य किया है। मेरी टूंडला विधानसभा में पूज्य योगी आदित्यनाथ महाराज का आशीर्वाद भरपूर रूप से मिलता है जो भी प्रस्ताव मेरे द्वारा मुख्यमंत्री को दिया जाता है वो अधिकतर पास होते हैं टूंडला विधानसभा का एक भी क्षेत्र विकास से अछूता नहीं है सभी गांव मजरों एवं सम्पर्क मार्गों पर काम पूरा हो चुका है जो छूट गए हैं उन पर भी अतिशीघ्र काम शुरू हो जाएगा विधानसभा में गंगा जल योजना के तहत हर घर जल हेतु पाइप लाइन बिछाने का किया जा रहा है। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पुरन सिंह निषाद की और संचालन महिपाल सिंह निषाद ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष वृन्दावन गुप्ता, ब्रजक्षेत्र संयोजक सुशील पोनियां जिला महामंत्री दीपक चौधरी, रामतीर्थ सिंह चक, दीपक राजौरिया, रूपेश शुक्ला, तरुण शर्मा, लोकेश जादौन, संजय परमार, रिंकू उपाध्याय, राम सिंह शास्त्री, अभिषेक प्रताप सिंह, पुरन सिंह वर्मा, कप्तान सिंह, योगेश उपाध्याय, देवेंद्र बैनीवाल, महावीर बघेल, जगदीश वर्मा, विक्रम प्रधान, बंशीधर निषाद, पप्पू निषाद, यतेंद्र यादव, देवेंद्र बघेल, महेश पाल सिंह सहित अनेकों ग्राम वासी एवं भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आगरा में मकर संक्रांति पर्व बना उल्लास सेवा और संस्कृति का महापर्व

**आगरा।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर आगरा शहर में उल्लास, उमंग, पतंगबाजी और सेवा भाव का अद्भुत संगम देखने को मिला। यमुना तट से लेकर मंदिर प्रांगणों और बस्तियों तक पतंग महोत्सव, दान, पूजन और सामाजिक सेवा के आयोजनों ने पर्व को उत्सव से आगे बढ़ाकर संस्कार और संवेदना का संदेश दिया। राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं की सक्रिय सहभागिता ने उत्तरायण पर्व को जनझजन से जोड़ दिया। मकर संक्रांति के अवसर पर बेलनगंज स्थित यमुना आरती स्थल के सामने यमुना की तलहटी में भव्य पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें आगरा सहित आसपास के जनपदों से आए पतंगबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, विधान परिषद सदस्य विजय शिवहरे, मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह, समाजवादी पार्टी के शहर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास और नितिन कोहली ने पतंग उड़ाकर महोत्सव का उद्घाटन किया। हजारों रंग-बिरंगी पतंगों के बीच ये उड़ी-वो उड़ी, काटो-काटो के शोर से यमुना की तलहटी रोमांच और उत्साह से भर उठी। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने भी पूरे उत्साह से पतंगबाजी में भाग लिया। महोत्सव की व्यवस्थाओं का संचालन ठाकुर मथुराधीश मंदिर के महंत नंदन श्रोत्रिय, राधे श्रोत्रिय, जुगल श्रोत्रिय और दिनेश शर्मा द्वारा किया गया। उपस्थित लोगों को खिचड़ी का प्रसाद और गोलगप्पे वितरित किए गए। पूर्व पार्षद दीपक खरे ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। नगर निगम द्वारा विशेष साफ-सफाई व्यवस्था की गई, जिसके लिए आयोजकों ने मेयर और नगरायुक्त के प्रति कृतज्ञता जताई।

## मकर संक्रांति पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने केएमयू में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



**मथुरा।** मथुरा जिला के समग्र विकास एवं ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के त्वरित निदान के उद्देश्य से आज मकर संक्राति के पावन पर्व पर जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने केएम विश्वविद्यालय प्रांगण में ग्रामीणों की जनता दर्शन के तहत समस्याएं सुनीं। जिला पंचायत अध्यक्ष को आज ग्रामीणों ने स्वास्थ्य, बिजली, पानी, शिक्षा, सड़क ईंट खरंजा सहित अन्य समस्याओं से रूबरू कराया। से संबंधित समस्याएं सुनी। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने अपने स्तर से समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिया और मौके पर कई समस्याओं का फोन से ही निस्तारण करवाया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के समर्थन के बलबूते पर ही वह अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन कर रहे है और निरंतर ग्रामीणों की समस्याओ के निराकरण और विकास कार्यो को आगे बढ़ाने के कार्य ही मेरी प्राथमिकता रही है। जिला पंचायत की तरफ से सभी गांवों में विकास कार्य शुरू करवा दिए गए हैं, जो कार्य अधूरे रह गए है उन्हें भी जल्द पूरा करा दिया जाएगा।

## आगरा में हर दिन 150 को काट रहे कुत्ते एआरवी लगवाने के लिए लगी भीड़

**आगरा।** सड़कों पर घूम रहे निराश्रित कुत्तों के हमले बढ़ने से जिला अस्पताल में एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है। हर दिन 150 से ज्यादा लोगों को कुत्ते काट रहे हैं। इनमें 80 फीसदी बच्चे और बुजुर्ग हैं। कई के गहरे जख्म भी मिल रहे हैं, जिन्हें एंटी रैबीज सीरम लगाना पड़ रहा है। जिला अस्पताल के एआरवी क्लीनिक के प्रभारी डॉ. मोहित बंसल ने बताया कि सप्ताह में करीब 2500 मरीज एआरवी लगवाने आ रहे हैं। इनमें से एक हजार से अधिक नए मरीज होते हैं, जो पहली बार इंजेक्शन लगवाने आते हैं। मरीजों की संख्या बीते दिनों के मुकाबले बढ़ गई है। एआरवी लगवाने वाले 95 फीसदी मरीजों को निराश्रित कुत्तों ने चौराहों, दुकानों, गलियों समेत सार्वजनिक स्थानों पर हमला कर काटा है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए एआरवी का स्टॉक भी किया है। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार अरोड़ा ने बताया कि एआरवी लगवाने वालों में करीब 90 फीसदी कुत्ता काटने के होते हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए तीन महीने का स्टॉक है। अभी करीब सात हजार एआरवी स्टॉक में हैं। आरबीएस कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. विवेक सिंह ने बताया कि इको सिस्टम में कुत्तों की विशेष भूमिका है। अभी ये मौजूद हैं, इसलिए इनका महत्व कम समझ रहे हैं। दरअसल, ये प्रकृति के सफाईकर्मी के रूप में भी भूमिका निभाते हैं। ये मृत जानवरों के अलावा जैविक कचरे को भी खाते हैं। ये अपशिष्ट भी खाते हैं, जिससे स्थिति संतुलित रहती हैं और जैविक खतरों से भी बचाव होता है। ये चूहों को भी खाते हैं, जिससे इनकी संख्या भी नियंत्रित रहती है। कुत्ते छोटे कीटों का भी शिकार करते हैं, जिससे वनस्पति को नुकसान पहुंचाने से भी बचाते हैं। मानव के सबसे भरोसेमंद जानवरों में भी शामिल हैं।

# हिंदू सम्मेलन को लेकर आरएसएस ने निकाली बाइक रैली




**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के अंतर्गत संपूर्ण देश में हिंदू जन जागरण की दृष्टि से आयोजित मंडल एवं बस्तीशः हिंदू सम्मेलन को लेकर मथुरा महानगर के माधव नगर क्षेत्र में हिंदू युवाओं ने दुपहिया वाहन रैली निकालकर हिंदू जागरण का संदेश दिया। गुरुवार दोपहर हाईवे स्थित महोली गांव के पर्यटन केंद्र पर हिंदू युवाओं ने एकत्रित हो सभी दुपहिया वाहनों पर केसरिया झंडा लगाकर विराट हिंदू सम्मेलन का उद्घोष किया। तत्पश्चात हिंदू युवा चैपाइयां वाहन के पीछे-पीछे दोपहिया वाहनों से भारत माता की जय, हिंदू हिंदू भाई-भाई, संगठित हिंदू - समर्थ भारत, हिंदू बटेगा- देश कटेगा, हिंदू हिंदू एक रहे, बस्ती बस्ती क्या होगा - हिंदू सम्मेलन हिंदू सम्मेलन, हिंदू शक्ति - राष्ट्र शक्ति, आदि गगनभेदी नारे लगाते हुए चल रहे थे। सभी युवाओं के गले में पीले एवं केसरिया पटुके तथा हाथों में भगवा झंडे थे। यह दुपहिया वाहन रैली महोली गांव से प्रारंभ होकर हाईवे, नगला शिवजी, नगला चंद्रभान, इंडस्ट्रीज एरिया, रेलवे रोड, नया बस स्टैंड, महोली रोड, बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज रोड, लाजपत नगर होते हुए पुष्पांजलि उपवन पर समाप्त हुई। समापन पर हुई सभा को संबोधित करते हुए हिंदू नेताओं ने कहा कि वर्तमान समय में हिंदू समाज का संगठित होना, राष्ट्र की सशक्तता के लिए अति आवश्यक है। भारत की विश्व में बढ़ती शक्ति के प्रभाव से राष्ट्र विरोधी शक्तियां भारत को कमजोर करने में लगी है इसका एकमात्र निदान हिंदू समाज का संगठन एवं जागरण ही है। इसी उद्देश्य से संपूर्ण देश के अंदर बस्ती एवं मंडल स्तर पर हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। जिससे हिंदू समाज जागृत होकर देश के निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सके। सभा एवं दोपहिया वाहन रैली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर कार्यवाह विजय बंटाजी सर्राफ, महानगर कार्यवाह श्रीओम, शिवकुमार शर्मा, माधव पुलकित प्रसाद, पवन शर्मा, रामगोपाल, रमेश, कैप्टन भगवती प्रसाद, नीरज शर्मा, हरिश्चंद्र, राजकुमार सिंह, अजय पाठक, मयंक सारस्वत, सांवलिया, सुनील तरकर, शिवा ठाकुर, मनोज सैनी, आदि सहित सैकड़ो हिंदूवादियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संयोजन माधव नगर कार्यवाह अजय शर्मा ने किया।

## हरी शंकर दीक्षित स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट उद्घाटन मैच कानपुर 786 इलेवन ने जीता

**टूंडला।** हरी शंकर दीक्षित स्मृति क्रिकेट टूनामेंट के अन्तर्गत गुरुवार को उद्घाटन मैच कानपुर 786 इलेवन और मथुरा के मध्य खेला गया जिसमें टॉस कानपुर के कप्तान रईस अनवर ने जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया और पहले खेलते मथुरा की टीम 18 ओवरों मैं 105 रन बनाकर आउट हो गई जिसमें सर्वाधिक दीपू ने 35 व दाऊ भैया 22 रन बनाए बाकी कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका कानपुर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सचिन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट व देवांश ने पहली हैट्रिक के साथ 3 विकेट हासिल किए जबाव में खेलने उतरी कानपुरी 786 ने 15 ओवरों मैं 5 विकेट खोकर 106 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया जिसमें आयुष ने 33 और तरुण 20 व सचिन ने 14 रनों का योगदान दिया मथुरा ही तरफ से गेंदबाज सौरभ संस्कार अभिषेक ने 1-1 विकेट लिए इस तरह कानपुर 786 ने इस मेंच को 5 विकेट से जीत लिया मैच के अंपायर प्रेम सागर और वरुण सोलंकी व कमेंट्री अरविंद ने की मैच के दौरान आयोजक डी के दीक्षित अजय राज दीक्षित जावेद अली रोहित शर्मा संजय मेवाती पूजा टेंट काली भाई अंकुर गौरव आदि रहे आज के मैच के मुख्य अतिथि डायरेक्टर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन प्रदीप गुप्ता डिप्टी सीटीएम अमित आनंद शहजाद खान भंवर सिंह चेयरमैन हरीश चौधरी पुनीत रावत प्रदीप जैन डीटीएम टूंडला पूर्वी गर्ग योगी पंडित मैच रेफरी अमित परमार मेल ट्रेन मैनेजर आदि रहे।

संक्षेप

## टैलीप्राइम 7.0 लॉन्च

गाजियाबाद। टैली सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड ने टैलीप्राइम 7.0 के लॉन्च की घोषणा की। यह लॉन्च टैलीप्राइम प्लेटफॉर्म के पाँच वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। शुरूआत से ही टैलीप्राइम का उद्देश्य एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों) के लिए डिजिटलीकरण को सरल, भरोसेमंद और व्यावहारिक बनाना रहा है। टैलीप्राइम 7.0 इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए गहरे इंटीग्रेशन, स्मार्ट ऑटोमेशन और मजबूत डेटा सुरक्षा के साथ व्यवसायों को एक अधिक जुड़ा हुआ और सहज अनुभव प्रदान करता है। ह्पिछले पाँच वर्षों में टैलीप्राइम ने बैंकिंग, अनुपालन और रोजमर्रा के संचालन को बेहतर बनाने के लिए लगातार अपनी कनेक्टेड क्षमताओं का विस्तार किया है। टैलीप्राइम 7.0 इसी यात्रा का अगला स्वाभाविक कदम है, जिसमें स्मार्ट ऑटोमेशन, गहरे इंटीग्रेशन और बेहतर प्राइवेसी फीचर्स शामिल हैं। हमारा मानना है कि आज के व्यवसायों को जटिलता नहीं, बल्कि सरल और जुड़े हुए डिजिटल समाधान चाहिए। यह लॉन्च उसी इकोसिस्टम को और मजबूत बनाता है जिसे हम वर्षों से विकसित कर रहे हैं।

## यूपी सरकार की वॉलमार्ट वृद्धि से साझेदारी

नोएडा। उत्तर प्रदेश सरकार ने वॉलमार्ट वृद्धि के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। राज्य सरकार ने अपने निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम और निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के माध्यम से भारत में वॉलमार्ट के क्रियान्वयन सहयोगी आइडियाज टू इम्पैक्ट फाउंडेशन के साथ पिछले हफ्ते इस एमओयू पर हस्ताक्षर किया। भारत सरकार के लोकल से ग्लोबल मिशन के तहत किए गए इस गठजोड़ को इस तरह से डिजाइन किया गया है, जिसमें उत्तर प्रदेश के एमएसएमई को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे उन्हें विकास करने, अपने प्रोडक्ट्स को बढ़ाने, डिजिटल होने और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर सक्रिय होने में मदद मिलेगी। यहां उन्हें अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और राष्ट्रीय एवं वैश्विक सप्लाई चेन का हिस्सा बनने का अवसर मिलेगा। इस साझेदारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश में एमएसएमई को फ्लिपकार्ट एवं वॉलमार्ट मार्केटप्लेस पर ऑनबोर्ड करने के लिए मदद प्रदान की जाएगी।

## निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस ने शुरू की पिंक लीव

नई दिल्ली। एक समावेशी और सहानुभूतिपूर्ण कार्यस्थल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने पिंक (पीरियड) लीव पॉलिसी की शुरूआत की घोषणा की है- जिसके साथ वह भारत की उन पहली स्वास्थ्य बीमा कंपनियों में शामिल हो गई है, जिन्होंने पूरे भारत में अपने सभी कर्मचारियों के लिए ऐसी पहल शुरू की है। यह प्रगतिशील पहल महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और सभी कर्मचारियों के लिए एक सहायक वातावरण बनाने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती है। पॉलिसी के अनुसार, निवा बूपा में सभी महिला कर्मचारी प्रति माह एक दिन की पिंक लीव के लिए एलिजिबल होंगी, जिसे पीरियड से जुड़ी असहजताओं जैसे क्रेम्प्स, माइग्रेन, जी घबराना और थकान को संभालने में सहायता के लिए तैयार किया गया है। पिंक लीव का एक दिन प्रत्येक माह की शुरूआत में क्रेडिट किया जाएगा, और जो अवकाश उपयोग में नहीं लाया जाएगा।

## कोटक सॉलिटेयर ने की लखनऊ के उभरते उद्यमियों को आगे बढ़ाने की पहल

लखनऊ। कोटक महिंद्रा बैंक ने अपने प्रीमियम बैंकिंग प्रोग्राम कोटक सॉलिटेयर के जरिये लखनऊ के महत्वाकांक्षी उद्यमियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह पहल उत्तर प्रदेश के इस तेजी से बढ़ते बिजनेस हब में समृद्ध वर्ग की बैंकिंग जरूरतों को नए मानक देने का प्रयास है। कोटक सॉलिटेयर को उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है, जिनकी मेहनत, सोच और उद्यमशीलता नए भारत की विकास यात्रा को आगे बढ़ा रही है। लेकिन जो अब तक पारंपरिक और एक-जैसी बैंकिंग सेवाओं से खुद को असंतुष्ट महसूस करते रहे हैं। कोटक सॉलिटेयर में शामिल होने के लिए परिवार का कुल रिलेशनशिप वैल्यू1 करोड़ रुपए या उससे अधिक होना आवश्यक है, जिसमें बैंक जमा, लोन, निवेश, बीमा और डीमैट होल्डिंग्स शामिल हैं। यह प्रोग्राम विशेषाधिकारों के साथ-साथ व्यक्तिगत जरूरतों के अनुरूप समाधान प्रदान करता है।

# दिल्ली में छह करोड़ टेलीफोन कनेक्शन हर निवासी के पास औसतन दो मोबाइल



नयी दिल्ली। दिल्ली में लैंडलाइन सहित कुल टेलीफोन कनेक्शन छह करोड़ से अधिक हैं। इसका मतलब है कि राजधानी का प्रत्येक निवासी औसतन दो मोबाइल फोन का उपयोग कर रहा है। दिल्ली सरकार द्वारा जारी आंकड़ों में यह तथ्य सामने आया।

दिल्ली सरकार के अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी विभाग के आंकड़ों के अनुसार, साल 2025 में वायरलेस (मोबाइल) टेलीफोन कनेक्शन की संख्या लगभग 5.61 करोड़ रही, जबकि वायरलाइन (लैंडलाइन) सेवाएं 47.1 लाख दर्ज की गईं। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले आठ वर्षों में दिल्ली में टेलीफोन कनेक्शन की कुल संख्या काफी हद तक स्थिर रही है। ग्राहकों की कुल संख्या 2018 में 5.74 करोड़ थी, जो 2019 में घटकर 5.53 करोड़ रह गई और फिर 2020 में बढ़कर 5.66 करोड़ हो गई। यह संख्या 2021 में लगभग 5.79 करोड़ तक पहुंच गई, 2022 में गिरकर करीब 5.62 करोड़ रही और 2023 में बढ़कर 5.85 करोड़ हो गई। आंकड़ो के मुताबिक, 2024 में ग्राहकों की संख्या 6.11 करोड़ के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद 2025 में मामूली गिरावट के साथ लगभग 6.08 करोड़ रही। कुल रुझान स्थिर रहने के विपरीत, दिल्ली सरकार के सांख्यिकीय आंकड़ों के अनुसार, राजधानी में लैंडलाइन टेलीफोन कनेक्शन में निरंतर और तेज वृद्धि दर्ज की गई है। आंकड़े बताते हैं कि लैंडलाइन ग्राहकों की संख्या 2018 में लगभग 31.9 लाख थी, जो 2019 में 32.6 लाख और 2020 में 32.7 लाख हो गई। इसके बाद इसमें तेजी आई और 2021 में यह संख्या लगभग 33.9 लाख, 2022 में 39.2 लाख से अधिक और 2023 में 40.6 लाख को पार कर गई। लैंडलाइन ग्राहकों की संख्या में बढ़ोतरी का यह सिलसिला 2024 में भी जारी रहा और यह लगभग 44.3 लाख तक पहुंच गई, जो 2025 में और बढ़कर 47.1 लाख से अधिक हो गई। इसके उलट, इसी अवधि के दौरान मोबाइल फोन कनेक्शन में उतार-चढ़ाव और धीमी वृद्धि देखी गई। आंकड़ों के अनुसार, मोबाइल फोन ग्राहक 2018 में लगभग 5.42 करोड़ थे, जो 2019 में घटकर करीब 5.21 करोड़ रह गए। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2020 में यह संख्या सुधरकर लगभग 5.34 करोड़ हुई और 2021 में बढ़कर करीब 5.45 करोड़ हो गई, लेकिन 2022 में फिर से गिरकर लगभग 5.22 करोड़ रह गई। मोबाइल फोन कनेक्शन 2023 में बढ़कर लगभग 5.44 करोड़ हुए और 2024 में लगभग 5.67 करोड़ के शिखर पर पहुंचे, जिसके बाद 2025 में यह थोड़े गिरकर करीब 5.61 करोड़ पर आ गए।

# नीति आयोग ने एमएसएमई के लिए संचालित सरकारी योजनाओं को मिलाने का सुझाव दिया




नयी दिल्ली। नीति आयोग ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र की दक्षता बढ़ाने के लिए बृहस्पतिवार को सरकार की विभिन्न योजनाओं को एकसाथ जोड़ने की सिफारिश की।

आयोग ने एक रिपोर्ट में कहा है कि एमएसएमई क्षेत्र के लिए एक केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल बनाया जाए और विकास योजनाओं एवं कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का बेहतर समन्वय भी स्थापित किया जाए। रिपोर्ट में एमएसएमई इकाइयों का बाजार के साथ सहयोग मजबूत करने के लिए एक विशेष मार्केटिंग प्रकोष्ठ बनाने का सुझाव भी दिया गया है। इस प्रकोष्ठ की घरेलू विपणन इकाई व्यापार मेलों, प्रदर्शनी और खरीदार-विक्रेता बैठकों में उद्यमियों की भागीदारी बढ़ाएगी, जबकि विदेशी विपणन इकाई वैश्विक बाजार तक पहुंच और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों में समर्थन देगी। इसके साथ ही नीति आयोग ने ग्रामीण और कृषि-आधारित छोटे उद्योगों को उन्नत प्रशिक्षण और नवाचार तक पहुंच दिलाने के लिए मौजूदा योजनाओं को विशेष श्रेणी में शामिल करने की सिफारिश की है। आयोग ने ग्रामीण और कृषि आधारित छोटे उद्योगों के लिए संचालित एस्पायर योजना को एमएसएमई नवाचार योजना में शामिल करने का सुझाव देते हुए कहा कि इससे इन उद्यमों को उन्नत प्रशिक्षण, नवाचार और समर्थन मिल सकेगा। इसमें सरकारी योजनाओं को मिलाने के लिए सूचना का समन्वय और प्रक्रिया का समन्वय के दो-स्तरीय तरीके सुझाए गए हैं। इससे केंद्र और राज्य सरकारों के डेटा को जोड़कर योजनाओं में बेहतर तालमेल, निर्णय क्षमता और सेवाओं की पहुंच बढ़ाई जा सकेगी। नीति आयोग ने इस समय संचालित 18 सरकारी योजनाओं का मूल्यांकन करने के बाद कहा है कि योजनाओं का अलग-अलग और कभी-कभी पारस्परिक संघर्ष वाला संचालन लाभार्थियों तक पहुंच और असर को सीमित कर देता है। रिपोर्ट कहती है कि इन योजनाओं का समान और संयोजित क्रियान्वयन एमएसएमई क्षेत्र में संसाधनों का बेहतर उपयोग, आसान पहुंच और व्यापक विकास को सुनिश्चित करेगा।

# कच्चे तेल पर लागू ओआईडी उपकर को बजट में हटाया जाये

नयी दिल्ली। तेल एवं गैस उद्योग ने वित्त वर्ष 2026-27 के आम बजट में कच्चे तेल पर लगने वाले तेल उद्योग विकास (ओआईडी) उपकर को समाप्त करने या इसकी समीक्षा करने की मांग करते हुए कहा है कि इसका घरेलू उत्पादन और परियोजनाओं की व्यवहार्यता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ओआईडी उपकर अब पेट्रोलियम उद्योग के लिए अत्यधिक बोझ बन गया है। उसने कहा कि ऐतिहासिक रूप से यह उपकर कच्चे तेल की कीमत का केवल 8-10 प्रतिशत रहा है।

तेल उद्योग (विकास) अधिनियम, 1974 के तहत लगाए जाने वाले ओआईडी उपकर को वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट के बाद एक मार्च, 2016 से विशिष्ट दर के बजाय 20 प्रतिशत मूल्य-आधारित शुल्क में बदल दिया गया था। यह उपकर केवल उन्हीं तेल ब्लॉक पर लागू होता है जिनमें खोज एवं उत्पादन का अधिकार सरकार पहले ही नामित कंपनियों को दे चुकी थी या जो 1997 से पहले की पुरानी लाइसेंसिंग नीति (प्री-एनईएलपी) के तहत आए हैं। एफआईपीआई ने कहा कि असल में ये ब्लॉक अधिकांशतः पुराने और उत्पादन में गिरावट की स्थिति वाले हैं लिहाजा इनमें उत्पादन बनाए रखने के लिए अधिक निवेश की जरूरत होती है।

# बजट में दें जलवायु-अनुकूल खेती को बढ़ावा



नयी दिल्ली। कृषि उद्योग से जुड़े लोग और विशेषज्ञ आगामी बजट से पहले डिजिटल अवसंरचना, जलवायु-अनुकूल खेती पद्धतियों और प्रौद्योगिकी को अपनाने में अधिक निवेश की जोरदार वकालत कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे उस कृषि क्षेत्र में बदलाव लाया जा सकता है जो देश की लगभग आधी आबादी को रोजगार देता है लेकिन राष्ट्रीय उत्पादन में इसका योगदान पांचवें हिस्से से भी कम है।

भारत के करीब 45 प्रतिशत कार्यबल को कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र सहारा प्रदान करते हैं, जबकि सकल मूल्यवर्धन में इनका योगदान केवल 18 प्रतिशत के आसपास है। उद्योग जगत के जानकारों का कहना है कि 2026-27 का बजट इस क्षेत्र को केवल एक कल्याणकारी चिंता के बजाय आर्थिक वृद्धि के इंजन के रूप में पुनर्स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है। ईवाई इंडिया में जीपीएस-कृषि, आजीविका, सामाजिक एवं कौशल के प्रमुख अमित वत्स्यायन ने कहा कि कृषि को न केवल एक कल्याणकारी क्षेत्र के रूप में बल्कि आर्थिक वृद्धि के एक विश्वसनीय इंजन के रूप में तेजी से मान्यता मिल रही है। एक ऐसा इंजन जो उत्पादकता, रोजगार, ग्रामीण मांग और जुझारूपन को बढ़ावा दे सकता है। सितंबर 2025 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के युक्तिकरण से उत्पन्न अनुकूल परिस्थितियों की ओर इशारा किया, जिसने संगठित दुग्ध क्षेत्र में पनीर, चीज, घी और मक्खन जैसे उच्च प्रोटीन और स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों के प्रति उपभोक्ताओं की बढ़ती रुचि को गति दी है। सरकारी पहलों के माध्यम से 3,00,000 से अधिक किसानों को संगठित परिवेश में एकीकृत किया गया है। भारत के 68,000 पंजीकृत पशु चिकित्सकों तथा 110,000-120,000 की आवश्यकता के बीच के अंतर को पाटने के लिए पशु चिकित्सा महाविद्यालयों की क्षमता का विस्तार और लघु दुग्ध इकाइयों खासकर महिला उद्यमियों के लिए पूंजीगत सब्सिडी में वृद्धि की मांग रखी है।

# स्वच्छ ईंधन में वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर का वार्षिक निवेश जरूरी

नयी दिल्ली। स्वच्छ ईंधन से जुड़े वैश्विक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए वर्ष 2030 तक निवेश को चार गुना कर सालाना 100 अरब डॉलर पर ले जाने की जरूरत होगी। बृहस्पतिवार को एक अध्ययन रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

विश्व आर्थिक मंच की अगले हफ्ते दावोस में शुरू होने वाली वार्षिक बैठक से पहले जारी यह रिपोर्ट कहती है कि स्वच्छ ईंधन ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के साथ आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन में भी बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पारंपरिक ईंधन की तुलना में स्वच्छ ईंधन क्षेत्र दो से तीन गुना ज्यादा नौकरियां पैदा कर सकता है और देशों की ऊर्जा आपूर्ति को अधिक विविध बना सकता है। स्वच्छ ईंधन के तहत जैव ईंधन, हाइड्रोजन आधारित ईंधन और कम कार्बन वाले जीवाश्म ईंधन शामिल हैं। ये ईंधन परिवहन और उद्योग जैसे क्षेत्रों में उत्सर्जन घटाने में मददगार हैं। फिलहाल तरल और गैसीय ईंधन दुनिया की कुल ऊर्जा जरूरतों का 56 प्रतिशत हिस्सा पूरा करते हैं। हालांकि अभी स्वच्छ ईंधन में निवेश का अनुपात स्वच्छ ऊर्जा निवेश के एक प्रतिशत से थोड़ा ही अधिक है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि अगर निवेश की रफ्तार नहीं बढ़ी, तो तय लक्ष्य पूरे नहीं हो पाएंगे। इस समय दुनिया भर में स्वच्छ ईंधन क्षेत्र में सालाना करीब 25 अरब डॉलर का निवेश हो रहा है।

# दिसंबर माह में निर्यात 1.87 प्रतिशत बढ़ा



नयी दिल्ली। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच देश का निर्यात दिसंबर 2025 में 1.87 प्रतिशत बढ़कर 38.5 अरब डॉलर हो गया लेकिन आयात में तेज वृद्धि के कारण व्यापार घाटा मामूली रूप से बढ़कर 25 अरब डॉलर हो गया।

बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर महीने में देश का आयात 8.7 प्रतिशत बढ़कर 63.55 अरब डॉलर रहा। इसके साथ ही आयात और निर्यात का अंतर यानी व्यापार घाटा मामूली रूप से बढ़कर 25.04 अरब डॉलर हो गया। यह नवंबर 2025 में 24.53 अरब डॉलर जबकि दिसंबर 2024 में 22 अरब डॉलर था। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में देश का कुल वस्तु निर्यात 2.44 प्रतिशत बढ़कर 330.29 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान कुल आयात 5.9 प्रतिशत बढ़कर 578.61 अरब डॉलर हो गया। इस तरह वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में कुल व्यापार घाटा 248.32 अरब डॉलर दर्ज किया गया। व्यापार आंकड़ों पर वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने संवाददाताओं से कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत का निर्यात सकारात्मक रुझान दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा रुझानों को देखते हुए हमें उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में कुल निर्यात (वस्तु और सेवाएं) 850 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर सकता है। पिछले महीने निर्यात में तेजी की अगुवाई इंजीनियरिंग उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स, समुद्री उत्पाद और दवा जैसे क्षेत्रों ने की। इसके साथ अमेरिका, चीन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को भारत का निर्यात स्थिर गति से बढ़ रहा है।

# असम ने 2030 तक 3500 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा: मुख्यमंत्री



गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य ने वर्ष 2030 तक 3,500 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है।

मुख्यमंत्री ने धुबरी जिले के बिलासीपारा क्षेत्र के खुदीगांव में 70 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अतिक्रमण मुक्त कराई गई सरकारी जमीन पर विकास परियोजनाएं शुरू करेगी, जिससे रोजगार पैदा करने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। शर्मा ने सौर पार्क का उद्घाटन करने के बाद एक्स पर लिखा, आज हमारी सौर क्षमता 680 मेगावाट तक पहुंच गई है और अप्रैल तक हम 750 मेगावाट के आंकड़े को छू लेंगे। हम एक टिकाऊ और स्वच्छ उर्जा भविष्य की ओर निरंतर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि असम का सौर ऊर्जा लक्ष्य 2030 तक 3,500 मेगावाट है। यह नयी परियोजना एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एसजीईएल) और असम पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एपीडीसीएल) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित की गई है। एसजीईएल, सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी एसजेवीएन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर बताया कि 350 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनी यह परियोजना सालाना 14.1 करोड़ यूनिट बिजली पैदा करेगी और कार्बन उत्सर्जन में लगभग 1.15 लाख टन की कमी लाएगी। शर्मा ने उद्घाटन के बाद संवाददाताओं से कहा कि सरकार अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि पर ही विकास परियोजनाएं शुरू करेगी। हमारा उद्देश्य सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करना और उन पर परियोजनाएं शुरू करना है। इससे रोजगार सृजन होगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

## सॉल्व फॉर टुमौरो 2025: एआई के जरिये स्वास्थ्य, स्वच्छता और वेलबीइंग को नयी दिशा दे रहे हैं युवा इनोवेटर्स

नयी दिल्ली। हेल्थकेयर में टेक्नोलॉजी अब केवल भविष्य की बात नहीं रह गई है—यह आज ही डायग्नोस्टिक्स (जांच), देखभाल और मरीजों के जीवन की गरिमा को नया रूप दे रही है। इसी बदलाव को दर्शाते हुए सैमसंग के फ्लैगशिप सीएसआर प्रोग्राम सैमसंग सॉल्व फॉर टुमौरो (एसएफटी) 2025 ने, आईआईटी दिल्ली के साथ मिलकर, देशभर के हजारों छात्रों को एक चुनौती दी। विषय था– स्वास्थ्य, स्वच्छता और वेलबीइंग का भविष्य₹, जिसके तहत उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित और इंसान को केंद्र में रखने वाले समाधान तैयार करने थे। असली चुनौतियों, जमीनी समाधान छात्रों को ऐसे हेल्थ-टेक समाधान बनाने के लिए आमंत्रित किया गया जो सुलभ और किफायती हों। इनका उद्देश्य स्वच्छता, साफ-सफाई, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और बीमारियों की रोकथाम जैसी चुनौतियों का हल निकालना था—ताकि बेहतर स्वास्थ्य केवल कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं, बल्कि सबका हक बने।

## पेज एक का शेष

### भारत की

पहुंच। उन्होंने कहा कि जन कल्याण की भावना के साथ उठाए गए सरकार के कल्याणकारी कदम बिना भेदभाव के सभी लोगों तक पहुंचते हैं। उन्होंने कहा इस भावना की वजह से 25 करोड़ लोग पिछले कुछ साल में गरीबी से बाहर आए हैं। भारत में लोकतंत्र सफल है। प्रधानमंत्री ने कहा, जब भारत को आजादी मिली, तो कई लोगों को संदेह था कि देश की इतनी अधिक विविधता के बीच लोकतंत्र टिक पाएगा या नहीं। हालांकि, यही विविधता भारतीय लोकतंत्र की शक्ति बन गई। प्रधानमंत्री ने कहा, यह भी संशय था कि लोकतंत्र ने जड़ें जमा भी लीं, तो भी भारत को आगे बढ़ने में मुश्किल होगी। इन संशयों के उलट, भारत ने दिखाया है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं और प्रक्रियाएं उसके विकास को स्थिरता, स्केल और गति प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है जहां यूपीआई के साथ सबसे बड़ी डिजिटल भुगतान प्रणाली भी है। उन्होंने कहा कि भारत सबसे बड़ा वैक्सीन विनिर्माता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात निर्माता भी है और तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट अप इकोसिस्टम है। मोदी ने कहा कि देश में तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार, चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क, तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क है। यह सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा धान उत्पादक देश भी है। संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में 14 से 16 जनवरी तक आयोजित हो रहे सीएसपीओसी में 42 राष्ट्रमंडल देशों के 61 स्पीकर और पीठासीन अधिकारी भाग ले रहे हैं। चौथी बार भारत इस सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। मोदी ने कहा कि राष्ट्रमंडल देशों की करीब 50 प्रतिशत आबादी भारत में रहती है, जिसने सभी देशों के विकास में हरसंभव योगदान का प्रयास लगातार किया है।

### सीएम योगी

एक ऐसा पर्व है, जो देश के अंदर पूरब, पश्चिम, उत्तर व दक्षिण, सभी हिस्सों में अलग-अलग नाम व रूप में आयोजित होता है। पूरब में बिहू या तिलवा संक्रांति, पश्चिम में लोहड़ी, दक्षिण भारत में पोंगल और उत्तर भारत में खिचड़ी संक्रांति के रूप में मकर संक्रांति का आयोजन बड़ी श्रद्धाभाव के साथ किया जाता है। मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेश के अलग-अलग धर्मस्थलों पर देश और दुनिया से आए श्रद्धालुओं का अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी के प्रति मंगलमय शुभकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि एक तरफ गोरखपुर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा गोरखनाथ को आस्था की खिचड़ी अर्पित कर रहे हैं। वहीं, प्रयागराज में लाखों की संख्या में श्रद्धालु, कल्पवासी, पूज्य संतजन न केवल अपनी साधना में रत हैं, अपितु भगवान वेणीमाधव, भगवान प्रयागराज और मां गंगा, मां यमुना, मां सरस्वती के सानिध्य में संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगा रहे हैं।

### मकर संक्रांति

क्लियर रखने के लिए क्यूआरटी बनाई गई है जो टीसीआर की सूचना पर तत्काल जाम स्थल पर पहुंच कर जाम हटा रहे हैं। हर क्यूआरटी में छह-छह सिपाही और एक क्यूआरटी व्हीकल है। सीओ स्तर के अधिकारी द्वारा टीसीआर का पर्यवेक्षण करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मेले में जाम लगने पर एसीपी, एसएचओ और एसआई जवाबदेह होंगे। माघ मेला प्रशासन ने इस बार मकर संक्रांति पर संगम नोज के नजदीक तिलक लगाने वाले पंडों को नहीं बैठने दिया। उन्हें वहां से लगातार हटाया जाता रहा। व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के लिए की गई इस कार्रवाई से अस्थायी तौर पर संगम नोज पर बैठकर तिलक लगाने वाले पंडों में नाराजगी है। पंडों का कहना है कि पुलिस-प्रशासन उनके साथ उचित व्यवहार नहीं कर रहा है। उनके मुताबिक कई पीढ़ियों से तिलक लगाकर दान में मिलने वाली धनराशि और अन्न से परिवार का भरण-पोषण करने की परंपरा रही है। लेकिन, इस बार पुलिस-प्रशासन अव्यवस्था का आरोप लगातार बैठने नहीं दे रहा है। ऐसे में पंडों के परिवार प्रभावित हो रहे हैं। प्रयागराज सेवा समिति के शिविर सेक्टर-6, संगम लोअर मार्ग से संगम विश्व धरोहर महा अभियान के तहत जन-जागरण यात्रा निकाली गई। अध्यक्ष तीर्थराज पाडेय 'बच्चा भैया' एवं पार्षद अनुपमा पाण्डेय के नेतृत्व में निकले इस जत्थे ने मेला क्षेत्र में आए तीर्थयात्रियों को संगम को यूनेस्को विश्व धरोहर का दर्जा दिलाने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष तीर्थराज पाण्डेय ने कहा कि संगम अपनी पवित्रता, पौराणिक महत्व और प्राकृतिक स्वरूप के कारण विश्व में अनूठा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस अभियान को समर्थन मिलने की आशा जताई। जन-जागरण में कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### ईरान ने अमेरिका

पहले ही अपनी सेवाएं कम कर दी हैं या निलंबित कर दी हैं और अधिकतर एयरलाइनें ईरानी हवाई क्षेत्र से बच रही हैं। सेफएयरस्पेस वेबसाइट संघर्षरत क्षेत्रों और हवाई यात्रा के बारे में जानकारी प्रदान करती है। वेबसाइट के अनुसार, यह स्थिति आगे चलकर सुरक्षा या सैन्य गतिविधि का संकेत दे सकती है, जिसमें मिसाइल प्रक्षेपण या हवाई रक्षा में वृद्धि का जोखिम शामिल है, जिससे नागरिक यातायात की गलत पहचान का खतरा बढ़ जाता है। ईरान पूर्व में एक वाणिज्यिक विमान को शत्रु का लक्ष्य समझ बैठा था। 2020 में ईरानी वायु रक्षा ने यूक्रेन इंटरनेशनल एयरलाइंस की फ्लाइट पीएस752 को सतह से हवा में मार करने वाली दो मिसाइलों से मार गिराया। विमान में सवार सभी 176 लोग मारे गए। ईरान ने कई दिनों तक विमान को गिराने के आरोपों को पश्चिमी दुष्प्रचार बताकर सिरे से खारिज किया, लेकिन अंततः इसे स्वीकार कर लिया। कतर में स्थित एक महत्वपूर्ण अमेरिकी सैन्य अड्डे पर तैनात कुछ कर्मियों को वहां से निकलने की सलाह दिए जाने के बाद हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया। कुवैत स्थित अमेरिकी दूतावास ने भी अपने कर्मियों को खाड़ी के इस छोटे से अरब देश में स्थित कई सैन्य अड्डों पर अस्थायी रूप से रोकने का आदेश दिया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 24 घंटे के भीतर कई ऐसे बयान दिए हैं जिनसे यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि ईरान के खिलाफ अमेरिका यदि कोई कार्वाई करेगा तो क्या कार्वाई करेगा। पत्रकारों से बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि ईरान में फांसी की सजा देने की योजना रोक दी गई है, हालांकि उन्होंने इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी।

### आई-पैक

मुद्दे की समीक्षा करना आवश्यक है ताकि अपराधियों को किसी विशेष राज्य की कानून प्रवर्तन एजेंसियों की छत्रछाया में संरक्षण न मिल सके। उसने कहा इसमें बड़े सवाल शामिल हैं और उठाए गए हैं, जिन्हें अगर अनसुलझा छोड़ दिया जाए तो स्थिति और बिगड़ जाएगी तथा अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग संगठनों के शासन को देखते हुए किसी न किसी राज्य में अराजकता की स्थिति बनी रहेगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी राजनीतिक दल के चुनावी काम में हस्तक्षेप करने की शक्ति किसी केंद्रीय एजेंसी के पास नहीं है लेकिन साथ ही यदि केंद्रीय एजेंसियां किसी गंभीर अपराध की जांच के लिए सद्भावना से काम कर रही हैं, तो सवाल उठता है कि क्या दलगत गतिविधि की आड़ में एजेंसियों को अपने कर्तव्य निभाने से रोका जा सकता है। मामले की अगली सुनवाई के लिए तीन फरवरी की तारीख तय की गई है।

### सीएम धामी

2015 से इस व्यवस्था को प्रभावी किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिससे कर्मचारियों को स्थायित्व की दिशा में मजबूती मिलेगी।

न्यायिक ढांचे को मिलेगी नई मजबूती दी गई है। राज्य में त्वरित एवं प्रभावी न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कैबिनेट ने 16 विशेष न्यायालयों के गठन को मंजूरी दी है। इन न्यायालयों के संचालन के लिए 144 नए पदों का सृजन किया जाएगा। प्रस्तावित विशेष न्यायालय देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल एवं उधम सिंह नगर जनपदों में स्थापित किए जाएंगे। कैबिनेट ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) से संबंधित आवश्यक संशोधनों को भी स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत न्यूनतम अपर सचिव स्तर के अधिकारी की नियुक्ति का प्रावधान किया गया है। सब-रजिस्ट्रार को अपील का अधिकार दिए जाने का निर्णय लिया गया है।

संस्कृत शिक्षा विभाग के अंतर्गत उत्तराखंड की संस्कृत संस्थाओं से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में अल्मोड़ा एवं चंपावत में 6-6 नए पद सृजित किया गए हैं। दून विश्वविद्यालय में हिंदू अध्ययन केंद्र के लिए 6 पदों की स्वीकृति दी गई है। ऊर्जा विभाग की वर्ष 2024-25 की वार्षिक वित्तीय रिपोर्ट को विधानसभा पटल पर प्रस्तुत करने की अनुमति बागवानी एवं अन्य विकासात्मक योजनाओं से संबंधित प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई है। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के अंतर्गत आयोजित खेल महाकुंभ में प्रतिभागियों को मिलने वाली पुरस्कार राशि में वृद्धि का निर्णय लिया गया है, जिससे युवाओं को नई ऊर्जा और अवसर मिलेंगे। होम-स्टे संचालन में स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता होम-स्टे के लिए जीएसटी पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। नगर पालिकाएं गोबर के उपलों और चीड़ की पत्तियों का 50-50 प्रतिशत मिश्रण कर पर्यावरण-अनुकूल अपशिष्ट प्रबंधन अपनाएंगी। गृह विभाग की नियमावली में संशोधन गृह विभाग से संबंधित नियमों में आवश्यक संशोधन को भी मंत्रिमंडल की स्वीकृति प्रदान की गई।

### बीएमसी चुनाव

में भी कुछ ऐसी ही स्थिति दिखी। जहां भाजपा की अगुआई वाली भाजपा गठबंधन को 138, उद्धव ठाकरे के गठबंध को 59, कांग्रेस गठबंधन को 23 और अन्य को 7 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। अब बात अगर लोकशाही/रुद्र के एग्जिट पोल की करें तो। इस एजेंसी के तहत बीएमसी के चुनाव में भाजपा गठबंधन को 115-130 सीटें, शिवसेना गठबंधन को 67-82 सीटें और कांग्रेस गठबंधन 22-27 सीटें मिलती हुई नजर आ रही हैं।

### जाड़े में किसी

चौराहे पर विराज सागर दास द्वारा जलवाए जा रहे अलाव लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोग गुरुवार को शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाते दिखे। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय भी पिलाई।

बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि जब तक सर्दी पड़ती रहेगी, वे शहर में जगह-जगह अलाव जलवाते रहेंगे और लोगों को जाड़े की मार से बचाते रहेंगे। हमारी कोशिश है कि जाड़े में किसी भी जरूरतमंद को परेशानी न हो। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना ही हमारा संकल्प है।




# वर्ल्ड कप में भारत से हारा अमेरिका

## अंडर-19 : अमेरिका को 6 विकेट से हराया, हेनिल पटेल को 5 विकेट, वैभव 2 रन बना सके

एजेंसी

बुलवायो (जिम्बाब्वे)। अंडर-19 मेंस वर्ल्ड कप में भारत ने जीत के साथ शुरूआत की है। टीम ने ओपनिंग मैच में अमेरिका को 6 विकेट से हरा दिया। बुलवायो में गुरुवार को इंडिया अंडर-19 ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी और अमेरिका को 107 रन पर आउट कर दिया। भारत ने फिर 17.2 ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया। अमेरिका की शुरूआत खराब रही अमेरिका की शुरूआत बेहद खराब रही और टीम ने 39 रन के स्कोर पर ही 5 विकेट गंवा दिए। अमरिंदर गिल 1, साहिल गर्ग 16, उत्कर्ष श्रीवास्तव 0, अर्जुन महेश 16 और अमोघ अरेपल्ली 3 रन बनाकर आउट हुए। अदनीत झांब ने फिर 18 रन बनाकर टीम को 50 के पार पहुंचाया। आखिर में नीतीश सुदिनी ने 36 रन बनाकर टीम को 35.2 ओवर में 107 रन तक पहुंचा दिया।

भारत से हेनिल पटेल ने 5 विकेट झटके। जबकि वैभव सूर्यवंशी, दीपेश देवेंद्रन, आरएस अंबरीश और खिलन पटेल को 1-1 सफलता मिली। एक बैटर रन आउट भी हुआ। वैभव 2 ही रन बना सके 108 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को शुरूआती झटका लगा। वैभव सूर्यवंशी सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें अमेरिका के पेसर ऋत्विक अप्पीदी ने बोल्ड किया। भारत ने 4 ओवर में 1 विकेट खोकर 21 रन बना लिए, तभी बारिश होने लगी। खेल दोबारा शुरू हुआ तो टीम को 96 रन का रिवाइज्ड टारगेट मिला। कप्तान आयुष म्हात्रे 19 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद वेदांत त्रिवेदी 2 और विहान मल्होत्रा भी 18 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडु ने फिर कनिष्क चौहान के साथ मिलकर टीम को 18वें ओवर में जीत दिला दी। कुंडु 42 और कनिष्क 10 रन बनाकर नॉटआउट रहे। अमेरिका के लिए ऋत्विक अप्पिदी ने 2 विकेट लिए। ऋषभ सिंपी और उत्कर्ष श्रीवास्तव को 1-1 विकेट मिला। शब्रिश प्रसाद और अदित कप्पा कोई विकेट नहीं ले सके। भारत से 5 विकेट लेने वाले हेनिल पटेल प्लेयर ऑफ द मैच रहे। विकेट की खुशी मनाते अमेरिका के खिलाड़ी। वार्म-अप मैच में इंग्लैंड ने भारत को हराया था भारत और अमेरिका के अलावा ग्रुप बी में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड भी हैं। आयुष म्हात्रे की अगुआई वाली टीम में वैभव सूर्यवंशी और विहान मल्होत्रा जैसे उभरते खिलाड़ी हैं। भारतीय टीम अंडर-19 वर्ल्ड कप खेलने साउथ अफ्रीका का 3-0 से क्लीन स्वीप करके पहुंची है। हालांकि, उसे इंग्लैंड से वॉर्मअप मैच में हार का सामना करना पड़ा। भारत के नाम 5 व-19 वर्ल्ड कप खिताब भारत अंडर-19 वर्ल्ड कप के इतिहास की सबसे सफल टीम रही है। टीम अब तक पांच बार (2000, 2008, 2012, 2018 और 2022) यह खिताब जीत चुकी है, जबकि 2006, 2016, 2020 और 2024 में टीम उपविजेता भी रही। मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया है, जिसने 2024 के फाइनल में भारत को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी। ऑस्ट्रेलिया अब तक कुल चार बार चैंपियन बन चुका है। इसके अलावा पाकिस्तान ने दो बार, जबकि वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और इंग्लैंड एक-एक बार अंडर-19 वर्ल्ड कप का खिताब जीत चुके हैं। हेनिल पटेल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लिए जिससे भारत ने बृहस्पतिवार को यहां आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के अपने पहले मैच में अमेरिका को 35.2 ओवर में महज 107 रन पर ढेर कर दिया। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेनिल ने सात ओवर में एक मेडन के साथ 16 रन देकर पांच विकेट झटके।

भारत ने बादलों भरे मौसम में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और फिर हेनिल की शानदार गेंदबाजी से अमेरिका के मध्यक्रम को तहस-नहस कर दिया। हेनिल ने अपने पहले ही ओवर में अमरिंदर गिल को स्लिप में विहान मल्होत्रा के हाथों कैच करवाकर पहला विकेट लिया जिसके बाद तेज गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन ने साहिल गर्ग (16) को थर्ड मैन पर हेनिल के हाथों कैच करवाकर अमेरिका का स्कोर नौ ओवर में दो विकेट पर 29 रन कर दिया। इसके बाद हेनिल ने लगातार दो विकेट लेकर पारी पर नियंत्रण कर लिया। उन्होंने कप्तान उत्कर्ष श्रीवास्तव को खाता भी नहीं खोलने दिया जो पांच गेंद खेलकर पवेलियन लौट गए। हेनिल ने इसी ओवर में विकेटकीपर अर्जुन महेश (16) को भी आउट कर दिया जिससे अमेरिका का स्कोर चार विकेट पर 35 रन हो गया। अमेरिका इन झटकों से उबर नहीं पाया। लेग स्पिनर खिलन पटेल ने आते ही विकेट झटक लिया, उन्होंने अमोघ अरेपल्ली को आउट किया जिससे अमेरिका ने 16वें ओवर में 39 रन पर अपना पांचवां विकेट गंवाया। नीतीश सुदिनी हालांकि कुछ देर टिककर खेले, उन्होंने 52 गेंद में 36 रन बनाए जिसमें चार चौके शामिल थे। उन्होंने अदनीत झाम (18) के साथ छठे विकेट के लिए 30 रन जोड़े जिससे अमेरिका का स्कोर 50 रन के पार पहुंचा। हेनिल ने फिर पुछल्ले बल्लेबाजों को समेटा। उन्होंने सबरीश प्रसाद (07) और ज्षभ शिंपी (00) को आउट करके अपने पांच विकेट पूरे किए। इससे अमेरिका की टीम 35.2 ओवर में ऑल आउट हो गई।



### न्यूजीलैंड की आसान जीत से हुई हैरानी : गावस्कर

नयी दिल्ली। पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा कि उन्हें इस बात पर काफी हैरानी हुई कि राजकोट में दूसरे एकदिवसीय में न्यूजीलैंड ने भारत को इतनी आसानी से कैसे हरा दिया। इसके साथ ही रविवार को तीसरे और आखिरी मैच में मेजबान टीम को अपने संयोजन के साथ प्रयोग करने की आजादी नहीं होगी। डेरिल मिचेल की नाबाद 131 रन की पारी से न्यूजीलैंड ने राजकोट में दूसरे एकदिवसीय में 285 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट की जीत के साथ श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। श्रृंखला का निर्णायक मैच इंदौर में खेला जाएगा। गावस्कर ने जियोहॉटस्टार पर कहा मुझे इस बात पर हैरानी हुई कि न्यूजीलैंड इतनी आसानी से जीत गया क्योंकि उनके बल्लेबाजी शुरू करने से पहले सभी को लगा था कि भारत पिच की धीमी गति का फायदा उठा पाएगा। उन्होंने कहा, सिर्फ स्पिनरों ने ही नहीं बल्कि उनके (न्यूजीलैंड के) सभी गेंदबाजों ने पिच की धीमी गति का अच्छी तरह से इस्तेमाल किया। ऐसा लगा कि भारत न्यूजीलैंड को लगभग 260 या 270 रन पर रोक पाएगा।

## भारत सरकार ने इंग्लैंड के राशिद व अहमद को वीजा जारी नहीं किया



लंदन। इंग्लैंड की टी20 विश्व कप की तैयारियों में रुकावट आई है क्योंकि भारत सरकार ने अब तक स्पिनरों आदिल राशिद और रेहान अहमद को वीजा जारी नहीं किया है। एक खबर में यह दावा किया गया है। द गार्जियन की खबर के अनुसार इस देरी का मतलब है कि पाकिस्तानी मूल के ये दोनों खिलाड़ी छह सीमित ओवरों (तीन एकदिवसीय और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय) के मैच के लिए इस सप्ताहांत बाकी टीम के साथ श्रीलंका की यात्रा नहीं कर पाएंगे। यह भी साफ नहीं है कि वे अपने साथियों के साथ कब जुड़ेंगे।

राशिद अभी एसए20 में खेल रहे हैं जबकि अहमद बिग बैश लीग के लिए ऑस्ट्रेलिया में हैं और उम्मीद है कि एक बार वीजा मिलने के बाद वे टीम से जुड़ेंगे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को आश्वासन दिया गया है कि उनके आवेदनों पर कोई आपत्ति नहीं है और उसने प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए ब्रिटेन की सरकार से मदद मांगी है। राशिद और अहमद के अभी उपलब्ध नहीं होने के कारण लियाम डॉसन टीम के एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर हैं जिसका मतलब है कि विल जैक्स और जैकब बेथेल को पूर्व नियोजित योजना से अधिक गेंदबाजी करनी पड़ सकती है। इंग्लैंड अपने श्रीलंका दौरे की शुरुआत 22 जनवरी को कोलंबो में पहले एकदिवसीय से करेगा। इंग्लैंड का टी20 विश्व कप अभियान आठ फरवरी को मुंबई में नेपाल के खिलाफ शुरू होगा और यह देखना होगा कि दोनों खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के लिए समय पर मंजूरी मिलती है या नहीं।

यह भी देखना होगा कि बांग्लादेश के खिलाफ इंग्लैंड का ग्रुप मैच कोलकाता में होगा या नहीं क्योंकि विरोधी टीम ने जोर देकर कहा है कि मुस्ताफिजुर रहमान से जुड़े विवाद के बाद वे भारत की यात्रा नहीं करेंगे। बांग्लादेश ने धमकी दी है कि अगर उनके मैच किसी तटस्थ स्थल पर नहीं हुए तो वे टूर्नामेंट से हट जाएंगे। हालांकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को उम्मीद है कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में बदलाव नहीं होगा। बांग्लादेश के साथ विवाद तब शुरू हुआ जब बीसीसीआई ने इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के बाद तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर को अपनी टीम से हटाने का निर्देश दिया।

## संक्षेप

### महाराष्ट्र और रेलवे ने खो-खो के राष्ट्रीय खिताब जीते

काजिपेट (तेलंगाना)। गत चैंपियन रेलवे खेल संबर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) और महाराष्ट्र ने बृहस्पतिवार को यहां 58वीं सीनियर राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते। रेलवे की पुरुष टीम ने लगातार दूसरी जबकि महाराष्ट्र की महिला टीम ने लगातार पांचवीं बार खिताब जीता। महिला वर्ग में महाराष्ट्र ने बेहद कड़े मुकाबले में ओडिशा को 23-22 से हराया जबकि पुरुष वर्ग में रेलवे ने फाइनल में महाराष्ट्र को 26-21 से शिकस्त दी। ओडिशा और महाराष्ट्र दोनों को लगातार दूसरी बार फाइनल में हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

### यूपी वॉरियर्स का गेंदबाजी करने का फैसला

नवी मुंबई। यूपी वॉरियर्स महिला टीम की कप्तान मेग लैनिंग ने बृहस्पतिवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में टॉस जीतकर मुंबई इंडियंस को बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। मुंबई इंडियंस ने पिछले तीन में से दो मैच जीते हैं। टीम ने अंतिम एकादश में एक बदलाव करते हुए नटाली साइवर ब्रंट को वापसी कराई है जो हैली मैथ्यूज की जगह लेंगी। वहीं यूपी वॉरियर्स ने कोई बदलाव नहीं किया है। टीम को पिछले तीनों मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है।

### कोस्टा रिका की पूर्व कोच भारतीय महिला टीम से जुड़ेंगी

कोलकाता। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के सूत्रों के अनुसार कोस्टा रिका की पूर्व विश्व कप कोच एमेलिया वाल्वरडे आगामी एएफसी महिला एशियाई कप के लिए भारतीय महिला फुटबॉल टीम में मेंटोर के तौर पर जुड़ने वाली हैं। एआईएफएफ 39 वर्षीय वाल्वरडे के साथ अनुबंध को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। वह 2015 और 2023 फीफा महिला विश्व कप में कोस्टा रिका की मुख्य कोच थीं। वाल्वरडे के एक गोलकीपिंग कोच और एक स्ट्रेंथ एंव कंडीशनिंग कोच साथ लाने की उम्मीद है। वह तुर्की में भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगी जहां टीम 18 से 24 जनवरी तक यूरोपीय क्लबों के खिलाफ तीन अभ्यास मैच खेलेगी। एआईएफएफ तकनीकी समिति ने इस नियुक्ति को मंजूरी दी है और भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने भी इसका समर्थन किया है। एआईएफएफ के एक अधिकारी ने कहा हम किसी अनुभवी व्यक्ति को लाना चाहते थे।

## पंजाब और सौराष्ट्र के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

विजय हजारे ट्रॉफी

बेंगलुरु। आखिरी ग्रुप मैच में मुंबई की मजबूत टीम पर एक रन की रोमांचक जीत हासिल करने के बाद पंजाब शुक्रवार को यहां सौराष्ट्र के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी सेमीफाइनल में बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ उतरेगा। उस रोमांचक जीत ने पंजाब को जिस तरह का आत्मविश्वास दिया वह क्वार्टर फाइनल में टीम की मध्य प्रदेश के खिलाफ एकतरफा जीत में दिखा। अब एक युवा और प्रतिबद्ध सौराष्ट्र की टीम उसके रास्ते में खड़ी है। करिश्माई भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के खेलने की संभावना कम है इसलिए विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह के पंजाब की कप्तानी करने की उम्मीद है। उनकी अगुआई में पंजाब ने 345 रन बनाने के बाद मध्य प्रदेश को 183 रन से हराया। हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, अनमोलप्रीत सिंह और निहाल वढेरा सभी ने अर्धशतक लगाकर मैच को पंजाब के पक्ष में कर दिया और इसी तरह का बल्लेबाजी प्रदर्शन उन्हें फाइनल की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरनूर बरार की अगुवाई वाले गेंदबाज आक्रमण ने विपक्षी टीम को लगभग 19 ओवर शेष रहते समेट दिया। पंजाब की टीम कप्तान प्रभसिमरन के अनुभव पर निर्भर करेगी जो चार अर्धशतक के साथ टीम के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं। टीम के बल्लेबाजी क्रम में हरनूर सिंह, अनमोलप्रीत सिंह, नमन पूनिया, निहाल वढेरा और रमनदीप सिंह जैसे बल्लेबाज हैं जो उसे किसी भी मुकाबले में जीत दिलाने की क्षमता रखते हैं।

### बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने किया बीपीएल का बहिष्कार

ढाका। बांग्लादेश के क्रिकेटरों ने बृहस्पतिवार को यहां अपनी घरेलू टी20 लीग के मैच का बहिष्कार किया और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के निदेशक एम नजमुल इस्लाम के इस्तीफे की मांग की। भारत के साथ चल रहे विवाद के बीच आपत्तिजनक टिप्पणियों के कारण बोर्ड को नजमुल को कारण बताओ नोटिस भी जारी करना पड़ा। बृहस्पतिवार को यहां नोआखली एक्सप्रेस और चटगांव रॉयल्स के बीच बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) मैच में टॉस में देरी हुई क्योंकि दोनों में से कोई भी टीम आसोजन स्थल पर नहीं पहुंची। बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर संघ (सीडब्ल्यूएबी) के अध्यक्ष मोहम्मद मिथुन ने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि खिलाड़ी बीपीएल के बहिष्कार की अपनी मांग पर कायम रहेंगे, फिर चाहे भले ही बीसीबी ने उन्हें नजमुल के खिलाफ कार्वाई का भरोसा दिलाया हो।

## नीरज चोपड़ा ट्रेनिंग के लिए पोटचेफस्ट्रूम रवाना

एजेंसी

नयी दिल्ली। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने अपने चुने हुए स्थल दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में सत्र पूर्व ट्रेनिंग शुरू कर दी है। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने नए कोच जय चौधरी के साथ उनके 32 दिवसीय शिविर को मंजूरी दे दी है।

नीरज ने पिछले हफ्ते चेक गणराज्य के दिग्गज जान जेलेजनी से कोच के तौर पर अलग होने का फैसला किया और चौधरी के साथ जुड़ने का फैसला किया जो उनके शुरुआती कोच थे और इस सुपरस्टार के गृहनगर पानीपत में भाला फेंक के खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देते हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि यह 28 वर्षीय खिलाड़ी पांच फरवरी तक पोटचेफस्ट्रूम में रहेगा जो दुनिया भर के भाला फेंक के खिलाड़ियों के लिए एक प्रमुख ट्रेनिंग स्थल है और उनके लिए कुल स्वीकृत सहायता राशि 11 लाख 80 हजार रुपये है। टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) में शामिल एलीट खिलाड़ियों को वित्तीय और साजो-सामान से जुड़ी सहायता पर फैसला करने वाला एमओसी ने बुधवार को यहां बैठक की थी। ट्रेनिंग शिविर में नीरज की सहयोगी टीम में लंबे समय से उनके फिजियोथेरेपिस्ट इशान मारवाहा भी शामिल हैं।




### पुणे ग्रैंड टूर रोड रेस साइकिलिंग 19 जनवरी से, धोनी होंगे दूत

पुणे। भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को बृहस्पतिवार को बजाज पुणे ग्रैंड टूर का दूत बनाया गया जो देश में पहली बार होने वाली यूसीआई 2.2 वर्ग की मल्टी-स्टेज रोड रेस साइकिलिंग प्रतियोगिता है। यह प्रतियोगिता 19 से 23 जनवरी तक यहां आयोजित की जाएगी जिसमें 35 देशों की 29 टीम के 171 राइडर हिस्सा ले रहे हैं। पुरुषों के लिए पांच दिन की कॉन्टिनेंटल रोड साइकिलिंग रेस दक्कन पठार और सह्याद्री रेंज में 437 किमी के रास्ते से गुजरेगी जिसमें नुकीले मोड़ और चुनौतीपूर्ण चढ़ाई होगी। धोनी को इस प्रतियोगिता का दूत बनाया गया है। उन्होंने कहा कि यह रेस देश में साइकिलिंग के लिए नए रास्ते खोलेगी और उन्होंने भारतीय टीम को शुभकामनाएं दीं।

### आईएसएल को एएफसी से मान्यता मिली : एआईएफएफ

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि फुटबॉल की महाद्वीपीय संस्था एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छोटे हुए 2025-26 सत्र को मान्यता दे दी है और देश के शीर्ष दो डिविजन विजेताओं को क्षेत्रीय क्वालीफायर के माध्यम से एशियन चैंपियंस लीग 2 के लिए अप्रत्यक्ष स्थान दिए जाएंगे। सत्र की देरी से शुरुआत के कारण क्लब एएफसी चैंपियंस लीग 2 में खेलने के लिए योग्य होने के लिए अनिवार्य 24 मैच नहीं खेल पाएंगे जिसमें शीर्ष डिविजन लीग और घरेलू कप शामिल हैं। ज्यादातर क्लबों के सत्र के दौरान कुल 16 मैच खेलने की उम्मीद है जिसमें एआईएफएफ सुपर कप में कम से कम तीन मैच और आईएसएल में 13 मैच शामिल हैं। एएफसी ने 15 जनवरी को एआईएफएफ को लिखे एक पत्र में कहा, अनुच्छेद 3.4 और 3.5 के अनुसार किसी सदस्य संघ को दिए गए किसी भी अतिरिक्त स्थान को छोड़कर, अगर कोई सदस्य संघ पात्रता मानदंड पूरा नहीं करता है तो वह केवल संबंधित एएफसी क्लब प्रतियोगिता के लिए केवल अप्रत्यक्ष (मतलब सीधे नहीं बल्कि क्वालीफाइंग के जरिए) स्थान ही प्राप्त करने योग्य होगा।

## स्लोएन स्टीफंस ऑस्ट्रेलियाई ओपन में क्वालीफाई

एजेंसी



मेलबर्न। स्लोएन स्टीफंस ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए क्वालीफाई कर लिया है जो एक साल पहले मेलबर्न पार्क में शीर्ष रैंक वाली एरिना सबालेंका से पहले दौर में हारने के बाद उनका पहला ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट है। अमेरिकी ओपन 2017 चैंपियन स्लोएन ने बाएं पैर की चोट से उबरने के बाद सत्र की पहली ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिता के क्वालीफाइंग दौर में l,097वीं रैंकिंग के साथ प्रवेश किया था। उन्होंने मेलबर्न पार्क में क्वालीफाइंग में लगातार तीन जीत हासिल की और बृहस्पतिवार को तीसरे दौर में इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-l, 7-5 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की की। इस 32 साल की अमेरिकी खिलाड़ी ने करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग हासिल की थी।ं वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन मैडिसन कीज बृहस्पतिवार को एडीलेड इंटरनेशनल के क्वार्टर फाइनल में कनाडा की विक्टोरिया म्बोको से हार गईं। कीज रविवार से ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब का बचाव करने उतरेंगी और म्बोको ने उन्हें ग्रैंडस्लैम की तैयारी वाले इस टूर्नामेंट में 6-4, 4-6, 6-2 से मात दी। एडीलेड इंटरनेशनल की गत चैंपियन कीज इससे पहले पिछले हफ्ते ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के क्वार्टर फाइनल में शीर्ष रैंकिंग पर काबिज एरीना सबालेंका से हार गई थी। कीज ने पिछले साल मेलबर्न पार्क में सबालेंका को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीता था। रविवार से शुरू होने वाले साल के पहले ग्रैंडस्लैम में कीज को पहले दौर में यूक्रेन की ओलेक्सांद्रा ओलिनिकोवा से भिड़ना है। वहीं म्बोको ऑस्ट्रेलिया की एमर्सन जोन्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। वहीं दूसरी ओर कोको गॉफ और वीनस विलियम्स रविवार से शुरु हो रहे टेनिस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में आमने सामने हो सकती हैं और यह मुकाबला फिर इतिहास में दर्ज हो सकता है। पंद्रह साल की गॉफ ने जब ग्रैंड स्लैम में पदार्पण किया था तो उन्होंने विंबलडन में सात बार की मेजर विजेता वीनस को हरा दिया था। गॉफ ने 2019 में ऑल इंग्लैंड क्लब में उस जीत के बाद वीनस को अपने करियर के लिए बड़ी प्रेरणा बनने के लिए धन्यवाद दिया था और कहा था, अगर वह नहीं होतीं तो मैं यहां नहीं होती। इसके बाद गॉफ ने 2020 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहले दौर में जीत हासिल की।

अब वह तीसरी वरीय और दो बार की मेजर विजेता हैं। वहीं 45 साल की वीनस को ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला और वह पांच साल बाद इसमें खेल रही हैं। मेलबर्न पार्क में शुरू होने वाले ग्रैंडस्लैम का बृहस्पतिवार को ड्रॉ निकाला गया जिसमें गॉफ का मुकाबला 91वीं रैंकिंग की कामिला रखिमोवा से होगा जबकि 576 रैंकिंग की वीनस (1998 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में पदार्पण करने वाली और दो बार फाइनल में पहुंचने वाली) का मुकाबला पहले दौर में 68 रैंकिंग की ओल्गा डैनिलोविच से होगा। वीनस ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में खेलने वाली सबसे उम्रदराज महिला बनने वाली हैं और वह जापान की किमिको डेट का रिकॉर्ड तोड़ देंगी जो 2015 में मेलबर्न पार्क में पहले दौर में हारने के समय 44 साल की थीं। गॉफ को फिर से वीनस से भिड़ने के लिए पहले दौर में जीत हासिल करनी होगी। पिछले दो हफ्तों में वीनस न्यूजीलैंड और होबार्ट में हुए टूर्नामेंट में खेलीं लेकिन दोनों में ही पहले दौर में हार गईं।

### रोहित कम क्रिकेट खेल रहे : डोएशे

राजकोट। भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने स्वीकार किया है कि ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी मौके दिए जाने के बावजूद अधिकतर कुछ खास नहीं कर पाए। उन्होंने साथ ही कहा कि रोहित शर्मा दो विजय हजारे ट्रॉफी मैच खेलने के बाद भी कम क्रिकेट खेल रहे हैं। दूसरे एकदिवसीय के लिए भारत की एकादश में एकमात्र बदलाव के तौर पर शामिल रेड्डी बल्ले या गेंद दोनों से कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए जिससे मेजबान टीम बुधवार को यहां न्यूजीलैंड से सात विकेट से हार गई। मैच के बाद डोएशे ने पत्रकारों से कहा, नितीश के साथ हम उन्हें तैयार करने और मैच खिलाने के बारे में बात करते रहते हैं और जब आप उन्हें खेलने के लिए मैच देते हैं तो वह अक्सर मैच में कुछ खास नहीं कर पाते हैं। डोएशे ने संकेत दिया कि रेड्डी को दूसरे एकदिवसीय में मिले मौके का फायदा उठाना चाहिए था लेकिन वह सिर्फ 20 रन बना पाए और अपने दो ओवर में कोई विकेट नहीं ले पाए। न्यूजीलैंड ने भारत के 285 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट से मैच जीतकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। उन्होंने कहा जो खिलाड़ी टीम में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहा है, उसके लिए आज रात (बुधवार) बल्ले से यह शानदार मौका था जहां आपको विकेट पर 15 ओवर बिताने का मौका मिलता है।

## गुजरात व रॉयल चैलेंजर्स आज भिड़ेंगे

एजेंसी




नवी मुंबई। हाल में मिली हार के सिलसिले को रोकने की कोशिश में जुटे गुजरात जाइंट्स के सामने महिला प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां शीर्ष पर चल रहे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की मुश्किल चुनौती होगी। छह टीम के टूर्नामेंट में कुछ समय तक शीर्ष पर रहने के बाद गुजरात जाइंट्स की टीम मंगलवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ हार के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गई जबकि आरसीबी की पूर्व चैंपियन टीम लगातार जीत के साथ शीर्ष पर पहुंच गई।

आरसीबी की टीम प्रत्येक मैच के साथ मजबूत हो रही है। उसने यूपी वारियर्स के खिलाफ 144 रन के लक्ष्य को 13 ओवर से भी कम समय में हासिल कर लिया। टीम के लिए सबसे सकारात्मक चीज कप्तान स्मृति मंधाना का फॉर्म में लौटना है। स्मृति ने धैर्य के साथ एक छोर संभाला जबकि उनकी सलामी जोड़ीदार ग्रेस हैरिस ने तूफानी बल्लेबाजी की। गुजरात को आरसीबी के मजबूत बल्लेबाजी क्रम को रोकने का तरीका खोजना होगा जिसमें फॉर्म में चल रही नेदिन डि क्लर्क और खतरनाक ज्चा घोष भी शामिल हैं। गुजरात की टीम मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली हार से उबरने की कोशिश कर रही है। उस मैच में टीम का क्षेत्ररक्षण काफी खराब रहा जिसमें हरमनप्रीत कौर को तीन जीवनदान मिले और उन्होंने 43 गेंद में 71 रन बनाकर मुंबई को जीत दिलाई।

गुजरात जाइंट्स के लिए सकारात्मक चीज अनुष्का शर्मा की चोट के बाद तीसरे नंबर पर कनिका आहूजा का अच्छा प्रदर्शन है। पहले मैच में बाहर रहने और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के बाद कनिका ने मुंबई के खिलाफ तीसरे नंबर पर खेलते हुए 35 रन की पारी में चार चौके और दो छक्के जड़कर प्रभावित किया।

आयुषी सोनी के रिटायर्ड आउट होने के बाद भारती फुलमाली ने भी कुछ अच्छे शॉट खेलकर अपनी क्षमता दिखाई। हालांकि अगर गुजरात को आरसीबी की बल्लेबाजी ताकत का मुकाबला करना है। तो उन्हें सोफी डिवाइन, बेथ मूनी और कप्तान एशले गार्डनर जैसे स्थापित नामों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

# श्रेष्ठ भारत की भावना और गहरी हुई

## भारत की कई परंपराओं की एकता का उत्सव है काशी तमिल संगमम: प्रधानमंत्री मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि काशी-तमिल संगमम सच में एक खास पहल है, जो भारत की कई परंपराओं की जीवंत एकता का उत्सव मनाती है और उनकी विशिष्ट पहचान का सम्मान करती है।

मोदी ने अपने हस्ताक्षर वाले एक आलेख में यह भी कहा कि काशी तमिल संगमम ने सांस्कृतिक समझ को मजबूत करने, अकादमिक और लोगों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देने तथा सभ्यतागत लोकाचार साझा करने वाले देश के हिस्सों के बीच दीर्घकालिक संबंध बनाने जैसे सार्थक परिणाम दिए हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में, राजग सरकार को पूरे भारत में तमिल संस्कृति को और लोकप्रिय बनाने और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को और गहरा करने के कई मौके मिले हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे ही एक प्रयास का बड़ा उदाहरण काशी-तमिल संगमम है। मोदी ने कहा कि भारतीय लोकाचार में संगम या मेलजोल की एक खास जगह है और इस नजरिए से, काशी-तमिल संगमम वाकई एक खास पहल है, जो भारत की कई परंपराओं की जीवंत एकता का जश्न मनाती है और उनकी खास पहचान का सम्मान करती है। उन्होंने कहा, और ऐसे संगमम के आयोजन के लिए काशी से बेहतर जगह और क्या हो सकती है। वही काशी, जो पुरातन काल से सभ्यता का आधार रही है, जहां हजारों सालों से, दुनिया भर से लोग ज्ञान, अर्थ और मोक्ष की तलाश में आते रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी का तमिल लोगों और संस्कृति से बहुत गहरा जुड़ाव है और काशी में ही बाबा विश्वनाथ रहते हैं, जबकि तमिलनाडु में रामेश्वरम है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में तेनकासी को दक्षिण की काशी के नाम से जाना जाता है और संत कुमारगुरुपरार स्वामीगल ने अपनी आध्यात्मिकता, विद्वता और संस्था निर्माण से काशी और तमिलनाडु के बीच एक स्थायी संबंध जोड़ा। मोदी ने कहा कि तमिलनाडु के सबसे महान सपूतों में से एक, महाकवि सुब्रमण्यम भारती को काशी में बौद्धिक विकास और आध्यात्मिक जागृति की जगह मिली। उन्होंने कहा, यहीं पर उनका राष्ट्रवाद गहरा हुआ, उनकी कविता तीक्ष्ण हुई और एक आजाद, संगठित भारत का उनका नजरिया और साफ हुआ। ऐसे कई उदाहरण हैं जो इस करीबी रिश्ते को दर्शाते हैं। काशी-तमिल संगमम का पहला संस्करण 2022 में वाराणसी (काशी) में आयोजित हुआ था। यह आयोजन मुख्य रूप से काशी में हुआ था और कुछ कार्यक्रम तमिलनाडु के रामेश्वरम में भी हुए थे। प्रधानमंत्री ने काशी-तमिल संगमम के उद्घाटन कार्यक्रम को याद किया, जहां तमिलनाडु के विद्वान, कारीगर, छात्र, किसान, लेखक, विभिन्न पेशों से जुड़े लोग काशी, प्रयागराज और अयोध्या आए थे। उन्होंने कहा कि इसके बाद के आयोजनों ने इस प्रयास के स्तर और गहराई का विस्तार किया और इसका मकसद नई थीम, नए प्रारूप और गहरा जुड़ाव लाना था, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि संगमम अपनी मूल भावना में बने रहते हुए लगातार विकसित होता रहे। आने वाले समय में, हम इस मंच को और भी जीवंत बनाना चाहते हैं। सबसे जरूरी बात यह है कि इसने एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को आगे बढ़ाया है। यह भावना सदियों से हमारे त्योहारों, साहित्य, संगीत, कला, खानपान, वास्तुशिल्प, ज्ञान प्रणाली और भी बहुत कुछ के जरिए फली-फूली है।

# विकसित भारत के लिए अगले दो दशक अहम : राष्ट्रपति मुर्मू



अमृतसर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए अगले दो दशक बहुत अहम हैं। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य उन युवाओं पर निर्भर करता है जो वैज्ञानिक सोच रखते हैं, जिम्मेदारी से काम करते हैं और निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं।

राष्ट्रपति ने अमृतसर स्थित गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा संस्थानों से अपने छात्रों में इन मूल्यों को विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने युवा छात्रों से अपील की कि वे पेशा चुनते समय यह सुनिश्चित करें कि उनका योगदान राष्ट्र को मजबूत करे और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करे। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन के दौरान मादक पदार्थों की समस्या पर भी बात की और कहा कि हाल के वर्षों में पंजाब के युवा इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह समस्या न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है, बल्कि समाज के सामाजिक, आर्थिक और नैतिक ताने-बाने पर भी असर डाल रही है। स्वस्थ समाज के लिए इस समस्या का स्थायी समाधान आवश्यक है। इस संदर्भ में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय जैसे शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस विश्वविद्यालय के सभी हितधारकों को युवाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कार्यक्रम में मौजूद छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें याद दिलाया कि शिक्षा केवल जीविका का साधन नहीं है बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा करने का भी एक साधन है। उन्होंने कहा कि छात्र उस समाज के ऋणी हैं, जिसने उनकी शिक्षा में योगदान दिया है और विकास की राह में पीछे छूट गए लोगों के उत्थान के प्रयास करना इस ऋण को चुकाने का एक तरीका हो सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले दशक में भारत ने प्रौद्योगिकी और उद्यमिता संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज कृषि से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक और रक्षा से लेकर अंतरिक्ष तक, युवाओं के लिए उद्यमशीलता के अनेक अवसर उपलब्ध हैं।

## संक्षेप

### रूस ने जासूसी के आरोप में ब्रिटिश राजनयिक को निष्कासित किया

मॉस्को। रूस ने जासूसी के आरोपों की वजह से मॉस्को स्थित ब्रिटिश दूतावास में कार्यरत एक राजनयिक को बृहस्पतिवार को देश छोड़ने का आदेश दिया। रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने आरोप लगाया कि दूतावास के कर्मचारी ने ब्रिटिश खुफिया एजेंसी के लिए काम किया था। हालांकि, उसने इसका कोई सबूत पेश नहीं किया।, इस संघीय सुरक्षा एजेंसी को एफएसबी के नाम से भी जाना जाता है। रूस के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उक्त अधिकारी की राजनयिक की मान्यता रद्द कर दी गई है और उसे अब दो सप्ताह के भीतर देश छोड़ना होगा। रूस के विदेश मंत्रालय ने ब्रिटिश दूतावास की प्रभारी डेने ढोलकिया को नोटिस देने के लिए तलब किया। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा, मॉस्को, रूस में गुप्त रूप से ब्रिटिश खुफिया अधिकारियों की तैनाती को बर्दाश्त नहीं करेगा। उसने कहा कि वह ब्रिटेन द्वारा इस संबंध में उठाए जाने वाले किसी कदम का उसी अनुपात में जवाब देगा। ब्रिटेन की ओर से इस मामले में अबतक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। रूस ने इससे पहले मार्च 2025 में जासूसी के आरोपों में तैनात दो ब्रिटिश राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था।

# बीमार अंतरिक्ष यात्री समय से पहले पृथ्वी पर लौटा

केप केनवरल (अमेरिका)। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से एक बीमार अंतरिक्ष यात्री बृहस्पतिवार को तीन अन्य साथियों के साथ पृथ्वी पर लौट आया। इसके साथ ही अंतरिक्ष स्टेशन का उनलोगों का मिशन एक महीने से अधिक समय पहले ही समाप्त हो गया।

स्वास्थ्य कारणों को लेकर अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष स्टेशन से वापस धरती पर लाने का नासा का यह पहला अभियान था। इन अंतरिक्ष यात्रियों के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर निकलने के 11 घंटे बाद, स्पेसएक्स ने कैप्सूल को सैन डिएगो के पास प्रशांत महासागर में आधी रात को सफलतापूर्वक उतारा। अगस्त में शुरू हुए इस मिशन का यह अप्रत्याशित अंत था, जिसके बाद आईएसएस में केवल एक अमेरिकी और दो रूसी ही शेष रह गए हैं। नासा और स्पेसएक्स ने कहा कि वे चार-सदस्यीय नये दल को अंतरिक्ष में भेजने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। वर्तमान में, यह मध्य फरवरी के लिए लक्षित है। नासा की ज़ेना कार्डमैन और माइक फिंके के साथ जापान के किमिया युई और रूस के ओलेग प्लाटोनोव भी वापस आए।

# निर्वाचन आयोग मतदाताओं के नाम प्रकाशित करे



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को केरल में मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) के बाद प्रकाशित मतदाता सूची के मसौदे से हटाए गए नामों को सार्वजनिक करने का बृहस्पतिवार को निर्देश दिया।

ताकि प्रभावित मतदाता आपत्ति दर्ज करा सकें। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने आयोग से नामों को हटाने के खिलाफ आपत्ति दर्ज करने की समय सीमा को अधिकतम दो सप्ताह तक बढ़ाने पर विचार करने को भी कहा। आयोग की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि समय सीमा बढ़ाने के मुद्दे पर विचार किया जाएगा। पीठ, केरल में एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ताओं में केरल की इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के वरिष्ठ राजनेता पीके कुन्हालीकुट्टी, माकपा के एमवी गोविंदन मास्टर और सनी जोसेफ के साथ-साथ भाकपा राज्य परिषद के सदस्य शामिल हैं। याचिकाओं में कहा गया कि वर्तमान में जिस प्रकार से एसआईआर प्रक्रिया चलाई जा रही है, उसमें तकनीकी त्रुटियों और एक मजबूत निवारण तंत्र के अभाव के कारण आबादी के एक बड़े हिस्से के मताधिकार से वंचित होने का खतरा है। याचिकाकर्ताओं के वकील ने संक्षिप्त सुनवाई के दौरान बताया कि संशोधन के बाद जारी की गई मतदाता सूची के मसौदे के अनुसार, लगभग 24 लाख नाम हटा दिए गए हैं। पीठ को सूचित किया गया कि पिछली सुनवाई के दौरान आयोग ने जनगणना प्रपत्र जमा करने की मूल समय सीमा चार दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दी थी।

# ईरान ने व्यावसायिक विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र बंद किये

दुबई। ईरान ने देशव्यापी हिंसक प्रदर्शनों के मद्देनजर अमेरिका के साथ तनाव बढ़ने के बीच बृहस्पतिवार को बिना कोई विस्तृत जानकारी दिए अपने हवाई क्षेत्र को व्यावसायिक विमानों के लिए बंद करने का आदेश जारी किया।

ईरान द्वारा पायलटों के लिए जारी निर्देशों के अनुसार, बंद चार घंटे से अधिक समय तक चला। ईरान एक महत्वपूर्ण पूर्व-पश्चिम उड़ान मार्ग पर स्थित है। अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस ने ईरान के चारों ओर उत्तर और दक्षिण की ओर मार्ग परिवर्तन किया। हालांकि समयसीमा बढ़ाए जाने के बाद ऐसा प्रतीत हुआ कि बंद समाप्त हो गया है और सुबह सात बजे के तुरंत बाद कई घरेलू उड़ानें रवाना हो गईं।

ईरान ने इससे पहले जून में इजराइल के खिलाफ 12 दिनों के युद्ध और इजराइल-हमास युद्ध के दौरान इजराइल के साथ गोलीबारी के समय अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था। हालांकि, वर्तमान में किसी प्रकार की शत्रुता के संकेत नहीं थे, बावजूद इसके इस बंद का असर वैश्विक विमानन जगत पर तुरंत पड़ा।

# उभरती प्रौद्योगिकियों ने क्षमता बढ़ाई है : बिरला



नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को कहा कि नई प्रौद्योगिकियों ने काम करने की क्षमता तो बढ़ाई है, लेकिन इसके गलत इस्तेमाल से गलत जानकारी, साइबर अपराध और इससे होने वाली सामाजिक गड़बड़ियों जैसी गंभीर चुनौतियां भी सामने आई हैं। उन्होंने दुनिया भर में लोकतंत्रों के सामने आने वाले इस खतरे से निपटने के लिए प्रभावी समाधान की मांग की।

बिरला ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व ऐसे समय में वैश्विक चुनौतियों का निर्णायक समाधान दे रहा है, जब दुनिया नेतृत्व के लिए उनकी ओर देख रही है। संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के ऐतिहासिक सेंट्रल हॉल में राष्ट्रमंडल देशों की संसद के स्पीकर और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए, बिरला ने कहा कि भारत की सात दशक से अधिक लंबी संसदीय यात्रा में, लोगों पर केंद्रित नीतियों और कल्याण केंद्रित कानूनों के जरिए लोकतंत्र मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी और राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश की उपस्थिति में उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज दुनिया अभूतपूर्व तकनीकी बदलाव से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और सोशल मीडिया ने क्षमता बढ़ाई है और लोकतांत्रिक संस्थाओं का असर बढ़ाया है। बिरला ने कहा, हालांकि, उनके दुरुपयोग ने भी गंभीर चुनौतियां पेश की हैं जिनमें गलत जानकारी, साइबर अपराध और सामाजिक विभाजन शामिल है। उन्होंने कहा, यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि इन चुनौतियों पर गंभीरता से विचार करें और उचित समाधान खोजें। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि नैतिकतापूर्ण एआई और प्रामाणिक एवं जवाबदेह सोशल मीडिया आज के समय की जरूरत है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि इस सम्मेलन में इस जरूरी वैश्विक मुद्दे पर गहराई से चर्चा होगी और ठोस नीतिगत निर्णय लिये जाएंगे ताकि हम लोकतांत्रिक संस्थाओं में एआई और सोशल मीडिया के सही इस्तेमाल के लिए एक रोडमैप बना सकें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तटस्थ और निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था ने सभी पात्र नागरिकों के लिए भागीदारी वाला लोकतंत्र सुनिश्चित किया है।

# तमिलनाडु के अवनियापुरम में जल्लीकट्टू प्रतियोगिता शुरू, कम से कम 32 लोग घायल

मदुरै (तमिलनाडु)। मदुरै के अवनियापुरम में सांडों को काबू करने की प्रतियोगिता जल्लीकट्टू के दौरान बृहस्पतिवार को कम से कम 32 लोग घायल हो गए।

पोंगल 2026 फसल कटाई उत्सव सत्र में होने वाली सांड काबू करने की तीन प्रमुख पारंपरिक प्रतियोगिताओं में से पहली प्रतियोगिता यहां अवनियापुरम में बृहस्पतिवार को शुरू हुई जिसमें सांड काबू करने वाले करीब 550 लोग अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रहे हैं। मदुरै में आयोजित इस तीन दिवसीय जल्लीकट्टू उत्सव में भाग लेने के लिए करीब।,100 सांडों और सांड काबू करने वालों का ऑनलाइन पंजीकरण हुआ है। पांचवें दौर के अंत तक कुल 464 सांड छोड़े गए जिनमें करीब 275 सांड काबू में नहीं आए और 189 सांड पर काबू पा लिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि इस दौरान घायल हुए 32 लोगों में एक दर्शक, सांड काबू करने वाले 17 लोग और 14 सांड मालिक हैं। इनमें से पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। नीदरलैंड और जापान सहित कुछ अन्य देशों के लोग भी यह प्रतियोगिता देखने पहुंचे। पलामेडु और अलंगानल्लूर अन्य दो केंद्र हैं, जहां सांड काबू करने की प्रतियोगिताएं क्रमशः 16 और 17 जनवरी को आयोजित होंगी। अंतिम प्रतियोगिता अलंगानल्लूर में होगी। विजेता को कार, ट्रैक्टर और अन्य आकर्षक पुरस्कार मिलेंगे। राज्य के वाणिज्य कर एवं पंजीकरण मंत्री पी मूर्ति ने मदुरै जिलाधिकारी प्रवीण कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में इस खेल का उद्घाटन किया। सुरक्षा के लिए 2,200 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

## इंटरटेनमेंट...

# 'बॉर्डर 2' के कलाकारों ने नौसेना को किया सलाम




**मुंबई।** फिल्म बॉर्डर 2 की टीम ने बुधवार को भारतीय नौसेना के अधिकारियों और नाविकों को कर्नाटक के करवार नेवल बेस पर कठर विक्रांत के सामने खास अंदाज में ट्रिब्यूट दिया। इस दौरान सिनेमा, संगीत और देशभक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला। फिल्म की टीम ने नौसेना के जवानों के साथ समय बिताया और उनके योगदान को सलाम किया। कार्यक्रम में सनी देओल, अहान शेट्टी, वरुण धवन, सोनम बाजवा, विशाल मिश्रा, सोनू निगम, अनु मलिक और मनोज मुंतशिर समेत फिल्म बॉर्डर 2 की टीम के कई सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान फिल्म से जुड़ा एक स्पेशल लाइव म्यूजिकल परफॉर्मेंस पेश किया गया, जिसे खास तौर पर भारतीय नौसेना के अधिकारियों

**करवार नेवल बेस पर हुआ खास कार्यक्रम, सनी देओल वरुण धवन रहे मौजूद**

और नाविकों के लिए तैयार किया गया था। विशाल मिश्रा और अनु मलिक ने भी स्टेज पर परफॉर्म किया। एक्टर सनी देओल ने बुधवार को कठर विक्रांत पर भारतीय नौसेना के अधिकारियों के साथ इंस्टाग्राम पर एक सेल्फी पोस्ट की। तस्वीर में एक्टर हरी शर्ट, गहरे हरे रंग की पैंट और काली पगड़ी पहने, समुद्र के सामने खड़े थे। फोटो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, हिंदुस्तान मेरी जान मेरी आन मेरी शान हिंदुस्तान। गर्व। सम्मान। बहादुरी! अनुराग सिंह के डायरेक्शन में बनी बॉर्डर 2 में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, मेधा राणा, सोनम बाजवा और आन्या सिंह हैं।

# फिल्म 'हैप्पी पटेल' की स्क्रीनिंग में पहुंचे आमिर




मुंबई। फिल्म हैप्पी पटेल: खतरनाक जासूस की बुधवार को मुंबई में एक स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई। इस स्क्रीनिंग में कई बड़े सितारे शामिल हुए। फिल्म के प्रोड्यूसर आमिर खान भी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ कार्यक्रम में पहुंचे।

स्क्रीनिंग में आमिर का परिवार भी मौजूद रहा। इसके अलावा इवेंट में राजकुमार हिरानी, कुणाल खेमू, तृप्ति डिमरी, बाबिल खान और नितेश तिवारी जैसे सेलेब्स भी शामिल हुए। स्क्रीनिंग में आमिर खान गर्लफ्रेंड गौरी के साथ फोटो खिंचवाते हुए। इमरान खान गर्लफ्रेंड लेखा वॉशिंगटन के साथ स्क्रीनिंग में पहुंचे। बाबिल खान ने भी फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग में शिरकत की। जुनैद अपनी बहन इरा और उनके पति नूपुर के साथ तस्वीरें क्लिक करवाते हुए।

# 'ओ रोमियो' के मेकर्स से 2 करोड़ की मांग



मुंबई। 'ओ रोमियो' के मेकर्स को मुंबई के कुख्यात गैंगस्टर हुसैन शेख उर्फ उस्तरा की बेटी सनोबर शेख ने 2 करोड़ का नोटिस भेजा है। सनोबर शेख ने नोटिस डायरेक्टर विशाल भारद्वाज और प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला के नाम से भेजा है। सनोबर का आरोप है कि फिल्म में उनके पिता की गलत छवि दिखाई गई है, जिससे उनके परिवार की रेप्यूटेशन को ठेस पहुंची है।

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने नोटिस में दो करोड़ रुपए हजार्ना के तौर पर मांगा है। साथ ही, उसे भरने के लिए मेकर्स को सात दिन का समय दिया है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं निकलता, फिल्म को ना रिलीज किया जाए। ये नोटिस पिछले वीक भेजी गई है।

# अल्लू अर्जुन-लोकेश कनगराज की नई फिल्म अनाउंस




**मुंबई।** कई महीनों की अटकलों के बाद आखिरकार पैन इंडिया सुपरस्टार अल्लू अर्जुन और डायरेक्टर लोकेश कनगराज की नई फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेंट हो गई है। मकर संक्रांति के मौके पर प्रोड्यूसर मैत्री मूवी मेकर्स ने फिल्म की घोषणा की है, जिसे अभी अअ23 नाम दिया गया है। यानी कि ये अल्लू अर्जुन की 23 वीं फिल्म होगी।

मेकर्स ने अनाउंसमेंट के लिए एक स्पेशल वीडियो बनाया है, जिसमें सॉन्ग '23' बज रहा है। इस गाने को हाइजेनबर्ग ने लिखा है और हेक्टर सलामांका ने गाया है। वीडियो का टैगलाइन 'स्ट्राइव फॉर ग्रेटनेस' रखा गया है। जो कहीं ना कहीं फिल्म के थीम को दिखा रही है। इस फिल्म का म्यूजिक अनिरुद्ध रविचंदर देंगे और शूटिंग इसी साल शुरू होने वाली है। एक्स पर फिल्म की अनाउंसमेंट करते हुए मैत्री मूवी मेकर्स ने लिखा भारतीय सिनेमा का एक ऐसा कोलेबरेशन, जो अमर रहेगा। आइकॉन स्टार अल्लू अर्जुन और डायरेक्टर लोकेश कनगराज महानता के लिए कोशिश करते हैं। शूटिंग 2026 में शुरू होगी। अल्लू अर्जुन ने फिल्म के अनाउंसमेंट वीडियो को शेयर करते हुए एक्स पर लिखा कि वो मावरिक और लोकेश गारु के साथ इस नई यात्रा को लेकर बेहद उत्साहित हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com